RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 202
लखनऊ, शुक्रवार, 14 मई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
लखनऊ संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर



उम्र बढ़ने के साथ शरीर में आए बदलावों को कर लिया है स्वीकार
विविध-12

www.dailypioneer.com

# टीके के लिए दूसरे देशों के भरोसे न रहें राज्य

● वैक्सीन आयात में हुई देर, दवा कंपनियां दूसरे देशों से पहले ही मिल चुके ऑर्डर पूरे करने में व्यस्त

● केंद्र वैक्सीन आयात का काम अपने जिम्मे ले और राज्यों को जरूरत के हिसाब से वितरित करे : विशेषज्ञ

**अर्चना ज्योति।** नई दिल्ली

**विभिन्न** राज्यों ने विदेशों से कोविड-19 टीकों की खरीद के लिए टेंडर डालने शुरू तो कर दिए हैं, लेकिन विशेषज्ञों का मानना है कि उन्हें वैश्विक बाजार से बहुत उम्मीद नहीं करनी चाहिए। दूसरे देशों में पहले से ही टीकों की भारी कमी है। विशेषज्ञ कहते हैं कि अधिकांश विदेशी वैक्सीन निर्माता कंपनियां अन्य देशों से पहले ही मिल चुके ऑर्डर पूरा करने में व्यस्त है। उदाहरण के लिए अमेरिका बड़े पैमाने पर फाइजर के टीकों का स्टॉक कर रहा है। इसी तरह ऑस्ट्रेलिया ने गुरुवार को अमेरिकी दवा निर्माता कंपनी मॉडर्ना की वैक्सीन की 25 मिलियन खुराक हासिल की हैं।

वैश्विक बाजार में वैक्सीन की गंभीर कमी है, क्योंकि आपूर्तिकर्ताओं की संख्या सीमित है और दुनिया भर से मांग बहुत अधिक आ रही है। चीनी टीके को कई देशों में सख्ती से नकारा जा सकता है, क्योंकि सेशेल्स में सिनफार्मा द्वारा बनाए गए चीनी टीकों का इस्तेमाल करने के बावजूद बड़े पैमाने पर कोरोना के केस आ रहे हैं। मॉडर्ना और फाइजर पहले से ही विभिन्न देशों के मौजूदा ऑर्डर पूरा करने में व्यस्त हैं। हाल ही में यूरोपीय संघ ने ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय द्वारा विकसित और भारत में कोविशील्ड के नाम से पहचानी जाने वाली एस्ट्राजेनेका पर मुकदमा दायर किया है, क्योंकि कंपनी ऑर्डर के मुताबिक वैक्सीन की आपूर्ति नहीं कर पाई। लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज, दिल्ली के न्यूरोलॉजी विभाग के प्रमुख डॉ आरके धमीजा ने कहा कि इसकी संभावना बहुत कम ही है कि एस्ट्राजेनेका वैष्विक निविदाएं जारी करने वाले किसी भी राज्य के साथ अनुबंध करेगी। विशेषज्ञों ने कहा कि कोई भी ऑर्डर पूरा करने में समय लगता है, क्योंकि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए अचानक वैक्सीन का बड़े पैमाने पर उत्पादन नहीं किया जा सकता है। भारत के सार्वजनिक स्वास्थ्य फाउंडेशन के सार्वजनिक स्वास्थ्य विशेषज्ञ के. एस. रेड्डी ने कहा कि अपनी ज्यादा जनसंख्या को देखते हुए भारत को बहुत पहले वैक्सीन का ऑर्डर दे देना चाहिए था, ताकि समय पर सारी आबादी को टीका लगाया जा सके। विशेषज्ञों का यह भी मानना है कि वैक्सीन खरीद का काम राज्यों पर छोड़ने के बजाय केंद्र को यह काम अपने हाथ में लेना चाहिए था ताकि प्रतिस्पर्धा में उचित दर पर वैक्सीन मिलती और वह जरूरत के हिसाब से राज्यों को वितरित करता। राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तराखंड, तमिलनाडु, महाराष्ट्र, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना, उत्तराखंड, हरियाणा और दिल्ली ऐसे राज्य हैं जिन्होंने वैक्सीन की खरीद के लिए वैश्विक बाजार का रुख किया है। ( शेष पेज 9 )



नई दिल्ली में एक केंद्र पर कोरोनारोधी टीका लगवाती युवती

## बच्चों की वैक्सीन के दूसरे व तीसरे चरण के ट्रायल को मंजूरी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत के** शीर्ष दवा नियामक ने भारत बायोटेक के कोविड-19 रोधी टीके कोवैक्सीन का दो से 18 साल तक के बच्चों को लगाने के लिए दूसरे, तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दी है।यह ट्रायल 525 स्वस्थ स्वयंसेवकों पर किया जाएगा। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को कहा, देश के राष्ट्रीय नियामक, ड्रग्स कंट्रोलर जनरल ऑफ इंडिया (डीसीजीआई) ने सावधानीपूर्वक जांच करने के बाद विषय विशेषज्ञता समिति (एसईसी) की सिफारिश को मंजूर कर लिया है और कोवैक्सीन (कोविड रोधी टीके) के निर्माता भारत बायोटेक लिमिटेड को 12 मई को दो से 18 वर्ष की आयु के लोगों पर इसके दूसरे, तीसरे चरण के क्लिनिकल ट्रायल को मंजूरी दे दी। हैदराबाद स्थित भारत बायोटेक ने दो से 18 वर्ष की आयु वर्ग पर क्लिनिकल ट्रायल करने का प्रस्ताव दिया था। ट्रायल में टीके की दो खुराक 28 दिन के अंतराल में दी जाएगी। एसईसी ने कोविड-19 पर 11 मई को हुई बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा की। इससे पहले 24 फरवरी को एसईसी की बैठक में इस प्रस्ताव पर चर्चा की गई और कंपनी को संशोधित क्लिनिकल ट्रायल प्रोटोकॉल देने को कहा गया। स्वदेश निर्मित कोवैक्सीन का उत्पादन भारत बायोटेक ने किया है।

# टीकाकरण के साथ संक्रमण को रोकना भी प्राथमिकता

● अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



पश्चिमी उप्र के दौरे में मथुरा के कोविड अस्पताल में रोगियों का हालचाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**चुनौतियों** का साहस का साथ मुकाबला करना और पुराने मिथकों को तोड़ना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। कोरोना से मचे कोराहम के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का दौरा करके अपने काम के अन्दाज की नयी इबारत लिखी। यह पहला मौका है जब इस विश्वविद्यालय में यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ पहुंचे। एएमयू के सभागार में हुई बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैक्सीनेशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा वैक्सीन कोरोना से बचाव का सुरक्षा चक्र है। सभी को वैक्सीनेशन में भागीदार बनना है। डीएम तथा एएमयू प्रशासन इस बिंदु पर भी काम करें। टेस्ट कराने पर जोर दिया जाए, हर कोरोना संक्रमित के बेहतर इलाज का प्रबंध हो। वैक्सीनेशन के साथ संक्रमण को रोकना भी प्राथमिकता है। इसके लिए वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को सप्ताह में कम से कम एक बार जन प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल मीटिंग करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा। पैरामेडिकल स्टाफट्रेनिंग के कार्यक्रम भी चलते रहें। मैन पावर की कमी नहीं होनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा कोरोना संदिग्धों के टेस्ट कराए जाएं। किसी पाजिटिव मरीज की जांच में देर से उसकी जान जा सकती है। एंबुलेंस वहीं उपलब्ध कराएं, जहां मरीज है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि बीमारी को छिपाए नहीं, इलाज कराए, सरकार सभी का इलाज करा रही है। इसलिए बीमारी ना छिपाएं। इलाज कराएं। मास्क पहने और कोरोना से अपनी सुरक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी की जान बचानी है। इसके बाद मुख्यमंत्री जिले के देवसैनी गांव का निरीक्षण करने रवाना हुए हैं। वहां मुख्यमंत्री कुलदीप सैनी से मिले। कुलदीप को भी कोरोना ने अपनी गिरफ्त में लिया था, अब वह ठीक हो गया है। मुख्यमंत्री ने उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसे सतर्क रहने तथा टेस्ट कराने की भी सलाह दी। इससे पहले मुख्यमंत्री लखनऊ से सीधे एएमयू पहुंचे। उन्होंने एएमयू के कुलपति से मिलकर यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और कमर्चारियों के निधन पर दुख जताया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने एएमयू के सभागार में कोरोना संक्रमण पर अंकुश लगाने को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा की तथा वैक्सीनेशन की प्रगति जानी। मुख्यमंत्री का गुरुवार को अलीगढ़ आना और एएमयू जाना समूचे अलीगढ़ में चर्चा का विषय बना। मुख्यमंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे में आगरा और मथुरा भी गए।

## अवकाश

**ईद-उल-फितर के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 14 मई 2021 को अवकाश रहेगा। अतः 15 मई का अंक प्रकाशित नहीं होगा।**

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| संसेक्स | 48,691 | |
| निफ्टी | 14,696 | |
| सोना | 47,074 | /10g |
| चांदी | 70,807 | /kg |

## क्विक न्यूज

### मोदी डिजिटल ढंग से जी-7 सम्मेलन में ले सकते हैं भाग

**लंदन।** ब्रिटिश सरकार ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगले महीने डिजिटल माध्यम से कार्नवेल में ब्रिटेन की मेजबानी मे आयोजित जी- 7 सम्मेलन की बैठक मे शामिल हो सकते है। इससे पहले भारत के विदेश मंत्रालय ने कहा था कि मोदी इस बैठक मे शामिल होने के लिए कार्नवेल नही जा पाएंगे। ब्रिटिश प्रधानमंत्री बॉरिस जॉनसन ने ब्रिटेन की विदेश नीति मे हिंद प्रशांत क्षेत्र पर विशेष बल देने के तहत मोदी को 11-13 जून के दौरान होने वाली इस बैठक मे शामिल होने का न्यौता दिया था। भारत, ऑस्ट्रेलिया और दक्षिण कोरिया तीन अतिथि देशो के रूप में शामिल है।

# कोविशील्ड की खुराक लेने वाले 12 हफ्ते बाद ले सकते हैं दूसरी खुराक

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने कोविशील्ड टीके की दो डोज लगवाने के बीच के समय को 6-8 सप्ताह से बढ़ाकर 12-16 सप्ताह करने की कोविड-19 कार्य समूह की सफारिश को बृहस्पतिवार को स्वीकार कर लिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को दो डोज के बीच समय बढ़ाने की घोषणा करते हुए उक्त बात बताई। मंत्रालय ने कहा, लेकिन नेशनल टेक्नीकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन (एनटीएजीआई) (टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह) ने कोवैक्सीन के दो डोज के समयांतर (पहला और दूसरा डोज लगने के बीच का समय) में बदलाव का कोई सुझाव नहीं दिया है। उसने कहा, वास्तविक समय के साक्ष्यों, विशेष रूप से ब्रिटेन से प्राप्त, के आधार पर कोविड-19 कार्य समूह कोविशील्ड टीके के दो डोज के बीच समयांतर को बढ़ाकर 12 से 16 सप्ताह करने पर राजी हो गया है। कोवैक्सीन के दो डोज के बीच समयांतर में बदलाव की कोई सिफारिश नहीं की गई है। सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा उत्पादित कोविशील्ड के दो डोज के बीच समयांतर फिलहाल 6 से 8 सप्ताह का है। विभिन्न राज्यों में टीकों की कमी की खबरों के बीच केन्द्र सरकार ने यह फैसला लिया है। दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना सहित कई राज्योंकेन्द्र शासित प्रदेशों ने घरेलू उत्पादन से मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में कोविड-19 रोधी टीके की खरीद के लिए वैश्विक निविदा जारी करने का फैसला लिया है। पिछले कुछ महीनों में दूसरी बार ऐसा हुआ है जब कोविशील्ड टीके के दो डोज के बीच का समयांतर बढ़ाया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मार्च में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वह दो डोज के बीच समयांतर को 28 दिनों से बढ़ाकर 6 से 8 सप्ताह तक कर दें। मंत्रालय ने कहा, कोविड-19 कार्य समूह की सिफारिश को कोविड-19 टीकाकरण पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) द्वारा 12 मई, 2021 को हुई बैठक में स्वीकार कर लिया गया। एनईजीवीएसी के प्रमुख नीति आयोग के सदस्य (स्वास्थ्य) डॉक्टर वी.के. पॉल हैं। ( शेष पेज 9 )

## देशभर में लगाए जाएंगे 1594 ऑक्सीजन प्लांट

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**कोरोना** मरीजों के लिए ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के लिए देशभर में 1594 ऑक्सीजन जनरेटर प्लांट लगाए जाएंगे। उत्तर प्रदेश में 300 तथा महाराष्ट्र में 350 प्लांट लगाने का काम शुरू भी हो चुका है। इनसे एक दिन में 500 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उत्पन्न होगी। दिल्ली सहित देश के अलग-अलग हिस्सों से ऑक्सीजन की कमी के कारण कोविड-19 रोगियों की मौत की खबरें आई हैं। अस्पतालों में लगातार ऑक्सीजन की कमी बनी हुई है। इन हालात से निपटने के लिए केंद्र और राज्यों ने मिलकर बीड़ा उठाया है और प्रेशर स्विंग एडसोर्शन (पीएसए)) स्थापित किए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में 300 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने के लिए काम चल रहा है, जबकि महाराष्ट्र में 350 ऐसे संयंत्र स्थापित किए जा रहे हैं जो एक दिन में लगभग 500 मीट्रिक टन ऑक्सीजन पैदा करेंगे। बिहार के 15 जिलों में 15 पीएसए संयंत्र स्थापित होंगे, जबकि हरियाणा ने 60 अस्पतालों में पीएसए लगाने की योजना तैयार की है। दिल्ली के एम्स, राम मनोहर लोहिया, सफदरजंग अस्पताल और लेडी हार्डिंग मेडिकल कॉलेज में भी ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करने की प्रक्रिया चल रही है। ( शेष पेज 9 )

# कोरोना से सर्वाधिक प्रभावित 100 जिलों के डीएम से संवाद करेंगे मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी कोविड-19 से सर्वाधिक प्रभावित देश के 100 जिलों के जिलाधिकारियों के साथ आगामी 18 और 20 मई को संवाद करेंगे। सरकारी सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक नौ राज्यों के 46 जिलाधिकारी पहली बैठक में शामिल होंगे वहीं 10 राज्यों के 54 जिलाधिकारी दूसरी बैठक में शिरकत करेंगे। कोविड-19 की स्थिति पर यह प्रधानमंत्री की पहली बैठक होगी जिसमें जिले के शीर्ष प्रशासनिक अधिकारी हिस्सा लेंगे। इससे पहले प्रधानमंत्री ने सभी राज्यों के मुख्यमंत्रियों और सर्वाधिक प्रभावित राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ कई दौर की बैठकें कर चुके हैं।

केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा आंकड़ों के मुताबिक पिछले 24 घंटे के भीतर आए मामलों में 72 फीसदी 10 राज्यों में हैं जिनमें महाराष्ट्र, दिल्ली, हरियाणा, उत्तर प्रदेश, केरल, कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, पश्चिम बंगाल और राजस्थान में हैं।



देश में एक दिन में कोविड-19 के 3,62,727 नए मामले सामने आने के बाद संक्रमण के कुल मामले 2,37,03,665 हो गए हैं जबकि कोरोना वायरस संक्रमण से 4,120 लोगों की मौत होने के बाद मृतक संख्या 2,58,317 पर पहुंच गई है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे तक के आंकड़ों के मुताबिक 37,10,525 मरीजों का अब भी इलाज चल रहा है जो कुल मामलों का 15.65 प्रतिशत है जबकि कोविड-19 से स्वस्थ होने की राष्ट्रीय दर कुछ सुधर कर 83.26 प्रतिशत हो गई है। आंकड़ों के मुताबिक, बीमारी से स्वस्थ होने वाले लोगों की संख्या।,97,34,823 हो गई है जबकि संक्रमण से मृत्यु दर। . 09 फीसदी दर्ज की गई है। मौत के नए मामलों में से सर्वाधिक 816 लोगों की मौत महाराष्ट्र में हुई है। ( शेष पेज 9 )

### आज पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 8वीं किस्त जारी करेंगे प्रधानमंत्री

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आगामी 14 मई को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की आठवीं किस्त के रूप में 9.5 करोड़ लाभार्थी किसान परिवारों के लिए 19,000 करोड़ रुपए की राशि जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि की राशि जारी करेंगे और लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। ( शेष पेज 9 )

## प्रदेश में कोरोना संक्रमण में लगातार कमी का दौर जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**प्रदेश में** कोरोना से हालात सुधर रहे हैं। संक्रमण दर में कमी देखने को मिल रही है पर मौतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदेश में बीते 24 घंटे में 17775 नए संक्रमित केस मिले हैं। इस दौरान 281 की मौत भी हो गई है। लखनऊ में मई के पहले हफ्ते से ही कोरोना संक्रमण में लगातार कमी का दौर जारी है। मगर मौतों पर विराम नहीं लग पाना चिंता का विषय बना हुआ है। 40 दिन बाद राजधानी में गुरुवार को 900 से कम संक्रमित मिलें हैं। बावजूद मौतें बेकाबू हैं। आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में सिर्फ 856 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इस दौरान कोरोना वायरस ने 35 लोगों की मौत हुई है। पूरे प्रदेश में वर्तमान में 204658 और लखनऊ में 16117 केस एक्टिव हैं। 24 घण्टे में प्रदेश में 19425 व लखनऊ में 2432 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग कार्य करते हुए, टेस्टिंग क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है। गत एक दिन में कुल 253957 सैम्पल की जांच की गयी है। ( शेष पेज 9 )

# गंगा में लाशें मिलने के मामले में एनएचआरसी का केंद्र, उप्र और बिहार सरकार को नोटिस

● कोविड 19 संक्रमितों के शव होने की आशंका

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**राष्ट्रीय** मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने उत्तर प्रदेश और बिहार में गंगा नदी में कई लाशें मिलने की शिकायतों के बाद बृहस्पतिवार को केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय और दोनों राज्यों को नोटिस जारी किया। आयोग ने बयान में कहा, इसने (एनएचआरसी) दोनों राज्यों के मुख्य सचिवों और केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सचिव को आज नोटिस जारी कर चार सप्ताह में कार्वाई रिपोर्ट मांगी है। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले के रहने वाले लोगों के मुताबिक नरही इलाके के उजियार, कुल्हड़िया और भरौली घाट पर कम से कम 52 लाशें बहती हुई दिखाई दी हैं। इसी प्रकार उन्नाव में गंगा नदी में बहती हुईं और नदी किनारे दफन की गईं दर्जनों लाशों का मामला सामने आया है। इसी तरह गंगा नदी में लाशों के बहने की खबर बिहार से भी मिली है। बयान में एनएचआरसी ने कहा कि ऐसा लगता है कि प्रशासनिक अधिकारी जनता को जागरूक करने और गंगा नदी में अधजली या बिना जली लाशों को बहाने से रोकने में असफल हुए हैं। उल्लेखनीय है कि भारत कोरोना वायरस महामारी से बुरी तरह से प्रभावित है और देशभर के श्मशान और कब्रिस्तान पर क्षमता से अधिक बोझ है। एनएचआरसी ने बयान में कसा, शवों को हमारी पवित्र गंगा नदी में प्रवाहित करना स्पष्ट रूप से जल शक्ति मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन के दिशानिर्देशों का उल्लंघन है। आयोग ने बताया कि उसे 11 मई 2021 को मीडिया में आई खबरों के हवाले से शिकायत मिली और उसमें आशंका जताई गई कि नदी में बह रहे शव कोविड-19 संक्रमितों के हैं। एनआरसी ने उल्लेख किया कि शिकायत में इंगित किया गया कि इस तरह से शवों को बहाए जाने से उन लोगों पर गंभीर प्रभाव पड़ेगा जो दैनिक कार्यों के लिए गंगा नदी पर निर्भर हैं। आयोग ने कहा, इसमें (शिकायत) में आगे कहा गया कि अगर ए शव कोविड-19 संक्रमितों के नहीं भी हैं तो ऐसी घटना समाज के लिए शर्मनाक है और यहां तक कि मृतकों के मानवाधिकार का भी उल्लंघन है।

# कोविड की जंग जीते, और लोगों को बचाने में लगा दी जान

## आशा

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**हमारे** आसपास बहुत सारे ऐसे चेहरे मिलेंगे जिन्होंने बड़ी बहादुरी से लड़ते हुए कोरोना को हराया है। इन लोगों ने दुनिया को दिखा दिया कि साहस और संकल्प के हथियार से कोई भी लड़ाई जीती जा सकती है। कोरोना को हराने वाले अक्षित कुमार थोट्टाम का कहना है कि इसे एक युद्ध मानिए और स्वयं को योद्धा। अक्षित गुजरात के कच्छ स्थित गांधी टाउन में बैंकर हैं। पिछले 6 अप्रैल को वह कोविड पॉजटिव हुए थे। अक्षित बताते हैं कि षुरुआती चरण में यह उनके लिए बहुत कठिन था, क्योंकि वह गुजरात में अकेले थे और उनका परिवार केरल में था। उन्होंने लोगों से इसका जल्द से जल्द इलाज शुरू करने के साथ ही कहा कि अपने आसपास साफ सफाई का ध्यान रखें। अगर संभव हो तो बिस्तर का चादर और तकिए का गिलाफ भी हर दिन बदल दें। अधिक से अधिक आराम करें। थोड़ा योग करें, मन में सकारात्मक विचार बनाएं रखें और परिजनों के संपर्क में रहें। उज्जैन की बुजुर्ग महिला जिनका 95 फीसदी फेफड़ा संक्रमित हो गया था, ने भी सफलतापूर्वक कोविड को मात दी है। वह 80 दिन तक ऑक्सीजन सपोर्ट पर थीं। गोरखपुर में 82 साल की महिला ने बहादुरी से कोविड-19 का सामना किया और योग व अन्य उपायों से ऑक्सीजन का स्तर बढ़ाया। मुंबई की 75 साल की बुजुर्ग महिला कोविड-19 संक्रमित थीं। उन्हें मधुमेह के कारण अधिक खतरा था। डॉक्टर ने कहा कि उसके पास सिर्फ24 घंटे हैं, लेकिन 13 दिन बाद उन्होंने कोरोना को हरा दिया। ( शेष पेज 9 )

## कोरोना से नक्सलियों में दहशत, भगदड़ का माहौल

## निराशा

● संगठन के कई कमांडरों की मौत से नक्सल संगठनों में हताशा का माहौल

**राकेश सिंह।** नई दिल्ली

**कोरोना** वायरस के बढ़ते मामलों से नक्सलियों में दहषत व्याप्त है। नक्सलियों की हृदय स्थली छत्तीसगढ़ में कई शीर्ष नक्सली इस घातक बीमारी की चपेट में हैं और वे पास के कस्बों और शहरों में इलाज करा रहे हैं। इससे उनका संगठन और व्यवस्था चरमरा गई है। जंगल में चिकित्सा सुविधाओं के अभाव और बड़ी संख्या में कम्युनिस्ट पार्टी ऑफ इंडिया (माओवादी) के संगठन व रैंक के कई बड़े कमांडरों की मौत होने से भय और निराषा का माहौल है।

वहीं नक्सल नेतृत्व ने षक्ति बढ़ाने के लिए पहले बच्चों की भर्ती का सहारा लिया था, लेकिन मौजूदा हालात बेहद कठिन हैं, क्योंकि महामारी के बीच बच्चों का षोशण करना पूरी मानवता को प्रभावित करेगा। बीएसएफ उत्तर प्रदेष व आसाम के पूर्व डीजीपी प्रकाश सिंह ने ट्वीट कर कहा कि सीपीआई-माओवादी को कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान 12-18 साल के लगभग 700 स्कूली बच्चों की भर्ती करने के बारे में पता चला है। इन स्कूली बच्चों के लिए छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ में एक महीने के लिए प्रशिक्षण षिविर चलाया जा रहा है। इस नई भर्ती का उद्देश्य हाल ही में हुए नुकसान और निराशा की भरपाई करना है। छत्तीसगढ़, आंध्र प्रदेश और ओडिशा के सुरक्षाबलों द्वारा छत्तीसगढ़ में नक्सल प्रभावित इलाकों की तलाशी अभियान के दौरान जब्त किए गए नक्सल कैडर के कई पत्र नक्सलियों के वर्तमान हालात और मन की स्थिति पर प्रकाष डालते हैं। एक पत्र के अनुसार कोरोना वायरस संक्रमण से कई नक्सल कमांडर बस्तर, दरभा और पश्चिमी बस्तर संभाग में जूझ रहे हैं। जिसमें कई कमांडरों की अचानक मौत भी हो गई है।

# ऑक्सीजन संकटः सीएम ने संभाली कमान और बदल गए हालात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीते** महीने पूरे प्रदेश में आक्सीजन को लेकर हाहाकार मचा था। इलाज और आक्सीजन के अभाव में मौतें हो रही थी और राजधानी लखनऊ सहित अनेक जिलों में मौत का मंजर पसरा था। अचानक बने इस गंभीर हालात में सीएम योगी ने अपनी सेहत की परवाह न करते हुये कोरोना और आक्सीजन प्रबंधन की कमान खुद अपने हाथ में संभाली। नजीजा देखते ही देखते हालात बदले और आज अस्पतालों के साथ-साथ होम आइसोलेशन में रहने वालों को भी आक्सीन उपलब्ध होनेलगी है। परिणामस्वरूप मौत का ताडंव थमा और संक्रमित मरीजों की सांसे संभली है।

सरकार का दावा है कि राज्य के हर जिले में मरीजों की सांसों को सहेजने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन के सिलेंडर मौजूद हैं। ऑक्सीजन की इस उपलब्धता के चलते अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होम आइसोलेशन में कोरोना संक्रमण का इलाज कर रहे लोगों को भी ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया कराये जाने का निर्देश दिया। यह काम शुरू भी हो गया और बीते 24 घंटे के दौरान होम आइसोलेशन में 3471 कोरोना संक्रमितों को 26ण्44 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई। बीते मार्च-अप्रैल में कोरोना की आयी दूसरी लहर की संक्रमण दर पहले की तुलना में 30 से 50 गुना संक्रामक थी। इसी अनुपात में ऑक्सीजन की चौतरफा मांग भी निकली। मांग में अभूतपूर्व वृद्धि के नाते ऑक्सीजन की कमी को लेकर देश के अधिकांश राज्यों को परेशान होना पड़ा। यूपी की इससे अछूता नहीं रहा और ऑक्सीजन की कमी को लेकर हाहाकार मचा। लोग ऑक्सीजन के सिलिंडर को पाने के लिए परेशान हुए और कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज करने वाले अस्पताल भी मरीजों की साँस को सहेजने के लिए सरकार से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की मांग करने लगे। ऑक्सीजन रीफिलर के पास ऑक्सीजन के सिलिंडर लेने वालों की भीड़ लगने लगी। ऑक्सीजन की इस भयावह कमी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकट दूर करने का बीड़ा उठाया। खुद कोरोना संक्रमित होने के बावजूद उन्होंने कोरोना संक्रमित हर मरीज की सांसों को सहेजने के लिए अपनी बीमारी की भी परवाह न करते हुए ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए जो योजना तैयार की, उसके चलते अब यूपी में ऑक्सीजन की कहीं कोई कमी नहीं है। हर जिले में मरीजों की सांसों को सहेजने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन के सिलेंडर मौजूद हैं। ऑक्सीजन को लेकर चंद दिनों पहले ऐसा सकारात्मक माहौल नहीं था। अभी भी प्रदेश से सटी दिल्ली में ऑक्सीजन कमी बनी हुई है। फिर उत्तर प्रदेश ने ऑक्सीजन की कमी को कैसे दूर किया, तो इसका जवाब है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह पर टीम-9 के अफसरों का एक सैनिक की तरह अपने टास्क को पूरा करने का जुनून। जिसके चलते आज यूपी में न सिर्फ ऑक्सीजन की कमी खत्म हुई है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले यह जाना कि ऑक्सीजन की कमी क्यों हो रही है और इसे दूर करने के लिए क्या-क्या किया जाए।

### नीति आयोग ने भी लगायी योगी मॉडल पर मुहर

लखनऊ। विश्व स्वास्थ्य संगठन के बाद अब नीति आयोग ने भी कोविड प्रबंधन के लिए योगी सरकार के मॉडल की जोरदार तारीफकी है। आयोग ने यूपी के इस मॉडल को अन्य राज्यों के लिए नज़ीर बताया है। नीति आयोग के आधिकारिक ट्विटर हैंडल से इस संबंध में दो महत्वपूर्ण ट्वीट किए गए हैं। नीति आयोग ने अपने पहले ट्वीट में कोरोना मरीजों का पता लगाने और संक्रमण का फैलाव रोकने के किए उन्हें होम आइसोलेट करने के लिए चलाए गए ट्रिपल टी के महाभियान की सराहना की है तो दूसरे में यूपी के ऑक्सीजन ट्रांसपोर्ट ट्रैकिंग सिस्टम की। गुरुवार नीति आयोग के ट्विटर अकॉउंट पर आईं यह टिप्पणियां डब्लूएचओ द्वारा कोविड मैनेजमेंट के लिए यूपी के योगी सरकार की कामयाब रणनीति की तारीफकी पुष्टि करती दिखीं। आयोग ने अपने एक ट्वीट में कहा है कि उत्तर प्रदेश सरकार की तरफसे राज्य के 97 हजार से अधिक गांवों में घर-घर जाकर कोरोना संक्रमित का पता लगाने और उन्हें आइसोलेट करने के महाभियान को अन्य राज्य भी दोहरा सकते हैं।

## केन्द्र ने लागू किया यूपी मॉडल

**लखनऊ।** ऑक्सीजन आपूर्ति को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से लागू किए गए मॉडल को केंद्र सरकार ने भी अपनाया लिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अनिवार्य रूप से ऑक्सीजन कंटेनर्स, टैंकर्स और अन्य वाहनों में वेहिकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाने के आदेश दिए हैं। इन टैंकर्स की जीपीएस के माध्यम से उचित निगरानी और सुरक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की उपयोगिता बढ़ने पर तकनीकी का सहयोग लेने का आदेश दिया था, जिसके बाद अप्रैल के मध्य में ही सीएम योगी ने ऑक्सीजन मॉनिटरिंग सिस्टम फॉर यूपी् नामक डिजीटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। यह प्लेटफॉर्म प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागए परिवहन और गृह विभाग के सहयोग से तैयार किया है। इसके लिए वेब पोर्टल लिंक तैयार किया गया है, जिसे ऑक्सीजन सप्लाई चेन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी प्रयोग करते हैं। देश के दूसरे राज्यों को भी यूपी मॉडल की जब जानकारी हुई तो उन्होंने राज्य सरकार से संपर्क साधा।

बिहार, पंजाब, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि ने गहरी रुचि भी दिखाई। उत्तर प्रदेश ऑक्सीजन ट्रैकिंग सिस्टम को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। गृह विभाग में एक विशेष नियंत्रण कक्ष बनाकर ऑक्सीजन की मांग और आपूर्ति के सम्बन्ध में लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें गृह विभाग को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और परिवहन विभाग भी सहयोग कर रहा है।

## ईद-उल-फितर पर राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद-उल-फितर का पर्व हम सभी को एकता और आपसी भाईचारे का सन्देश देता है। इसी प्रकार अक्षय तृतीया शाश्वत, सुख, सफलता और आनन्द की कभी कम न होने वाली भावना का पर्व है, जिसका मानव जीवन में अपना एक विशेष महत्व है। आनंदीबेन पटेल ने सभी लोगों से अपील की कि वे वर्तमान वैश्विक महामारी कोविड.19 के प्रकोप से बचने के लिये सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पर्व एवं त्यौहार को मनाएं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से आंशिक कोरोना कर्फ्यू तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करते हुए घर पर ही नमाज़ पढ़ने और ईद मनाने की अपील की है।

## परशुराम न्याय की स्थापना के प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने परशुराम जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाज में धर्म एवं न्याय की स्थापना में महर्षि परशुराम का अतुलनीय योगदान है। धर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण करके ही लोक कल्याण एवं लोक मंगल का संकल्प पूरा हो सकता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से आंशिक कोरोना कर्फ्यू का पूर्ण पालन करते हुए परशुराम जयन्ती का कार्यक्रम घर पर ही मनाने की अपील की है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**लखनऊ।** उप्र विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने सन्देश में कहा है कि ईद का त्यौहार बहुआयामी संस्कृति का प्रतीक है। इसके अलावा स्पीकर ने भगवान परशुराम जयन्ती के पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है।

## अखिलेश ने दी मुबारकबाद

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ईद के त्योहार पर मुस्लिम भाइयों को दिली मुबारकबाद देते हुए उनकी खुशहाली और प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी है। उन्होंने कहा कि यह आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने वाला और आपसी मेलमिलाप का भी त्योहार है। वहीं अखिलेश ने परशुराम जयंती पर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है और भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए है।

## बदहाली को झूठे आंकड़ों से छुपाया जा रहाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कोरोना महामारी के दौर में सत्ता संरक्षित कालाबाजारी और मंहगाई से भाजपा राज में लोगों की जिंदगी नरक बन गई है। प्रदेश की बदहाली को झूठे आंकड़ों की बाजीगरी से छुपाया जा रहा है। मौतों का सच भी उसे नहीं दिख रहा है। उल्टे भाजपा नेतृत्व द्वारा सरकार को आगाह करने वाले विपक्षी नेताओं को बदनाम करने का अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा ने नैतिकता और लोकलाज सबको तिलांजलि दे दी है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार शायद यह समझती है कि जनता को अपनी आंखो से जो सच दिख रहा है उस पर वह झूठ फरेब का पर्दा डाल देगी। मीडिया ऑक्सीजन की कालाबाजारी, दवाओं और इंजेक्शनो में भयंकर मुनाफाखोरी और अस्पतालों में लूट की सच्चाई रोज ही दिखा रही है। इस पर रोक लगाने के सरकारी बयान सिर्फ बहकाने के लिए दिए जाते हैं। सच तो यह है कि शासन-प्रशासन की मिलीभगत से ही काले धंधे पनप रहे है। हर सांस की भाजपा राज में नीलामी हो रही है। जनता को त्रस्त करने के लिए ही सरकारी तौर पर डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए है, जीवनदायिनी ऑक्सीजन सिलेंडर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर 50 रुपए महंगा कर दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि गरीब, बेबस और मजबूर जनता से लूट की खुली छूट भाजपा सरकार ने दे रखी है। बाजार में खाद्य पदार्थों, फल सब्जियों के दाम अचानक बढ़ गए हैं। रोज की कमाई से पेट भरने वालों को नमक रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। खुद मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में जनता मुनाफाखोरो और चोरों से त्रस्त है। हर तरफहाहाकार है। विगत चार वर्षो में भाजपा शासन में नकली-जहरीली शराब का कारोबार खूब पनपा है। इससे सैकड़ों की जान जा चुकी है। इन मौतों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि कितने दुख और शोक की बात है कि सांसों के आपातकाल में भी शासन, प्रशासन और शराब माफिया का सिंडीकेट खुलेआम जहरीली शराब बिकवा रहा है। भाजपा सरकार के प्रवक्ताओं का बस एक ही एजेण्डा है कि सपा के सुझावों को दर किनार कर कोरोना नियंत्रण करने की बजाय सपा के विरुद्ध अनाप शनाप आरोप लगाना जारी रखना है। सरकार की कमियों को इंगित करने पर विपक्ष के प्रति द्वेषपूर्ण व्यवहार एवं कुप्रचार करना अलोकतांत्रिक और अनैतिक है।

## मुख्तार की आरटीपीसीआर रिपोर्ट नेगेटिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के माफिया डॉन व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी कोरोना संक्रमण से मुक्त हो गए हैं। उनकी आरटीपीसीआर रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली है। कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के बाद से ही मुख्तार के स्वास्थ्य पर जेल मुख्यालय भी लगातार नजर बनाए हुए था। मुख्तार अंसारी बीते दिनों संक्रमित हो गए थे। उनके साथ ही जेल के कई और बंदियों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। कोरोना की चपेट में आने के बाद मुख्तार को उसकी बैरिक नंबर 16 में आइसोलेट किया गया था। संक्रमण के दौरान उनकी डाइट काफी कम हो गई थी और ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ गया था।जेल मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जिला जेल प्रशासन को बृहस्पतिवार को मिली मुख्तार अंसारी की कोरोना वायरस संक्रमण की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

## नदियों में शवों के मिलने के मामलों में जांच के निर्देश

**लखनऊ।** यूपी के अनेक जिलों में गंगा यमुना और गोमती सहित अनेक नदियों में शवो के मिलने की घटनाओं को राज्य सरकार ने गंभीरता से लिये है। जिलाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि इस बात की जांच की जाए कि नदियों में शव कहां से आ रहे हैं। सीएम योगी ने जहां अपने मथुरा दौरे के दौरान नदियों में मिल रहे शवों कर निगरानी कमेटी बनाने के निर्देश दिये है वही स्वास्थ्य मंत्री जय प्रताप सिंह ने कहा है कि यह पता किया जाए कि ये शव कोरोना संक्रमण से मृत लोगों के थे। कोरोना वायरस के संक्रमण काल में गंगा नदी के साथ ही यमुना, गोमती और अन्य नदियों या फिर उनके तट पर हर दिन बडी संख्या में शव मिल रहे हैं। कोरोना वायरस संक्रमण से मृत लोगों के परिवारिजन या तो इनके शवों को बहा दे रहे हैं या फिर आधे जले शवों को नदी के पास छोड़कर इतिश्री कर ले रहे हैं। इसके बाद की सारी कसर सरकारी नुमाइंदे, घाट पर रहने वाले लोग या फिर जानवर कर दे रहे हैं। बीते एक हफ्ते से नदियों में शव मिलने का सिलसिला अनवरत चल रहा है। हमीरपुर और महोबा में यमुना नदी हो या फिर बदायूं से लेकर बलिया तक गंगा, इनमें शव लगातार मिलते ही जा रहे हैं। नदी के अलावा लोग नहरों में भी शवों को फेंकने में संकोच नहीं कर रहे हैं। प्रदेश सरकार ने इसे गंभीरता से लेते हुए जिलाधिकारियों को आदेश दिए हैं कि जांच की जाए कि नदियों में शव कहां से आ रहे हैं।

## कोरोना संक्रमण व सरकार के प्रबंधन को लेकर प्रियंका ने निशाना साधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**कांग्रेस** की महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश के कई जिलों में नदी में मिल रहीं लाशों और उन्नाव में गंगा किनारे रेती में सैकड़ों शवों को दफनाने के मामलों पर योगी सरकार को घेरा है। प्रियंका ने लखनऊ, गोरखपुर, झांसी, कानपुर जैसे शहरों में मौत का आंकड़ा कई गुना कम करके बताने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे असहनीय और अमानवीय बताते हुए हाईकोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की।

प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि खबरों के अनुसार बलिया, गाजीपुर में शव नदी में बह रहे है और उन्नाव में नदी के किनारे सैकड़ों शवों को दफना दिया गया है। लखनऊ, गोरखपुर, झांसी, कानपुर जैसे शहरों में मौत के आंकड़े कई गुना कम करके बताए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हद से ज़्यादा अमानवीयता हो रही है। इन मामलों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में तुरंत न्यायिक जांच होनी चाहिए। इससे पहले किए अपने एक अन्य ट्वीट में प्रियंका गांधी ने कोरोना संक्रमण और सरकार के प्रबंधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि हाईकोर्ट में यूपी सरकार ने जो हलफनामा दाखिल किया है, वह प्रदेश में कोरोना से लड़ने की असल कहानी बयां करता है।

## बुजुर्ग कैदी को अस्पताल में जंजीर से बांधा, जेल वार्डर निलंबित

**लखनऊ।** एटा जेल के एक उम्र दराज कैदी को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पैरों में बेड़ियां डालकर बेड से बांधकर रखने के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजी जेल आनंद कुमार ने जेल वार्डर अशोक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोषी पर्यवेक्षण अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगते हुए डीजी ने कहा है कि इस अमानवीय कृत्य के लिए दोषी किसी भी अधिकारी कर्मचारियों को माफ नहीं किया जाएगा। एटा जिला कारागार में किसी पुराने मामले में बंद 92 वर्षीय बाबूराम निवासी पुल्हा हबीबपुर को सांस लेने में परेशानी के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जेल प्रशासन ने अमानवीय व्यवहार करते हुए इलाज के दौरान कैदी को बेड पर चेन से बांध दिया। 92 वर्ष के कैदी के साथ इस तरह की अमानवीय हरकत को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## प्रदेश के किसी जिले में ऑक्सीजन की कोई कमी नहींः अवनीश अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने दावा किया कि प्रदेश के किसी जिले में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। हमने अपनी ऑक्सीजन सप्लाई 1000 मीट्रिक टन प्रतिदिन तक बढ़ा दी है। उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटो में प्रदेश के मेडिकल कालेजों, चिकित्सा संस्थानों, निजी अस्पतालों एवं रिफीलर्स को रिकार्ड 1031.43 मीट्रिक टन आक्सीजन की आपूर्ति की गयी है। सेल्फ प्रोडक्शन के तहत एयर सेपरेटर्स यूनिट्स के माध्यम से भी 81.87 मीट्रिक टन आक्सीजन आपूर्ति की गयी है तथा होम आईसोलेशन के 3471 मरीजों को भी कुल 26.44 मीट्रिक टन आक्सीजन की अपूर्ति सिलेण्डरों के माध्यम से बीते 24 घण्टों मे की गयी है। अवस्थी ने बताया कि 313.02 मीट्रिक टन आक्सीजन की सप्लाई मेडिकल कालेजों व चिकित्सा संस्थानो को तथा 95.29 मीट्रिक टन आक्सीजन की आपूर्ति आक्सीजन सप्लायर्स द्वारा सीधे निजी चिकित्सालयों को की गई है। बताया कि कानपुर में 85.08 मी. टन, वाराणसी में 57.15 मी. टन, प्रयागराज में 56.99 मी. टन, मेरठ में 261.41 मी. टन, मुरादाबाद में 53.12 मी. टन, आगरा में 73.47 मी. टन, गोरखपुर में 53.21 मी.टन तथा लखनऊ में 155.26 मी. टन आक्सीजन बीते 24 घंटे में पहुंचाई गई है।

## कोरोना रोकने में ढाल बनीं निगरानी समितियां

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के ग्रामीण इलाकों में निगरानी समितियां बीमारी को रोकने के लिये ढाल बन गई हैं। गांव-गांव में कोरोना वायरस के खात्मे के लिये तिगुनी ताकत से आर पार की लड़ाई में जुटी हैं। इसके लिये योगी सरकार के निर्देशों पर 60 हजार निगरानी समितियां दिन रात मेहनत कर रही हैं। टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट के मूलमंत्र पर समितियों के 4 लाख सदस्य प्रतिदिन एक एक व्यक्ति के घर तक पहुंच रहे हैं। कोरोना की चेन तोड़ने में लगी निगरानी समितियों के सदस्यों ने पिछले 9 से 12 मई तक जनपदों में 31937797 मकानों का भ्रमण किया है। जिनमें लक्षित मकानों की सं या 33069010 पाई गई है। निगरानी समितियों ने कुल 374685 रोगियों तक मेडकिल किट पहुंचाने का काम किया है। जनपदों में ब्लाक तक क्रियाशील सचल कोविड टेस्ट टीमों ने 6081 पाजिटिव केसों की पुष्टि की है। टीमों ने कुल 257845 लोगों की कोविड जांच कराई गई। क्रीयाशील सचल कोविड टेस्ट टीम दिवसों की कुल सं या 12976 रही। कोरोना की चेन तोड़ने में लगी निगरानी समितियों के सदस्यों की ओर से परिवार के एक एक सदस्य की जांच की जा रही है। बीमारी के लक्षण वाले लोगों को तत्काल इलाज दिलाया जा रहा है। मेडिकल किट से लेकर होमआईसोलेशन में रहने की गाईडलाइनों से परिचित कराया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं होगा ऑक्सीजन का संकट

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना पर लगाम लगाने के लिए आला अधिकारियों को सुविधाओं को बढ़ाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने गांवों में हेल्थ सेक्टर को और भी मजबूत करते हुए कोरोना काल में सीएचसी अस्पतालों को एल वन प्लस में तब्दील करने के आदेश दिए हैं। ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर से लैस इन अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार से लोगों को सीधे तौर पर राहत मिलेगी। उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपदों के चार सीएचसी अस्पतालों को एल वन प्लस में तब्दील किया जा रहा है। जिसमें 50-50 बेड की सुविधा, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर और डॉक्टरों की विशेष टीम मरीजों की 24 घंटे निगरानी करेगी। ग्रामीण क्षेत्रों में एल वन प्लस अस्पतालों में बेड के साथ मरीज को ऑक्सीजन की सुविधा भी दी जाएगी। महानिदेशक डीएस नेगी ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजन के लिए सीएम योगी के निर्देशानुसार 17000 ऑक्सीजन कंसंट्रेटर के ऑर्डर दिए गए हैं जो जल्द से जल्द मिल जाएंगे।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-द्वितीय मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर-25, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016 ई-निविदा सूचना संख्या- 21/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई-टेन्डर/2020-21 शुद्धि-पत्र**

एतद्वारा इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना सं0 **21/2020-21** की विशिष्ट सं0 **28**/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई-निविदा/2020-21 (33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र पटरंगा, जनपद अयोध्या के परिसर पर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य एवं उपखण्ड कार्यालय का निर्माण कार्य) तथा **29**/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई-निविदा/2020-21 (33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बाबा-बाजार, जनपद अयोध्या के परिसर पर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य एवं नियंत्रण कक्ष भवन की मरम्मत का कार्य), जो इस कार्यालय में ई-निविदा के माध्यम से दिनांक **12.05.2021** समय 17:00 बजे तक जमा एवं निविदा का प्रथम भाग दिनांक **13.05.2021** को खोला जाना था, को अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक **24.05.2021** समय 17:00 बजे तक जमा एवं निविदा का प्रथम भाग दिनांक **25.05.20201** को खोला जायेगा। अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी। शुद्धि-पत्र सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender. up.nic.in पर देखी जा सकती हैं। निविदाओं का विवरण निम्नवत हैः-**(अधीक्षण अभियन्ता) विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-द्वितीय** पत्रांक : 91/वि0जा0मं0(वि0)/द्वि0/ल0/ए-7(टी)/ दिनांक 12/05/2021 हेल्पलाईन नम्बर-18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें"

**कार्यालय, उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)**

पत्रांकःनि0ख0देवी(गोण्डा)/(निविदा प0)/2021-1236 दिनांक :- 13-5-21

**अल्पकालीन ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 1110 दिनॉक 05.03.2021 के द्वारा जनपद बलरामपुर के नवीन मण्डी स्थल तुलसीपुर में चहारदीवारी के पुनर्निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु निविदा दिनॉक 06.04.2021 को आमंत्रित की गयी थी, परन्तु निविदा वैध प्राप्त न होने के कारण पुनः दिनॉक 03.06.2021 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **https://etender.up.nic.in** पर दिनॉक 17.05.2021 को प्रात 10.00 से दिनॉक 02.06.2021 की सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगीं। (**Tender ID:-2021_RKUMP_564170_2**)

उप निर्देशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर-गाजीपुर।**

पत्रांक : 119/ ई-निविदा/2021-22 दिनांक : 12-05-2021

**सामग्री आपूर्ति/अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा वाणिज्य कर/आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्यवित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत रेवतीपुर द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की टुकड़ी, सीमेण्ट, सफेद बालू, लाल बालू मोटा, लाल बालू महीन, डाला गिट्टी, सरिया, साइन बोर्ड, मिट्टी ढुलाई एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति एवं निर्माण सम्बन्धित समस्त कार्य कराने हेतु दिनांक 15.05.2021 को 12 बजे से दिनांक 22.5.21 दोपहर 12 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो उसी दिन 12 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय समिति एवं टेण्डर दाताओं के समक्ष (जो उपस्थित रहना चाहते है) खोला जायेगा। टेण्डर फार्म दिनांक 15.5.21 से 22.5.21 दोपहर 12 बजे तक ई-टेण्डर की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। नियम एवं शर्तें कार्यालय दिवस के समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती हैं। शर्तें निम्नवत है-

1- फर्म जी0एस0टी0 आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। आयकर रिटर्न 3 वर्ष का होगा।
2- जिस फर्म का आपूर्ति दर व कार्य सम्पादित करने की दर सबसे कम होगा उसी को आपूर्ति करने एवं निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी परन्तु पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
3- निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए। विभाग द्वारा कर के रूप में कोई अतिरिक्त दर उपलब्ध नहीं कराया जायेगा एवं खनिज (बालू, मोरंग, गिट्टी आदि) के खनिज उपकर का भुगतान भी आपूर्ति कर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध न कराने की स्थिति में खनिज उपकर भुगतान से कटौती कर ली जायेगी।
4- बिना कारण बताये किसी भी समय आपकी निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
5- साशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6- कार्यस्थल एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
7- कार्य को 3माह में समाप्त करने का प्रमाण पत्र 10 रुपया के स्टाम्प पेपर पर देना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकार होगा।
8- टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जो स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रुप में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करेगा तथा खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर गाजीपुर के नाम कालम 5 अंकित धनराशि के अनुसार निविदा मूल्य कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
9- टेण्डर से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र जैसे एफ0डी0आर0/बैंक ड्रफ्ट, जी0एस0टी0,पैन कार्ड इत्यादि प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित ला0/अनु0ला० (लाख रु0 में) | धरोहर की धनराशि (2%) (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्रा0पं0 रेवतीपुर हरिजन बस्ती में बाजार टिन शेड निर्माण एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य। | 15.031 | 30062.0 | 200.00 | 3 Months |
| 2 | ग्रा0पं0 रेवतीपुर में पेयजल के अन्तगर्त कुआँ मरम्मत एवं सुन्दरीकरण कार्य। | 7.199 | 14398.0 | 200.00 | 3 Months |
| 3 | ग्रा0पं0 रामपुर लिंक रोड से महुआरी बारी तक मिट्टी खडण्जा मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.993 | 19986.0 | 200.00 | 3 Months |
| 4 | ग्रा0पं0 रामपुर लिंक रोड श्यामबिहारी राय के डेरा तक मिट्टी खड़ण्जा व नाली निर्माण कार्य। | 9.996 | 19992.0 | 200.00 | 3 Months |
| 5 | ग्रा0पं0 तिलवा नरायनपुर लिंक रोड अवधेश राय के डेरा तक मिट्टी खड़ण्जा व नाली निर्माण कार्य। | 9.996 | 19992.0 | 200.00 | 3 Months |
| 6 | ग्राम पं0 रेवतीपुर रिंग रोड से काली मन्दिर तक मिट्टी इण्टरलाकिंग रिटेनिंग वाल व नाली निर्माण कार्य। | 16.146 | 32292.0 | 200.00 | 3 Months |
| 7 | ग्राम पं0 रेवतीपुर में नगदीलपुर रिंग रोड से छेदी राय के घर तक मिट्टी इण्टरलाकिंग व रिटेनिंग वाल एवं नाली निर्माण कार्य। | 12.258 | 24516.0 | 200.00 | 3 Months |

निविदा विवरण आनलाइन http:/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 15-5-2021 से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारियां कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
रेवतीपुर, गाजीपुर

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# लॉकडाउन में चल रही थी हुक्का पार्टी, 16 गिरफ्तार

● हजरतगंज थाना क्षेत्र स्थित एंपायर कैफे का मामला, संचालक फरार



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**हजरतगंज** थाना क्षेत्र में लॉकडाउन के दौरान बुधवार देर रात एंपायर कैफे में छापेमारी कर पुलिस ने 16 लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से चार हुक्का और बड़ी संख्या में फ्लेवर बरामद हुए हैं। हालांकि कैफे संचालक भागने में कामयाब रहा। आरोपित शारीरिक दूरी का पालन भी नहीं कर रहे थे और छापामारी के समय मास्क भी नहीं लगाए थे। इंस्पेक्टर हजरतगंज श्याम बाबू शुक्ला के मुताबिक मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने छापा मारा था। छापेमारी की सूचना लगते ही कैफे के मालिक मोहम्मद फैजी सिद्दीकी मौके से भाग निकला। जिसकी तलाश की जा रही है। इस दौरान कैफे में हुक्का पी रहे डालीगंज निवासी सलमान, कैसरबाग निवासी फैजान, सादाब, ठाकुरगंज निवासी मोहम्मद सलमान, मोसिन कमाल, मोहम्मद वकार, चांद अली, एजाज रसूल, उस्मान, वरुण अवस्थी, मोहम्मद वासिद, मोहम्मद इनाम, अमीनाबाद निवासी स्वेत कुरैशी, हसनगंज निवासी मोहम्मद सलमान, तालकटोरा निवासी सूरज और हसनगंज निवासी सलमान को कुल 16 लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस ने आरोपितों के पास से चार वाहन भी बरामद किए हैं। यही नहीं करीब 19 मोबाइल फोन भी बरामद किए गए हैं।

गौरतलब हो कि कोरोना संक्रमण को देखते हुए लखनऊ कमिश्नरेट में धारा 144 लागू है। वहीं लॉकडाउन भी लगा हुआ है। बावजूद इसके हुक्का पार्टी करना कोरोना संक्रमण को बढ़ावा देने के बराबर है।

## रेमडेसिविर की कालाबाजारी के मामले में मुल्जिमों की जमानत अर्जी खारिज

**विधि संवाददाता।** लखनऊ

**रेमडेसिविर** की कालाबाजारी करने के मामले में निरुद्ध मुल्जिम अमन उर्फ सैयद हयाम हुसैन रिजवी व मोण् अनस की जमानत अर्जी सत्र अदालत ने खारिज कर दी है। प्रभारी सत्र न्यायाधीश योगेन्द्र राम गुप्ता ने मुल्जिमों के अपराध को महामारी के इस दौर में प्रथम दृष्टया गंभीर करार दिया है। फौजदारी के जिला शासकीय अधिवक्ता मनोज त्रिपाठी का कहना था कि इनके पास से छह अदद रेमडेसिविर इंजेक्शन बरामद हुआ था। ये उसे बाजार मूल्य से तीन से चार गुना अधिक दाम पर बेचते थे। महामारी के इस दौर में इनका यह अपराध अत्यन्त गंभीर है। लिहाजा इनकी जमानत अर्जी खारिज की जाए। 22 अप्रैल को थाना ठाकुरगंज की पुलिस ने इन दोनों को एरा मेडिकल कॉलेज के पास से गिरफ्तार किया था। इनके खिलाफ आईपीसी की धारा 269, 270, 420, 34 व महामारी अधिनियम की धारा 3 के साथ ही औषधि एवं प्रशासन अधिनियम की धारा 18/27 के तहत मुकदमा कायम हुआ था। अदालत के समक्ष इनकी जमानत अर्जी पर वर्चुअली सुनवाई हुई।

# राजधानी में 13 हजार लोगों ने लगवाई वैक्सीन

● लखनऊ में अब तक करीब 6.75 लाख लोगों को पहली व दूसरी डोज दी जा चुकी है



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**केंद्र** सरकार की तरफ से कोविशील्ड की पहली डोज से दूसरी डोज के बीच 12 से 16 सप्ताह के अंतर दिए जाने के निर्देश के बाद पहली डोज लेने वालों के माथे पर चिंता की रेखाएं पड़ गई है। लोग सरकार के इस आदेश के पीछे वैक्सीन की कमी को वजह बता रहे हैं जबकि अधिकारी एंटीबॉडी ज्यादा मजबूती से बनने का तर्क दे रहे हैं।

जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डा एमके सिंह ने बताया कि अभी निर्देश नहीं आया है लेकिन जो भी गाइडलाइन होगी उसका पालन कराया जाएगा। लखनऊ में आज कुल 13 हजार लोगों को वैक्सीन लगाई गई। 18 वर्ष से अधिक उम्र के 3797 लोग शामिल हैं। बाकी दूसरी व पहली डोज लेने वाले स्वास्थ्य व फ्रंटलाइन कर्मचारी एवं 45 वर्ष से अधिक के बीमार व 60 वर्ष से अधिक के बुजुर्ग शामिल हैं। लखनऊ में अब तक करीब 6.75 लाख लोगों को पहली व दूसरी डोज दी जा चुकी है। इसमें साढ़े चार लाख से अधिक लोगों को कोविशील्ड दी गई है। करीब दो हफ्ते से राजधानी के निजी अस्पतालों व अधिकांश सीएचसी-पीएचसी पर वैक्सीनेशन बंद हो जाने से अचानक सिविल, बलरामपुर, लोकबंधु, लोहिया, बीआरडी, आरएलबी जैसे केंद्रों पर दूसरी डोज लेने वालों की भीड़ बढ़ने लगी थी। इस दौरान अक्सर रोजाना कई केंद्रों पर मारामारी की स्थिति पैदा हो रही थी। लोग एक केंद्र से दूसरे केंद्र पर दूसरी डोज पाने के लिए भटक रहे थे। इस परेशानी को दूर करने के बजाए नए निर्देश में दूसरी डोज के लिए भी ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन अनिवार्य कर दिया गया था।

## बाजार में ब्लैक फंगल इंफेक्शन के इंजेक्शन की कमी

**लखनऊ।** कोरोना संक्रमित मरीजों के इलाज को लेकर रेमडेसिविर के बाद अब ब्लैक फंगल इंफेक्शन एवं अन्य इंफेक्शन में लगने वाले दो इंजेक्शन एंफोटेरेइसिन लाइको सोमल और एंफोटरइसिन प्लेन मार्केट से गायब होने लगे हैं। इंफेक्शन के केसों में यह इंजेक्शन काफी फायदा पहुंचाते हैं। ऐसे में अचानक से इनकी मांग बढ़ने से थोक व फुटकर दवा की दुकानों में ये इंजेक्शन खत्म हो गए हैं। हालांकि केमिस्ट एसोसिएशन मयंक रस्तोगी का कहना है कि मार्किट से गायब नही हैं बल्कि इसके स्टाकिस्ट लखनऊ में महज 2 ही हैं। ऐसे में लोगों को इसके लिए एक मेडिकल स्टोर से दूर मेडिकल स्टोर जानकारी के अभाव में भटक रहे हैं। अभी इसकी मांग कम है, इसलिए हर मेडिकल स्टोर पर इसका मिलना मुश्किल है। जब मांग बढ़ेगी तब ही इस आसानी से उपलब्ध हो सकेगा। वहीं कोरोना के इलाज में आने वाली मिड्राल, लिम्सी, डॉक्सीसाइक्लिन और डोलो जैसी दवाओं की शार्टेज मेडिकल स्टोरों पर देखी जा रही हैं। इन दवाओं को लेकर एसोसिएशन के कहना है कि पहले इनकी मांग कम थी, कोरोना के चलते बढ़ी हैं।

# यात्रियों की सुविधा के लिए चलेंगी दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन



**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे प्रशासन ने रेल यात्रियों की सुविधा के लिए दो जोड़ी स्पेशल ट्रेन चलाने का निर्णय लिया है। यह ट्रेन मुम्बई से गोरखपुर के लिये 2 टफेरों के लिए चलाई जायेगी। ट्रेन नंबर 01355 लोकमान्य तिलक टर्मिनल-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन 18 व 25 मई को चलेगी वहीं 01356 गोरखपुर-एलटीटी एक्सप्रेस 20 व 27 मई को चलायी जायेगी। इसके अलावा 01367-01368 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष ट्रेन एलटीटी से 14 मई को तथा गोरखपुर से 16 मई को एक फेरे के लिये चलाई जायेगी । इस ट्रेन में सभी कोच आरक्षित श्रेणी के होंगे । इसमें यात्रा करने वाले यात्रियों को कोविड.19 के मानकों का पालन करना होगा।

1367 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन एक्सप्रेस 14 मई को लोकमान्य तिलक टर्मिनल से रात 9.45 बजे चलकर कर कल्याण, दूसरे दिन ईगतपुरी, नासिक रोड, भुसावल, इटारसी, जबलपुर, सतना, बांदा, कानपुर सेण्ट्रल से तीसरे दिन लखनऊ, गोण्डा व बस्ती से छूटकर 8.10 बजे गोरखपुर पहुंचेगी । वापसी यात्रा में 01368 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनल सुपरफास्ट ग्रीष्मकालीन ट्रेन 16 मई को गोरखपुर से 11.15 बजे चलकर बस्ती, गोण्डा, लखनऊ, कानपुर सेण्ट्रल, बांदा, दूसरे दिन सतना, जबलपुर, इटारसी, भुसावल से नासिक रोड, ईगतपुरी, कल्याण से छूटकर कर 23.15 बजे लोकमान्य तिलक टर्मिनल पहुंचेगी। इस ट्रेन में जनरेटर सह लगेजयान के दो, वातानुकूलित तृतीय श्रेणी के दो, शयनयान श्रेणी के 8 तथा साधारण द्वितीय श्रेणी के 8 कोच समेत कुल 20 कोच लगाये जायेंगे ।

# इंटर्नशिप के नाम पर अवैध वसूली का आरोप, एमबीबीएस छात्रों का हंगामा

● बंथरा के जुनाबगंज स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट का मामला



**संवाददाता।** सरोजनीनगर

**बंथरा** के जुनाब गंज स्थित प्रसाद इंस्टीट्यूट आफ मेडिकल साइंसेज संस्थान के एमबीबीएस छात्रों ने गुरुवार को संस्थान परिसर में जमकर हंगामा किया। उनका कहना था कि उन्होंने एमबीबीएस बैच 2016 की पढ़ाई अप्रैल 2021 में पूरी कर ली है। जिसके बाद संस्थान द्वारा अब एमबीबीएस इंटर्नशिप कराया जाना है। लेकिन संस्थान प्रशासन सभी छात्रों से इंटर्नशिप के नाम पर जबरन तीन लाख रुपये वार्षिक फीस की मांग कर रहा है। संस्थान परिसर में हंगामा कर रहे एमबीबीएस छात्रों का आरोप था कि कॉलेज प्रशासन द्वारा कहा जा रहा है कि प्रति छात्र 3 लाख रुपये वार्षिक जमा करने के बाद ही उन्हें इंटर्नशिप करने दिया जाएगा। छात्रों ने बताया कि वह बीती 3 मई से कॉलेज द्वारा शेड्यूल कोविड ट्रेनिंग के लिए जा रहे हैं, परंतु उन्हें 11 मई से ड्यूटी नहीं करने दिया जा रहा। छात्रों का कहना था कि कालेज प्रशासन द्वारा जो 3 लाख रुपये की मांग की जा रही है, उसके बारे में भी उन्हें लिखित रूप में नहीं दिया जा रहा। छात्रों का आरोप है कि वह प्रधानमंत्री के आदेशानुसार कोविड महामारी में सहयोग करना चाहते हैं, लेकिन कालेज प्रशासन उन्हें इंटर्नशिप न देकर सहयोग नहीं करने दे रहा है। साथ ही इंटर्नशिप के दौरान मिलने वाला मासिक मानदेय भी कालेज प्रशासन नहीं देने पर तैयार है। जबकि यह चिकित्सा मंत्रालय द्वारा पूर्ण रूप से निर्धारित है। इस मामले को लेकर छात्रों ने प्रदेश सरकार के स्वास्थ्य मंत्रालय को भी पत्र भेजकर शिकायत करने की बात कही है। फिलहाल इन मांगों को लेकर छात्र कालेज परिसर में काफी देर तक हंगामा करते रहे।

उधर कालेज के प्रिंसिपल आरके शुक्ला का कहना है कि हंगामा कर रहे छात्रों को अनुशासन और कालेज के नियम कानून न मानना पड़े, इसलिए वह कालेज परिसर में रहकर इंटर्नशिप नहीं करना चाह रहे हैं। उनका कहना है कि बिना कालेज परिसर में रहकर इंटर्नशिप ट्रेनिंग नहीं की जा सकती। रही बात कालेज प्रशासन द्वारा रुपए जमा कराने की, तो वह छात्रों के कालेज में रहने के दौरान उनके खाने-पीने और रहने की व्यवस्था के लिए जमा कराए जा रहे हैं।

## दस आक्सीजन टैंकर पहुंचे लखनऊ

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** मरीजों के लिए जीवनदायी ऑक्सीजन गैस लखनऊ पहुंच सके, इसके लिए रेलवे युद्धस्तर पर ऑक्सीजन एक्सप्रेस ट्रेनें चला रहा है। इसके लिए जहां ग्रीन कॉर्डिडोर बनाया गया है तो वहीं ट्रेन चलाने के बावत अति शक्तिशाली इंजनों का प्रयोग भी हो रहा है। जिससे कम से कम समय में ये लखनऊ पहुंच सके। इसी के तहत गुरुवार को भी ऑक्सीजन एक्सप्रेस 10 ऑक्सीजन टैंकरों के साथ चारबाग रेलवे स्टेशन पहुंची ऑक्सीजन एक्सप्रेस के माध्यम से 80 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई। उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के अधिकारियों ने बताया कि कोविड से रोगग्रस्त रोगियों के उपचार के लिए ऑक्सीजन एक्सप्रेस चलाई जा रही है। गुरुवार को 10 कंटेनर के साथ एक जीवनरक्षक एक्सप्रेस ट्रेन टाटानगर से 80 मीट्रिक टन ऑक्सीजन के साथ लखनऊ पहुंची। ऑक्सीजन की उपलब्धता को ध्यान में रखते हुए इन ट्रेनों का संचालन निर्बाध रूप से किया जाता रहेगा।

# संक्रमण से प्रभावित लोगों की मदद कर रहा एकेटीयू

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** महामारी के दौर में संक्रमण से प्रभावित लोगों की मदद डॉ एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विवि कर रहा है। पिछले एक माह में विवि के कुलपति प्रो विनय कुमार पाठक के द्वारा संक्रमण से प्रभावित जरूरतमंद लोगों को ऑक्सीजन सिलेंडर, जीवन रक्षक दवाएं, एम्बुलेंस आदि उपलब्ध करवाई की गई है। इसके लिए महामारी की शुरुआत में ही उन्होंने तीन ऑक्सीजन सिलिण्डर सहित एक विशेष केयर कक्ष की सुविधा तैयार करा ली थी। कुलपति प्रो पाठक के इन कार्यो में विवि के सहायक कुलसचिव डॉ आयुष श्रीवास्तव ने भरपूर सहयोग प्रदान किया। विवि के वित्त एवं लेखाधिकारी सुशील वर्मा को कोविड संक्रमण हो गया और उनकी तबियत एकाएक बेहद गंभीर हो गयी। इसकी सूचना प्रो पाठक को प्राप्त हुई, तत्काल उन्होंने एम्बुलेंस भेज कर सुशील को विशेष प्रयास कर एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया। 15 दिनों तक उपचार के बाद वित्त एवं लेखाधिकारी सुशील स्वस्थ हो गये। इसी प्रकार गोमतीनगर निवासी डॉ आर बी त्रिपाठी कोरोना से संक्रमित हो गए जिस समय वह कोरोना से संक्रमित हुए उनके घर पर कोई नहीं था। डॉ त्रिपाठी ने प्रो पाठक को मध्य रात्रि में फोनकर के बताया कि वह कोरोना पाजिटिव हैं और उनका ऑक्सीजन लेवल कम होता जा रहा है। प्रो पाठक ने तत्काल रात में ही डॉ त्रिपाठी को ऑक्सीजन सिलेंडर भिजवाया। साथ ही हॉस्पिटल में भर्ती करवाने की व्यवस्था की। लगभग 10 दिन अस्पताल में स्वास्थ्य लाभ लेने के उपरांत डॉ त्रिपाठी स्वस्थ हो कर घर लौटे। विवि में कार्यरत कर्मचारी प्रवीण कुमार की माता जी कोविड.19 महामारी के चपेट में आ गयी। इस महामारी से उनकी हालत काफी ज्यादा ख़राब हो गयी। प्रवीण कुमार की माता जी को आक्सीजन की आवश्यकता पड़ी। प्रो पाठक ने तत्काल प्रभाव से ऑक्सीजन सिलेंडर की व्यवस्था कर प्रवीण कुमार की माता को ऑक्सीजन मुहैया करवाई। प्रो पाठक के इस प्रयास से प्रवीण कुमार की माता की जान बच सकी।

### चिकित्सक डॉ पीके पाण्डेय ने बचाई सैकड़ों की जान

**कोरोना** महामारी की इस दूसरी लहर ने जनमानस को बुरी तरह प्रभावित किया है। ऐसे में विवि के बहुत सारे कर्मचारियों, उनके परिवारजन एवं सम्बन्धी भी इस महामारी की चपेट में आ गये। ऐसे में डॉ पीके पाण्डेय के द्वारा संक्रमित और लक्षण एवं बिना लक्षण वाले मरीजों को सही इलाज प्रदान कर लोगो को महामारी से उबरने में मदद की गयी। डॉ पाण्डेय के द्वारा फोन, व्हाट्सएप आदि मदद से होम आइसोलेशन में बहुत से लोगो को निःशुल्क परामर्श प्रदान कर ठीक होने में मदद की गयी है।


KARVY FINANCE

कार्पोरेट कार्यालय :- कार्वी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड 703/704, 7वां तल, हॉलमार्क बिजनेस प्लाज़ा, संत ध्यानेश्वर मार्ग, गुरू नानक हॉस्पिटल के सामने, बान्द्रा (ई), मुंबई-400 051

सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत सूचना का प्रकाशन

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नवर्णित कर्जदार(रों)/सह- कर्जदार(रों)/गारंटर(रों/बंधकदाता(ओं) ने उनके द्वारा कार्वी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड से प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज के प्रतिभुगतान में चूक की है और उनके ऋण खाते अनार्जक आस्तियों (एनपीए) की श्रेणी में सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर सूचनाएं जारी की गई थीं, परंतु वे बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी हैं और इसलिए उनको एतद्द्वारा इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचना दी जा रही है।

| ऋण अनुबंध संख्या/कर्जदार(रों)/गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि | मांग सूचना राशि | प्रतिभूत आस्ति(यों) (अचल सम्पत्ति/यों) का वर्णन | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण अनुबंध संख्या 545691 अवदेश परमार ............ कर्जदार अनीता परमार ............सह-कर्जदार पता : 66/226, अखंड नगर नारीपुरा, आगरा- 282001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 26,14,414/- (रूपए छब्बीस लाख चौदह हजार चार सौ चौदह मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 66/226-ए, अखंड नगर, खसरा नंबर 173, परिमाप क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर एवं मकान नंबर 66/226-बी, अखंड नगर, खसरा नंबर 173, आगरा, नारीपुरा, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- उत्तर : श्रीमती अनीता देवी का मकान, दक्षिण : 9'0" चौड़ी गली, पूरब : श्री राधेश्याम की सम्पत्ति, पश्चिम: 7'0" चौड़ी गली, | 01 जून, 2017 |
| ऋण अनुबंध संख्या 508005 दीपा गुप्ता ............ कर्जदार भारतेन्दु गुप्ता............सह-कर्जदार पता : 551, जीए/35/2, पुराना सरदारी खेडा आलमबाग, लखनऊ - 226005 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 27,92,833/- (रूपए सत्ताईस लाख बानवे हजार आठ सौ तेतीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : दुकान नंबर एफएफ-54, खजाना कॉम्प्लेक्स, आशियाना कालोनी, खजाना मार्किट, लखनऊ, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- उत्तर : दुकान नंबर एफएफ-53, दक्षिण : दुकान नंबर एफएफ-55, पूरब : गलियारा, पश्चिम : दुकान नंबर एफएफ-91 | 01 जून, 2015 |
| ऋण अनुबंध संख्या 545660 दीपक कुमार गुप्ता ............कर्जदार अन्नू कुमारी ............ सह-कर्जदार पता : 22/75, बाग अन्टा, लोहा मंडी, आगरा- 282002 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 43,39,577/- (रूपए तेतालीस लाख उन्तालीस हजार पांच सौ सतहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : नगर निगम नंबर 22/74-75, परिमाप क्षेत्रफल 133.77 वर्ग मीटर, बाग अन्टा, लोहा मंडी, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- उत्तर : श्रीमती राज कुमारी अग्रवाल का मकान, दक्षिण : 6'0" चौड़ी गली, पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : 12'0" चौड़ी गली, | 01 सितम्बर, 2016 |
| ऋण अनुबंध संख्या 545396 देवेन्द्र सिंह ............ कर्जदार रेखा देवी ............ सह-कर्जदार पता : प्लॉट नंबर 4, मौजा मथुरा बांगर, अंदरून समरपुर कालोनी, मथुरा - 281001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 22,39,580/- (रूपए बाईस लाख उन्तालीस हजार पांच सौ अस्सी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 4, परिमाप क्षेत्रफल 100.33 वर्ग मीटर, मौजा मथुरा बांगर, अंदरून समरपुर कालोनी, खसरा नंबर 494, तहसील एवं जिला मथुरा - 281001, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है:- उत्तर : कालोनी रोड 18', दक्षिण : यमुना नगर कालोनी, पूरब : श्री बचन सिंह का मकान, पश्चिम : श्री दिनेश चंद का मकान | 01 अक्टूबर, 2018 |
| ऋण अनुबंध संख्या 510330 श्री इंदर कुमार जैन ............कर्जदार श्रीमती विमला जैन.......सह-कर्जदार पता : ईडब्ल्यूएस मकान नंबर 8, इंदिरापुरम, राजपुर चुंगी, आगरा- 282001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 21,74,920/- (रूपए इक्कीस लाख चौहत्तर हजार नौ सौ बीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 81 ईडब्ल्यूएस, परिमाप क्षेत्रफल 27.87 वर्ग मीटर, इंदिरापुरम हाउसिंग स्कीम, ताजगंज वार्ड, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- उत्तर : ईडब्ल्यूएस मकान, दक्षिण : 6 मीटर चौड़ी रोड, पूरब : ईडब्ल्यूएस मकान, पश्चिम : ईडब्ल्यूएस मकान नंबर 80 | 01 जुलाई, 2016 |
| ऋण अनुबंध संख्या 512807 मनोज कुमार सिंह ............कर्जदार सुनील सिंह रघुवीर सिंह.......... सह-कर्जदार पता : 15/115ए, एम.पी. पुरा, निकट शान्ति स्वीट, आगरा- 282001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 50,04,016/- (रूपए पचास लाख चार हजार सोलह मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 15/115, परिमाप क्षेत्रफल 135.036 वर्ग मीटर, एम.पी. पुरा, ताजगंज, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है:- उत्तर : श्री पूरन सिंह का मकान, दक्षिण : रोड, पूरब: श्री रोशन सिंह का मकान, पश्चिम : श्री कन्हैया का मकान, | 01 दिसम्बर, 2016 |
| ऋण अनुबंध संख्या 540209 यदुनाथ पाराशर ............ कर्जदार ब्रजवाला पाराशर ........सह-कर्जदार पता : मकान नंबर 31, आनंद पुरम, कालोनी यमुनापार, मथुरा - 281001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12-02-2021 तक रू. 25,45,345/- (रूपए पच्चीस लाख पैंतालीस हजार तीन सौ पैंतालीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 103, परिमाप क्षेत्रफल 92.89 वर्ग मीटर, स्थित बाके मौजा शहजादपुर टप्पा, सोनई, अंदरून आनंदपुरम, तहसील महावन एवं जिला मथुरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :- उत्तर : प्लॉट नंबर 104, 50', दक्षिण : प्लॉट नंबर 102, 50', पूरब : कालोनी रोड 20', पश्चिम : प्लॉट नंबर 125, 20' | 01 जून, 2017 |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/अथवा उनके गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) (जहां लागू है) से एतद्द्वारा उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर उक्त 60 दिन की अवधि की समाप्ति पर, सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप-धारा (4) के तहत आगे कदम उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, आपके ध्यान में लाया जाता है कि सरफासी ऐक्ट की धारा 13(8) के तहत, यदि हमारी बकाया राशि का भुगतान सभी वहन की गई लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित बिक्री अथवा अंतरण की नियत तिथि से पहले कर दिया जाता है, तो प्रतिभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी और उस प्रतिभूत आस्ति के अंतरण अथवा बिक्री हेतु हमारे द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाए जाएंगे।

हस्ता./-
तिथि : 12-05-2021 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : उत्तर प्रदेश (यूपी) कृते कार्वी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड


## आजम खान की सेहत स्थिर

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के चलते मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता आजम खान की हालत स्थिर है। मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राकेश कपूर की तरफ से जारी मेडिकल बुलेटिन में कहा गया है कि सपा सांसद आजम खान को सीवियर कोविड इन्फेक्शन के कारण आईसीयू में रखा गया है। उनका इलाज सीवियर इन्फेक्शन डिजीज प्रोटोकॉल के तहत क्रिटिकल केयर टीम के डॉक्टरों की कड़ी निगरानी में चल रहा है। वही उनके पुत्र मोहम्मद अब्दुल्ला खान की स्थिति स्थिर एवं संतोषजनक है। उन्हें भी डॉक्टरों की निगरानी में रखा गया है।



पुराने लखनऊ में ईद के त्योहार को लेकर लोगों ने की सिंवई की खरीदारी

## डीएल आवेदकों के 17 से 29 मई तक के टाइम स्लाट रद

**लखनऊ।** ड्राइविंग लाइसेंस बनवाने के लिये आवेदकों को अभी एक माह का और इंतजार करना पड़ेगा । कोविड 19 के बढ़ते मामले को देखते हुये परिवहन विभाग ने 17 से 29 मई तक डीएल आवेदकों को दिए गए टाइम स्लाट को रद्द कर दिया है। आवेदकों को नया टाइम स्लाट 15 जून के बाद से मिलेगा। इससे पहले 23 अप्रैल से एक मई तक के डीएल बनवाने के टाइम स्लाट को यह कहते हुए रद्द किया गया था कि 15 मई के बाद नया टाइम स्लाट दिया जाएगाए लेकिन कोरोना कर्फ्यू के कारण टाइम स्लाट रिशिड्यूल नहीं हो सका। फिर दूसरी बार तीन से 15 मई डीएल आवेदकों का टाइम स्लाट रद्द करते हुए एक जून नया टाइम स्लाट देने पर फैसला किया है। इसके बाद भी कोरोना कर्फ्यू को देखते हुए तीसरी बार फिर 17 से 29 मई तक टाइम स्लाट को रद्द करना पड़ा। परिवहन आयुक्त धीरज साहू ने बताया कि प्रदेश भर में डीएल संबंधी सभी आवेदनों पर 29 मई तक स्लाट रद्द कर दिया गया है।

## आगे आए पूर्व छात्र, केजीएमयू कोविड-19 सहायता ग्रुप से करेंगे मदद

● समूह व्यक्तिगत मामले के आधार पर देगा सलाह, करेगा सहायता

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना** संक्रमण के दौर में मरीजों के इलाज को लेकर सलाह और बौद्धिक सहायता प्रदान करने के लिए किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के पूर्व छात्र सामने आए हैं। पूर्व छात्र जो वर्तमान में विभिन्न चिकित्सा क्षेत्रों में अंतर्राष्ट्रीय विशेषज्ञ हैं, केजीएमयू की सहायता करेंगे। इसके लिए केजीएमयू कोविड 19 सहायता ग्रुप बनाया गया है।

समूह के संरक्षक लेफ्टिनेंट जनरल प्रोफेसर बिपिन पुरी, कुलपति, किंग जॉर्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय है एवं समूह संस्थापक अध्यक्ष प्रोफेसर धवेंद्र कुमार, विलियम हार्वे रिसर्च इंस्टीट्यूट, बाट्र्स व लंदन स्कूल ऑफ मेडिसिन, क्वीन मैरी यूनिवर्सिटी ऑफ लंदन, यूके से हैं। समूह का उद्देश्य केजीएमयू और संबद्ध गांधी मेमोरियल और एसोसिएटेड अस्पतालों में मरीजों और परिवारों की देखभाल में लगे साथी चिकित्सकों और स्वास्थ्य पेशेवरों का सहयोग करना है। समूह में सार्स-सीओवी .2 , कोविड .19 महामारी से जुड़ी बहुप्रणाली अभिव्यक्तियों और जटिलताओं से संबंधित तीव्र और निवारक दवा के विभिन्न पहलुओं के विशेषज्ञ शामिल हैं। समूह व्यक्तिगत मामले के आधार पर सलाह और सहायता करेगा। समूह संयुक्त बहु.विशेषज्ञ परामर्श भी प्रदान करेगा। विवि के प्रवक्ता डॉ सुधीर सिंह के मुताबिक सहायता समूह का अंतिम कर्तव्य प्रत्यक्ष रोगी के देखभाल के लिए जिम्मेदार चिकित्सक या स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर के साथ सहयोग करना है। यह उम्मीद है इस समूह के सहयोग से केजीएमयू प्रदेश में कोविड रोगियों के प्रबंधन के क्षेत्र में और उन्नति करेगा।

# प्रदेश की जेलों में भी कोरोना का खौफ

● अंतरिम जमानत पर अब तक रिहा किए गए 4802 विचाराधीन कैदी

● 22 को हाई पावर कमेटी की बैठक में होगा पैरोल पर छोड़ने का फैसला



**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**कोरोना के** जबरदस्त संक्रमण से यूपी की जेलों में बंद कैदियों को सुरक्षित रखने के सभी उपाय किए जा रहे हैं। सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों के अनुपालन और व्यापक स्वास्थ्य हित में प्रदेश की विभिन्न जेलों से न्यायालयों द्वारा दी गई 90 दिन की अंतरिम जमानत पर अब तक 4802 विचाराधीन कैदी रिहा किए जा चुके हैं। कैदियों को पैरोल पर रिहा किए जाने के संबंध में फैसला सुप्रीम कोर्ट के आदेश पर गठित हाई पावर कमेटी की 22 मई को होने वाली बैठक में होगा।

जेलों में प्रायः दो तरह के कैदी होते हैं। सिद्धदोष कैदी वे हैं जिन्हें सजा हो चुकी है। विचाराधीन कैदी वे हैं जिन पर मुकदमे चल रहे है और अभी सजा नहीं हुई है। विचाराधीन कैदियों को अंतरिम जमानत पर विभिन्न जिलों के जनपद न्यायाधीश द्वारा अधिकृत जज या न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा रिहा किया जा रहा है। कैदियों को पैरोल पर उच्चाधिकार प्राप्त कमेटी द्वारा रिहा किया जाना है। कमेटी की बैठक 22 मई को होगी। इस बैठक में तय किया जाएगा कि कितनी संख्या में कैदियों को पैरोल पर छोड़ा जाएगा। प्रदेश की सभी 71 जेलों में इस समय 111882 कैदी निरुद्ध हैं। इन जेलों में क्षमता से दोगुने-चौगुने कैदी हैं। इन जेलों में इस समय कुल 1604 लोग कोरोना से संक्रमित हैं जिसमें 156 जेल के ही कर्मचारी हैं। संक्रमितों में से 11 की मौत भी हो चुकी है, जिसमें सात कैदी शामिल हैं। कैदियों को कोरोना संक्रमण से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने जेलों में भीड़ कम करने का आदेश दिया है। कोरोना की पहली लहर में भी बड़ी संख्या में कैदी रिहा किए गए थे। इस बार भी उन कैदियों को प्राथमिकता पर रिहा किया जाएगा। इसके अलावा अन्य कैदियों की भी रिहाई होगी।

जेल मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि डीजी जेल आनंद कुमार द्वारा जेलों में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए की गई जबरदस्त किलेबंदी और जेल अधिकारियों से सीधे संपर्क में रहकर निर्देश दिए जानेके राहत भरे परिणाम सामने आने लगे हैं। यही वजह है कि दूसरी लहर में जेलों में संक्रमित कैदियों यानी एक्टिव केसेज की संख्या घटते-घटते मात्र 1266 रह गई है।

# तस्कर गिरोह का सरगना गिरफ्तार

## दो किलो स्मैक बरामद

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**एसटीएफ** ने अंतर राज्य स्तर पर अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के सरगना को लखनऊ के कृष्णा नगर थाना क्षेत्र स्थित लोकबंधु अस्पताल के पास से गिरफ्तार किया है। उसके कब्जे से 2 किलो ग्राम स्मैक बरामद हुई है एसटीएफ के अनुसार बरामद स्मैक अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत दो करोड़ रुपए है।

एसटीएफ उत्तर प्रदेश को विगत कुछ दिनों से निरन्तर सूचनाएं प्राप्त हो रही थीं कि अन्तर्राज्यीय स्तर पर मादक पदार्थों की तस्करी करने वाला गिरोह बाराबंकी व बरेली में सक्रिय है। इस सूचना पर एसडीएम द्वारा छानबीन की जा रही थी। अभिसूचना संकलन के दौरान ज्ञात हुआ कि अवैध मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले गिरोह के कुछ सदस्य झालावाड राजस्थान से अवैध मादक पदार्थ लेकर बरेली, लखनऊ होते हुए बाराबंकी आते जाते है। इस सूचना पर एसटीएफ मुख्यालय ए लखनऊ की टीम को सक्रिय किया गया। एसटीएफ टीम को सूचना प्राप्त हुई कि अवैध मादक पदार्थ की तस्करी करने वाले गिरोह का सरगना मो सलमान राजस्थान से होण्डा सीटी कार से अवैध मादक पदार्थ लेकर लखनऊ के रास्ते बाराबंकी जाएगा। मुखबिर की इस सूचना पर एसटीएफ टीम लोकबन्धु अस्पताल के पास थाना क्षेत्र कृष्णानगर पहुंचकर इन्तजार करने लगी। कुछ देर बाद होण्डा सिटी कार यूपी-32 सीबी-5898 आती हुई दिखाई दी। एसटीएफ टीम द्वारा आवश्यक बल प्रयोग कर गाड़ी रोककर चेक किया गया तो उसमें से अवैध मादक पदार्थ बरामद हुआ। सलमान को गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ में सलमान ने बताया कि वह बाराबंकी में मादक पदार्थों की तस्करी करने वाले संगठित गैंग का सरगना है तथा हाजी असगर अली का बेटा शादाब निवासी उसरी जैतपुर बाराबंकी, मोहम्मद जमालू निवासी रसौली बाराबंकी, मोहम्मद गुलाम रसूल निवासी पल्हरी थाना सफदरगंज बाराबंकी एवं सज्जन निवासी भनौली जैतपुर बाराबंकी उसके ही गैंग के सक्रिय सदस्य हैं। जो लोग लगभग 8 वर्ष पूर्व से उसके गैंग में रहकर तस्करी कर रहे हैं। पंचायत चुनाव में इसकी हार हो गयी है। जिसमें लगभग 15 से 20 लाख रुपए खर्च भी हो गए हैं तथा लॉकडाउन मे माल की अच्छी खपत होने के कारण यह खुद ही शर्मा नामक व्यक्ति से स्मैक लेने झालावाड राजस्थान चला गया था। पूछताछ से ज्ञात हुआ कि उक्त संगठित गिरोह द्वारा अफीम, डोडा एव गांजा की भी तस्करी व्यापक रूप से हरियाणा, पंजाब एवं पश्चिमी उप्र के कई जिलो मे संचालित किया जाता है। यह भी ज्ञात हुआ है कि इसके विरुद्ध थाना सफ्दरगंज बाराबंकी में एनडीपीएस एक्ट का अभियोग पंजीकृत है जिसमें यह वांछित भी है।

## मुफ्त राशन वितरण 20 मई से

**लखनऊ।** कोरोना महामारी के बीच प्रदेश में गरीबों को दो माह मई और जून में निशुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। अंत्योदय तथा पात्र गृहस्थी के लाभार्थियों को राहत देने के लिए पीएम मोदी ने मुफ्त राशन वितरण का ऐलान किया था। खाद्य आयुक्त मनीष चौहान ने गुरुवार को जारी किए आदेश में प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के तहत खाद्यान्न वितरण की व्यवस्था कराने के लिए सभी जिलाधिकारियों को कहा है। उन्होंने बताया कि अंत्योदय व पात्र गृहस्थी राशन कार्डों पर दो माह मई और जून में पांच किलोग्राम प्रति यूनिट के अनुसार निश्शुल्क खाद्यान्न वितरित किया जाएगा। राशनकार्ड धारकों को पोर्टेबिलिटी के तहत खाद्यान्न प्राप्त करने की सुविधा 29 मई से 31 मई के मध्य मान्य होगी। भीड़ न जुटने पाए इसके लिए टोकन व्यवस्था लागू होगी। आधार प्रमाणीकरण के जरिए खाद्यान्न प्राप्त नहीं कर सकने वाले उपभोक्ता के लिए मोबाइल फोन पर ओटीपी वेरीफिकेशन से राशन प्राप्त करने का अवसर होगा। वितरण व्यवस्था में गड़बड़ी नहीं होने देने के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त किए जाएंगे। नि:शुल्क खाद्यान्न वितरण कार्यक्रम को स्थानीय स्तर पर अनिवार्य रूप से प्रचारित भी करना होगा। सीएम योगी आदित्यनाथ पहले ही कह चुके है कि प्रदेश में कोई भूखा नहीं रहेगा। इसी के तहत प्रदेश में 20 मई से मुफ्त राशन बंटेगा। सार्वजनिक वितरण प्रणाली में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधिनियम के तहत अंत्योदय और पात्र गृहस्थी के लाभार्थियों को 14 मई तक राशन का वितरण किया जाएगा।

# विवाहिता ने लगाई फांसी, परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**राजधानी** के चौक थाना क्षेत्र स्थित चौपटिया में गुरुवार सुबह एक विवाहिता का शव फंदे से लटकता मिला। बीते दिसंबर में महिला का विवाह हुआ था। परिवारीजनों ने पति समेत अन्य ससुरालीजनों पर कार की मांग पूरी न होने पर हत्या कर शव फंदे पर लटकाए जाने का आरोप लगाया है। पुलिस शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। सीतापुर के लहरपुर सांडा खुर्द निवासी जय नारायण अवस्थी किसान हैं। उन्होंने बेटी प्रिया अवस्थी-30 का विवाह बीते एक दिसंबर को चौपटिया चौराहे के पास रहने वाले ऋषभ तिवारी के साथ किया था। जय नारायण ने बताया कि गुरुवार सुबह प्रिया के ससुर मुरालीलाल तिवारी ने फोन कर बताया कि बेटी ने फांसी लगा ली है। इस सूचना पर प्रिया के परिजन जब उसकी सुसुराल पहुंचे तो शव घर पर था। बेटी के गले में कसाव के निशान थे। इसके अलावा शरीर पर चोटें भी थी। आरोप है कि प्रिया के पति राहुल और ससुरालीजनों ने मिलकर उसे पीटा और फिर आत्महत्या का रूप देने के लिए फंदे से लटका दिया। इंस्पेक्टर चौक विश्वजीत सिंह ने बताया कि सुबह प्रिया के ससुरालीजनों की सूचना पर पुलिस पहुंची तो कमरे में फंदे पर शव लटक रहा था। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट एवं तहरीर के आधार पर मामले की जांच कर कार्रवाई की जाएगी। पिता जय नारायण का आरोप है कि शादी के बाद से प्रिया के पति और ससुरालीजन कार की मांग कर रहे थे। आर्थिक स्थिति ठीक न होने के कारण उनकी यह मांग पूरी करने में असमर्थता जताई थी। इसके पहले उन्होंने कई बार रुपयों की मांग की तो बेटी की खुशी के लिए वह भी पूरी की। प्रिया के ससुर सेवानिवृत्त शिक्षक हैं। शादी के बाद से ससुरालीजनों ने बेटी को मायके नहीं भेजा था। उसे फोन पर भी बात नहीं करने देते थे। बेटी अकेले कभी बात नहीं कर पाती थी। वह जब फोन पर भी घर वालों से बात करती तो ससुरालीजन आस पास ही बैठे रहते थे। जय नारायण ने बताया कि बीते जनवरी माह में बेटी के घर गया था। बेटी रो रही थी। उससे पूछने की कोशिश की तो कुछ बताया नहीं क्योंकि ससुरालीजन सब आस पास ही थे। बेटी बहुत परेशान थी।

# बचाव कार्य के लिए अभ्यास बेहद आवश्यक: सतीश कुमार



## ● राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय में चल रहा दो माह का प्रशिक्षण समाप्त

संवाददाता। सरोजनीनगर

**सरोजनीनगर** के नूर नगर भदरसा स्थित राज्य आपदा मोचन बल मुख्यालय में चल रहे 2 माह के प्रशिक्षण का गुरुवार को समापन हो गया। इस मौके पर एसडीआरएफ के सेनानायक डॉ. सतीश कुमार ने कहा कि वह एसडीआरएफ को बेहतर बनाने के लिए दृढ़ संकल्पित हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी आपदा से निपटने के लिए बचाव कार्य में राज्य आपदा मोचन बल द्वारा किया जाने वाला काफी आसान दिखता है लेकिन ऐसा होता नहीं है। बल्कि बचाव कार्य के लिए अभ्यास बेहद आवश्यक है। बिना अभ्यास के कोई भी काम पूरा नहीं किया जा सकता। उन्होंने कहा कि राज्य आपदा मोचन बल ऐसी टीम है जो केंद्रीय आपदा मोचन बल के साथ हर मुश्किल घड़ी का सामना करने के लिए कंधे से कंधा मिलाकर साथ खड़ी रहती है। इस दौरान उन्होंने 2 माह तक चले प्रशिक्षण को सफलता का सबसे अहम हथियार बताया। उन्होंने बताया कि 14 प्रशिक्षकों के द्वारा 58 दिन चले प्रशिक्षण में उनकी कड़ी मशक्कत के बाद राज्य आपदा मोचन बल को 76 नए ट्रेंड जवान मिल गए हैं। जिसके बाद अब राज्य आपदा मोचन बल में कुल प्रशिक्षित जवानों की संख्या 578 पहुंच गई है। इस मौके पर उन्होंने 2 माह के प्रशिक्षण के दौरान किसी के कोरोना संक्रमित ना होने पर प्रशिक्षण प्रभारी सोभनाथ यादव, सैन्य सहायक एहसान उल्लाह खाँ, सूबेदार सैन्य सहायक अखिलेश शर्मा के साथ केंद्रीय आपदा मोचन बल के प्रशिक्षकों को धन्यवाद भी दिया। प्रशिक्षण समापन कार्यक्रम में एनडीआरफ के उप सेनानायक नीरज सिंह, एसडीआरएफ के शिविर पाल भूतनाथ गुप्ता, सीसी हरेंद्र पासवान, परिवहन प्रभारी आरके शुक्ला और पीसी राज शेखर श्रीवास्तव सहित कई अन्य लोग भी मौजूद रहे।

# मील का पत्थर साबित होगी पुस्तक: भूसरेड्डी

## ● सहकारी गन्ना विकास समितियों के महत्वपूर्ण आदेशों के संकलन की पुस्तक का हुआ विमोचन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** की सहकारी गन्ना विकास समितियों के लिए निर्गत महत्वपूर्ण आदेशों के संकलन की पुस्तक का ऑन-लाईन विमोचन कार्यक्रम आज गन्ना आयुक्त कार्यालय के सभागार मे सम्पन्न हुआ। विमोचन कार्यक्रम का शुभारम्भ दीप प्रज्जवलन के साथ किया गया। पुस्तक का विमोचन चीनी उद्योग एवं गन्ना विकास विभाग के अपर मुख्य सचिव संजय आर भूसरेड्डी के कर-कमलों द्वारा किया गया।

सहकारी गन्ना विकास समितियों के लिए निर्गत महत्वपूर्ण आदेशों के संकलन की पुस्तक की रूपरेखा पर प्रकाश डालते हुए संयुक्त गन्ना आयुक्त समिति डा वीबी सिंह ने बताया कि 745 पृष्ठ वाली इस पुस्तक मे वर्ष 1955 से 2021 तक के लगभग 200 महत्वपूर्ण विभागीय आदशों का संकलन किया गया है। उन्होने बताया कि इस पुस्तक को तैयार करना अत्यन्त दुरूह कार्य था, परन्तु विभाग के अपर मुख्य सचिव भूसरेड्डी के कुशल निर्देशन एवं प्रेरणा से इस कार्य को सम्पन्न किया जा सका। संजय भूसरेड्डी ने कोराना महामारी से दिवंगत हुए कार्मिकों को श्रद्धांजलि दी तथा विभागीय अधिकारियो और कार्मिकों से अपील की गयी कि वह कोविड प्रोटोकाल का पालन करते हुए शासकीय कार्यो का सम्पादन करें। ऑनलाइन पुस्तक विमोचन कार्यक्रम के अवसर पर समस्त विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारियों को धन्यवाद ज्ञापित करते हुए उन्होने इस पुस्तक को कार्मिकों की दिन-रात की मेहनत का प्रतिफल बताया।

भूसरेड्डी ने पुस्तक के बारे मे कहा कि कोई भी संस्था अपने उद्देश्यों की पूर्ति तभी कर सकती है जब उस संस्था का संचालन करने वाले प्रतिनिधि अथवा अधिकारी एवं कर्मचारी निर्धारित व्यवस्था, अधिनियम, नियमों, शासनादशों एवं उसके संचालन के लिए उच्च स्तर से प्रसारित महत्वपूर्ण आदेशों एवं निर्देशों से भिज्ञ रहें। उन्होने कहा कि सहकारी गन्ना समितियों के कार्यो को सुगमता से सम्पादित करने के लिए यह पुस्तक मील का पत्थर साबित होगी। यह पुस्तक शीघ्र ही सभी विभागीय कार्यालयों को नि:शुल्क उपलब्ध करा दी जायेगी।

## गाजीपुर पुलिस ने स्मैक के साथ तस्कर को दबोचा

**लखनऊ।** गाजीपुर पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार कर लिया। पकड़े गए आरोपी के पास 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। प्रभारी निरीक्षक प्रशांत कुमार मिश्रा ने बताया कि अधिकारियों के निर्देश पर अपराधी व वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी के लिए चेकिंग चल रही थी। उस समय उप निरीक्षक राकेश कुमार पुलिस बल के साथ चेकिंग कर रहे थे। तभी एक व्यक्ति अचानक पुलिस टीम को देखकर भागने लगा जिसे घेर कर पुलिस टीम ने पकड़ लिया। पकड़े गए आरोपी ने अपना नाम हरिहर नगर आस्था बिहार कॉलोनी थाना गाजीपुर निवासी संदीप बताया। उसके पास से 20 ग्राम स्मैक बरामद हुई। इसके बाद पुलिस ने एनडीपीएस समेत विभिन्न धाराओं में मुकदमा दर्ज कर उसे जेल रवाना कर दिया।

## युवक ने फांसी लगाकर दी जान

**लखनऊ।** ठाकुरगंज इलाके में अजय सोनकर ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली परिजनों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को नीचे उतार कर आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है। इंस्पेक्टर ठाकुरगंज सुनील कुमार दूबे ने बताया की राधाग्राम ठाकुरगंज निवासिनी पंकज सोनकर ने बताया की शनिवार की प्रातः उनका पुत्र अजय सोनकर 26 कमरे से जब नहीं निकला और आवाज लगाने पर भी कोई उत्तर नहीं मिला तो खिलड़की से झांक कर देखा गया तो सबके होश उड़ गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दरवाजा तोडकर अजय सोनकर के शव को नीचे उतारा और पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस का कहना है की मृतक प्राइवेट नौकरी करता था और अविवाहित था।

## राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में सीएमएस छात्र को गोल्ड मेडल



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, अलीगंज (द्वितीय कैम्पस) के कक्षा-3 के मेधावी छात्र सिद्धार्थ नारायण ने राष्ट्रीय स्तर पर आयोजित हिन्दी ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह ओलम्पियाड हिन्दी उत्कर्ष मंडल, दिल्ली, के तत्वावधान में आयोजित किया गया। सीएमएस के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी हरि ओम शर्मा ने बताया कि ओलम्पियाड में देश भर के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का प्रदर्शन किया। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सीएमएस के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास हेतु भी अपरिहार्य है।

## संक्रमित गर्भवतियों को समय से भर्ती कराने के आयोग के निर्देश

**लखनऊ।** उत्तरप्रदेश राज्य महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम ने सभी जिलाधिकारियों को प्रदेश की कोरोना वायरस कोविड.19 की संदिग्ध एंव संक्रमित, असंक्रमित गर्भवती महिलाओ को आवश्यकतानुसार समय से चिकित्सालयों में भर्ती कराये जाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि उन महिलाओं एवं उनके नवजात शिशुओ को समस्त आवश्यक उपचार व्यवस्थायें सुनिश्चित कराये जाने हेतु समस्त सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देशित किए जाए। इसके साथ साथ ग्रामीण स्तर पर कोविड 19 की संदिग्ध एंव संक्रमित असंक्रमित गर्भवती महिलाओ एवं उनके नवजात शिशुओ की सुरक्षा हेतु इस कार्य में आशा बहुओं व आंगनबाड़ी का सहयोग लेने हेतु सम्बन्धित को निर्देशित करते हुए कृत कार्यवाही से अवगत कराने को कहा गया है।

## आंधी और अतिवृष्टि मरने वालों के परिजनों को मदद का ऐलान

**लखनऊ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने हरदोई, बहराइच, देवरिया, एटा, कासगंज, शाहजहांपुर व सिद्धार्थनगर में तेज आंधी और अतिवृष्टि के कारण हुई जनहानि पर गहरा शोक व्यक्त किया है। उन्होंने दिवंगतों के परिजनों को अनुमन्य राहत राशि तत्काल वितरित किये जाने सम्बन्धी निर्देश जिलाधिकारी को दिये हैं। मुख्यमंत्री ने मृतकों के शोक संतप्त परिजनों के प्रति संवेदना व्यक्त की है। उन्होंने आपदा से प्रभावित व्यक्तियों को हर संभव मदद और राहत प्रदान किये जाने के भी निर्देश दिए हैं।

## भट्ठे के मुंशी व उसके साथी को दबंगों ने पीटा

**लखनऊ।** सुशान्त गोल्फसिटी इलाके के शहीद पथ चौराहे पर दबंगों ने भट्ठे के मुंशी व उसके साथी की बुलेट में टक्कर मार दी जब विरोध किया तो दोनों को जमकर पीटा। शोर सुनकर जब चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी दौड़े तब वह भाग निकले। पीड़ित अजय यादव व मुंशी पांचू पासी भट्ठे से ईंट की वसूली के लिए बुलेट से रुचिखण्ड गए थे। वापसी के दौरान अर्जुनगंज जाते समय शहीद पथ चौराहे पर अनुज यादव व सैम सैंडी निवासी अर्जुनगंज ने उनकी बुलेट में स्कार्पियो से पीछे से टक्कर मार दी। जब विरोध किया तो दोनों ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ दोनो की पिटाई कर दी तथा भद्दी भद्दी गालियां दी। चौराहे पर तैनात पुलिस कर्मी बचाने के लिए दौड़े तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग निकले। इंस्पेक्टर सुशान्त गोल्फसिटी विजयेंद्र सिंह के मुताबिक पीड़ित की तहरीर पर 147, 323, 504 आईपीसी व एससीएसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

## गोमती नगर में जालसाज गिरफ्तार

**लखनऊ।** गोमती नगर पुलिस ने दवा दिलाने के नाम पर धोखाधड़ी करने वाले जालसाज को गिरफ्तार कर लिया है। पकड़े गए आरोपी के पास से 37000 रुपए व एक तमंचा बरामद हुआ। प्रभारी निरीक्षक केशव कुमार तिवारी ने बताया कि वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी को लेकर अभियान चलाया जा रहा था। इसी दौरान एक वांछित अमरेंद्र सिंह को कमता चौराहे के पास स्थित रोडवेज बस स्टैंड चिनहट लखनऊ से गिरफ्तार किया गया। पकड़े गए आरोपी के खिलाफ ग्राम गडरिया थाना बरहमपुर जिला मुर्शिदाबाद पश्चिम बंगाल निवासी सोमना विश्वास ने शिकायत की थी कि उसने इंसुलिन इंजेक्शन दिलाने के बहाने धोखाधड़ी कर पश्चिम बंगाल से लखनऊ बुलाकर नेहरू एनक्लेव पास 49500 ठग लिए। पकड़े गए अमरेंद्र सिंह ने बताया कि वह ग्राम पोस्ट तथा थाना रामगढ़ जिला भभुआ कैमूर बिहार का रहने वाला है। वर्तमान समय में वह ग्रोन उर्मिला अंसल एपीआई गोल्फसिटी लखनऊ में निवास कर रहा था।

## बेकाबू वाहन की टक्कर से अज्ञात अधेड़ की मौत

**मोहनलालगंज।** डान बास्को इंस्टीट्यूट के निकट गुरुवार की शाम बेकाबू वाहन ने रायबरेवी हाईवे पर मोहनलालगंज कस्बे की ओर पैदल जा रहे अज्ञात युवक को टक्कर मार दी। हादसे में अधेड़ की मौके पर ही मौत हो गई। सूचना पाकर पहुंची पुलिस की काफी कोशिशों के बावजूद मृतक की शिनाख्त नहीं हो सकी। उसका शव सील कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

## सात किलो गांजा के साथ शातिर तस्कर गिरफ्तार

**लखनऊ।** ठाकुरगंज पुलिस ने एक शातिर तस्कर को गिरफ्तार करने का दावा किया है जिसके पास से भारी मात्रा में अवैध गांजा व बेची गई नकदी व तस्करी में इस्तेमाल वाहन बरामद किया है। जानकारी के अनुसार इंस्पेक्टर ठाकुरगंज अपराधियों के खिलाफचलाये जा रहे अभियान के तहत गस्त पर थे तभी पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि वरदानी मंदिर एंव तेलीबाग चौराहे से स्तिथ पेट्रोल पम्प के पास एक युवक मौजूद है। पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर भरोसा किया और मौके पर पहुंच कर मौजूद युवक को दबोच लिया जिसकी निशान देही पर एक कार की डिग्गी से सात किलो गांजा व पचास हजार की नकदी भी बरामद की गयी।

# पंचायतों में सफाई व सेनीटाइजेशन का अभियान तेज



कोरोना से जंग...

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कोरोना** को शिकस्त देने के लिए मोहनलालगंज की ग्राम पंचायतों में सफाई और सेनीटाइजेशन की मुहिम तेज कर दी गई है। गुरुवार को ग्राम पंचायत निगोहां और कनकहा में दर्जनभर सफाईकर्मियों की टीम सुबह तड़के से ही व्यापक सफाईके लिए डटी रही। दहियर में भी आधा दर्जन सफाईकर्मियों की टीम ने सुबह से दोपहर बाद तक अभियान चलाकर गन्दगी से पटी नालियों की सिल्ट सफाई की। हालांकि ग्रामीणों ने तीनों गांव बड़े होने की वजह से वृहद स्तर पर साफ सफाई के लिए टीम को दो दिन और अभियान में जुटाने की मांग की है। उधर सचिवों की अगुवाई में रोस्टर बनाकर पंचायतों में ट्रैक्टर-टैंकर से व्यापक सेनीटाइजेशन का अभियान छेड़ दिया गया है। उप्र पंचायतीराज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री रामेन्द्र श्रीवास्तव ने बताया सभी सफाईयोद्धाओं को अपनी-अपनी तैनाती वाली पंचायतों में नियमित साफसफाई के लिए जुटने का आह्वान संगठन की ओर से किया गया है। बीट इंचार्ज से फील्ड मुआयना कराकर और व्हाट्सएप के जरिए फेटो मंगाकर सफाई और सेनीटाइजेशन अभियान की मानीटरिंग भी की जा रही है।

**दहियर में छिड़ा व्यापक अभियान:** मोहनलालगंज की ग्राम पंचायत दहियर में खराब पड़े 15 हैण्डपम्प की मरम्मत का अभियान गुरुवार को शुरु किया गया है। शिवढ़रा एविश्रामखेड़ा और दहियर के कुछ हिस्से में ट्रैक्टर.टैंकर से व्यापक सेनीटाइजेशन भी कराया गया। जबकि शेष हिस्से और अन्य मजरों में शुक्रवार को भी सेनीटाइजेशन जारी रहेगा। नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान सोनी के साथ सचिव आलोक वर्मा खुद फील्ड में उतरकर अभियान की मानीटरिंग करते रहे। सचिव ने बताया सफाई और सेनीटाइजेशन का अभियान चलाया जा रहा है। खराब पड़े हैण्डपम्प की मरम्मत भी शुरु कराई गई है। जल्द ही सभी हैण्डपम्प दुरुस्त करा लिए जाएंगे।

## ग्रामीणों को बांटा काढ़ा व दवा किट

**निगोहां।** फैले संक्रमण को देखते हुए गुरुवार को राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय दखिना शेखपुर के डॉक्टरों की टीम द्वारा लालपुर गांव में ग्रामीणों को नि:शुल्क आयुर्वेदिक काढा व दवा की किट बांटी गई।

बतातें चले की सर्दी, बुखार, कोरोना से मिलते जुलते लक्षणों से गावों में ज्यादातर लोग पीड़ित हैं अब तक कई गांवों में दर्जनों लोगों की जान भी जान भी जा चुकी है। वहीं फैले संक्रमण को देखते हुए दखिना शेखपुर गांव के राजकीय आयुर्वैदिक चिकित्सालय के फर्मेसिस्ट प्रदीप कुमार, राजा प्रसाद एवं कुलदीप कुमार द्वारा लालपुर गांव की नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान नीरज की अगुवाई में नि:शुल्क दवाइयों की किट और काढा दर्जनों लोगों को किट बांटे गए। इस मौके पर किसान नेता मनोज पटेल समेत कई लोग मौजूद रहें।

## कोविड संक्रमण से बचाव के लिए बांटी औषधि किट

संवाददाता। सरोजनीनगर

**क्षेत्रीय** आयुर्वेदिक अधिकारी डॉ. सुनीता सिंह के दिशा निर्देश पर सरोजनीनगर के चंद्रावल स्थित राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. बबीता केन के द्वारा गुरुवार को इलाके के मुल्लाही खेड़ा में कोविड-19 संक्रमण बचाव के लिए औषधि किट का वितरण किया गया। अस्पताल के फार्मासिस्ट सुरजन लाल व वार्ड बॉय संजीव अग्निहोत्री के सहयोग से डॉ. बबीता केन ने गांव में कोविड-19 संक्रमण से बचाव को लेकर रोग प्रतिरोधक दवाएं आयुष 64, संशमनी वटी, अणु तैल, अगस्तय हरितिकी और आयुष काढ़ा का वितरण किया। इस मौके पर गांव की विमला और शिल्पी ने दवा वितरण में अपना काफी सहयोग किया। डॉ. बबीता केन ने कहा कि 18 वर्ष से अधिक आयु वाले सभी व्यक्ति कोविड-19 वैक्सीन अवश्य लगवाएं। साथ ही आयुष विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा विकसित आयुष कवच मोबाइल एप गूगल प्ले स्टोर से डाउनलोड करें। क्योंकि ऐप पर उपलब्ध घरेलू नुस्खे सभी बीमारियों से दूर रखने के साथ ही बीमारियों का उपचार भी बताएंगे। उन्होंने कहा कि अपने आसपास आसानी से मिलने वाले प्राकृतिक संसाधनों के जरिए आप अपनी रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ा सकते हैं। इसके अलावा उन्होंने कहा कि नियमित व नियंत्रित दिनचर्या का पालन करते हुए गुनगुना पानी पिएं, पानी में पुदीने की पत्तियां या अजवाइन डालकर भाप लें, सेंधा नमक और हल्दी डालकर गरारे करने के अलावा चिकित्सीय परामर्श के अनुसार ही दवाओं का सेवन करें। उन्होंने कहा कि योगासन व प्राणायाम करने के साथ ही मास्क भी अवश्य लगाएं। उन्होंने अपील करते हुए कहा कि शारीरिक दूरी का पालन करने के साथ ही साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखकर अफवाहों से दूर रहें।

# बिजली कर्मचारियों ने की फ्रंट लाइन वर्कर घोषित करने की मांग

## ● मृत कर्मियों के परिजनों को शीघ्रातिशीघ्र 50 लाख मुआवजा व नौकरी दी जाए

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**विद्युत** कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति ने गुरूवार को ऊर्जा निगमों के प्रबन्धन को नोटिस भेजकर मांग की है कि सभी ऊर्जा निगमों के तमाम बिजली कर्मचारियों, जूनियर इंजीनियरों, अभियंताओं और संविदा श्रमिकों को तत्काल फ्रन्ट लाइन वर्कर घोषित किया जाए। साथ ही सभी बिजली कर्मियों को सर्वोच्च प्राथमिकता पर वैक्सीन लगाई जाए और मृत कर्मियों के परिजनों को शीघ्रातिशीघ्र 50 लाख रूपए के मुआवजा का भुगतान किया जाए। मृत कर्मियों के आश्रितों को उनकी योग्यतानुसार नौकरी दी जाए। संघर्ष समिति की नोटिस में कहा गया है कि एक सप्ताह में सार्थक समाधान न होने पर बिजली कर्मी आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे।

संघर्ष समिति ने इस बाबत प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा से प्रभावी हस्तक्षेप की मांग की है जिससे बिजली कर्मियों को न्याय मिल सके। संघर्ष समिति के प्रमुख पदाधिकारियों वीपी सिंह, प्रभात सिंह सुहेल आबिद ने जारी संयुक्त बयान में कोरोना संक्रमण के दौर में बिजली कर्मियों के लिए मुख्यमंत्री और ऊर्जा मंत्री से प्रभावी कदम उठाने के लिए ऊर्जा निगमों को निर्देश देने की अपील की है। संघर्ष समिति द्वारा प्रेषित पत्र में लिखा गया है कि कोरोना संक्रमण की दूसरी मारक लहर के बीच बिजली कर्मी अस्पतालों व् आम लोगों को निर्बाध 24 घण्टे बिजली आपूर्ति करने में प्राणपण से जुटे हैं।

अपना दायित्व निर्वाह करते हुए कई हजार बिजली कर्मी, संविदा श्रमिक व उनके परिवार कोरोना संक्रमण से ग्रसित हो चुके हैं। कोरोना से लगभग 140 बिजली कर्मियों की मृत्यु हो चुकी है, जिसमे मुख्य अभियंता, अधीक्षण अभियंता, अधिशाषी अभियंता, सहायक अभियंता, जूनियर इंजीनियर, बिजली कर्मचारी और संविदा श्रमिक सम्मिलित हैं। इतने बड़े पैमाने पर बिजली कर्मियों की मृत्यु और संक्रमण होने से ऊर्जा निगमों में भय का वातावरण उत्पन्न हो गया है और ऊर्जा निगमों का असंवेदनशील प्रबंधन बिजली कर्मियों के हित संरक्षित करने में पूरी तरह विफल साबित हुआ है जिससे बिजली कर्मियों में भारी गुस्सा व्याप्त है।

# सीएम को पत्र भेजकर मनरेगा कर्मियों के लिए मांगा न्याय

संवाददाता। मोहनलालगंज

**कोरोना** संक्रमण का शिकार होकर जान गंवा रहे मनरेगा कर्मियों के हितों की रक्षा के लिए महासंघ ने सीएम को पत्र लिखकर दस सूत्रीय मांगे पूरी कराने की मांग की है। उत्तर प्रदेश मनरेगा कर्मचारी महासंघ के संयोजक भूपेश सिंह और सह संयोजक अमित द्विवेदी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और ग्राम्य विकास मंत्री राजेन्द्र प्रताप सिंह मोती सिंह को महासंघ की ओर से दस सूत्रीय मांगे पूरी कराने का आग्रह किया है। महासंघ ने अपने मांग पत्र में कोरोना संकट से जूझ रहे मनरेगा कर्मियों के सामने खड़े हुए आर्थिक संकट का जिक्र करते हुए कोरोना संक्रमित होकर जान गंवा रहे मनरेगा कर्मियों को उनकी योग्यता अनुसार रिक्त पदों पर समायोजित करने और महामारी अधिनियम के तहत उनके आश्रितों को मुआवजा दिलाने की पुरजोर मांग की है। महासंघ ने मनरेगा कर्मियों के लिए सम्मानजनक मानदेय दिलाने और सेवा पुस्तिका जारी कराने की मांग उठाई है। महासंघ ने मनरेगा कर्मियों को बेवजह दण्डित किए जाने की शिकायतों पर जांच कराकर दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है।

# संक्रमण पर लगाम के लिये निगरानी समितियों को सक्रिय करने की कवायद शुरू

संवाददाता। निगोहां

**निगोहा,** हुलासखेड़ा सहित दर्जनो ग्राम पंचायतो में नवनिर्वाचित प्रधानों की मौजूदगी में गुरूवार को बैठक को एडीओ पंचायत ने सम्बोधित करते हुये निगरानी समिति का दायित्व देते हुए कहा कि महामारी पर नियन्त्रण पाने के लिए समिति के माध्यम से हर प्रधान बुखार, खांसी व जुखाम रोग से पीड़ित लोगों की सूची स्वास्थ्य विभाग को उपलब्ध कराएं। जिससे समय रहते उसपर नियन्त्रण पाया जा सके। गुरूवार को मोहनलालगंज विकास खण्ड के निगोहा में नवनिर्वाचित प्रधान अभय दीक्षित व हुलासखेड़ा में नवनिर्वाचित प्रधान नीता यादव सहित दर्जन भर ग्राम पंचायतों में प्रधानों की मौजूएगी में निगरानी समितियों के साथ बैठक का आयोजन किया गया। बैठक को संबोधित करते हुए एडीओ पंचायत राजकरन ने कहा कि गांव में तेजी से फैल रही कोविड की महामारी पर नियन्त्रण पाने के लिए नवनिर्वाचित प्रधानों को अहम भूमिका निभानी होगी।

सभी प्रधानों को पहले से बनी ग्राम सभाओं में बनी निगरानी समिति के साथ बैठक कर ग्रामसभा में बुखारए खांसी व जुकाम से पीड़ित लोगों की सूची बनाकर स्वास्थ्य विभाग को सौंपे। जिससे समय रहते उनको उपचार मिल सके। वहीं उन्होंने बताया कि प्रवासी मजदूरों की गांव में वापस आने की सूचना भी तहसील प्रशासन को समय से उपलब्ध कराएं। जिससे उनकी जांच कराकर उचित कार्यवाई की जा सके। प्रधानों की जागरूकता ही इस रोग का सबसे बड़ा इलाज साबित हो सकता है। अब कोविड से डरकर नहीं बल्कि उससे लड़कर ही नियन्त्रण पाया जा सकता है। बैठक में सीएचसी अधिक्षिका डा. ज्योति, लेखपाल शिल्पी सिहं, कृति सिहं सहित आशा बहुये मौजूद रही।

# एसआरएन को सौंपे 150 हाई पैरा मॉनिटर

● कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने किया प्रदान, जनता के उत्तम स्वास्थ्य व सही निगरानी के लिए सरकार की ओर से प्रदान किए गए उपकरण



एसआरएन अस्पताल में हाई पैरा मॉनिटर सौंपते कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह** ने गुरुवार को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रशासन को कोविड 19 एवं अन्य गम्भीर मरीजों के उपचार और सही निगरानी के लिए नए 150 हाई पैरा मॉनिटर मशीनें सौंपी। काबीना मंत्री ने उक्त मशीनों को प्रधानाचार्य डा एस पी सिंह को प्रदान किया। इनका इस्तेमाल मरीजों के इलाज में आवश्यक रूप से किया जाए। कैबिनेट मंत्री ने चिकित्सकों पैरामेडिकल स्टॉफका उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस समय देश को आपकी सेवाओं की जरूरत है। आपदा की घड़ी में सभी का योगदान अनुकरणीय है। तीसरी लहर की संभावना के दृष्टिगत प्रशासन एवं मेडिकल स्टॉफको इसके लिए अभी से तैयार रहने के लिए सचेत किया। मुख्यमंत्री स्वयं कोविड की निगरानी और पल पल की खबर रख रहे हैं। प्राचार्य को निर्देश दिए कि पीडियाट्रिक वार्ड ऑक्सीजन की उपलब्धता पैरामेडिकल स्टाफ डॉक्टर की आवश्यकता आदि प्रस्ताव बनाकर तत्काल शासन को भेजें। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफके साथ संसाधनों को उपलब्ध कराया जा सके। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा एसपी सिंह ने एसआरएन में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं कठिनाइयों से मंत्री को अवगत कराया। कैबिनेट मंत्री ने अस्पताल की व्यवस्था पीने का पानी दवाइयां जांच सुविधाएं एवं वार्डों की नियमित सफाई सैनिटाइजर करने आदि मूलभूत सुविधाओं को चुस्त दुरस्त रखने के निर्देश दिए। कोविड मरीजों के परिजनों को उनका हाल चाल जानने के लिए परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान दिया जाए। सांसद केसरी देवी कमलेश कुमार गणेश केसरवानी डीएम प्राचार्य डा. एसपी सिंह प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा अजय सक्सेना डा गौतम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### सिद्धार्थनाथ ने किया बीपीसीएल का दौरा

**नैनी।** नैनी स्थित बीपीसीएल कंपनी में सरकारी आर्डर पर बंद ऑक्सीजन सिलेंडर के कार्य की प्रगति का निरीक्षण आज कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर निर्माण में लगे कर्मचारियों को रीलीव करने की सूचना पर पहुंचे और लोगों से तथा कंपनी के अधिकारियों से बातचीत की। साथ ही उन्होंने कंपनी का निरीक्षण किया। वहीं सभी डेवलपमेंट की जानकारी भी ली। ऑक्सीजन सिलेंडर निर्माण में लगे कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वह अपना काम करें। उनके साथ पूरा न्याय कराने की कोशिश की जाएगी।

# पुलिया से टकराकर नदी में गिरी बाइक, युवक की मौत

**नैनी प्रयागराज।** यमुनापार के शंकरगढ़ में बृहस्पतिवार को शराब के नशे में धुत युवक की बाइक पुलिया से टकराने के बाद नदी में जा गिरी। जिससे युवक की मौत हो गयी। सुबह युवक की लाश नदी में बहती हुई मिली तो गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान करायी। उधर शिनाख्त होने से पहले लोग युवक की हत्या किये जाने की आशंका जता रहे थे। बाइक पुलिया से टकराकर नीचे नदी में गिर गयी। जिससे उसका सिर पत्थर से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। शंकरगढ़ कस्बे के मोतियन टोला निवासी शिवकुमार 35 पुत्र छेदीलाल आरओ वाटर सप्लाई में पानी की बॉटल उतारने का काम करता था। इसी कारोबार से वह पत्नी गुड़िया दो बेटे तीन साल के गोलू और डेढ़ साल के छोटू का पालन पोषण करता था। पत्नी गुड़िया ने बताया कि बुधवार की रात में शिवकुमार मोटरसाइकिल लेकर अपने एक दोस्त को छोड़ने कल्याणपुर शंकरगढ़ गया था। जाते समय उसने कहा था कि एक घण्टे में वापस आ रहा है लेकिन वह वापस नहीं लौटा। सुबह करीब दस बजे पुलिस के जरिए सूचना मिली कि कल्याणपुर गांव के सामने नदी पर बनी पुलिया के नीचे पानी में शिव कुमार की लाश पड़ी है। सड़क पर उसकी बाइक भी पड़ी है। जानकारी मिलने पर पत्नी बच्चों को लेकर बदहवास हालत में मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शिव कुमार की लाश को बाहर निकाला तो उसके सिर पर चोट के निशान मिले। थाना प्रभारी शंकरगढ़ कुलदीप तिवारी के मुताबिक शिवकुमार शराब पीकर वापस घर जा रहा था। उसकी बाइक अंधेरे में पुलिया से टकरा गई। जिससे वह नदी में गिर गया। जहाँ पत्थर से टकरा गया और उसकी मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### कोरोना की दूसरी लहर से अगला वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर के तहत अगला वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण होने वाला है। सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन से बेहतर लाभ प्राप्त हुआ है। लेकिन कोरोना महामारी की दूसरी लहर के मद्देनजर आने वाला वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण लग रहा है। भारत भर में अधिक से अधिक लोगों को तेजी से टीकाकरण प्रदान करते हुए और अन्य साधनों के माध्यम से महामारी को समाहित करने की क्षमता आर्थिक पुनरुद्धार का रास्ता प्रशस्त करेगी। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने चौथी तिमाही में दो सौ उनचास दशमलव तैंतीस करोड़ रुपए की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दर्ज किया है। जो पिछले साल की समान अवधि में एक सौ चौरानवे दशमलव तिहत्तर करोड़ रुपए से अट्ठाइस प्रतिशत अधिक था। कंपनी की उत्पादन क्षमता के एक सौ आठ प्रतिशत तक के उपयोग के चलते उत्पादन और बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा और ये तिमाही साल की सबसे बेहतर तिमाही साबित हुई। प्रदर्शन ने बाहरी झटके के साथ वर्षों में बनाए गए लचीलापन को प्रतिबिंबित किया है। चैयरमैन हर्षवर्धन लोढ़ा ने कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सामने आए बड़े व्यवधानों के मद्देनजर वित्त वर्ष लाभ प्रदाता के दृष्टिकोण से निराशाजनक नहीं था।

### तीन दिन बाद दर्ज किया मुकदमा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** बीते सोमवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में हुई बाइक सवार की मौत के मामले में कोतवाली टाण्डा पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद नामजद मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुहिया में पुलिया के पास बीते सोमवार की रात्रि में ग्राम अजमेरी बादशाहपुर में बहुभोज से बाइक से लौट रहे रमेश कुमार निवासी ग्राम मोजाहिदपुर थाना इब्राहिमपुर को मोटरसाइकिल सवार गुलाब चन्द्र पुत्र राम मूर्ति निवासी डुहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे रमेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेज गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की पत्नी राजमति देवी ने टाण्डा कोतवाली पुलिस को गुलाब चन्द्र के विरूद्ध तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है।

### एक युवक को पुलिस ने धर दबोचा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** अलीगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा पश्चिम में घर के अंदर गलियारे में पड़वा काट रहे युवक को पुलिस ने धर दबोचा। मामले में अलीगंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घटना अलीगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा पश्चिम ताज तिराहे की है। अलीगंज थाना अध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह 8रू30 बजे कस्बा पश्चिम मोहल्ले में स्थित मोहम्मद आलम उर्फराजा के घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान घर के अंदर गलियारे में मोहम्मद आलम उर्फराजा द्वारा पड़वा काटते पाया गया। इस दौरान पुलिस ने पड़वा काटने में प्रयुक्त सामानों के साथ मोहम्मद आलम और राजा को गिरफ्तार कर लिया। अलीगंज पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संदर्भ में अलीगंज थानाध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जमानत दे दिया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्व प्रधान की मौत

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उधुई के 53 वर्षीय पूर्व प्रधान धीरेंद्र कुमार यादव की मौत हो गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम पंचायत उधुई अंतर्गत सराय हेमराज गांव निवासी धीरेंद्र कुमार यादव समाजवादी पार्टी के नेताओं में शुमार थे। दो पंचवर्षीय योजना ग्राम प्रधान रहे। हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान पद का चुनाव हार गए थे। चुनाव संपन्न होने के बाद से उनकी तबीयत खराब हुई थी और उन्हें सर्दीए खांसीए बुखार से परेशानी हुई थी। पहले तो इलाज घर पर ही चला किंतु हालत बिगड़ने के उपरांत उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान गुरुवार को सुबह करीब 8 बजे उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### चाणक्य परिषद ने परशुराम जयंती घर में मनाने का लिया निर्णय

**अयोध्या।** पूरे प्रदेश व जिले में कोविड.19 के विनाशकारी रूप धारण करने के चलते परशुराम जयंती 14 मई शुक्रवार को हम अपने अपने घरों में रहकर उनकी विधिवत आरती पूजा.अर्चना आदि करके मनाने का निर्णय अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने एक आवश्यक बैठक में लिया है और उन्होने सभी ब्राह्मण बंधुओं और भगवान परशुराम के समर्थको से अपील की है । भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर ही हम अपने एक मजबूत समाज और अखंड भारत का निर्माण कर सकते हैं इसके लिए हमें एकजुट होकर राष्ट्रीय की रक्षा का संकल्प लेने की याद दिलाना ।परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी आफ्न ने परिषद के निर्णय की यह जानकारी दी है।

### शराब की दुकानों का निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने तहसील रुदौली क्षेत्रान्तर्गत भेलसर में स्थित दसी व विदेशी की दुकानों व तहसील रुदौली के ही रसूलाबाद चैराहा पर स्थित देसी शराब की दुकान का किया निरीक्षण। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में भ्रमणषील रहकर षराब की दुकानों पर सोशल डिस्टेनसिंग और मास्क अनुपालन के लिए शराब की दुकानों की निगरानी करते रहने के निर्देश दिए।

### रुदौली पीएचसी पर टीकाकरण की जानकारी ली

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में संचालित कोविड टीकाकरण केंद्रों का किया निरीक्षण कर टीकाकरण के स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के समय टीकाकरण केंद्र संचालित पाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीकाकरण टीम के सभी सदस्यों को संक्रमण से बचाव संबंधी सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन कर स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को कोविड.19 का टीका सुगमता उपलब्ध कराने लगाने के निर्देश दिए।

### बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे विनोद रस्तोगी: विजय

**प्रयागराज।** विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान प्रयागराज की ओर से वेबिनार के जरिए लेखक और नाटककार तथा नौटंकी को पुनर्जीवित करने वाले विनोद रस्तोगी की 98 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। फ़ेसबुक पर लाइव परिचर्चा के माध्यम से आयोजित वेबिनार में मुख्य वक्ता जाने माने लेखक और निर्देशक विजय पण्डित रहे। जो लखनऊ से कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए। लेखक विजय पण्डित ने विनोद रस्तोगी के व्यक्तित्व के हर पहलू पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व के हर आयाम पर घंटो चर्चा हो सकती है। वह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। चाहे वह उनका लेखन का क्षेत्र हो निर्देशन हो या फ़िर आकाशवाणी के नाटक प्रस्तुतकर्ता का या अभिनेता का ही क्यों न हो। नौटंकी के पुनरुत्थान में विनोद रस्तोगी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने नौटंकी को समसामयिक विषयों से जोड़ा तथा मृतप्राय लोकनाट्य को संजीवनी प्रदान की। विजय पण्डित ने आशा व्यक्त की है कि विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान विनोद रस्तोगी के सपनों को अवश्य साकार करेगा। संस्थान के सचिव और विनोद रस्तोगी के पुत्र आलोक रस्तोगी ने विनोद रस्तोगी का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया।

# खेल जगत के अमूल्य धरोहर थे बृजमोहन सिंह: आकाश गुप्त

**अयोधया।** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के बड़े पुत्र बृज मोहन सिंह के आकस्मित मौत हो जाने से खेल जगत व खिलाड़ियों में शोक की लहर है। दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के बैनर तले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक शोक सभा का आयोजन सादगी पूर्ण तरीके व कोविड नियमों के अंतर्गत संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त के आवास पर हुई जिसमें केवल संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे। स्व. बृजमोहन सिंह के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के अध्यक्ष आकाश गुप्त ने खेल के प्रति उनके कृत्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद दद्दा ने समूचे विश्व मे भारत को खेल के क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुचाकर भारत को गौरवान्वित किया था और उसी परम्परा को आगे ले जाने का कार्य उनके बड़े पुत्र बृजमोहन सिंह अजीवन करते रहें, जो मेजर ध्यानचंद के सात बेटों में सबसे बड़े थे। जो खेल सेवा करते करते राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल में रिजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद से रिटायर हुए थे और अभी हाल में ही उन्होंने कोरोना पर विजय भी प्राप्त किया था और उन्होंने अपने पीछे पत्नी और दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए है। उनके निधन से राष्ट्र की अमूल्य क्षति हुई है जो खेल जगत के अमूल्य धरोहर थे, जिसका भरपाई होना संभव नही है। खो-खो के कोच व संस्था के महामंत्री रोहित जायसवाल ने कहा कि खेल के विकास में हम अपना योगदान दे यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संस्था द्वारा स्व बृजमोहन जी के स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरुप जल्द ही जिला चिकित्सालय परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मरीजों के इलाज में डॉक्टर के साथ नर्सों की भूमिका भी अहमः डा. आशुतोष त्रिपाठी

● अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर आरके ग्रुप ऑफ नर्सिंग कालेज में वेबिनार आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** नैनी प्रयागराज



वेबिनार में हिस्सा लेते डा आशुतोष त्रिपाठी एवं अन्य।

**अस्पतालों** में भर्ती मरीजों के इलाज में डॉक्टरों के साथ नर्सों की भी भूमिका बेहद अहम होती है। उनके अमूल्य योगदान से ही एक चिकित्सक मरीज को ठीक करने में सफल हो पाता है। यह बातें अंतराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के मौके पर औद्योगिक क्षेत्र के मवैया स्थित आर के ग्रुप ऑफ नर्सिंग कालेज के चैयरमैन डा आशुतोष त्रिपाठी ने कहीं। डा आशुतोष त्रिपाठी बेबिनार के जरिए वर्तमान दौर में नर्सिंग के नए आयाम एवं तनावमुक्त वातावरण पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। चेयरमैन डा आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय यानी कोरोना संक्रमण काल में जिस तरह से नर्से अपना योगदान दे रहीं हैं वह वाकई काबिल ए तारीफ है। कालेज के निदेशक इंजीनियर आशीष त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सुधार करने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में नर्स अहम भूमिका निभाती हैं। उप्र नर्सिंग कौंसिल लखनऊ की सदस्य एवं प्राचार्य केएच विक्टोरिया देवी रहीं।

फ्लोरेन्स नाइटिंगेल के योगदान एवं कृतत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या केएच विक्टोरिया देवी ने कहा कि कोरोना की वजह से पूरी दुनिया में ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जा रहा है। नर्सिंग दिवस दुनिया भर के उन नर्सेस को समर्पित होता है जो आज सेहत के क्षेत्र में विशेष भूमिका निभाने के साथ साथ अपना विशेष योगदान दे रही हैं। विशिष्ट अतिथि शिजो संकरथिल मालदीव ने नर्सिंग दिवस के बारे में लोगों को बताया। नर्सिंग की शिक्षिका पूजा चौरसिया ने स्ट्रेस मैनेजमेंट एवं करेंट ट्रेंड्स इन नर्सिंग पर विचार व्यक्त किए। मरियम शेफाली ने ह्यूमर इन नर्सिंग एवं टेली नर्सिंग पर लोगों से जानकारी साझा की। उप प्राचार्या विनीता तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की खास बात यह है कि इस दिन वर्ष 1820 में फ्लोरेन्स नाइटिंगेल जिन्हें लेडी विथ द लैम्प कहा जाता है उनका जन्म हुआ था।

# खुशहाल परिवारों में अभिभावकों में हो रहे बिखराव

**प्रयागराज।** वैश्विक महामारी कोरोना काल के बाद हाल में ही शुरू की गई दिल छू लेने वाली कहानी क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में दो बच्चों ऋषि और रोली की मासूम दुनिया दिखाई जा रही है। जो अपने अभिभावक के बीच खोया प्यार लौटाकर अपने खुशहाल परिवार पूरा करना चाहते हैं। दोनों मिलकर अपने अभिभावक शुभ्रा नेहा मार्दा और कुलदीप सिद्धांत वीर सूर्यवंशी के बीच पैदा हुई दरार भरने के मिशन पर हैं। अभिनेता सिद्धांत वीर सूर्यवंशी ज़ी टीवी के क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में कुलदीप का रोल निभा रहे हैं। यह हर सोमवार से शनिवार रात दस बजे ज़ी टीवी पर आएगा। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि असल में वह कुलदीप के रोल के लिए ऑडिशन नहीं देने वाले थे। आज वक्त बदल गया है और टेलीविजन इंडस्ट्री भी आगे बढ़ गई है। भगवान के आशीर्वाद से अब लोग मेरा काम भी पसंद कर रहे हैं। इसे लेकर दोनों ओर से अब दोनों परिवारों में प्रगाढ़ता बढ़ रही है।

# पूर्व एमएलसी के पुत्र अर्पित वर्मा को अखिलेश यादव ने किया सम्मानित



**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** फैजाबाद अंबेडकर नगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं समाज वादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा के छोटे पुत्र अंर्पित वर्मा ने संसद में होने वाले प्रख्यात वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम लैम्प्स में शामिल हुए विकास खंड बसखारी के बढ़ियानी से नव निर्वाचित बीडीसी सदस्य व दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यनरत एलएलबी अर्पित वर्मा को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव ने सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र भेंट कर जनपद के उभरते युवा सपा नेता अर्पित वर्मा को सम्मानित किया।

सपा के कद्दावर नेता फैजाबाद अंबेडकर नगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा के छोटे पुत्र अर्पित बर्मा ने संसद भवन में बीते 8 मार्च से 8 अप्रैल के बीच आयोजित सदन के दौरान प्रख्यात लैम्प्स की वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव के साथ रहकर महत्वपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई।

वार्षिक प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने पर पूर्व मुख्यमंत्री व आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव ने अर्पित वर्मा को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके हौसले को अफ्जाई किया अर्पित उर्फ अमन ने गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने जीवन का पहला चुनाव बसखारी ब्लाक के वार्ड संख्या 73 बढियानी से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर चुनाव लडे और नवनिर्वाचित भी हुए अर्पित ने नैनीताल के बिरला विद्या मंदिर से अपनी शिक्षा प्राप्त किया और शहीद भगत सिंह कालेज से स्नातक की डिग्री लेने के बाद दिल्ली विवि से लॉ की शिक्षा एलएलबी ग्रहण कर रहे हैं एलएलबी परीक्षा के दौरान ही संसद भवन में आयोजित प्रख्यात लैम्प्स संसद सदस्य के लिए कानूनी सहायक प्रशिक्षण में आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव के साथ कार्य किया। अर्पित ने कहा कि आगमी संसद सत्र में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ ही प्रशिक्षण कार्य करेंगे। जिले के उभरते सपा के युवा नेता अर्पित वर्मा के पिता सपा के वरिष्ठ नेता के साथ-साथ फैजाबाद अंबेडकरनगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार उर्फविशाल वर्मा को लोगों द्वारा बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है।

# अपने दायित्वों को हर हाल में पूर्ण करें अधिकारीः डीएम

● बैठक में कहा कोरोना कर्फ्यू का हो कड़ाई से अनुपालन

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



कोविड की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

**कोरोना संक्रमण** की रोकथाम हेतु गठित टीम-9 के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम-9 के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिसको जो दायित्व सौंपा गया हैं वह हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनपद में लगे कोरोना कर्फ्यू का अच्छे से पालन कराया जाए।

ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई व सैनिटाइजर का कार्य लगातार किया जाए। कोविड-19 एवं कंट्रोल सेंटर से होम आइसोलेशन के मरीजों का हाल चाल लेते रहें तथा उन्हें मेडिकल किट भी उपलब्ध कराएं। अस्पतालों में लगाए गए मजिस्ट्रेट यह जानकारी लें कि मरीजों का प्रतिदिन डॉक्टर सुबह-शाम विजिट करते हैं कि नहीं। प्रतिदिन डॉक्टर एक-एक मरीज का हाल-चाल पूछेंगे।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में आज तजचबत-732 तथा एंटीजन -759 के सैंपल लिए गए और कुल पॉजिटिव रेट 0.85 रही जबकि होम आइसोलेशन में कुल 332 मरीज हैं । कुल 47 आरआरटी टीम सक्रिय है। निगरानी टीम 1030 में से 943 टीम सक्रिय है। बुधवार को कुल 2095 लोगों का कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया गया। प्रतिदिन तज-चबत जांच का लक्ष्य 1600, एंटीजन का लक्ष्य 900 है कुल 2500 टेस्टिंग का लक्ष्य है। इसे पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, परियोजना निदेशक प्रदीप पांडे, समस्त एसडीएम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एस.के. वर्मा तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।

# डीएम ने की रोकथाम अभियान की समीक्षा

● कोरोना के लक्षण पाए जाने पर उपलब्ध कराएं मेडिसिन किट

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी अनुज कुमार झा** ने एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में कोविड.19 पर प्रभावी रोकथाम हेतु रैपिड रिस्पांस टीमों व निगरानी समितियों द्वारा घर.घर भ्रमण कर किए जा रहे ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट संबंधी कार्यों व कोविड पर रोकथाम हेतु किए जा रहे समस्त कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को समस्त एमओआईसी को व उनके माध्यम से समस्त निगरानी समितियों, आशा संगनियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पर्याप्त सं या में मेडिसिन किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिससे गांव में घर.घर भ्रमण के दौरान किसी भी व्यक्ति में कोविड के लक्षण पाए जाने पर उसे आशा, आगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा तत्काल किट उपलब्ध कराया जा सके। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त सीडीपीओ व एम ओ आईसी/ह्व को रैपिड रिस्पांस टीमों द्वारा हाउस टू हाउस टेस्टिंग एवं आशा संगिनियोंए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लक्षणयुक्त व्यक्तियों को मेडिसिन किट वितरण कार्य की नियमित निगरानी करने व उक्त कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वित कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड.19 वायरस के प्रसार को रोकने व उस पर प्रभावी रोकथाम हेतु घर-घर जाकर प्रत्येक लक्षण युक्त व्यक्ति की ट्रेसिंगए टेस्टिंग व ट्रीटमेंट का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों व सीडीपीओ को रैपिड रिस्पांस टीमों के साथ टेस्टिंग टीमों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे कोविड टेस्टिंग के कार्यों में पूर्ण सहयोग करने तथा संबंधित कानूनगोए लेखपाल व ग्राम पंचायत सचिव आदि को आशा संगिनियों के साथ गांव में घर.घर जाकर लोगों को प्रोत्साहित करने तथा निगरानी समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों में पूर्ण सहयोग के निर्देश दिए। डीएम ने जनपद में वैक्सीनेशन की स्थिति के साथ-साथ कोविड से संक्रमित मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं आज की भी समीक्षा की।

# डीएम व एसएसपी ने कोविड टीकाकरण केंद्रों का किया मुआयना

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में संचालित कोविड टीकाकरण केंद्रों का किया निरीक्षण कर टीकाकरण के स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के समय टीकाकरण केंद्र संचालित पाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीकाकरण टीम के सभी सदस्यों को संक्रमण से बचाव संबंधी सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन कर स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को कोविड.19 का टीका सुगमता उपलब्ध करानेए लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने नगर पालिका रुदौली के शेखाना उत्तरी वार्ड का स्थलीय भ्रमण कर घर पर उपचार ले रहे कोविड.19 संक्रमित व्यक्ति ;राजूए उम्र 45 वर्षद्ध के घर जाकर स्वास्थ की जानकारी ली। इस अवसर पर राजू के परिवार के सदस्य द्वारा बताया गया कि उन्हें ससमय मेडिसिन किट प्राप्त हो गया है और अब उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। परिवार के अन्य सभी सदस्यों की भी कोविड.19 की जांच हो चुकी है और सभी लोग स्वस्थ है। जिलाधिकारी ने सभी अपना ध्यान रखने व किसी भी समस्या हो पर तत्काल सूचित करने को कहा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रूदौली भी उपस्थित रहे।

# व्यवस्थाएं ठीक करा लें नहीं तो होगी कार्रवाईः डीएम

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर



**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में स्थापित विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीनेशन रूम में उपस्थित नर्स से वैक्सीन के बारे में जानकारी ली। साथ ही वैक्सीन लगवाने के लिए उपस्थित व्यक्तियों को वैक्सीन के लाभ एवं महत्व को बताते हुए उनको जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित डॉक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि आज बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक कुल प्रथम डोज 82 तथा द्वितीय डोज 29 का वैक्सीनेशन कराया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर टीका लगवाने हेतु उपस्थित रामप्रसाद से वार्ता कर जानकारी ली। राम प्रसाद द्वारा बताया गया कि आज मुझे द्वितीय डोज का टीका लगाया गया । मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मुझे टीका लगने के बाद दवा भी उपलब्ध कराया गया।

कोविड-19 जांच के लिए एंटीजन टेस्ट, टेस्ट और गतिशीलता लाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने एक वर्ष से आरो में पानी न होने और परिसर में गंदगी पाए जाने पर चिकित्सा अधीक्षक को कड़ी फ्टकार लगाई। और साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया साथ ही यह भी निर्देश दिया कि इसकी पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ मारकंडे प्रसाद से पूछने पर उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि निगरानी समितियों को एक पल्स ऑक्सीमीटर तथा 12 थर्मल स्केनर उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी द्वारा ततज टीम के डॉक्टर शैलेंद्र से मोबाइल द्वारा वार्ता किया गया तो डॉक्टर ने अवगत कराया कि मुझे 12 ग्राम पंचायत मिला है जिसमें से आज केवल एक मरीज कोरोना पॉजिटिव मिला है। इसके उपरांत चिकित्सा अधीक्षक से एंबुलेंस के बारे में पूछा गया जो कोविड-19 हेतु लगाया गया है। एंबुलेंस में जाकर जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन और मरीजों को लगाने हेतु ऑक्सीजन मास्क के बारे में जानकारी लिया।

ऑपरेटर सुरेश द्वारा बताया गया कि बड़ा सिलेंडर खाली है केवल छोटा सिलेंडर भरा है तथा ऑक्सीजन मास्क एक ही था। जिस पर जिलाधिकारी चिकित्सा अधीक्षक को नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये सभी व्यवस्थाएं तत्काल ठीक करा लें अन्यथा किसी भी दशा में संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर न्यू लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, विनय मेडिकल स्टोर तथा न्यू मोती मेडिकल हॉल का लाइसेंस चेक किया गया। सभी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस ठीक पाया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार तथा थाना अध्यक्ष बसखारी मौके पर उपस्थित रहे।

# कोविड महामारी

## एकजुट संघर्ष आवश्यक

**हालांकि** कोविड महामारी के बारे में बहुत भ्रम फैला है, पर हमें इससे एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। हालिया स्मृति में कोई ऐसा अन्य मुद्दा नहीं है जिसका भारत के सार्वजनिक विमर्श पर कोविड महामारी जितना कब्जा रहा हो। मीडिया इससे भरा पड़ा है, सोशल मीडिया पट गया है, यह सभी चर्चाओं की दिशा तय करता है तथा सार्वजनिक विमर्श से लेकर सर्वाधिक निजी विमर्श तक छाया हुआ है। राजनीतिक पार्टियां भूल गई हैं कि पहले कब उन्होंने ऐसे मुद्दे पर चर्चा की होगी जिसका संबंध वायरस से न रहा हो। यह केन्द्र या राज्यों की सरकारों की क्षमता मापने का एकमात्र मानक बन गया है। विधायी या स्वशासी संस्थाओं का मतदान इससे प्रभावित रहा है। चिकित्सा शिक्षक, शोध केन्द्र तथा जर्नल इसका अत्यन्त सूक्ष्म विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन इस सारी चर्चा ने अब तक कोविड की दूसरी लहर का प्रभाव समाप्त करने या स्वास्थ्यरक्षा के प्रबंधन व निगरानी की कोई सुगठित या सुसंगत राष्ट्रीय योजना नहीं पेश की है। अभी ठीक-ठीक यही नहीं पता है कि महामारी के बारे में वास्तव में राष्ट्रीय विमर्श क्या है? यदि आप स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय की रूटीन, दैनिक तथा लगभग एकरूपी घोषणाओं को छोड़ दें तो विमर्श का अर्थ केवल कड़वाहट, शिकायतें, आरोप, गालियां, निन्दा, अपना वर्चस्व प्रदर्शन, राजनीतिक दीवालियापन, सब कुछ जानने की लफ्फाजी, आदि तक सीमित हो जाता है। अब केवल सोशल मीडिया या टेलीविजन चैनलों पर युद्ध जैसी बहस ही नहीं होती है, बल्कि संस्थान भी इस शोर-शराबे में शामिल हो गए हैं। न्यायपालिका भी सरकार को चुनौतियां देने लगी है, जबकि सरकार इसे गलत सक्रियता कहती है। सरकार, सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्ष केवल अपना क्षेत्र बचा



रहा है। इससे किसी भी चीज के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।

एक राज्य में पाजिटिविटी दर गिरी है, पर कोई नहीं जानता कि यह मामले घटने के कारण है या टेस्टिंग कम करने का नतीजा है। मृत्यु दर गिरी है, लेकिन कोई नहीं जानता कि चिकित्सा देखभाल में सुधार हो रहा है या आंकड़ों के साथ हेराफेरी हो रही है। 18-44 आयुवर्ग के लिए काफी वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन कोई नहीं जानता कि इसका कारण वैक्सीन की कमी या वैक्सीन को उच्च जोखिम वाली श्रेणियों को देना है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को वैक्सीन की बरबादी रोकने तथा उनसे टीकाकरण तेज करने का आह्वान किया है। सरकार या दवा उद्योग ने इस विचित्र स्थिति की व्याख्या की है जहां टीके की अनेक कीमतें हैं। इसका नतीजा भ्रम की स्थिति है। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका का फोकस आक्सीजन सप्लाई पर है जिसके कारण अब इसकी सप्लाई विभिन्न स्रोतों से हो रही है। भारतीय वायुसेना आगरा से जामनगर तथा ग्वालियर से रांची क्रायोजेनिक आक्सीजन कंटेनर ले जाती है। जापान 200 आक्सीजन कंसेंट्रेटर भारत भेज रहा है। अनेक अन्य देशों ने भी भारत को भूमि, समुद्र व वायुमार्ग से आक्सीजन कंटेनर भेजे हैं। दिल्ली पुलिस ने एक बिजनेसमैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसने अपने स्वामित्व वाले एक होटल में आक्सीजन कंसेंट्रेटरों की जमाखोरी की थी। यदि यह मान लिया जाए कि भारत में आक्सीजन उपलब्ध है तथा इसके घरेलू उत्पादन में सुधार हो रहा है तो मरीज फिर आक्सीजन की कमी से मर क्यों रहे हैं? इस बात के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि आखिर गंगा में बड़ी संख्या में उतराती लाशें कहां से आई हैं, उत्तर प्रदेश से या बिहार से। यदि प्रकृति अपने रास्ते पर चलती है तो निश्चित रूप से महामारी एक दिन कम हो जाएगी। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण विमर्श केवल इस बात पर हो सकता है कि वायरस के खिलाफ संघर्ष में सक्रिय व समन्वित रूप से बहुआयामी दृष्टिकोण कैसे अपनाया जाए।

# पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

भाजपा भले ही राज्य के हालिया चुनावों में अपना प्रभुत्व न स्थापित कर सकी हो, पर उसका प्रदर्शन कम से कम विश्वसनीय जरूर है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पश्चिम बंगाल में अत्यधिक कठिन चुनाव के परिणाम कमोबेश उम्मीद के अनुसार हैं। नि:संदेह दिल्ली के आशावादियों को निराशा मिली जिन्होंने भाजपा के बहुमत की उम्मीद की थी। लेकिन उनकी इच्छायें ज्यादातर सपनों की तरह थीं। मेरा मानना है कि बंगाल को समझना कठिन है। इस अखबार में पहले प्रकाशित एक लेख में मैंने संकेत दिया था कि बंगाल का विशिष्ट चरित्र है। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरत तथा किरन शंकर सरकार हिंदुओं के पक्ष में थे और लोकप्रिय किसान नेता सर अब्दुल रहीम और फज़लुर रहमान एक संयुक्त बंगाल के लिए बातचीत कर रहे थे। यह भारत और पाकिस्तान से अलग तीसरा स्वतंत्र देश हो सकता था। आश्चर्यजनक रूप से इन वार्ताओं की शुरुआत अगस्त, 1946 में कोलकाता के भयानक नरसंहार के कुछ ही महीनों के भीतर हुई थी। मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन डे के नाम पर हजारों लोगों को मार डाला गया था। इस कार्रवाई का निर्देश मुहम्मद अली जिन्ना ने ब्रिटिश सरकार को यह संदेश देने के लिए दिया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में एकसाथ नहीं रह सकते हैं और इसलिए स्वतंत्रता के पहले विभाजन जरूरी है। इसके परिणामस्वरूप जिन्ना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को 14 अगस्त को भारत की स्वतंत्रता के एक दिन पहले आजाद घोषित किया जाना चाहिए।

जिन्ना ने दो मुस्लिम नेताओं को प्रोत्साहित किया था कि वे किसी प्रकार एक अलग संयुक्त बंगाल बनाने का प्रयास करें। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी शरत बाबू का इस समझौते के लिए समर्थन किया था। इसका कारण सरल रूप से केवल यह था कि बहुसंख्य मुस्लिम जनसंख्या तथा उसी समुदाय का प्रधानमंत्री होने के कारण संयुक्त बंगाल द्वारा भारत की तुलना में पाकिस्तान को पसंद करने की संभावना अधिक थी। इसके पहले जिन्ना ने 1939 में असम के प्रीमियर मुहम्मद सादुल्ला व उनके साथियों से कहा था कि वे आदिवासियों की गणना हिंदुओं के बजाय पशुपूजकों के रूप में करें। इससे आदिवासी अल्पसंख्यक बन जाते और कम से मुसलमान थोड़े ही अंतर से बहुसंख्यक हो जाते। इस विचार का उद्देश्य असम को पाकिस्तान में शामिल करना था। गोपीनाथ बारडोलई ने समय रहते असम की रक्षा की। वे दिल्ली गए और कांग्रेस आलाकमान को हस्तक्षेप करने के लिए मना लिया।

संयोग से भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगीत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर रचित हैं। कवि नजरुल इस्लाम को व्यापक रूप से केवल टैगौर के बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। दमदम कहे जाने वाले कोलकाता हवाईअड्डे के परंपरागत राजमार्ग का नाम नजरुल इस्लाम एवेन्यू रखा गया। सबसे अच्छा रवीन्द्र संगीत इस समय ढाका की महिला रिजवाना चौधरी देती हैं। वे आमतौर से साड़ी पहनती हैं तथा माथे पर लाल टीका लगाती हैं। फरवरी, 1948 में पाकिस्तान के पश्चिमी भाग से बांग्लादेश की लड़ाई की शुरुआत जिन्ना द्वारा उर्दू को पाकिस्तान की एकमात्र राजभाषा घोषित करने के बाद हुई थी। अगले दिन ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने सड़कों पर उतर कर बांग्ला भाषा के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया था जो कई दिनों तक जारी रहा था।

इसके बाद से 1971 के अंत तक पूर्वी पाकिस्तान के लिए बहुत कष्टदायक समय रहा और अंततः वह बांग्लादेश बन गया। इसके बाद से उन्होंने जब भी पाकिस्तान के बारे में सोचा, वे केवल बांग्लादेशियों के बजाय बंगालियों की तरह सोचते थे। उनकी रेडियो वार्ता आकाश पाताल के बारे में होती थीं। अधिकांशतः अपने हिंदू समकक्षों से ईर्ष्या का अनुभव करने के कारण वे इसे आसमान जमीन कहने लगे। वे पहले बंगाली है, दूसरे स्थान पर बांग्लादेशी हैं और तीसरे स्थान पर मुसलमान हैं। पश्चिम बंगाल के बहुसंख्य लोग भी कमोबेश प्राथमिकता का यही क्रम रखते हैं। इसलिए भाजपा को हालिया चुनाव में स्वयं को मिली 77 सीटों को किसी प्रकार पराजय मानने के बजाय महान सफलता समझना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा मुश्किल से ही बड़ी बैठकों को संबोधित करने के लिए एक बांग्लाभाषी लोकप्रिय व्यक्ति तैयार कर सकी। बंगाली के लिए इसका अर्थ बहुत बड़ा है। जब मैं उसकी भाषा के कुछ वाक्य बोलता हूं तो स्रोता प्रसन्नता से आश्चर्यचकित हो कर कहता है, 'आपकी बंगाली कितनी अच्छी है।' इसका कारण भाषा पर बहुत अच्छी पकड़ के बजाय कोलकाता में पला-बढ़ा होना है। मैं जानता हूं कि बंगाली पहले एक धुन है और बाद में भाषा। तीसरी पीढ़ी के अनेक लोग इसे नहीं समझते हैं और बंगाली स्रोता बिना किसी लोच वाली ऐसी भाषा नहीं पसंद करता है। गुजरात में बसने वाला यदि कोई व्यक्ति गुजराती बोलता है तो अक्सर प्रतिक्रिया यह होती है कि उसने भाषा सीखने पर अपनी इतनी ऊर्जा क्यों नष्ट की? 'हम हिंदी समझते हैं'। यह बंगाल में अपनी भाषा के प्रति असाधारण प्रेम का एक उदाहरण है।

> कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था। हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

इसके साथ ही यदि मुझे ठीक से याद है तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में निधन के बाद हुए दो आम चुनावों में हिंदू महासभा के चार उम्मीदवार बांकुड़ा से विधायक बने थे। इसके बाद हर हिंदू पार्टी को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला। हरिपद भारती एक सम्मानित व्यक्ति थे, पर वे सालों तक जनसंघ के नेता होने के बावजूद विधायक नहीं बन सके। पश्चिम बंगाल का लगभग एक तिहाई हिस्सा पूर्वी पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों का वारिस है।

लेकिन 2011 तक वे वाममोर्चा के समर्थक थे। यह भले ही आश्चर्यजनक हो, पर सत्य है। कम्युनिस्टों ने खुलेआम विभाजन का समर्थन किया था, पर इसकी चिन्ता अपने परिवारों के साथ शरणार्थियों के रूप में आए इन लोगों को नहीं थी। इन कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। टीएमसी का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था।

हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

# कोरोना के दौर में विश्व व्यवस्था प्रबंधन

> भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों के बीच समसामयिक मुद्दों को संबोधित करना है।

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक एक प्रोफेसर व सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



कोरोनावायरस महामारी के बीच, भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल ही में आभासी शिखर सम्मेलन ने व्यापार, आर्थिक साझेदारी और निवेश संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर बातचीत के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया है, जो सदस्य देशों के बीच समानता ला रहा है। एशिया, प्रशांत और अफ्रीकी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग स्थापित करने के लिए भी सूक्ष्म प्रयास हैं। यह निश्चित रूप से दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय अंतर्दृष्टि और समझ को प्रदर्शित करता है। यह उन नेताओं की ओर भी इशारा करता है जिन्हें वर्तमान कोविड -19 महामारी द्वारा आवश्यक विश्व व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लीन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने व्यापार और वैश्विक सुरक्षा के लिए बातचीत के चैनल बनाने और विश्व राजनीति के समावेशी लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक नए मार्ग के लिए दूरदर्शिता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन टकराव के बजाय सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को संभालने वाले विश्व समुदाय के लिए एक प्रोटोटाइप का निर्माण करता है। महामारी ने सदस्य देशों को एक दूसरे पर भरोसा करने और अपने मतभेदों को दफनाने की आवश्यकता को मजबूत किया है। प्रमुख मुद्दा अधिकतम जीवन को बचाने में मदद करने के लिए महामारी से निपटने के लिए, संभवतः आराम से संबंधित ट्रेड-रिलेटेड ट्रेड-रिलेटेड एस्पेक्ट्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टीज (ट्रिप्स) से निपटने के संदर्भ में अधिक से अधिक देशों को बातचीत की मेज पर लाना है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को सीमित करने और तकनीकी ऊर्जा के विकास में अक्षय ऊर्जा और विकास के लिए गेटवे खोलने और बिजली उत्पादन के स्रोतों को चैनलाइज करने और चीन के (बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव) द्वारा उत्पन्न किसी भी अचानक खतरे का सामना करने के लिए एक तंत्र बनाने के संबंध में बढ़ता समर्थन और समझौता। ) सभी सदस्य देशों की शांति और समृद्धि के लिए अच्छी तरह से वृद्धि। 2019 जापान ईयू सौदा इस दिशा में एक प्रयास था।



भारत और यूरोपीय संघ ने एक सकारात्मक संबंध साझा किया है, उनके व्यापार में पिछले पांच वर्षों के दौरान एक अच्छा मील का पत्थर पार हो गया है, जो उम्मीद से कहीं अधिक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं, वे भारत से सबसे बड़े आयातक हैं जबकि जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम माल के सबसे बड़े निर्यातक हैं।

शिखर सम्मेलन के हालिया प्रयासों से उनके संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास को स्थिर करने के लिए एक वास्तविक माहौल बनेगा (साथ ही माल और सेवाओं के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करना) रणनीतिक सुरक्षा, समृद्धि, स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाली अचानक चुनौतियों का मुकाबला करना। इसके अलावा, कोविड -19 के दूसरे उछाल के दौरान यूरोपीय संघ के नागरिक सुरक्षा प्रणाली से भारत की मदद करने से निकट एकीकरण के लिए रास्ते खुले हैं।

विदेशी संबंध कुशल राजनयिक प्रणाली की मदद से संचालित होते हैं और संकट के समय कूटनीति सही इशारों और सहयोग और समन्वय के बारे में है। बेल्जियम और स्पेन के प्रधानमंत्रियों और फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने महामारी से निपटने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए केवल और सहयोग किया। हालांकि, परमाणु ऊर्जा, सतत विकास और पर्यावरणीय मुद्दों के संबंध में एकमत की कमी नहीं है। आगे की वार्ता से गैर-राज्य अभिनेताओं द्वारा आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय अपराध, ड्रग डीलिंग, तस्करी और साइबर खतरे के खिलाफ एक कवच प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक तंत्र का निर्माण हो सकता है। यह समुद्री मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी तेज कर सकता है और हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा सकता है जो हाल ही में चिंता के क्षेत्र बन गए हैं।

ये बदलता समय है और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कई बदलाव हुए हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का परिणाम इस तथ्य का समर्थन करता है कि एक बहु-स्तरीय और बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से आपसी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक साझा रणनीतिक दृष्टि और एक संयुक्त दृष्टिकोण आने वाले दिनों में विश्व व्यवस्था पर हावी होने वाला है।

व्यवस्था को अस्थिर करने के किसी भी प्रयास के विरुद्ध गंभीर प्रतिक्रिया की संभावना का प्रबंल रखते हुए प्रतिकार की एक नई रणनीति तय करने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर अधिक परिपक्व निर्भरता हेतु नया परिप्रेक्ष्य विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### नदी में बहते शव

**देश** कोरोना जैसी विभत्स महामारी से जूझ रहा है। ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लोगों को जान गंवानी पड़ रही हैं , लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए घाटों पर लकड़ियां जुटाना मुश्किल हो रहा है शवों को गंगा में प्रवाहित किया जा रहा है यह सब घटनाएं बिहार और यूपी से निकल कर आ रही है। वहीं जिम्मेदार लोग अपनी कमियों को छुपाने के बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। जरा सोचिए उन लोगों के बारे में भी जिनकी मौत करोना जैसी भयावह बीमारी से हुई हो और उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए भटकना पड़े तब भी उनका अंतिम विधि विधान पूर्वक न हो सके। अंतिम संस्कार के लिए लकड़िया ना मिलती हो और उनको गंगा में प्रवाहित करने के लिए ऐसे ही छोड़ दिया दिया जाए जहां अन्य लोगों के लिए भी संक्रमण का खतरा बना हो और नदी में अनेक जलीय जीव जन्तुओं के लिए खतरा उत्पन्न हो। इस मामले में काफी गंभीरता से सोचना चाहिए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने की बजाय कोविड से मृत लोगों के अंतिम संस्कार के लिए उनको उचित संसाधनों का प्रयोग करने के लिए जिला स्तर पर आदेशित करें।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

### अंतरिक्ष में तूफान

**विदेशों** से प्राप्त जानकारी का अध्धयन खगोलशास्त्रियों ,वैज्ञानिको ,ज्योतिषों आदि द्धारा किया जाकर सूर्यग्रहण के संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त की जाकर सौर ज्वालाओं से बच जा सकता है। इसके कुछ वर्ष पूर्व सूर्य कि त्रियामी तस्वीर लेने गया खोजी अभियान नासा ने दो उपग्रह प्रक्षेपित किये गए थे। इस स्टीरियो अभियान का मकसद सूर्य कि त्रियामी तस्वीर के अलावा सूर्य से उत्पन्न होने वाली सोर उर्जा के बारे मे अध्ययन से शक्तिशाली सौर ज्वालाओं कि उत्पत्ति के बारे मे सही अनुमान लगाये जा सकना था, क्योंकि इसके कारण चुम्बकीय तूफान पैदा होते है ,जिससे धरती संचार प्रणाली के तहस-नहस होने कि आशंका हमेशा बनी रहती है। सूर्य पर तूफान कभी भी आ सकता है ,जिससे अन्तरिक्ष मे उपग्रह तथा अन्तरिक्ष यानों को भी क्षति पहुचने कि आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। खगोलशास्त्रियों ने दावा किया कि सूर्य अपनी सतह कि बजाए किनारों से ज्यादा गर्मी उत्सर्जित करता है और गर्मी नाभिकीय विखंडन के जरिये उत्पन्न होती है। इसी कारण सूर्य के धब्बों से अन्तरिक्ष मे तूफान आने कि संभावना बनी रहती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र


### कोरोना के बदलते प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** के बदले प्रतिरूप अधिक घातक हैं और वे संक्रमण तेजी से फैला रहे हैं, लेकिन कहीं ऐसा तो नहीं कि उनकी प्रकृति में बदलाव को अभी भी सही तरह समझा न जा सका हो और इसी कारण वे कहर ढाने में लगे हुए हैं। इसलिए लोगों को लगातार चेताने, समझाने और उन तक सही सूचनाएं पहुंचाने का काम भी किया जाना चाहिए। उनके बीच आवश्यक तालमेल होना चाहिए। महामारी में समय पर सही सूचनाएं और जरूरी जानकारी कई समस्याओं का समाधान करती है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी भी कुछ लोग कोरोना वायरस से उपजी कोविड महामारी की गंभीरता को समझने के लिए तैयार नहीं। इसी तरह कुछ ऐसे भी हैं, जो टीका लगवाने में हिचक रहे हैं। टीके को लेकर लोगों की हिचक तोड़ने का काम तब प्रभावी ढंग से हो गा, जब उनकी उपलब्धता भी बढ़ाई जाए। भले ही 18 से 44 साल के लोगों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया हो, लेकिन देश के अनेक हिस्सों में अभी यह अभियान जमीन पर नहीं उतर सका है।

– **डॉ हेमंत कुमार**, गोराडीह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



**हमारे** पास किसी भी केंद्र में कोवैक्सीन नहीं बची है। जब तक वैक्सीन की आपूर्ति नहीं होगी किसी भी टीकाकरण केंद्र में कोवैक्सीन नहीं लगाई जाएगी।

– **आतिषी**
आम आदमी पार्टी की विधायक

**मैं** पाकिस्तान का वज़ीरे आज़म हूं और हम गाज़ा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हम फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं।

– **इमरान खान**
प्रधानमंत्री, पाकिस्तान





**कोवैक्सीन** विनिर्माता ने कहा है कि वे अनुपलब्धता के कारण दिल्ली को वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। वैक्सीन की आपूर्ति केंद्र के नियंत्रण में है।

– **मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री, दिल्ली

# अब तीसरी लहर से बचाव की तैयारी

- डॉ. नीलकंठ तिवारी ने आयुक्त सभागार में तैयारियों पर की चर्चा
- राज्यमंत्री ने विधायकों व अधिकारियों संग की बैठकगहन मंथन



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना** की दूसरी लहर में कहर झेलने वाला बनारस स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की और अग्रसर है। गुरूवार को कमिश्नरी सभागार में प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मार्थ राज्यमंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में तीसरी लहर से बचाव के बारे में इस सेंटर के माध्यम से तैयारी शुरू कर दी हैं, इसका लाभ पूर्वांचल को मिलेगा। बैठक में कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि अब बनारस में आक्सीजन व बेड की महामारी खत्म हो गई । रिस्पांस सेंटर पर जितने कल आए सबको नोट किया गया और उसका समाधान तलाशा गया।

इन सबके बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की ओर से निर्मित 750 बेड के अस्थायी अस्पताल ने बनारस को संजीवनी दी है। उन्होंने यह गिनाया कि बनारस ने प्रदेश में कुछ काम सबसे पहले किया। इसके तहत व्यापारियों की ओर से स्वघोषित कर्फ्यू, दूसरे प्रांत से तत्काल आक्सीजन प्लांट मंगवाना, 600 खाली सिलेंडर की व्यवस्था करना और पंचायतों में कोरोना प्रभावित मरीजों की पहचान उल्लेखनीय है। बनारस के गांव में पूरा प्रशासनिक तंत्र तीन मई से ही लगा है और अब तक करीब 78 हजार दवा किट आरम्भिक लक्षण वाले लोगों में बांटी जा चुकी है। बनारस के साथ ही मंडल के अन्य जिलों में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य संरचना सुदृढ़ होगीं।बैठक में राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ0 अवधेश सिंह, एमएलसी लक्ष्मण आचार्य, एमएलसी अशोक धवन, एमएलसी ए0के0 शर्मा, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, डीएम कौशलराज शर्मा कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों के वार्ड में घर वालों का रहना जरूरी

**वाराणसी।** कोरोना की तीसरी लहर को लेकर प्रदेश सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। हर जिले में 100 बेड का एनआईसीयू बनाने का आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है। कमिश्नरी सभागार में को राज्यमंत्री तिवारी ने बैठक में बताया कि कई डाक्टरों ने अस्पताल में बच्चो के इलाज कों लेकर चिंता जाहिर की है। उनका कहना था कि बच्चों का वार्ड में अकेले रहना ठीक नहीं लग रहा है। इसलिए अधिक मात्रा में पीपीई किट का इंतजाम करना होगा। टाइम स्लाट के अनुसार परिवार के सदस्यों को उनकी तीमारदारी करनी होगी। बच्चों के लिए जिला अस्पताल व मेंडिकल कालेज को चिन्हिंत किया जाना चाहिए। नवजात व उससे बड़े बच्चों के लिए संसाधनों की व्यवस्था करनी होगी।

## किशोर ने गंगा में लगाई छलांग, मौत

**चहनियां चन्दौली ।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ पुल से छात्र सुयस मिश्रा ने चलती बाइक से कूदकर गंगा में जान दे दी । वह अपने माता पिता के साथ वाराणसी इलाज के लिए जा रहा था । माता पिता के सामने घटना से परिजनों में हाहाकार मच गया । पुलिस मौके पर पहुचकर गोताखोरों के माध्यम से तलाश में जुट गयी । करीब करीब पांच घण्टे बाद गोताखोर शव को गंगा से बाहर निकाले सराय गांव के रहने वाले अशोक मिश्रा चुनार में सीमेंट फैक्ट्री में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है वे छुट्टी लेकर गुरुवार को अपने पत्नी ममता के साथ पुत्र सुयस को लेकर बाइक से वाराणसी पुत्र के इलाज के लिए जा रहे थे । गंगा पुल पर पहुचते ही सुयस बाइक से कूद गया । घटना की जानकारी होने पर बलुआ इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुचकर गोताखोरों के माध्यम से तलाश में जुट गये । करीब 5 घण्टे बाद किशोर का शव पुलिस नदी से बरामद कर सकी।

## कोरोना काल में टीबी मरीज सेहत का रखें खास ख्याल-डॉ. अग्रवाल

**सोनभद्र।** कोरोना के दौर में हालांकि सभी को सतर्कता बरतनी जरूरी है लेकिन टीबी के रोगियों को कुछ खास सावधानी बरतने की जरूरत होती है। विशेषकर उन मरीजों को जो पहले से ही फेफड़ों की समस्या से जूझ रहे हैं। टीबी ग्रसित में रोग प्रतिरोधक क्षमता वैसे भी कम हो जाती है। ऐसे में संक्रमण का खतरा सामान्य मरीजों की तुलना में अधिक होता है। जनपद में वर्तमान में 2864 टीबी रोगी उपचार पर हैं। ऐसे में सभी को खासतौर से उन मरीजों को जिनमें टीबी के लक्षण दिख रहे हैं वह सावधान रहें।

**कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले हो रहे कोरोना का शिकार:** जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ बीके अग्रवाल ने बताया कि कोरोना वायरस कमजोर प्रतिरोधक क्षमता वाले लोगों को अपना शिकार बना रहा है। इसलिए टीबी मरीजों में संक्रमण का खतरा अन्य मरीजों से कई गुना ज्यादा होता है। टीबी ग्रसित मरीज बहुत आवश्यक हो तभी घर से बाहर निकलें, मास्क और शारीरिक दूरी का पालन करें। टीबी के मरीज द्वारा एक बार खांसने पर लगभग 30 हजार टीबी बैक्टीरिया हवा में आ जाते हैं। ऐसे में यदि वह कोरोना पाजिटिव हो गया तो संक्रमण बड़े स्तर पर फैल सकता है। किसी भी संक्रमण को रोकने के लिए मास्क का उपयोग बहुत जरूरी होता है। उन्होंने बताया कि टीबी मरीज घर से बाहर न निकलें और जब निकलें तो हमेशा मास्क पहने रहें। अन्य जनपद अथवा अन्य किसी राज्य के टीबी मरीज जो कोरोना काल में सोनभद्र में किसी कारण से फंसे हुए हैं उन्हें दवा व इलाज की कोई कमी नहीं होने दी जाएगी।

**टीबी एवं कोरोना से बचाव करेगा मास्क:** खांसने और छींकने वालों के संपर्क में आने से टीबी के मरीजों से कोरोना के फैलने का खतरा है। इसलिए हम अगर मास्क का उपयोग करते हैं तो वह दोनों से हमारी रक्षा करता है।

## डीएम ने पौधे व गमले हरीझंडी दिखा किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ऑक्सीजन** हमारी जिंदगी में कितना आवश्यक है, करोना महामारी से इसकी उपयोगिता का ढंग से पता चलाए अत: रोटरी क्लब वाराणसी गंगाए बहू बेटी कुटुंबए मारवाड़ी युवा मंच अन्नपूर्णा शाखा ने ऑक्सीजन वाले पौधे प्लास्टिक के गमले के साथ जिनका रख रखाव घर में ही किया जा सकता हैए और घर में बहुत तेजी से यह फैलते हैंए हमें ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैंए ऐसे '500 पौधों' को गमला सहित जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की अनुपस्थिति में श्रीमती अमृता सिंहए असिस्टेंट सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा कोविड.19 सेंटरए सिगरा में हरी झंडी दिखाकर वितरित कराया गया। पेड़ हमारी जिंदगी में क्या महत्व रखते हैं हम आज भली.भांति अच्छी तरह परिचित हो गए। कार्यक्रम के बारे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर 'रोटेरियन दीपक अग्रवालए पूर्व असिस्टेंट गवर्नर' ने बताया कि यह प्रोजेक्ट लगातार चलता रहेगाए अभी हम लोगों ने 500 पौधे वितरित कराए हैंए आगे 1000 पौधे गमले सहित और भी वितरित कराएंगेए जिससे पर्यावरण का भी लाभ होगा एवं ऑक्सीजन भी हमें पूरी तरह प्राप्त होगा।

## बिग बाजार ने की 'दो घंटे में होम डिलीवरी' की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर के बीच ग्राहकों को सुरक्षित शॉपिंग का अनुभव देने के लिए फ्यूचर ग्रुप की हाइपरमार्केट रिटेल चेन बिग बाजार ने ष्दो घंटे में होम डिलीवरीष् पहल की शुरुआत की है। वाराणसी में ग्राहक अब होम डिलीवरी के लिए ग्रॉसरीए कपड़ेए घर एवं रसोई के सामान की विस्तृत रेंज से सामान चुन सकेंगे। इनमें ताजे फल एवं सब्जियांए अंडेए ब्रेडए चावलए आटाए दालए नमकए चीनी आदि जैसे रोजाना के प्रयोग के सामान भी उपलब्ध होंगे। ग्राहक ताजा बेक किए हुए ब्रेडए कपकेपए कुल्चा और डेयरी उत्पाद भी मंगा सकेंगे।बिग बाजार के स्टोर नवजात एवं बच्चों के लिए भी फॉर्मूलाए फीडिंग बोतलए एक्टिविटी बुकए नोटबुक आदि की भी होम डिलीवरी कर रहे हैं। होम क्लीनिंग प्रोडक्टए रसोई के सामान के साथ.साथ कपड़े भी होम डिलीवरी किए जा रहे हैं।होम डिलीवरी के लिए वेबसाइट पर या बिग बाजार के एप पर ऑर्डर किया जा सकता है। मोबाइल एप को गूगल प्ले और एपस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह सर्विस सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध होगी। होम डिलीवरी के लिए कम से कम 500 रुपये का ऑर्डर करना होगा। 49 रुपये की डिलीवरी फीस के साथ ऑर्डर डिलीवर कर दिया जाएगा। 1000 रुपये से ज्यादा के ऑर्डर पर डिलीवरी चार्ज नहीं देना होगा।

### चौक प्रभारी ने फोर्स के साथ दालमंडी में किया फ्लैग मार्च

**वाराणसी।** कोरोना महामारी एवं मुस्लिम भाईयों की ईद को मद्देनजर गुरूवार को चौक थाना प्रभारी डॉ0 आशुतोष कुमारर तिवारी ने भारी फोर्स के साथ चौक, हड़हा सराय, गोविन्दपुरा, दालमंडी, नईसड़क, छोटी पियरी सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया एवं मुस्लिम बंधुओं से कोरोना महामारी को लेकर कोविड का पालन करना, दो गज की दूरी, मास्क पहनना है जरूरी, साथ ही सैनिटाइजर रखना है जरूरी। दालमंडी में जरूरी वस्तुओं को खरीदने के लिए कोविड का पालन करना होगा। शुक्रवार को ईद का पर्व पड़ने के कारण मुस्लिम भाईयों ने चोरी छिपे बाजार में खरीददारी कर रहे हैं जिससे ईद का पर्व अपने परिवार में मना सकें।

## गंगा किनारे आधा दर्जन शव मिलने से दहशत

**धानापुर चन्दौली।** कोरोना संक्रमण से हो रही मौतों के साथ गंगा में मिल रही लाशों से जहां लोगों में दहशत व्याप्त है वहीं गुरुवार को धानापुर थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव के पास गंगा के किनारे आठ शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। तटवर्ती गांवों के पास शवो से निकल रहे दुर्गंध से लोगों को परेशानी बढ़ रही है। गंगा किनारे बढ़ रही लाशों को देखकर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दी । जिसपर तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया और तत्काल कानूनगो रामबिलास और उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव को गंगा किनारे भेजा और देखते ही देखते तहसील के पूरा सरकारी अमला बड़ौरा में उपस्थित हो गया। नाव द्वारा गंगा के किनारे शवों के स्थिति को देख गया जिसमें पता चला कि कुल आठ शव किनारे लगे है ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने तत्काल शवों को जेसीबी द्वारा गड्ढा खोदकर निस्तारित करने का आदेश दिया। इस दौरान बड़ौरा में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट राम्या आरए तहसीलदार वंदना मिश्राए खंड विकास अधिकारी गुलाब चंद्रए प्रभारी निरीक्षक विनोद मिश्राए नायाब तहसीलदार विपिन सिंहए एडीओ पंचायत रमेश चंद्र सिंहए कानूनगोए लेखपाल सहित ब्लाक एवं तहसील के अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

### सभी ग्राम पंचायतें होंगी सेनिटाइजः भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए हर गांव को सैनिटाइज करने का निर्देश शासन द्वारा दिया गया है। उक्त के क्रम में पंचायत राज विभाग द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों को सैनिटाइज करने का अभियान शुरू किया गया है। आज ग्राम पंचायत कोंन में सदर विधायक भूपेश चौबे ने खुद सेनीटाइज कर लोगों को यह संदेश दिया कि सरकार सभी ग्राम पंचायतों को सेनीटाइज करने के लिए संकल्प बद्ध है तथा प्रत्येक दशा में ग्रामीण क्षेत्रो मे संक्रमण को रोकने के लिए सभी ग्राम पंचायतों को सेनीटाइज किया जाएगा। सदर विधायक भूपेश चौबे ने सभी से अपील भी किया कि लोग वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं तथा मास्क पहने एवं 2 गज की दूरी का पालन करें। सदर विधायक भूपेश चौबे ने जिला पंचायत अधिकारी विशाल सिंह को निर्देशित किया की रोस्टर के अनुसार सभी गांव में सैनिटाइज कराएं। मौके पर ग्राम प्रधान, कोन मंडल के कार्यकर्ता सचिव वीरेंद्र सहायक विकास अधिकारी पंचायत दुद्धी प्रशासक कोन रविदत्त मिश्रा उपस्थित रहे।

## मानदेय कटौती पर स्वास्थ्य कर्मियों ने किया हंगामा

संवाददाता। सकलडीहा चन्दौली

**कोरोना** महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा के दौरान आधा दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मी कोरोना पॉजटिव होगये थे। रिपोर्ट के बाद 14 दिनों का अवकाश लेकर होम क्वारंटीन रहे। पुनरू काम पर लौटेने पर 14 से 15 हजार रूपया प्रति स्वास्थ्य कर्मियों का मानदेय सेलरी से काट दिया गया। जिसे लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने सांकेतिक रूप से कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास द्वारा मानेदय कटौती समाप्त कराने का आश्वासन देकर टीकाकरण कार्य शुरू कराया। इस दौरान एक घंटे तक टीका लगवाने और जांच कराने वाले परेशान रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ;सीएचओद्धए एलटीए बीसीपीएमए कम्प्यूटर आपरेटरए एएनएम सहित आधा दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मी कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान कोरोना पॉजीटिव होगये थे। सीएचसी अधीक्षक को लिखित सूचना देकर होम क्वारंटीन रहे। पुनरू ड्यूटी पर आने पर स्वास्थ्य कर्मियों का 14 से 15 हजार रूपया मानदेय की कटौती सेलरी से कर दिये जाने पर गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने आरोप लगाया कि जान जोखिम में डालकर 24 घंटा में 14 घंटा ड्यूटी करते हुए लोगो की सेवा कर रहे है। इसके बाद भी एंटीजेन रिपोर्ट को मानने को तैयार नही है। जबकि एनटीपीसीआर रिपोर्ट आने में तीन से चार दिन लग जा रहा है। आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने कार्य बहिष्कार कर मानदेय कटौती वापस करने की मांग किया। सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास ने मानदेय कटौती न होने का आश्वासन देते हुए टीकाकरण शुरू कराया। इस मौके पर विरोध जताने वालों में धीरजा सिंहए शिवेन्द्र सिंहए शाहिद आलम अंसारीए संतोष रायए मनोज सिंहए वरूण सिंहए लालताए आराधना मौर्यए अंजली चौबेए रागिनी यादवए सोनमए उपेन्द्र सिंहए चन्द्रदीप कुशवाहाए प्रदीपए संध्या पटेलए प्रियंकाए रूचि सिंहए मीनाए सरोजए अलकाए नेहा शर्माए विकास सिंह आदि मौजूद रहे।

## हाइटेंशन करंट से दो मजूदर झुलसे

**सकलडीहा चन्दौली।** सिरोहुपुर गांव में छत का सिलाफ ढ़ालने के लिये छड़ बांधते समय हाईटेंशन करेंट की चपेट में आने से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। भवन स्वामी आनन फानन में मजदूरों को सीएचसी पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। जहां दोनों की हालत गंभीर बताया जा रहा है।सिरोहुपुर गांव में एक भवन स्वामी छत की सिलाप ढ़लवाने के लिये मजदूरों से छढ़ बंधवा रहा था। अचानक छड़ हाईटेंशन तार की जद में आने से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। झुलसे हुए मजदूर 25 राजू शर्मा पुत्र गुड्डु शर्मा और 30 वर्षीय मुख्तार पुत्र अकलाम मॉटीगांव निवासी बताये गये है। भवन स्वामी ने मजदूरों को अपने साधन से फौरान सीएचसी में भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। इस बाबत प्रभारी सीएचसी अधीक्षक डाण् कुमार विमल ने बताया कि दोनों की हालत गंभीर होने पर रेफर कर दिया गया है।

## जहरीली शराब पीने से युवक की मौत

**घाटमपुर।** बहन के यहाँ शादी में गये युवक की जहरीली शराब पीने से युवक की मौत हो गयी। थाना सजेती के गांव मकरंन्दपुर निवासी रामसजीवन का पुत्र राजेन्द्र उर्फ छुटकऊ ( 35 ) पुत्र रामसजीवन निषाद की बहन फतेहपुर जनपद के गांव धरौहरा थाना जाफर गंज में रहती है, बताते हैं राजेन्द्र वहीं एक शादी में शामिल होने गया था, परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजेन्द्र वहीं पर 4 बरातियों के साथ बुद्यवार रात शराब पी थी, रात में हालत बिगड़ने पर कुछ लोग उसे गांव छोड़ गये थे। परिजन आज सबेरे उसे गंम्भीर हालत इलाज के लिये घाटमपुर सीएचसी ले गये जहाँ डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सजेती थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है।

## कोरोना कर्फ्यू के नियमों का मखौल उड़ा रहे हैं काशीवासी

### दशाश्वमेध और अहिल्याबाई घाट व दरभंगा पर रोज सुबह पहुँच जा रहे हैं गंगा स्नान-ध्यान

**वाराणसी।** शासन द्वारा 17 मई सुबह 7 बजे तक कोरोना कफ्यूए आंशिक लॉकडाउन, लगाया गया है। ऐसे में जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा ने ज़िलें में सख्त नियम लागू किये हैं, बावजूद इसके बनारस के लोग लापरवाही दिखाते हुए कोरोना कर्फ्यू के नियमों का मखौल उड़ा रहे हैं। शहर के प्रमुख गंगा तटों पर भी स्नान ण्ध्यान के लिए बनारस और बाहर से आने वाले श्रद्धालु उमड़ रहे हैए जबकि कोरोना कर्फ्यू में सिर्फ मणिकर्णिका महाश्मशान और हरिश्चंद्र श्मशान घाट पर आवजाही की अनुमति है। मणिकर्णिका महाश्मशान और हरिश्चंद्र घाट के अलावा सभी उन घाटों पर जहां मां गंगा की आरती होती है वहां जिला प्रशासन ने समयनुसार अनुमति दी है। उसके बावजूद लोग लाकडाउन का उल्लंघन कर घाट पर पहुँच रहे हैं। तस्वीरें दशाश्वमेध थाना अंतर्गत शीतला घाटए अहिल्याबाई घाट और दरभंगा घाट की सुबह 7 बजे की है जहाँ लोग बेधड़क स्नान और ध्यान करने के साथ ही साथ टहलने में मशगूल हैं।

## वाराणसी में डायल-112 हुई और मजबूत

**वाराणसी।** कमिश्नरेट वाराणसी में थानों पर आमजनमानस द्वारा की गई शिकायतों के त्वरित निस्तारण कराए जाने के लिए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी ए सतीश गणेश द्वारा गुरुवार को डायल.112 की नई आई गाड़ियों का रिजर्व पुलिस लाइन वाराणसी में फ्लैग ऑफकिया गया। कमिश्नरेट वाराणसी में डायल.112 की 23 चार पहिया और 30 दो पहिया वाहन पूर्व से संचालित हो रही थी। पीआरवी का रिस्पांस टाईम और अच्छा किये जाने के लिए 7 नई चार पहिया व 5 नई दो पहिया वाहन की बढ़ोत्तरी की गई हैए जिससे अब 30 चार पहिया और 35 दो पहिया वाहन हो गए हैं। इनके माध्यम से तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर शिकायत का निस्तारण किया जा सकेगा। नई आयी हुई गाड़ियों को लंकाए कैंट सारनाथ जैतपुरा शिवपुर भेलूपुर मंडुआडीह को एक-एक चार पहिया वाहन आवंटित किया गया है। इसी क्रम में कोतवाली चौक दशाश्वमेध लालपुर पांडेयपुर जैतपुरा को एक-एक दो पहिया वाहन मिला। आवंटित किया गया है।

### अब कोरोना संक्रमितों के घर पहुंचेगी दवा की किट

**सकलडीहा** चन्दौली। कोरोना महामारी से संक्रमित लोगों को घर घर निरूशुल्क औषधि किट प्रदेश सरकार ने पहुंचाने का पहल शुरू किया है। जिलाधिकारी संजीव सिंह की निर्देश के क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पीपी मीणा ने तहसीलदार वंदना मिश्रा के नेतृत्व में औषधि कीट तीनों ब्लॉक का वितरण शुरू करा दी है।

## मेंथा आयल व्यापारी का शव उसके नए मकान में पड़ा मिला

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**नगर** के माढ़ापुर मार्ग पर बुधवार को देर शाम एक मेंथा आयल कारोबारी का शव उसके नवनिर्मित मकान के बेसमेंट में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। मृतक के भाई ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध उसके भाई की हत्या कर गोलक से पैसा और सोने के जेवर लूट लेने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की तह तक पहुंचने में जुटी हुई है।नगर के मोहल्ला हटिया निवासी अनीश गुप्ता पुत्र राधा कृष्ण गुप्ता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार उसका भाई सतीश गुप्ता 45 वर्ष ने नगर के माढ़ापुर मार्ग पर नया मकान बनवाया था और इसी मकान में वह मेंथा आयल और गले का व्यापार करता था। सतीश गुप्ता प्रतिदिन शाम 6 बजे तक नया मकान बंद कर मोहल्ला हटिया स्थित अपने पुराने घर वापस आ जाता था। लेकिन बुधवार की शाम करीब 7रू30 बजे तक जब उसका भाई सतीश गुप्ता वापस अपने पुराने मकान स्थित हटिया नहीं आयाए तो वह भाई सतीश गुप्ता के पुत्र मोहित के साथ उसे खोजते हुए माढ़ापुर रोड के नए मकान पर पहुंचा। जहां सतीश गुप्ता लहूलुहान हालत में मकान के बेसमेंट में पड़ा मिला। उसके सिर में गंभीर चोटों के निशान थे। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजन आनन फानन उसे यहां के सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन पुन: मृतक सतीश गुप्ता के नए मकान पहुंचे। जहां दुकान खुली मिली और दुकान के अंदर गोलक भी टूटी पाई। अनिल गुप्ता के अनुसार उसका भाई हमेशा गले में सोने की मोटी चेन तथा उंगलियों में सोने की अंगूठी पहने रहता था। लेकिन भाई के शरीर से यह सभी जेवर गायब मिले। अनिल गुप्ता ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध भाई की हत्या कर गोलक से करीब 2 लाख रुपए और भाई के शरीर से सोने की चेन तथा अंगूठी लूट लेने का आरोप लगाया है।

## कोरोना संक्रमण से पांच की मौत

### फर्रुखाबाद में कुल संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 9148 हो गया, इनमें 7886 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले** में 104 और संक्रमित मिले हैं। बुधवार को सामने आई जांच रिपोर्ट में इनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। कई बुजुर्ग भी कोरोना की चपेट में आए हैं। वहीं इलाज के दौरान पांच की मौत हो गई। जिले में कुल संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 9148 हो गया है। इनमें 7886 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं।जिले में कोरोना संक्रमण का कहर लगातार जारी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक लोग संक्रमित होने के साथ काल के गाल में भी समा रहे हैं। बुधवार को मिली जांच रिपोर्ट में 21 वृद्ध कोरोना की चपेट में आए हैं। शहर के मोहल्ला गांधी नगर में छह वृद्धों सहित आठए वनखड़िया में पांचए कसरट्टा में तीनए धर्मकांटा में पांचए आफीसर्स कालोनी निवासी युवतीए बाईपास के चार लोगों सहित शहरी क्षेत्र के 70 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा कायमगंज क्षेत्र के 17, कमालगंज के पांच, मोहम्मदाबाद के चार, नवाबगंज के तीनए राजेपुर के तीन व शमसाबाद क्षेत्र के दो लोग कोरोना पॉजिटिव निकले हैं। फतेहगढ़ के मोहल्ला नगला दीना निवासी वृद्ध ;75वर्ष मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव पट्टी खुर्द जैतपुर निवासी वृद्ध ;77 वर्ष की सैफई स्थित अस्पताल व शहर की आवास विकास कालोनी निवासी महिला ;48 वर्षकी कन्नौज मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा कायमगंज सीएचसी स्थित एल.2 अस्पताल में कोरोना संक्रमित दो लोगों ने दम तोड़ दिया। हालांकि इनकी पोर्टल पर एंट्री नहीं की गई है। जिले में अब तक 9148 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें 7886 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं, जबकि 134 लोग जान गवां चुके हैं। जिले में अभी 1129 केस एक्टिव हैं। ट

### फर्रुखाबाद में कोरोना के नए 236 संक्रमित आए सामने

**फर्रुखाबाद।** जनपद में जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफा होता जा रहा है। गुरुवार को आयी कोरोना रिपोर्ट में 236 नये पॉजिटिव मरीज मिले। गुरुवार को आयी कोरोना रिपोर्ट में कुल 236 संक्रमित निकले। जिसमे सर्वाधिक संक्रमित विकास खंड बढ़पुर क्षेत्र में निकले। रिपोर्ट के आधार पर विकास खंड बढ़पुर में 106 संक्रमित निकले। विकास खंड कायमगंज में कुल 25, विकास खंड कमालगंज क्षेत्र में कुल 24, नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र में कुल 7, विकास खंड राजेपुर क्षेत्र में कुल 17 , विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र में कुल 17 केस, विकास खंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र में कुल 19 कोरोना पॉजिटिव मिले। इसके साथ ही अन्य को भी मिलाकर कुल 236 लोग कोरोना संक्रमित निकले। मौत का आंकड़ा जादा होनें के बाद भी जिला प्रशासन केबल 134 ही दिखा रहा है। अब तक 9390 लोग संक्रमित हो चुके है।

## बक्सर घाट पर शव क्षतविक्षत पड़े होने से हड़कंप

- बक्सर घाट पर शवों का जमावड़ा, अवशेषों को नोच कर ले जा रहे जंगली जीव व कुत्ते, प्रशासन ने शव दफनाने पर लगाई रोक, अब राजस्व कर्मी व पुलिस करेगी घाट की निगरानी

संवाददाता। पाटन

**कोरोना** की दूसरी लहर से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। संक्रमितों के इलाज के लिए मेडिकल सुविधाएं नाकाफी साबित हो रही है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए कतारें लग रही हैं। तो वहीं शवों को दफ्नाने के लिए जगह कम पड़ रही है। अन्य बीमारियों के अलावा कोरोना महामारी से मरने वालों की संख्या अचानक बढ़ने से अंत्येष्टि स्थलों पर शवों का जमावड़ा लगा हुआ है।

बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर घाट पर क्षत विक्षत शवों के पड़े होने की सूचना से प्रशासनिक महकमें में हडकंप मच गया। जिसके बाद प्रशानिक अफसर बुधवार की शायं से लेकर गुरूवार सुबह तक बक्सर घाट के चक्कर लगाते रहे। क्षत विक्षत अवस्था में पडे कुछ शवों के अवशेषों को अब रेती में दबवा दिया गया है। वहीं प्रशानिक अफसरों ने बक्सर घाट पर शव दफ्नाने पर भी कडी रोक लगा दी है।इस दौरान लंबे समय से खनन को लेकर चल रहे उन्नाव व फतेहपुर के सीमा विवाद के कारण बीघापुर के अलावा फतेहपुर की बिंदकी तहसील के अफसर भी मौजूद रहे। बीते कुछ दिनों में बक्सर घाट पर शवों का जमावड़ा इस कदर लगा कि शव जलाने वालों से ज्यादा संख्या शव दफ्नाने वालों की बढी। यही कारण रहा कि जिसको जहां जैसी भी जगह मिली शव को दबाकर चलता बना। प्रशासन भी क्षेत्रों के घाटों की व्यवस्था पर नजर तक न डाल सका। घाटों के कुत्ते शवों को खोदकर उनके अवशेष बस्ती के अंदर तक ले जाने लगे तो इस ओर आसपास के लोगों का ध्यान गया। उधरए गंगा का जलस्तर घटने से भी कुछ शव निकलकर बाहर आ गये। खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो प्रशासन हरकत में आया। और अधिकारियों ने बुधवार की शायं बक्सर घाट पर पहुंचकर तफ्तीश की।

घाट का निरीक्षण करने के बाद गंगा के बीच के टीले पर क्षत विक्षत अवस्था में शवों के अवशेषों को पडा देख प्रशासन भी दंग रह गया। गुरूवार की सुबह से ही एसडीएम दयाशंकर पाठकए सीओ कृपाशंकर कनौजिया बारासगवर पुलिस के साथ बक्सर घाट पर पहुंच गए थे।जिन्होंने घाट पर शवों को दफ्नाने पर रोक लगाते हुये क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस की ड्यूटी लगा दी है। एसडीएम ने बिना लकडी के किसी को भी घाट पर शव ले जाने से मना करने का आदेश दिया है।

## घाटमपुर व पतारा में मिले छह संक्रमित

**घाटमपुर।** गांवों में हो रही कोराना वायरस संदिग्दों की जॉच में बीते बुद्यवार की तरह आज भी कोरोना वायरस का कहर धीमा रहा। घाटमपुर व पतारा सीएचसी में हुई आरटीपीसीआर तथा एंटीजन जॉच में जहाँ घाटमपुर 5 तथा पतारा सीएचसी 1 ब्यक्ति जो कानपुर का है संक्रमित मिला, दोनो जगह एंटीजन व आरटीपीसीआर 400 की जॉच हुई घाटमपुर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि आज सीएचसी गेट व गांवों की टीमों द्वारा 270 की एटीजन व आरटीपीसीआर जॉच में 5 लोग संक्रमित पाये गये जिनका होम आइसोलेशन को कहा गया है। जबकि पतारा सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि 130 की जॉच में एक ब्यक्ति संक्रमित पाया गया है। उधर भीतरगांव सीएचसी में गठित टीमों ने गांव कुन्दौली, कुर्था, भेलसा और बारी गांव में 74 की आरटीपीसीआर से जॉच की गयी।

### डीएम ने की टीम-9 के कामों की समीक्षा की, दिये निर्देश

कानपुर देहात।जनपद को कोरोना के कहर से बचाने के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है, इसी के मद्देनजर कलेक्टेऊट सभागार में प्रतिदिन की भांति आज भी डाक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की एक संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गठित टीम-9 के कार्यो का मूल्यांकन किया गया, इस मूल्यांकन के दौरान यह पाया गया कि आज 28 नये पॉजिटिव केस आये और 1514 सैम्पल कुल लिए गये, एल-1 में कुल 4 नये मरीज भर्ती किये गये, जिसमें से दो आक्सीजन पर है, जबकि एल-2 में मरीजों की संख्या 18 है, जिसमें 6 आज मरीज भर्ती किये गये तथा 4 मरीज डिस्चार्ज किये गये, वैक्सीनेशन के लिए 22 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये है, जहां पर सभी डाक्टर उपलब्ध है, जिलाधिकारी ने उपस्थित डाक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि

# महामारी और हिंसा की दोहरी चुनौती का सामना कर रहा है बंगाल : धनखड़

**भाषा।** कूच बिहार (पश्चिम बंगाल)

**पश्चिम बंगाल** में अपनी मर्जी से वोट देने वाले लोगों को निशाना बनाकर हमला किए जाने का दावा करते हुए राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने बृहस्पतिवार को कहा कि ऐसे में जबकि देश कोविड संकट से जूझ रहा है, राज्य को महामारी और चुनाव बाद हिंसा की दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। राज्यपाल ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के बाद हमलों की घटना से वह स्तब्ध थे और उन्होंने हिंसा से प्रभावित विभिन्न जगहों का दौरा करने का निर्णय लोगों के हितों को ध्यान में रखते हुए किया।

कूच बिहार जिले में विभिन्न स्थानों का दौरा शुरू करते हुए राज्यपाल ने कहा, देश कोविड की चुनौती से जूझ रहा है तथा पश्चिम बंगाल को महामारी और चुनाव बाद हुई हिंसा की दोहरी चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। उनके अनुसार यह हिसा केवल इस आधार पर हो रही है क्योंकि कुछ लोगों ने अपनी मर्जी से वोट डालने का फैसला लिया। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी नीत सरकार सुनिश्चित करे कि कानून अपने हाथ में लेने वाले सभी लोगों को न्याय के शिकंजे में लाया जाए।

विपक्षी पार्टी भाजपा का आरोप है कि तृणमूल कांग्रेस उसके कार्यकर्ताओं और समर्थकों के खिलाफ हिंसा कर रही है। हालांकि सत्तारूढ़ दल ने इन आरोपों से साफ इंकार किया है। राज्यपाल ने कहा, इतिहास मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का इंसाफ करेगा। इतिहास राज्यपाल जगदीप धनखड़ तथा नौकरशाही और मीडिया का भी इंसाफ करेगा। चुनाव बाद हुई हिंसा के संबंध में सूचना पाने के तमाम प्रयास के बावूजद राज्य सरकार से कोई जानकारी नहीं मिलने का दावा करते हुए धनखड़ ने कहा कि राज्य सरकार संविधान के अनुच्छेद 167 के तहत उन्हें आवश्यक सूचना मुहैया कराए। उन्होंने कहा, मैं किसी भी परिस्थिति में बिना किसी रूकावट और विचलित हुए बिना अपने संवैधानिक कर्तव्य का निर्वहन करूंगा।

## राज्यपाल को सीतलकूची में काले झंडे दिखाए

**कूचबिहार (पश्चिम बंगाल)।** पश्चिम बंगाल के राज्यपाल जगदीप धनखड़ को बृहस्पतिवार को सीलतकूची में उस समय काले झंडे दिखाए गए जब वह चुनाव के बाद हुई हिंसा से प्रभावित लोगों से मिलने गए थे। पांच लोगों की मौत हो गई थी। धनखड़ के कूचबिहार दौरे की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने निंदा की थी। राज्यपाल को कुछ लोगों ने गोलोकगंज में उस समय काले झंडे दिखाए जब उनका काफिला मथभंगा से सीतलकूची जा रहा था। पुलिस ने सड़क के दोनों ओर मानवश्रृंखला बना रखी थी ताकि कोई प्रदर्शनकारी सड़क पर नहीं आ सके। विस चुनाव के चौथे चरण के दौरान 10 अप्रैल को केंद्रीय अर्धसैनिकों बलों की गोली से जोरपातकी में चार लोगों की मौत हुई थी, वहां पर भी राज्यपाल के दौरे की आलोचना करने वाले पोस्टर दिखाई दिए। सीतलकूची में पहली बार मतदान करने आए एक मतदाता की मौत मतदान केंद्र पर कतार में खड़े होने के वक्त हो गई थी। धनखड़ उत्तरी बंगाल के कूचबिहार जिले में मथभंगा और सीतलकूची गए और उन लोगों से मुलाकात की जिन्होंने दावा किया कि दो मई को चुनाव नतीजे आने के बाद सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के समर्थक गुंडों ने उन पर हमला किया था।



पश्चिम बंगाल के कूच बिहार में चुनाव बाद की हिंसा के पीड़ितों से मिलते राज्यपाल जगदीप धनखड़

# क्या इस संघीय ढांचे में कन्नड़ लोग अनाथ हो गए है : कुमारस्वामी

**बेंगलुरु।** जद (एस) नेता एच डी कुमारस्वामी ने ऑक्सीजन और कोविड-19 रोधी टीकों की आपूर्ति को लेकर बृहस्पतिवार को भाजपा के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार पर कर्नाटक के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैया अपनाने का आरोप लगाया और पूछा कि क्या कन्नड़ लोग इस संघीय ढांचे में अनाथ बन गए हैं। केंद्र को अपना अहंकार त्याग देना चाहिए। केंद्र को लगता है कि वही सबसे ताकतवर है, उसे यह मानना छोड़कर इसके बजाय कर्नाटक की वास्तविक जरूरतों को पूरा करने के लिए कदम उठाना चाहिए।

भाजपा नेता सी टी रवि एवं तेजस्वी सूर्या ने पलटवार करते हुए पूर्व मुख्यमंत्री को ट्वीट करने से पहले अपने तथ्यों को ठीक करने की सलाह दी। कुमारस्वामी ने ट्वीट किया, कर्नाटक के लिए 1,200 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति के अदालत के आदेश के बावजूद केंद्र राज्य को सिर्फ 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन दे रहा है। केंद्र ने उत्तर प्रदेश को 1,680 मीट्रिक टन ऑक्सीजन मुहैया कराकर अपना पक्षपातपूर्ण रवैया दिखाया है जहां कर्नाटक की तुलना में कोविड-19 के कम मामले आ रहे हैं। उन्होंने पूछा, क्या कर्नाटक के लोग इस संघीय ढांचे में अनाथ बन गए हैं? उन्होंने कहा कि कर्नाटक को लेकर केंद्र के पक्षपातपूर्ण रवैया का खुलासा सरकार के ही आंकड़ों से हुआ है। आखिर केंद्र कर्नाटक और कन्नड़ों का इतना तिरस्कार क्यों कर रहा है? क्या यह इस कारण है कि कर्नाटक से भाजपा के सबसे अधिक सांसद चुनकर आए हैं या एदियुरप्पा को खलनायक के तौर पर पेश करने का एक प्रयास है। जवाब देते हुए रवि और सूर्या दोनों ने कहा कि कर्नाटक को कुल 1,075 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की आपूर्ति हो रही है और जिस 120 मीट्रिक टन ऑक्सीजन की वह बात कर रहे हैं वह राज्य की आपात जरूरत को पूरा करने के लिए ऑक्सीजन एक्सप्रेस से भेजी गई थी।

## महाराष्ट्र : गढ़चिरौली में पुलिस के साथ मुठभेड़ में दो नक्सली मारे गए

**मुंबई।** महाराष्ट्र के गढ़चिरौली जिले में बृहस्पतिवार की सुबह सुरक्षा बलों के साथ मठभेड़ में दो नक्सलियों को मार गिराया गया। यह मुठभेड़ सुबह करीब छह बजे धानोरा तालुका के तहत मोरचुल गांव के जंगल में हुई जब गढ़चिरौली पुलिस की विशेष लड़ाकू इकाई सी-60 कमांडों की टीम और अन्य सुरक्षाकर्मी इलाके की गश्त कर रहे थे। गढ़चिरौली पुलिस अधीक्षक अंकित गोयल ने बताया कि पुलिस को विशिष्ट सूचना मिली थी कि 25 नक्सलियों का समूह मोरचुल में जंगल में एकत्र हुआ है। पुलिस की टीम को देखकर, नक्सलियों ने उनपर गोलियां चलानी शुरू कर दी जिसके बाद सुरक्षा कर्मियों ने भी जवाबी कार्वाई की। मुठभेड़ के बाद, विद्रोही घने जंगल में भाग गए। गोयल ने बताया कि बाद में इलाके की तलाश के दौरान पुलिस को दो नक्सलियों के शव मिले जिसमें एक महिला थी और अन्य नक्सल संबंधित सामग्रियां मिली। बताया कि दो विद्रोहियों की पहचान अभी बाकी है।

# राज्यपाल धनखड़ का हिंसाग्रस्त इलाकों का दौरा असंवैधानिक : तृणमूल कांग्रेस

**भाषा।** कोलकाता

**पश्चिम बंगाल** में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने आरोप लगाया कि राज्यपाल जगदीप धनखड़ ने राज्य सरकार के परामर्श को नजरअंदाज कर कूचबिहार जिले के हिंसाग्रस्त इलाकों का बृहस्पतिवार को दौरा किया जो संवैधानिक प्रावधानों का उल्लंघन है। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बुधवार को धनखड़ को पत्र लिखकर दावा किया था कि उनकी कूचबिहार दौरे से दशकों पुरानी परंपरा का उल्लंघन होगा और उनसे इस दौरे को रद्द करने की अपील की थी।

हालांकि, राज्यपाल ने जवाब में कहा था कि वह संविधान में प्रदान कर्तव्यों का निर्वहन कर रहे हैं और कूचबिहार का उनका दौरा चुनाव बाद हुई हिंसा के पीड़ितों का दुख-दर्द बांटने के लिए है। तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ सांसद और पार्टी प्रवक्ता सौगत रॉय ने कहा, उन्होंने (राज्यपाल) राज्य सरकार की नहीं सुनी और कूचबिहार चले गए। वह भाजपा नेता के साथ वहां गए। उनका आचरण असंवैधानिक है।

गौरतलब है कि कूचबिहार दौरे के दौरान धनखड़ के साथ भाजपा सांसद निसिथ प्रमाणिक भी थे। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, पहले हमने राष्ट्रपति को इस राज्यपाल को हटाने के लिए पत्र लिखा था। अगर मुखयमंत्री कहती हैं तो हम उनके खिलाफ दूसरा पत्र राष्ट्रपति को भेजेंगे। तृणमूल कांग्रेस ने पिछले साल दिसंबर में धनखड़ को राज्यपाल पद से हटाने के लिए राष्ट्रपति को पत्र लिखा था। पार्टी ने आरोप लगाया था कि राज्यपाल नियमित रूप से राज्य प्रशासन के खिलाफ सार्वजनिक टिप्पणी कर संवैधानिक सीमा का उल्लंघन कर रहे हैं।

तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और राज्य में मंत्री सोभनदेब चटोपाध्याय ने दावा किया कि धनखड़ का आचरण राज्यपाल के लायक नहीं है। उन्होंने पत्रकारों से कहा, राज्यपाल चुनाव बाद हिंसा की छिटपुट घटनाओं पर राजनीति कर रहे हैं जबकि राज्य सरकार ने सभी जरूरी कदम उठाए हैं। वह ऐसे समय राजनीति कर रहे हैं जब राज्य महामारी से लड़ने में व्यस्त है। हम उम्मीद करते हैं कि राज्यपाल और राज्य सरकार कोविड-19 से लडने के लिए मिलकर काम करेंगे।

तृणमूल कांग्रेस की लोकसभा सदस्य काकोली घोष दस्तीदार ने ट्वीट कर धनखड़ से विभाजनकारी दुष्प्रचार बंद करने का आह्वान किया और कहा कि यह समय इसके लिए नहीं है। हालांकि, उन्होंने राज्यपाल के कूचबिहार दौरे का जिक्र नहीं किया।

## क्विक न्यूज

### निर्वाचन आयोग ने आंध्र प्रदेश, तेलंगाना में नौ सीटों पर विधान परिषद का चुनाव टाला

**नई दिल्ली।** निर्वाचन आयोग ने कोरोना वायरस संक्रमण की दूसरी लहर के मद्देनजर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना मे विधान परिषद की नौ सीटों पर होने वाले चुनाव को बृहस्पतिवार को टाल दिया। आयोग द्वारा जारी बयान के अनुसार, आंध्र प्रदेश विधान परिषद के तीन सदस्यों और तेलंगाना विधान परिषद के छह सदस्यो का कार्यकाल क्रमशः 31 मई और तीन जून को समाप्त हो रहा है। इन सभी का निर्वाचन विधानसभा सदस्यो (विधायकों) द्वारा किया जाना है। आयोग ने कहा कि चुनावी नियमों के अनुसार, विधान परिषद सदस्यों का छह साल का कार्यकाल समाप्त होने से पहले ही चुनाव कराकर उनकी सीटें भरना आवश्यक होता है। आयोग ने आज (बृहस्पतिवार को) मामले की समीक्षा की और तय किया है कि देश में कोविड-19 की दूसरी लहर के मद्देनजर आंध्र प्रदेश और तेलंगाना विधान परिषद का द्विवार्षिक चुनाव कराना उस समय तक उचित नही होगा जब तक स्थिति सुधर ना जाए और चुनाव कराने योग्य ना हो जाए। निर्वाचन आयोग ने कहा कि वह सभी पहलुओ को ध्यान मे रखते हुए इस मुद्दे पर भविष्य में सही समय पर निर्णय लेगा।

### तमिलनाडु के संयंत्र में ब्वायलर फटने से चार की मौत

**कुडलूर।** तमिलनाडु के कुडलूर मे रसायन के एक संयंत्र मे बृहस्पतिवार को ब्वायलर फटने और उसके बाद अमोनिया गैस का रिसाव होने के कारण एक महिला समेत चार कर्मचारियो की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए। राज्य सरकार ने यह जानकारी दी। मुख्यमंत्री एमके स्टालिन ने मृतकों के परिजन को तीन-तीन लाख रूपए का मुआवजा तथा घायलों को एक-एक लाख रूपए का मुआवजा देने के आदेश दिए है। एक सरकारी विज्ञप्ति मे बताया गया कि ब्वायलर मे विस्फोट के बाद अमोनिया गैस का रिसाव हुआ जिसके चलते चार लोगो की मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि संयंत्र मे फसलों की सुरक्षा में इस्तेमाल होने वाले रसायनो का उत्पादन किया जाता है। आज सुबह जब घटना घटी तब सभी कर्मचारी काम कर रहे थे। उन्होंने बताया कि विस्फोट के बाद गैस रिसाव होने पर एक महिला और तीन पुरूषो की दम घुटने से मौत हो गई तथा दस लोग घायल हो गए। कुडलूर जिले के पुलिस अधीक्षक श्री अभिनव ने संवाददाताओं को बताया, उन लोगों की मौत दम घुटने के कारण हुई। वे झुलसे नही थे। उन्होंने बताया कि मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। श्रम मंत्री सीवी गणेशन ने कहा कि हादसे की जांच करवाई जाएगी। घायलों को कुडलूर के जिला अस्पताल मे भर्ती करवाया गया है।

### एमएनएम के दो और नेताओं ने इस्तीफा दिया

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कमल हासन नीत मक्कल निधी माईम (एमएनएम) के दो और नेताओं ने व्यक्तिगत कारण बताते हुए पार्टी से इस्तीफा दिया। इनमें वरिष्ठ नेता और पूर्व आईएएस अफसर संतोष बाबू शामिल है। पार्टी महासचिव (मुख्यालय) बाबू और राज्य सचिव पद्म प्रिया ने पार्टी के पदों और प्राथमिक सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। इससे कुछ दिन पहले ही पार्टी उपाध्यक्ष डॉ आर महेंद्र ने इस्तीफा दे दिया था और उन्होंने एमएनएम में लोकतंत्र के अभाव का आरोप लगाया था। बाबू ने ट्विटर पर कहा, भारी मन से मै आपको सूचित कर रहा हूं कि मै अपने पदों और मक्कल निधी माईम की सदस्यता से इस्तीफा दे रहा हूं। मेरा निर्णय व्यक्तिगत कारणों से है। मै प्यार और दोस्ती के लिए कमल सर और हमारी टीम का आभार जताता हूं। पूर्व नौकरशाह ने छह अप्रैल को हुआ विधानसभा चुनाव वेलचेरी सीट से लड़ा था किंतु उन्हें हार का सामना करना पड़ा था। मदुरावोयाल से चुनाव लड़ने वाली प्रिया ने भी एमएनएम से नाता तोड़ने की घोषणा की। उन्होंने ट्वीट किया, काफी सोच-विचार के बाद मैने एमएनएम के राज्य सचिव के अपने पद से और पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से व्यक्तिगत कारणो से इस्तीफा दे दिया है।

### फ्रांसीसी दूतावास ने बिना मंजूरी मॉडर्ना के टीके खरीदे: मलिक

**मुंबई।** महाराष्ट्र सरकार मे मंत्री नवाब मलिक ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि भारत स्थित फ्रांसीसी दूतावास ने मॉडर्ना के कोविड-19 रोधी टीके खरीदे और नवी मुंबई स्थित अपने नागरिको को लगाया जबकि देश मे केवल तीन टीको को ही मंजूरी दी गई है। राज्य के अल्पसंख्यक मामलो के मंत्री ने केंद्र से जानना चाहा कि बिना अनुमति टीके को कैसे यहां रह रहे फ्रांसीसी नागरिको एवं उनके परिजनों को लगाने की अनुमति दी गई। राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के राष्ट्रीय प्रवक्ता मलिक ने पूछा कि अगर फ्रांसीसी दूतावास खरीद सकता है तो केंद्र क्यो नही यह टीका भारत के लोगो के लिए खरीद सकता है। उन्होंने ट्वीट किया, कोविशील्ड, कोवैक्सिन और स्पुतनिक-ङ्क तीन टीके है जिनकी मंजूरी हमारी सरकार ने भारत में दी है। मुझे मिली सूचना के मुताबिक फ्रांसीसी दूतावास ने मॉडर्ना के टीके खरीदे और नवी मुंबई मे अपोलो अस्पताल की मदद से अपने नागरिको और उनके परिजनों को लगाए। उन्होने कहा, सवाल है कि कैसे बिना मंजूरी वाले टीके को लगाने की अनुमति दी गई? अगर वे हासिल कर सकते हैं तो क्यो नही भारत सरकार हमारे नागरिको के लिए प्राप्त कर सकती है। सरकार और स्वास्थ्यमंत्री डॉ. हर्षवर्धन को स्पष्ट करना चाहिए।



राजस्थान के सीकर में वैक्सीन लगवाने के लिए लाइन में खड़े हुए लोग।

# भाजपा का कांग्रेस सरकार पर कोरोना में कुप्रबंधन का आरोप

**जयपुर।** राजस्थान प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सतीश पूनियां ने बृहस्पतिवार को कांग्रेस सरकार पर कोरोना संक्रमण में कुप्रबंधन का आरोप लगाते हुए कहा कि यह सरकार अपनी कमियों, कमजोरियों, नाकाबिलियत को केन्द्र के माथे जड़कर पाक साफ होना चाहती है। पूनियां ने कहा, राजस्थान की कांग्रेस पार्टी की मौजूदा सरकार पिछले काफी अर्से से अपनी कमियों, कमजोरियों और नाकाबिलियत को केन्द्र के माथे मढ़कर पाक साफ होना चाहती है। उन्होंने ने यहां आनलाइन संवाददाता सम्मेलन में कहा, भारत सरकार राजस्थान में ऑक्सीजन, रेमडेसिविर इंजेक्शन से लेकर वेंटीलेटर तक तमाम सुविधाओं को विकसित करने के लिए तत्पर और तैयार है..तथा कर भी रही है।

बावजूद इसके कांग्रेस नेताओं के बड़बोलेपन के बयान लोगों का मनोबल कमजोर करते हैं। मैं मुख्यमंत्री से आग्रह करूंगा कि कोरोना की इस लडाई में वास्तव में सहकारी संघवाद की भावना का पालन करें और राजस्थान की जनता को भरोसा दिलाएं। वे कोरोना के प्रबंधन को बेहतर करके बताएं तो मुझे लगता है कि कोरोना की लडाई हम सब लोग मिलकर ठीक तरीके से लड़ पाएंगे।

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा कांग्रेस नेता सोनिया गांधी को लिखे पत्र का उल्लेख करते हुए कहा कि उस पत्र में उन्होंने अपनी पीड़ा जाहिर की है। इस बात का दुख भी व्यक्त किया है कि कोरोना जैसी महामारी में विपक्ष को एक सकारात्मक भूमिका निभानी चाहिए थी, लोगों के बीच में एक भरोसा और मनोबल पैदा करना चाहिए था। इसके बजाय उसने देश को कमजोर करने की, अराजकता फैलाने की कोशिश की है। प्रदेश भाजपा की ओर से चलाई जा रही हेल्पलाईन में हमारे कार्यकर्ताओं ने सरकारी और व्यक्तिगत तौर पर लोगों को ऑक्सीजन और रेमडेसिविर इंजेक्शन उपलब्ध कराने में मदद की है।

# साथियों के कंधों पर बंदूक रखकर चलाना बंद करें पंजाब के सीएमः सिद्धू

**चंडीगढ़।** पंजाब के असंतुष्ट कांग्रेस नेता नवजोत सिंह सिद्धू ने बृहस्पितवार को मुख्यमंत्री अमरिन्दर सिंह से कहा कि वह साथियों के कंधों पर बंदूक रखकर चलाना बंद करें। राज्य के कुछ मंत्रियों ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधने के लिए सिद्धू के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी, जिसके बाद सिद्धू ने यह बात कही। सिद्धू ने हाल ही में सिंह पर निशाना साधते हुए उनसे 2015 की बेअदबी की घटनाओं में न्याय दिलाने की मांग की थी। पंजाब के फरीदकोट जिले में हुई उन घटनाओं में गुरू ग्रंथ साहिब के कई फटे हुए पन्ने बिखरे पड़े मिले थे। इन घटनाओं के दो दिन बाद हुई पुलिस गोलीबारी में दो प्रदर्शनकारियों की मौत हो गई थी।

सिद्धू ने मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए पूछा, अदालत में आपको कौन बचाएगा ग्रेट गुरू? उन्होंने बृहस्पितवार को ट्वीट किया, कल और आज भी, मेरी आत्मा गुरू साहिब के लिए न्याय मांगती रही है। आने वाले कल भी इस मांग को दोहराता रहूंगा। पंजाब की अंतरात्मा की आवाज पार्टी लाइन से ऊपर है। पार्टी के साथियों के कंधों पर बंदूक रखकर चलाना बंद कीजिए। आप प्रत्यक्ष रूप से जिम्मेदार और जवाबदेह हैं। अदालत में आपको कौन बचाएगा ग्रेट गुरू?

पंजाब तथा हरियाणा उच्च न्यायालय ने पिछले महीने 2015 के कोट कपूरा गोलीबारी मामले की जांच रिपोर्ट को खारिज कर दिया था, जिसके बाद से सिद्धू अमरिन्दर सिंह पर हमला बोल रहे हैं। वह 2015 में हुईं बेअदबी की घटनाओं और पुलिस गोलीबारी के मामले में न्याय में हुई कथित देरी को लेकर सोशल मीडिया पर मुख्यमंत्री पर बार-बार निशाना साध रहे हैं। इससे पहले, पंजाब के मुख्यमंत्री ने सिद्धू को पूरी तरह अनुशासनहीन बताया था। पंजाब के चार मंत्रियों ने अमरिन्दर सिंह पर निरतंर हमले करने के लिए बुधवार को सिद्धू के खिलाफ कार्वाई की मांग की थी। सिद्धू आम आदमी पार्टी और भाजपा के इशारे पर पार्टी की राज्य इकाई पर हमले कर रहे हैं।

# टीके की अनुपलब्धता पर हमें क्या खुद को फांसी पर लटका लेना चाहिए : सदानंद गौड़ा

**भाषा।** बेंगलुरु

**केंद्रीय रसायन** एवं उर्वरक मंत्री डीवी सदानंद गौड़ा ने बृहस्पतिवार को जानना चाहा कि क्या सरकार में बैठे लोगों को टीके के उत्पादन में नाकामी की वजह से खुद को फांसी पर लटका लेना चाहिए? गौड़ा ने यहां पत्रकारों से कहा , अदालत ने अच्छी मंशा से कहा है कि देश में सबको टीका लगवाना चाहिए। मैं आपसे पूछना चाहता हूं कि अगर अदालत कल कहती है कि आपको इतने (टीके) देने हैं और यह अगर न बन पाए, तो क्या हमें खुद को फांसी पर लटका लेना चाहिए ?

टीके की किल्लत के सवालों पर केंद्रीय मंत्री ने सरकार की कार्वाई योजना पर जोर दिया और कहा कि इसके निर्णय किसी भी राजनीतिक लाभ या किसी अन्य कारण से निर्देशित नहीं होते हैं। गौड़ा ने कहा कि सरकार अपना काम पूरी ईमानदारी और निष्ठा से करती आ रही है और उस दौरान कुछ कमियां सामने आई हैं। मंत्री ने जानना चाहा, व्यावहारिक रूप से, कुछ चीजें जो हमारे नियंत्रण से परे हैं, क्या हम उसका प्रबंधन कर सकते हैं? उन्होंने स्पष्ट किया कि सरकार यह सुनिश्चित करने के लिए अपनी ओर से सर्वश्रेष्ठ काम कर रही है कि एक या दो दिन में चीजें सुधरें और लोगों को टीका लगे।

गौड़ा के साथ मौजूद भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव सीटी रवि ने दावा किया कि अगर व्यवस्था समय पर नहीं की जाती तो चीज़ें बदतर हो सकती थी। रवि ने कहा, यदि पहले से उचित व्यवस्था नहीं की गई होती तो मौतें 10 गुना या 100 गुना ज्यादा होतीं। रवि ने कहा, लेकिन कोरोना वायरस के अकल्पनीय प्रसार के कारण हमारी तैयारी विफल रही।

अदालतों द्वारा कोरोना वायरस के मुद्दे पर सरकार की खिंचाई करने पर रवि ने कहा, न्यायाधीश सब कुछ जानने वाले नहीं होते हैं। हमारे पास जो कुछ भी उपलब्ध है, उसके आधार पर तकनीकी सलाहकार समिति यह सिफारिश करेगी कि कितना (टीकों का) वितरण किया जाना है। उनकी रिपोर्ट के आधार पर हम निर्णय करेंगे। कर्नाटक में कोरोना वायरस के चिंताजनक हालात हैं और रोज़ाना 40-50 हजार मामले आ रहे हैं। इसी के साथ टीके की मांग भी कई गुना बढ़ गई है।

राज्य सरकार के अधिकारियों के अनुसार, राज्य की ओर से तीन करोड़ टीके खरीदने के लिए ऑर्डर दिया गया और दो टीका निर्माताओं को भुगतान भी कर दिया गया। बहरहाल, केवल सात लाख खुराक ही राज्य पहुंची। कई टीकाकरण केंद्रों के सामने लोग कतारबद्ध खड़े होते हैं लेकिन उन्हें वापस लौटना पड़ता है।



चेन्नई में कोविड-19 की वैक्सीन लगवाते हुए अभिनेता रजनीकांत।

उच्चतम न्यायालय में उत्तराखंड की चारधाम परियोजना का मामला

# केंद्र ने एनजीओ के दावे को किया खारिज

**भाषा।** नई दिल्ली



**केंद्र** ने उच्चतम न्यायालय में बृहस्पतिवार को एक एनजीओ के उस दावे को पूरी तरह खारिज किया जिसमें कहा गया है कि वह महत्वाकांक्षी चारधाम राजमार्ग परियोजना को चौड़ा करने से जुड़े मामले में संबंधित पीठ से बचने का प्रयास कर रहा है।

रणनीतिक रूप से महत्वपूर्ण 900 किलोमीटर लंबे राजमार्ग से जुड़ी परियोजना सभी मौसमों में उत्तराखंड में चार धामों-यमुनोत्री, गंगोत्री, केदारनाथ और बद्रीनाथ को जोड़ने पर केंद्रित है। गैर सरकारी संगठन सिटिजंस ऑफ ग्रीन दून ने मामले में अपने लिखित अभिवेदन में दावा किया है कि केंद्र सरकार संबंधित पीठ से बचने का प्रयास कर रही है।

न्यायमूर्ति विनीत सरन और न्यायमूर्ति दिनेश माहेश्वरी की अवकाशकालीन पीठ ने अटॉर्नी जनरल के के वेणुगोपाल की दलीलों का संज्ञान लेते हुए कहा कि उसने मुद्दे पर एनजीओ से लिखित आवेदन दाखिल करने को नहीं कहा था और पक्षों से केवल यह कहा था कि वे मामले में पारित आदेश अदालत के समक्ष रखें। मामले में पेश हुए सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अदालत को इस बात को भी परखना चाहिए कि आखिर किस वजह से एनजीओ इस तरह के आरोप लगा रहा है, जबकि मामला चीन सीमा पर रणनीतिक सीमावर्ती सड़कों के निर्माण से जुड़ा है। शीर्ष अदालत ने निर्देश दिया कि मामले को प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण के समक्ष रखा जाए जिससे कि वह 18 मई को सुनवाई के लिए इसे किसी उचित पीठ को भेज सकें। बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई करने वाली अवकाशकालीन पीठ में अगले सप्ताह संबंधित न्यायाधीश नहीं बैठेंगे।

एनजीओ की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कोलिन गोंजाल्वेस ने कहा कि उन्होंने कल शाम चार-पांच पृष्ठ का लिखित नोट दाखिल किया है और आज सुबह इसे कोर्ट मास्टर को भी भेज दिया गया।पीठ ने गोंजाल्वेस से कहा, आपने यह बहुत देर से भेजा है। हमने आपको कोई लिखित अभिवेदन दायर करने की अनुमति नहीं दी है।

इसने कहा कि वह मामले को प्रधान न्यायाधीश को भेज रही है जिससे कि इसे उचित पीठ को भेजा जा सके। शीर्ष अदालत ने अगस्त 2019 में राष्ट्रीय हरित अधिकरण के एक आदेश में संशोधन करते हुए चारधाम राजमार्ग परियोजना का मार्ग प्रशस्त कर दिया था।



हैदराबाद का तेलगू तल्ली फ्लाईओवर लॉकडाउन के चलते सन्नाटे में नजर आया

# रेमडेसिविर की कालाबाजारी करने वाले 75 लोगों के खिलाफ रासुका

**भाषा।** भोपाल




**मध्य** प्रदेश में कोविड-19 महामारी के इलाज में उपयोग किए जाने वाले रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी में लिप्त 75 लोगों के खिलाफ राष्ट्रीय सुरक्षा कानून (रासुका) के तहत मामला दर्ज किया गया है। यह जानकारी एक वरिष्ठ अधिकारी ने बृहस्पतिवार को दी है।

मध्य प्रदेश गृह विभाग के अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजोरा ने पीटीआई-भाषा से कहा, रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाज़ारी के लिए 75 लोगों को रासुका के तहत गिरफ्तार कर जिला कलेक्टरों के माध्यम से जेल भेज दिया गया है। राजोरा ने बताया कि इनके अलावा, रेमडेसिविर इंजेक्शन एवं चिकित्सकीय ऑक्सीजन की कालाबाजारी करने के लिए प्रदेश में छह लोगों को चोरबाजारी निवारण और अत्यावश्यक वस्तु प्रदाय अधिनियम में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि इन छह लोगों में से पांच को रेमडेसिविर इंजेक्शन की कालाबाजारी करने के लिए जबलपुर, उज्जैन एवं सागर में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, जबकि एक व्यक्ति को चिकित्सीय ऑक्सीजन की कालाबाजारी के मामले में सतना में गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है। उन्होंने कहा कि मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के निर्देश पर गृह विभाग द्वारा रेमडेसिविर इंजेक्शन, चिकित्सकीय ऑक्सीजन और अन्य आवश्यक दवाओं की कालाबाजारी करने वालों पर रासुका अंतर्गत सख्त और त्वरित कार्वाई के निर्देश जिला मजिस्ट्रेट एवं पुलिस अधीक्षकों को दिए गए हैं। राजोरा ने बताया कि ए सभी लोग रेमडेसिविर इंजेक्शन एवं ऑक्सीजन की कालाबाजारी करने के लिए 20 अप्रैल से 10 मई तक प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में पकड़े गए थे।

## सहारनपुर जिले में तैनात अपर दीवानी न्यायाधीश का कोरोना से निधन

**सहारनपुर।** उत्तर प्रदेश के सहारनपुर जिले मे तैनात अपर दीवानी न्यायाधीश तैयब अहमद की कोरोना वायरस के संक्रमण की वजह से मृत्यु हो गई। पिछले एक सप्ताह से वह सहारनपुर के मेडिकल कॉलेज के आईसीयू मे भर्ती थे। उन्होंने बृहस्पतिवार सुबह आखिरी सांस ली।सहारनपुर बार एसोसिएशन के पूर्व अध्यक्ष आदित्य अगीरस ने पीटीआई-भाषा को बताया कि अहमद का निधन हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे कुछ दिन पहले एक अन्य अतिरिक्त न्यायाधीश की भी कोरोना संक्रमण के कारण मृत्यु हो गई थी और उन्हीं के संपर्क में आने से अहमद संक्रमित हुए थे। अगीरस के मुताबिक, अहमद हरिद्वार जिले के मंगलौर के निवासी थे और उनके परिवार में पत्नी, चार वर्षीय पुत्री और बुर्जुग मां है।

# धैर्य व साहस से कोरोना संकट पर विजय प्राप्त करेगा भारत : शंकराचार्य

● **निराशा, हताशा से नहीं सकारात्मकता से मिलेगी कोरोना के खिलाफ इस युद्ध में विजयः सोनल मानसिंह**

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली





**हम जीतेंगे** श्रृंखला के तीसरे दिन शंकराचार्य विजयेंद्र सरस्वती व प्रख्यात कलाकार सोनल मानसिंह ने भारतीय समाज को स्वयं पर विश्वास बनाए रखने का आह्वान करते हुए कहा कि स्वयं पर विश्वास बनाए रखते हुए सकारात्मक विचारों को अपने आसपास ज्यादा से साझा करें, इससे कोरोना के खिलाफ युद्ध में विजय प्राप्त करने में निश्चित ही मदद मिलेगी। इस पांच दिवसीय व्याख्यानमाला का आयोजन कोविड रिस्पॉन्स टीम द्वारा किया गया है, जिसमें समाज के प्रमुख व्यक्तित्व मार्गदर्शन कर रहे हैं।

शंकराचार्य ने कहाकि आज विश्व में महामारी की वजह से एक अति संकट की स्थिति है। भारत में एक साल पहले भी ये कष्ट आया था। उस समय समाज की मेहनत से, सहयोग से, सबकी सहानुभूति से, इस संकट का विमोचन हुआ था। अभी इस संदर्भ में दोबारा कुछ संकट शुरू हुआ है। अति वेग से शुरू हुआ है, उस संकट से विमोचन होना चाहिए। उन्होंने कहाकि वाल्मीकि रामायण में हनुमान जी कहते हैं कि दुःख होता है, संकट होता है, फिर भी अपना जो मनोधैर्य है, मन में जो हिम्मत है वो छोड़ना नहीं प्रयत्न करते रहना है।

प्रख्यात कलाकार पद्मविभूषण सोनल मानसिंह ने अपने व्यक्तिगत अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि हाल ही में उन्हें कोरोना हुआ था। पर सकारात्मक विचारों, धैर्य, आत्मबल व प्रार्थना द्वारा उन्होंने नैराश्य को दूर भगाते हुए इस पर विजय प्राप्त की। उन्होंने कहाकि समाज में असीम आशा व सकारात्मकता का वातावरण बनाने की आवश्यकता है ताकि कोई भी हताश या निराश न हो। इसके लिए रचनात्मकता का सहारा लें तथा मन में कृतज्ञता का भाव रखें। हम सभी इस युद्ध को लड़ रहे हैं और इसमें निश्चित ही विजय प्राप्त करेंगे, पर इसके लिए हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि स्वयं को असहाय न मानें। क्रोध, निराशा, हताशा से स्वयं भी दूर रहें और सकारात्मक विचारों को साझा कर दूसरों को भी संबल दें व समाज में सामूहिक स्तर पर सकारात्मकता का वातावरण तैयार करें। इस व्याख्यानमाला का प्रसारण 100 से अधिक मीडिया प्लेटफार्म पर 11 मई से 15 मई तक प्रतिदिन सायं 4:30 बजे से किया जा रहा है। 14 मई को इस श्रृंखला में श्री पंचायती अखाड़ा निर्मल के पीठाधीश्वर महंत संत ज्ञान देव सिंह एवं वात्सल्य धाम, वृंदावन की साध्वी ऋतंभरा उद्बोधन करेंगी।



चिकमंगलूर में कोरोना के कहर को देखते हुए मॉस्क पहनकर शादी करता हुआ जोड़ा

# विज्ञान की जगह हिन्दुत्व पर भरोसा कर कोविड-19 से अनर्थकारी ढंग से निपट रही मोदी सरकार : माकपा

● **माकपा के मुखपत्र में केंद्र सरका पर लगाया गया आरोप**

**भाषा।** नई दिल्ली

**माकपा** के मुखपत्र पीपुल्स डेमोक्रेसी में प्रकाशित एक संपादकीय में आरोप लगाया गया है कि नरेंद्र मोदी सरकार के कोविड-19 महामारी से अनर्थकारी ढंग से निपटने का कारण विज्ञान की जगह उसका हिन्दुत्ववादी दृष्टिकोण पर भरोसा करना है।

संपादकीय में सरकार से सवाल किया गया कि वह उच्चतम न्यायालय की तीन सदस्ईय पीठ के सुझाव का पालन करने में क्यों विफल रही जिसने मौजूदा टीकाकरण नीति पर पुनर्विचार करने को कहा था और सुझाव दिया था कि वह राज्यों को टीका आवंटन तथा प्रदायगी कार्यक्रम पर फैसला करे, न कि उन्हें दो टीका विनिर्माता कंपनियों से सौदा करने को छोड़े। इसमें कहा गया, टीकाकरण में अफसलता और पिछले एक पखवाड़े में राज्यों में टीकाकरण की दर गिरकर 60 प्रतिशत होने के बाद कोई भी संवेदनशील सरकार टीकाकरण कार्यक्रम पर फिर से काम करने के उच्चतम न्यायालय के हस्तक्षेप का लाभ उठाती। लेकिन यह संवदेनशील सरकार नहीं है-यह ऐसी सरकार है जिसकी आंखों पर नव-उदारवाद और हिन्दुत्व की पट्टी बंधी है। इसने कहा कि पार्टी को उम्मीद है कि उच्चतम न्यायालय संविधान के अनुच्छेद 14 और 21 के तहत प्रदत्त नागरिकों के जीवन के अधिकार के आधार पर सरकार को उसकी नीति बदलने के लिए निर्देश देने की इच्छाशक्ति दिखाएगा। संपादकीय में कहा गया, सरकार के कोविड लहर से अनर्थकारी ढंग से निपटने का अन्य कारण विज्ञान पर भरोसा करने की अक्षमता तथा हिन्दुत्वादी दृष्टिकोण पर विश्वास करना है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री एवं विज्ञान तथा प्रौद्योगिकी मंत्री हर्षवर्धन के व्यवहार की और किस चीज से व्याख्या की जा सकती है? इसमें कहा गया कि महामारी के मामलों में अप्रैल के मध्य में वृद्धि शुरू हुई और मंत्री ने देशी गायों पर अनुसंधान कार्यक्रम के संबंध में विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की।

माकपा ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की प्राथमिकताओं पर भी सवाल उठाया जिन्होंने कोरोना संकट के दौरान प्रत्एक जिले में गायों के संरक्षण के लिए हेल्प डेस्क स्थापित करने का आदेश दिया।

## फिरोजपुर रेल संभाग ने कम यात्रियों के चलते रद्द की 16 एक्सप्रेस ट्रेनें

**फिरोजपुर।** फिरोजपुर रेल संभाग ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने कोविड-19 महामारी के कारण कम यात्रियों के चलते 16 अनारक्षित एक्सप्रेस ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी उन्होंने बताया कि रद्द की गई ट्रेनों में अमृतसर-पठानकोट एक्सप्रेस, फजिल्का-बठिंडा डेमू, फिरोजपुर कैंट-फजिल्का एक्सप्रेस एवं जालंधर सिटी-फिरोजपुर कैंट शामिल हैं। संभागीय रेल प्रबंधक राजेश अग्रवाल ने बताया कि कोविड-19 के बढ़ते मामलों के मद्देनजर ट्रेनों में कम यात्री हो गए हैं। फिरोजपुर रेल संभाग पंजाब, जम्मू कश्मीर और हिमाचल प्रदेश के एक हिस्से में ट्रेन सेवाएं प्रदान करता है।

# पेज 1 का शेष

## टीके के लिए ...

वास्तव में, देश में वैक्सीन की भारी कमी है और कई राज्यों ने इस कारण 18 से 44 साल की उम्र के लिए टीकाकरण अभियान स्थगित कर दिया है। दूसरी ओर केंद्र सरकार ने कहा है कि टीके की उपलब्धता की स्थिति में जुलाई के बाद ही सुधार होने की संभावना है, क्योंकि उस समय सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया और भारत बायोटेक द्वारा वैक्सीन की 216 करोड़ खुराक का उत्पादन किया जाएगा। नीति अयोग सदस्य (स्वास्थ्य) डॉ. वीके पॉल ने गुरुवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि एफ्डीए और विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) द्वारा अनुमोदित टीके ही भारत लाए जा सकते हैं। वैक्सीन आयात करने के लिए राज्यों को एक या दो दिन में लाइसेंस दे दिया जाएगा।

## कोविशील्ड की खुराक ...

स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि एनईजीवीएसी ने कोविशील्ड टीके के दो डोज के बीच समयांतर को बढ़ाकर 12 से 16 सप्ताह करने के कोविड-19 कार्य समूह की सिफारिश को स्वीकार कर लिया है। कोविड-19 कार्य समूह के अध्यक्ष डॉक्टर एन. के. अरोड़ा आईएनसीएलईएन ट्रस्ट के निदेशक हैं। इसके सदस्यों में जेआईपीएमईआर के निदेशक और डीन डॉक्टर राकेश अग्रवाल, वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज से प्रोफेसर डॉक्टर गगनदीप कांग, वेल्लोर स्थित क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज के पूर्व प्रोफेसर डॉक्टर जे. पी. मुल्लीयाल, नई दिल्ली स्थित जवाहर लाल नेहरू विश्वविद्यालय के इंटरनेशनल सेंटर फॉर जेनेटिक इंजीनियरिंग एंट बायोटेक्नोलॉजी (आईसीजीईबी) के ग्रुप लीडर डॉक्टर नवीन खन्ना, नई दिल्ली स्थित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ इम्युनोलॉजी के निदेशक डॉक्टर अमूल्य पांडा और भारत के औषधि महानियंत्रक (डीसीजीआई) डॉक्टर वी.जी. सोमानी शामिल हैं।

## देशभर में लगाए...

इसके अतिरिक्त, मार्च और अप्रैल में पीएम केयर फंड के तहत मंजूर किए गए 1051 पीएसए अगले तीन महीनों में चालू हो जाएंगे। सरकार ने पिछले साल अक्टूबर में जिन 162 ऑक्सीजन संयंत्रों के लिए निविदाएं आमंत्रित की थीं, उनमें से 74 स्थापित हो चुके हैं और षेश जून तक शुरू होने की उम्मीद है। उत्तर प्रदेश के अस्पताल ऑक्सीजन की कमी से जूझ रहे हैं। यहां काशीपुर, गाजीपुर, मोदीनगर (आईनॉक्स एयर), पानीपत और रुड़की से ऑक्सीजन लाई जा रही है, लेकिन यह प्र्याप्त नहीं है। राज्य को 960 टन गैस की जरूरत है, लेकिन मिल रही केवल 650 मीट्रिक टन। महाराष्ट्र सरकार ने ऐसी योजना बनाई है जो अगले कुछ महीनों में राज्य में ऑक्सीजन पैदा करने वाले संयंत्र स्थापित करने वाली कंपनियों के निवेष का 100 प्रतिषत से 150 प्रतिषत लौटाकर देगी। इस योजना के तहत हर जिले में ऑक्सीजन प्लांट लगेगा। बृहन्मुंबई नगर निगम ने 12 अस्पतालों में 16 ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है, ताकि शहर अपनी जरूरत खुद पूरी कर सके। इसी तरह हरियाणा सरकार राज्य भर के बड़े अस्पतालों में 66 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित करेगी। दिल्ली सरकार ने 48 ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने की योजना सामने रखी है। इनमें से 21 फ्रांस से आयात किए जा रहे हैं और षेश भारत में निर्मित किए जा रहे हैं। बिहार की नीतीश सरकार ने पीएम केयर फंड से 15 जिलों में ऑक्सीजन प्लांट लगाने का निर्णय लिया है। कोविड -19 महामारी की विनाषकारी दूसरी लहर से जूझ रहे पंजाब में लगभग एक दर्जन छोटे और मध्यम ऑक्सीजन संयंत्रों को दोबारा संचालित करने का प्रयास किया जा रहा है। ओडिशा ने कटक के सभी मेडिकल कॉलेज और अस्पतालों, जिला मुख्यालय अस्पतालों (डीएचएच), राजधानी अस्पताल, राउरकेला सरकारी अस्पताल और आचार्य हरिहर पोस्ट ग्रेजुएट इंस्टीट्यूट ऑफ कैंसर (एएचपीजीआईसी) में 40 ऑक्सीजन संयंत्रों की स्थापना के लिए केंद्र को प्रस्ताव दिया है। मध्य प्रदेश ने भोपाल, रीवा, इंदौर, ग्वालियर और शहडोल में 1.60 करोड़ रुपये में संयंत्र स्थापित करने की योजना बनाई है। गुजरात के 22 अस्पतालों में 36 ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित किए जाएंगे। गुजरात में ऑक्सीजन की मांग बढ़कर 1,190 मीट्रिक टन हो गई है, जिसमें से लगभग 1,000 मीट्रिक टन केंद्र द्वारा दी जा रही है। कर्नाटक में 18 चिकित्सा संस्थानों में 22 ऑक्सीजन संयंत्र स्थापित होंगे। देश में लिक्विड मेडिकल ऑक्सीजन का कुल उत्पादन लगभग 9500 मीट्रिक टन प्रति दिन हो रहा है। सरकारी सूत्रों के अनुसार, पिछले साल मार्च में टैंकरों की क्षमता 12,480 मीट्रिक टन थी और उनकी संख्या 1,040 थी। अब, टैंकरों की क्षमता 23,056 मीट्रिक टन हो गई है और उनकी संख्या बढ़कर 1,681 हो गई है, जिसमें 408 परिवर्तित कन्वर्टर्स और 101 आयातित टैंकर शामिल हैं।

## कोरोना से सर्वाधिक ...

इसके बाद कर्नाटक में 516, उत्तर प्रदेश में 326, दिल्ली में 300, तमिलनाडु में 293, पंजाब में 193, हरियाणा में 165, राजस्थान में 164, छत्तीसगढ़ में 153, पश्चिम बंगाल में 135, उत्तराखंड में 109 और गुजरात में 102 लोगों की मौत हुई। देश में अब तक 2,58,317 लोगों की मौत हुई है जिसमें से 78,007 मरीजों की महाराष्ट्र में, कर्नाटक में 20,368, दिल्ली में 20,310, तमिलनाडु में 16,471, उत्तर प्रदेश में 16,369, पश्चिम बंगाल में 12,728, पंजाब में 11,111 और छत्तीसगढ़ में 11,094 लोगों की मौत हुई है।

## आज पीएम किसान...

इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे। बयान में कहा गया, इस दौरान 9.5 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के खातों में 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। ज्ञात हो कि इस योजना के अंतर्गत, कुछ अपवादों को छोड़कर, जोत वाले किसान परिवारों की आय में 6,000 रुपए की सालाना सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत हर चार महीने पर 2,000-2,000 रूपए की तीन किस्तें प्रदान की जाती हैं। यह धनराशि डीबीटी माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे जमा कराई जाती है। अब तक इस योजना के तहत, 1.15 लाख करोड़ रुपए किसान परिवारों के खातों में हस्तांरित किए जा चुके हैं।

## प्रदेश में कोरोना...

इसमें 1 लाख 9 हजार से अधिक टेस्ट आरटीपीसीआर के माध्यम से किये गये हैं। उन्होंने बताया कि प्रदेश में कोविड19 से ठीक होने का प्रतिशत 86 हो गया है। प्रदेश में अब तक कुल 43906533 सैम्पल की जांच की गयी है जो पूरे देश में सर्वाधिक है। उन्होंने बताया कि प्रदेश में पिछले 24 घंटे में कोरोना से संक्रमित 17775 नये मामले आये हैं तथा 19425 मरीज संक्रमणमुक्त हुए हैं। अब तक 1359676 लोग कोविड19 से ठीक हो चुके हैं। प्रदेश में कोरोना के कुल 204658 एक्टिव मामलों में से 145801 व्यक्ति होम आइसोलेशन में हैं। इसके अतिरिक्त अन्य मरीज सरकारी एवं निजी चिकित्सालयों में इलाज करा रहे है। प्रसाद ने बताया कि सर्विलांस की कार्यवाही निरन्तर चल रही है। प्रदेश में अब तक सर्विलांस टीम के माध्यम से 269850 क्षेत्रों में 614681 टीम दिवस के माध्यम से 34809485 घरों के 167690083 जनसंख्या का सर्वेक्षण किया गया है। उन्होंने बताया कि 18 से 44 वर्ष वाले लोगों के साथ साथ 45 वर्ष से अधिक आयु वालों का वैक्सीनेशन चल रहा है। अब तक 45 वर्ष से अधिक आयु वालों में 11314207 लोगों को वैक्सीन की पहली डोज दी गई तथा पहली डोज वाले लोगों में से 3012689 लोगों को वैक्सीन की दूसरी डोज दी गई। इस प्रकार कुल 14326896 वैक्सीन की डोज लगायी जा चुकी है। उन्होंने बताया कि विगत 24 घण्टों में 18 से 44 वर्ष के आयुवर्ग के 48691 लोगों को वैक्सीन लगायी गयी है। इस आयुवर्ग में अब तक 265745 लोगों को पहली डोज लग चुकी है।

## कोविड की जंग

जालंधर के पंजाब इंस्टीट्यूट मेडिकल साइंसेज में मात्र 20 दिन के सुखदीप सिंह ने कोविड को हराया। इसके लिए उनके अभिभावकों ने चिकित्सकों और उनकी टीम का पूरा सहयोग किया, जिसके बाद वह ठीक होकर नवजात अपने घर गया। एम्स की नर्स राखी ने समर्पण की अलग ही मिसाल पेष की। कोविड मरीजों की देखभाल करने में व्यस्त रेखा अपनी दादी के अंतिम संस्कार में नहीं गईं। कॉलेज के दो स्टूडेंट गौतम और गायत्री ने होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों के लिए फूड ऑन व्हील शुरू किया। भोपाल में ऑटो ड्राइवर जावेद खान ने अपने ऑटो को एंबुलेंस में बदलकर कोविड मरीजों को मुफ्त में सेवा दी। झारखंड में संतोष कुमार पांडा ने कोविड मरीजों को राषन और दवा की आपूर्ति उनके घर तक की वो भी बिना किसी अतिरिक्त चार्ज के। करीब 38 साल के देवेंद्र शर्मा 1400 किलोमीटर सफर करके अपने दोस्त की जान बचाने के लिए बोकारो से नोएडा ऑक्सीजन सिलेंडर लेकर पहुंचे। आज उनका दोस्त ठीक है। 10वीं की छात्रा स्नेहा और श्लोका ने 24 घंटे में 2 लाख रुपये दान से जुटाए और 300 ऑक्सीमीटर गरीब और जरूरतमंद लोगों को दिये। ऐसी बहुत सी कहानियां हैं जो प्रेरणा देती हैं और कोरोना से जंग जीतने में मदद व हौसला देती हैं।

## ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले इरफान सहित चार एथलीट पॉजिटिव

नई दिल्ली। ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके पैदल चाल के एथलीट के टी इरफान सहित ट्रैक एवं फील्ड के पांच खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केन्द्र में कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाया गया। यह जांच पिछले शुक्रवार को की गई थी और इसमें संक्रमित पाए जाने वाले खिलाड़ियों को पृथकवास पर रखा गया है। शुक्रवार को की गई जांच में कम से कम पांच एलीट (शीर्ष) एथलीट को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। इन खिलाड़ियों को दूसरों से अलग रखा गया है।

## हॉकी दिग्गजों के परिवारों को पांच पांच लाख देने का ऐलान किया

नई दिल्ली। खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कोरोना संक्रमण के कारण अपनी जान गंवाने वाले पूर्व हॉकी खिलाड़ी रविंदर पाल सिंह और एम के कौशिक के परिवारों को पांच पांच लाख रुपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। रीजीजू ने ट्वीट किया, हमने दो हॉकी दिग्गजों को कोरोना के कारण खो दिया। भारतीय खेल प्राधिकरण ने कौशिक जी और रविंदर पाल सिंह जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## नकारात्मक राय से ओलंपिक को कोई खतरा नहीं

जिनेवा। अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इन आशंकाओं को खारिज किया है कि जापान की जनता की राय नकारात्मक होने से तोक्यो ओलंपिक रद्द होंगे। वहीं आईओसी की वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में प्रदर्शनकारियों ने बाधा डाली। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की सालाना बैठक के बाद बुधवार को यह प्रेस कांफ्रेंस बुलाई गई थी।

## स्पेनिश खिताब के करीब पहुंचा एटलेटिको

मैड्रिड। यानिक कारस्को और एंजेल कोर्रा के पहले हाफ में किए गए गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग में रीयल सोसीडाड को 2-1 से हराकर चैम्पियन बनने की अपनी उम्मीदों को और मजबूत कर लिया। डिएगो सिमोन की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर पहले हाफ में 2-0 की बढ़त कायम कर ली। सोसीडाड के इगोर जुबेल्डिया ने 83वें मिनट में गोल कर हार के अंतर को कम किया। इस जीत के साथ ही टीम 2014 के बाद पहली बार खिताब जीतने के इतने करीब पहुंची है।

## रेबिक की हैट्रिक से मिलान ने टोरिनो को 7–0 से रौंदा

मिलान। एंटे रेबिक के 12 मिनट के अंदर बनाई गई हैट्रिक की मदद से एसी मिलान ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरि ए में टोरिनो को 7-0 से हरा कर चैम्पियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदों को जिंदा रखा है। रेबिक की हैट्रिक के अलावा थेओ हेर्नांडेज ने भी टीम के लिए दो गोल किए। इस जीत के साथ मिलान की टीम तालिका में तीसरे स्थान बनी हुई है। मिलान और अटलांटा के 36 मैचों में एक समान 75-75 अंक है लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण अटलांटा दूसरे स्थान पर है।

# पोवार फिर महिला क्रिकेट टीम के कोच बने

## ● वी रमन की जगह लेंगे

भाषा। नई दिल्ली



पूर्व स्पिनर रमेश पोवार को गुरुवार को डब्ल्यू वी रमन की जगह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोवार इससे पहले भी टीम के साथ यह भूमिका निभा चुके हैं। उन्हें हालांकि 2018 टी20 विश्व कप के बाद सीनियर खिलाड़ी मिताली राज के साथ विवाद के बाद निलंबित कर दिया गया था। पूर्व भारतीय खिलाड़ी मदन लाल की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने इस पद के लिए मौजूदा कोच डब्ल्यू वी रमन के अलावा आठ उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद पोवार के नाम की सिफारिश की। बीसीसीआई से जारी बयान में कहा गया, बीसीसीआई रमेश पोवार को भारतीय टीम (वरिष्ठ महिला) के प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। बीसीसीआई ने इस पद के लिए विज्ञापन दिया था और 35 से अधिक आवेदन प्राप्त किए थे। इस पद के लिए पोवार और रमन के अलावा भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा और पूर्व मुख्य चयनकर्ता हेमलता काला सहित पांच महिला उम्मीदवार दौड़ में थे टीम का कोच नियुक्त होने के बाद पोवार ने ट्वीट किया, भारतीय क्रिकेट टीम को आगे ले जाने के लिए तैयार हूं। इस मौके के लिए सीएसी और बीसीसीआई का शुक्रिया। मदन लाल ने कहा कि सीएसी ने टीम के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण पोवार को चुना। लाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, वह कुछ समय से कोच की भूमिका निभा रहे हैं। टीम के लिए उनके दृष्टिकोण ने हमें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उनके पास टीम के लिए एक स्पष्ट योजना है, जिससे वह इसे अगले स्तर पर ले जाना चाहते हैं। खेल के सभी पहलुओं पर उनकी पूरी स्पष्टता है। अब उन्हें अपनी बातों पर अमल करने की जरूरत है। यह देखना होगा पवार मिताली के साथ किस तरह से सामंजस्य बैठाते है। मिताली ने पोवार पर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टी20 टीम से इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप (2018) सेमीफाइनल से बाहर करने का आरोप लगाया था। मिताली ने बीसीसीआई को पत्र लिख कर पोवार पर आरोप लगाया था कि पोवार ने मेरे करियर को खत्म करने और मुझे अपमानित करने के लिए ऐसा किया है। पोवार ने पलट वार करते हुए कहा था, मिताली काफी नखरे दिखाती है और टीम में विवाद पैदा करती है। महिला टीम की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद पोवार ने खुद को एक कोच के रूप में साबित किया और इस साल की शुरुआत में विजय हजारे ट्रॉफी में बुरी तरह से विफल रहने वाली मुंबई की टीम को सैयद मुश्ताक अली टी 20 प्रतियोगिता का चैम्पियन बनने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भी गेंदबाजी कोच के तौर पर अपनी भूमिका अदा की। मदन लाल से जब पोवार के खराब रिश्ते और टीम से हटाए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमने उनसे इसके बारे में पूछा था और उन्होंने कहा कि इसमें उसकी कोई गलती नहीं थी। वह सभी खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर तैयार है। उन्होंने बताया, साक्षात्कार के लिए चुनी गई चार महिला उम्मीदवारों के विचारों से में भी बहुत प्रभावित हुआ। यह दिखाता है कि उनकी नजर खेल पर है। इन सभी का भविष्य उज्ज्वल है। पोवार ने भारत के लिए दो टेस्ट और 31 एकदिवसीय खेले है। वह जुलाई 2018 से नवंबर 2018 तक महिला टीम के कोच रहे है। उनकी देख-रेख में टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी और उसी साल टीम ने लगातार 14 टी20 मैच जीते थे। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रमन की देख-रेख में टीम पिछले साल टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी। इस साल मार्च में दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला गंवाना का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले 12 महीने में हालांकि यह टीम का पहला मुकाबला था। रमन से जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद कहा, भारतीय महिला टीम के साथ पोवार को मेरी शुभकामनाएं। उम्मीद है लड़कियां (खिलाड़ी) अपनी देखरेख में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी। पोवार के लिए न्यूजीलैंड में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम को तैयार करने की चुनौती होगी। इससे पहले उनकी देखरेख में टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी जहां उसे 16 जून से सात साल के बाद पहला टेस्ट मैच खेलना है। विश्व कप से पहले टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है।

## आईपीएल में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रविवार को लौट सकते हैं स्वदेश

माले (मालदीव)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद अभी मालदीव में फंसे आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर, प्रशिक्षक और कमेंटेटर विशेष विमान से रविवार को स्वदेश लौट सकते हैं हालांकि उन्हें अब भी अपनी सरकार से इसके लिए पुष्टि की प्रतीक्षा है। आईपीएल 2021 को निलंबित किए जाने के बाद 14 खिलाड़ियों सहित कुल 38 आस्ट्रेलियाई छह मई को मालदीव चले गए थे क्योंकि उनकी सरकार ने भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत से 15 मई तक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा रखा है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, अभी जो योजना तैयार की जा रही है उसके अनुसार 38 लोगों का समूह रविवार 16 मई को विशेष विमान से मालदीव से मलेशिया होते हुए सिडनी लौट सकता है जहां उन्हें 14 दिन के कड़े पृथकवास पर रहना होगा। इसमें हालांकि कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को अब भी आस्ट्रेलियाई सरकार से मालदीव में फंसे आस्ट्रेलियाई नागरिकों को 15 मई के बाद स्वदेश लौटने की अनुमति मिलने की प्रतीक्षा है।

## पेन ने दिया आस्ट्रेलिया के एशेज जीतने पर कप्तानी छोड़ने का संकेत

मेलबर्न। आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन ने संकेत दिया है कि अगर उनकी टीम इस साल एशेज क्रिकेट श्रृंखला में इंग्लैंड को हरा देती है तो वह कप्तानी से विदा ले लेंगे। उन्होंने स्टीव स्मिथ को अगला कप्तान बनाए जाने की भी हिमायत की। सत्र की शुरुआत में सितारों के बिना खेल रही भारतीय टीम के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की हार के बाद से 36 वर्ष के पेन पर कप्तानी से हटने का दबाव है। वहीं स्मिथ 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान थे। पेन ने न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू से कहा, निश्चित तौर पर मैं फैसले नहीं लेता लेकिन मैंने जितना समय स्टीव की कप्तानी में खेला, वह शानदार था। वह तकनीक का धनी है।

# भारत आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष पर

## ● वार्षिक अपडेट जारी

भाषा। दुबई

आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग का वार्षिक अपडेट जारी होने पर भारत पहले स्थान पर बना हुआ है। रैंकिंग गुरुवार को जारी की गई। भारत एक रेटिंग अंक समेत कुल 121 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके 24 मैचों में 2914 अंक रहे। वहीं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ खेलने जा रही न्यूजीलैंड के 120 अंक है। उसके 18 टेस्ट में दो रेटिंग अंक समेत कुल 2166 अंक हैं। भारत ने पिछले साल आस्ट्रेलिया को 2–1 और इंग्लैंड को 3–1 से हराया। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को 2–0 से मात दी। आईसीसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक यह सालाना अपडेट 2017–18 के नतीजों में जुड़ेगा। इसमें मई 2020 से खेले गए सभी मैचों को सौ फीसदी और दो साल पहले के मैचों को 50 फीसदी रेटिंग मिली है। इंग्लैंड 109 रेटिंग अंक लेकर तीसरे और आस्ट्रेलिया उससे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान के 94 अंक है और वह पांचवें स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज 84 अंक लेकर छठे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका सातवें और श्रीलंका आठवें स्थान पर है जिनके क्रमश: 80 और 78 अंक है। भारत और न्यूजीलैंड साउथम्प्टन में 18 से 22 जून तक पहला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलेंगे।

## शेफाली राधा डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण को तैयार

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाजी सनसनी शेफाली वर्मा महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में टी20 बार की चैम्पियन सिडनी सिक्सर्स की ओर से पदार्पण करने को तैयार है। इस 17 साल की विस्फोटक बल्लेबाज के साथ वामहस्त स्पिनर राधा यादव से भी सिडनी सिक्सर्स फ्रेंचाइजी की बात-चीत जारी है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, शेफाली का करार हो गया है, डब्ल्यूबीबीएल के कार्यक्रम को जारी करते समय इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया, राधा से सिडनी सिक्सर्स की बात-चीत जारी है। शेफाली अभी नाबालिग है इसलिए लीग में खेलने के लिए उनके पिता को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की जरूरत होगी। शेफाली के अलावा इस लीग से भारतीय टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर (सिडनी थंडर) सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (ब्रिसबेन हीट) और हरफनमौला वेदा कृष्णामूर्ति (होबार्ट हरिकेन्स) भी जुड़ी हुई है।

# सेरेना को कैरियर के 1000वें मैच में मिली हार

भाषा। रोम

सेरेना विलियम्स को कैरियर के 1000वें टूर मैच में पराजय का सामना करना पड़ा जिसे इटालियन ओपन टेनिस के दूसरे दौर में नादिया पोडोरोस्का ने 7–6, 7–5 से हराया। चार बार की चैम्पियन आठवीं वरीयता प्राप्त सेरेना ने आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद से टेनिस नहीं खेला था। उसे करीब दो घंटे तक चले मैच में अर्जेंटीना की खिलाड़ी ने हराया। सेरेना ने हार के बाद कहा, क्लेकोर्ट पर पहला मैच कठिन होता है शायद कुछ और मैचों की जरूरत है मैं अपने कोच और टीम से बात करके देखूंगी कि क्या हो सकता है। गत चैम्पियन सिमोना हालेप को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंजेलिक कर्बर के खिलाफ चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा वह उस समय 6–1,6–1 से आगे थी। दूसरी वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका को अमेरिका की जेसिका पेगुला ने 7–6, 6–2 से हराया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन को बारबोरा के ने 6–1, 6–4 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त एशले बार्टी और पूर्व चैम्पियन कैरोलिना प्लिसकोवा अगले दौर में पहुंच गई। पुरुष वर्गमें रफेल नडाल ने स्थानीय युवा जानिक सिनेर को 7–5, 6–4 से हराया। वहीं रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव हमवतन असलान कारात्सेव से 2–6, 6–6 से हार गए।



## जोकोविच ने स्टेडियम में दर्शकों की वापसी का जश्न जीत के साथ मनाया

रोम। दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन ओपन में दर्शकों की स्टेडियम में वापसी का जश्न एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ गुरुवार को प्रभावशाली जीत दर्ज कर मनाया। सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले में 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल में जगह पक्की की। टूर्नामेंट के शुरुआती चरणों में दर्शकों की मौजूदगी की अनुमति नहीं थी लेकिन इटली सरकार के फैसले के बाद गुरुवार से स्टेडियम में क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों को आने की मंजूरी दी गई। मैच में शानदार जीत दर्ज करने के बाद पांच बार के चैम्पियन जोकोविच ने कहा, यह सिर्फ अच्छा नहीं बल्कि शानदार था। उन्होंने कहा, दूसरे खिलाड़ियों की तरह मुझे भी दर्शकों की काफी कमी खली। यही एक कारण है कि मैंने लगातार खेलना जारी रखा है। जोकोविच का अगला मुकाबला मोंटे कार्लो के चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास या मैड्रिड ओपन के उपविजेता माटेओ बेरेटिनी से होगा।

## सेरेना ने एमिलिया–रोमागना ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड को स्वीकार किया

पार्मा। सेरेना विलियम्स ने इस सप्ताह के आखिर में यहां शुरू होने वाले एमिलिया-रोमागना ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड आमंत्रण को गुरुवार को स्वीकार कर लिया है। इटालियन ओपन की चार बार की चैम्पियन आठवीं वरीयता प्राप्त सेरेना का आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद लगभग तीन महीने के बाद यह पहला मुकाबला था। सेरेना के साथ उनकी बड़ी बहन वीनस विलियम्स ने भी इस टूर्नामेंट के वाइल्ड कार्ड आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाला पार्मा ओपन को कोरोना वायरस से प्रभावित सत्र में जोड़ा गया है। फ्रेंच ओपन से पहले खिलाड़ियों को यहां क्ले कोर्ट पर खेलने का अवसर मिलेगा।

## काउंटी चैम्पियनशिप मैच से वापसी करेंगे आर्चर

लंदन। चोट के कारण छह महीने मैदान से दूर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरुवार को काउंटी मैच के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे। आर्चर ने आखिरी बार मार्च में भारत के खिलाफ पांचवां टी20 मैच खेला था। घर में मछली का टैंक साफ करते समय उनके हाथ में कांच घुस गया था और उन्हें आपरेशन कराना पड़ा था। वह आईपीएल में भी नहीं खेलद सके जो बाद में निलंबत हो गई।

## संजू के लिए कप्तानी बहुत अच्छा अनुभव, इस भूमिका में लगातार बेहतर होता जा रहा है : बटलर

नई दिल्ली। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करना संजू सैमसन के लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा और टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभा रहा था। संजू ने 2020 सत्र में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। उन्हें जनवरी में आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ की जगह राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया था। बटलर ने वर्चुअल मीडिया सत्र में कहा, यह उसके लिए बहुत अच्छा अनुभव था और मुझे लगता है कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह इस भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने लग गया था।

## पंत को कोरोना के टीके का पहला डोज लगा



नई दिल्ली। भारत के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कोरोना के टीके का पहला डोज गुरुवार को लगवा लिया। भारत के इस 23 वर्षीय क्रिकेटर ने टीका लेते हुए अपनी तस्वीर ट्वीट की है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में हैं। उन्होंने ट्वीट किया, टीके का पहला डोज लगा लिया। अगर आप टीका लगवाने के योग्य हैं तो देर मत कीजिए। जितनी जल्दी हम टीका लगवाएंगे, वायरस को हरा सकेंगे।

## चैम्पियंस लीग का फाइनल पोर्तो में, 12000 दर्शकों को मंजूरी

लंदन। चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के बीच चैम्पियंस लीग फुटबॉल का फाइनल पोर्तो में खेला जाएगा। पुर्तगाल सरकार ने स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दे दी है। यूएफा ने की पुष्टि की कि इस मुकाबले के लिए, 12,000 दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। यह मैच 29 मई को 50000 दर्शकों की क्षमता वाले ड्रागाओ स्टेडियम में खेला जाएगा जिसमें इंग्लैंड के क्लबों के हजारों समर्थक जुटेंगे। पुर्तगाल में स्टेडियमों में दर्शकों के प्रवेश पर रोक थी।

## विक्रम सोलार ने 85 मेगावॉट के प्लांट प्रोजेक्ट के पूरे होने की घोषणा की

मुंबई। भारत के अग्रणी मॉड्यूल निर्माता और विस्तृत ईपीसी समाधान और रूफटॉप सोलर प्रदाताओं में से एक विक्रम सोलार ने उत्तर प्रदेश के कानपुर स्थित बिल्हौर में मौजूद राष्ट्रीय थर्मल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड में 85 मेगावॉट के सोलार प्लांट प्रोजेक्ट के पूरे होने की घोषणा की है। यूपी के बिल्हौर वाले नवीनतम 85 मेगावॉट के प्रोजेक्ट को अगर विक्रम सोलार के हाल ही में उसी स्थान पर स्थापित एनटीपीसी के 140 मेगावॉट प्रोजेक्ट के साथ मिलाया जाए तो 225 मेगावॉट का यह प्रोजेक्ट यूपी का एक ही स्थान पर बनाया वाला सबसे बड़ा प्रोजेक्ट है। उत्तर प्रदेश में इस प्रोजेक्ट से 200 मिलियन यूनिट्स की ऊर्जा के उत्पादन की अपेक्षा की जाती है। इस प्लांट से यह भी अपेक्षा की जाती है कि इससे 4.57 टन 2 कम होगी और इससे प्रतिवर्ष 88,905 घरों को बिजली की आपूर्ति होगी। विक्रम सोलार के मुख्य कार्यकारी अधिकारी साईबाबा वुत्तुकुरी ने इस अवसर पर कहा कि इस प्रतिष्ठित प्रोजेक्ट के लिए एनटीपीसी का साझीदार बनना हमारे लिए सम्मान की बात है।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम की घोषणा की

बरेली। सर्वोच्च स्तर की उच्च गुणवत्ता वाली सेवा मुहैया कराने की प्रतिबद्धता से संचालित टोयोटा किर्लोस्कर मोटर टीकेएम ने आज कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम 2.0 की घोषणा की। इसका मकसद अनिश्चित समय में ग्राहकों को सहायता के साथ-साथ एक भरोसे का आश्वासन देना है। सहायता को अधिकतम करने के उद्देश्य और ग्राहक सबसे पहले, के दर्शन के क्रम में कंपनी ने ढेर सारी पहल की घोषणा की है। इससे बाधामुक्त रख-रखाव और निम्नलिखित लाभ सुनिश्चित किए जा सकेंगेरू सुरक्षा प्रमुख प्राथमिकताओं में से एक हैए टीकेएम ऐसे उपाय लागू करती रही है ताकि कोविड-19 संक्रमण का फैलाव रोकने में सहायता मिले। इस कस्टमर कनेक्ट प्रोग्राम 2.0 के भाग के रूप में कंपनी टोयोटा बैक्टाक्लेंस की पेशकश कर रही है। यह एक गैर रासायनिक धूमन उपचार है और टोयोटा के साथ-साथ गैर टोयोटा वाहनों के लिए भी विशेष कीमत पर उपलब्ध है। इस मौके का लाभ उठाते हुए हम अपने ग्राहकों से यह आग्रह भी करेंगे कि घर पर रहें और सरकार द्वारा घोषित दिशा निर्देशों का पालन करें।

## बजाज ऑटो सभी प्रकार की सहायता उपलब्ध कराने का लक्ष्य

मुंबई। देश में फैली हुई कोविड महामारी की दूसरी लहर के बीच बजाज ऑटो ने आज उनके कर्मचारियों के लिए और भी ज्यादा सहायता उपलब्ध कराने की घोषणा की है। कंपनी द्वारा पिछले एक वर्ष में पहले से ही शुरू किए गए कई कार्यक्रमों के अलावा इस नवीनतम नीति की घोषणा की गई है। कोविड महामारी ने यह दर्शा दिया है कि शारीरिक तंदरुस्ती के साथ ही कर्मचारियों की मानसिक सेहत भी उतनी ही महत्वपूर्ण है और समग्र तरीके से उनकी देखभाल किए जाने की आवश्यकता है। बजाज ऑटो के मैनेजिंग डायरेक्टर राजीव बजाज ने कहा कि जब महान संत रमण महर्षि जी से यह पूछा गया कि हम दूसरों के साथ किस प्रकार का व्यवहार करें तो उनका जवाब था कोई दूसरा नहीं होता। और इसी एकरूपता की भावना के साथ बजाज ऑटो के उन विस्तारित परिवारों के लिए हम हमारी ओर से सबकुछ करेंगे जो अपने प्रियजनों को खो देने से पूरी तरह टूट गए हैं।

# अटकी परियोजनाओं के लिए उपलब्ध कराया कोष

## ● 1.16 लाख मकान खरीदारों को होगा लाभः सीतारमण

भाषा। नई दिल्ली



वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि सस्ते और मध्यम आय वर्ग के लोगों वाली परियोजनाओं के लिए कर्ज की विशेष सुविधा (एसडब्ल्यूएएमआईएच) से उन 1.16 लाख मकान खरीदरों को लाभ होगा, जिनकी आवास परियोजनाएं अंतिम चरण में कर्ज के अभाव में अटकी पड़ी हैं। इस कोष के जरिए पहली आवासीय परियोजना पूरी होने के मौके पर उन्होंने यह बात कही। देश में कई रियल एस्टेट परियोजनाएं कोष की कमी के कारण अटकी पड़ी हैं। इस मुद्दे के समाधान के लिए सरकार ने नवंबर 2019 में 25,000 करोड़ रुपए के एसडब्ल्यूएएमआईएच कोष की घोषणा की। इस पहल का मकसद 4.58 लाख आवासीय इकाई वाली अटकी पड़ी 1,500 से अधिक आवासीय परियोजनाओं को पूरा करने में मदद करना है। सीतारमण ने कहा कि 2019 रियल एस्टेट क्षेत्र के लिए कठिन वर्ष था और उद्योग नकदी संकट से जूझ रहा था जबकि बैंक फंसे कर्ज के दबाव में उन्हें ऋण देने से बच रहे थे।

## मार्च तिमाही में घरेलू शेयर बाजार में एफपीआई निवेश सात प्रतिशत बढ़कर 552 अरब डॉलर

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) के निवेश का मूल्य मार्च 2021 तिमाही में इससे पूर्व की तिमाही से सात प्रतिशत बढ़कर 552 अरब डॉलर हो गया। बाजार अध्ययन फर्म मार्निंगस्टार की एक रपट सबब के अनुसार ऐसा एफपीआई के मजबूत निवेश और भारतीय इक्विटी बाजारों के शानदार प्रदर्शन की वजह से हुआ। मार्च 2021 तिमाही के खत्म होने के साथ भारतीय शेयर बाजार में एफपीआई निवेश का मूल्य 552 अरब डॉलर रहा। यह इससे पिछली तिमाही में दर्ज किए गए 518 अरब डॉलर से ज्यादा है। वहीं वित्तीय वर्ष 2019-20 की आखिरी तिमाही में भारतीय इक्विटी में एफपीआई निवेश का मूल्य 281 अरब डॉलर था।

## बीएसई को चौथी तिमाही में 31.75 करोड़ का शुद्ध लाभ

नई दिल्ली। देश का प्रमुख शेयर बाजार बीएसई का शुद्ध लाभ वित्त वर्ष 2020-21 की चौथी तिमाही जनवरी-मार्च में 31.75 करोड़ रुपए रहा। बीएसई ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि इससे पूर्व वित्त वर्ष 2019-20 की इसी तिमाही में उसे 1.91 करोड़ रुपए का शुद्ध घाटा हुआ था। शेयर बाजार की परिचालन आय मार्च 2021 को समाप्त तिमाही में 27 प्रतिशत बढ़कर 152.18 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2020-20 की इसी तिमाही में 119.56 करोड़ रुपए थी। बीएसई के निदेशक मंडल ने वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 2 रुपए इक्विटी शेयर पर 21 रुपए का लाभांश देने की सिफारिश की है। यह शेयरधारकों की मंजूरी पर निर्भर है। पूरे वित्त वर्ष 2020-21 (जनवरी-मार्च) में बीएसई का शुद्ध लाभ 17 प्रतिशत बढ़कर 141.70 करोड़ रुपए रहा जो जो एक साल पहले 2019-20 में 120.61 करोड़ रुपए था। शेयर बाजार की परिचालन आय आलोच्य वित्त वर्ष में 11 प्रतिशत बढ़कर 501.37 करोड़ रुपए रही जो एक साल पहले 2019-20 में 450.51 करोड़ रुपए थी।

## ओएनजीसी ने विपणन मार्जिन हटाया, पर गैस कीमत कम करने से इनकार

नई दिल्ली। सार्वजनिक क्षेत्र की ऑयल एंड नेचुरल गैस कॉरपोरेशन (ओएनजीसी) ने अपने केजी बेसिन फील्ड से उत्पादित गैस पर उपयोगकर्ताओं से विपणन मार्जिन नहीं लेने को लेकर सहमति जताई है लेकिन न्यूनतम दर को कम करने से इनकार कर दिया है। कंपनी के निविदा दस्तावेज से यह जानकारी मिली है। देश की शीर्ष तेल एवं गैस उत्पादक कंपनी ओएनजीसी ने पिछले महीने केजी डीडब्ल्यूएन.98।2 ब्लॉक (केजी-डीड) से उत्पादित शुरुआती 20 लाख घन मीटर प्रतिदिन गैस बेचने को लेकर बोलियां मंगाई थी। कंपनी ने बोलीदाताओं से मौजूदा ब्रेंट क्रूड तेल की बाजार कीमत को सामने रख कर बोली लगाने को कहा था। उसने बोली के लिए न्यूनतम दर ब्रेंट क्रूड के तीन महीने के औसत मूल्य का 10.5 प्रतिशत रखा है।

## टेक्नो ने अपनी अनोखी डोरस्टेप डिलीवरी पहल को दोबारा शुरू किया

कानपुर। टेक्नो ने अपनी अनोखी डोरस्टेप डिलीवरी पहल को दोबारा शुरू किया है। यह पहल भारत में उसकी 50000 से ज्यादा दुकानों के सबसे बड़े नेटवर्क पर हो रही है ताकि उपभोक्ताओं के लिये कोविड-19 की दूसरी लहर के बीच घर से खरीदारी की सुविधाजनक पेशकश की जा सके। यह अनोखी पहल उपभोक्ताओं को उनके घरों से उनकी पसंद का टेक्नो स्मार्टफोन खरीदने की सुविधा देगी। सभी ऑर्डर्स की डिलीवरी कोविड-19 के संकट के चलते सरकार द्वारा बताये गये नियमों और दिशा-निर्देशों के अनुपालन के साथ होगी और इसके लिये उपभोक्ताओं को कोई अतिरिक्त शुल्क नहीं देना पड़ेगा। टेक्नो की इस पहल पर ट्रांसिएंस इंडिया के सीईओ अरिजीत तालापात्रा ने कहा कि कोविड 19 की मौजूदा दूसरी लहर के दौरान हमारे सहकर्मियों भागीदार नेटवर्क्स और बड़े पैमाने पर हमारे परिचालन से जुड़े समुदायों की सुरक्षा हमारे लिये सर्वोपरि है। उपभोक्ता को प्राथमिकता देने वाली हमारे ब्राण्ड के सिद्धांत के अनुसार हमने अपनी लोकप्रिय डोर-स्टेप डिलीवरी फिर से शुरू की है जिससे उपभोक्ता सुरक्षित तरीके से टेक्नो के अपने पहले उत्पाद खरीद सकेंगे और हमारे रिटेल भागीदारों का व्यवसाय भी जारी रहेगा।

## ट्रांसएशिया ने प्रदेश को 30 बीआईपीएपी वेंटीलेटर मशीन डोनेट की

लखनऊ। ट्रांसएशिया बायो मेडिकल्स लिमिटेड, भारत का प्रमुख आईनीजी प्लेयर है। यह कोविड रोगियों के त्वरित निदान, और उपचार में विभिन्न राज्य सरकारों की सक्रीयतापूर्वक मदद कर रहा है। राज्य की इस महामारी की दूसरी लहर में मदद करने के लिए, ट्रांसएशिया ने उत्तर प्रदेशभर में विभिन्न कोविड समर्पित अस्पतालों में स्थापित करने के लिए 30 बीआईपीएपी वेंटिलेटर मशीन डोनेट की है। वर्तमान समय में इन मशीनों की उपलब्धता में भारी कमी होने के बावजूद ट्रांसएशिया ने ये मशीने अपने ग्लोबल वेंडर्स से खरीदी है। विजेरानी फाउंडेशन और ट्रांसएशिया के प्रति उत्तर प्रदेश सरकार को सहायता प्रदान करने के लिए अपना आभार व्यक्त करते हुए कंचन वर्मा आईएएस एमडीए यूपीएमएसएसीएल ने कहा कि यह डोनेशन बहुत ही सामयिक है और कोविड का मुकाबला करने के लिए अत्यन्त लाभदायक सिद्ध होगा। इस सहायता के सम्बन्ध में बोलते हुए ट्रांसएशिया इरबा समूह के फाउंडर और चेयरमैन सुरेश वजीरानी ने कहा कि दूसरी लहर अत्यन्त विनाशकारी है और इसने हमारे देश के हैल्थकेयर सिस्टम पर आघात किया है। हम आशा करते हैं कि भारत में यह स्थिति शीघ्र ही काबू में होगीए परन्तु केवल आशा करने से काम नहीं चलेगा।

## 4जी डाउनलोड की रफ्तार में जियो शीर्ष पर, वोडाफोन अपलोड में सबसे आगे

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई के नवीनतम आंकड़े के मुताबिक अप्रैल में 20.1 मेगाबिट प्रति सेकेंड की डेटा डाउनलोड स्पीड के साथ रिलायंस जियो 4जी रफ्तार की सूची में शीर्ष पर था जबकि 6.7 एमबीपीएस की अपलोड रफ्तार के साथ वोडाफोन अपलोड रेट में सबसे आगे था। नियामक प्रतिद्वंद्वी वोडाफोन की तुलना में जियो की डाउनलोड की रफ्तार तीन गुना ज्यादा थी। भारतीय दूरसंचार विनियामक प्राधिकरण (ट्राई) दोनों ही इकाइयों के नेटवर्क रफ्तार का अलग-अलग आंकड़ा जारी करता है। ट्राई द्वारा 11 मई को डाले गए नए आंकड़े के मुताबिक अप्रैल में वोडाफोन की डाउनलोड की रफ्तार सात एमबीपीएस थी। इसके बाद आइडिया और भारती एयरटेल की डाउनलोड की रफ्तार क्रमश: 5.8 और पांच एमबीपीएस थी।

## भारत को 2020 में 83 अरब डॉलर का धनप्रेषण : विश्व बैंक रिपोर्ट



वाशिंगटन। विश्व बैंक की एक रिपोर्ट के अनुसार कोविड-19 महामारी के चलते वैश्विक अर्थव्यवस्था को हुए नुकसान बावजूद भारत को 2020 में विदेश से धनप्रेषण के रूप में 83 अरब अमेरिकी डॉलर की राशि मिली, जो इससे पिछले वर्ष के मुकाबले सिर्फ 0.2 प्रतिशत कम है। विश्व बैंक द्वारा बुधवार को जारी नवीनतम आंकड़ों के मुताबिक इस दौरान चीन ने 59.5 अरब डॉलर का धनप्रेषण हासिल किया, जबकि 2019 में यह आंकड़ा 68.3 अरब डॉलर था। रिपोर्ट में कहा गया कि भारत के लिए धनप्रेषण में 2020 के दौरान महज 0.2 प्रतिशत की कमी हुई और ऐसा संयुक्त अरब अमीरात से होने वाले धनप्रेषण में 17 प्रतिशत की कमी के चलते हुआ। हालांकि, इस दौरान अमेरिका से भारत को पर्याप्त राशि भेजी गई। रिपोर्ट में कहा गया है कि धनप्रेषण के लिहाज से भारत और चीन के बाद मेक्सिको (42.8 अरब डॉलर), फिलीपींस (34.9 अरब डॉलर), मिस्र (29.6 अरब डॉलर), पाकिस्तान (26 अरब डॉलर), फ्रांस (24.4 अरब डॉलर) और बांग्लादेश (21 अरब डॉलर) का स्थान है।

## सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया ने सतोशी उचिदा को कंपनी प्रमुख बनाया

नई दिल्ली। सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड (एसएमआईपीएल) ने गुरुवार को बताया कि उसने सतोशी उचिदा को अपना कंपनी प्रमुख नियुक्त किया है। एसएमआईपीएल ने एक बयान में कहा कि उचिदा ने एक मई 2021 से कोइची हिराओ की जगह ली है। उचिदा अपनी नई भूमिका में देश के नए सस्ते तलाशने और भारतीय बाजार में सुजुकी मोटरसाइकिल इंडिया की स्थिति को और मजबूत करने के लिए जिम्मेदार होंगे।

# इजराइल, हमास के बीच संघर्ष और तेज, शांति के प्रयास जारी

**एपी। गाजा सिटी (गाजा पट्टी)**

**हमास ने** इजराइल के शहरों को निशाना बनाते हुए बृहस्पतिवार को कुछ मिनटों के अंदर कई रॉकेट दागे वहीं इजराइल ने भी गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं।गाजा में लड़ाई बढ़ने के बीच संघर्ष विराम पर वार्ता के प्रयासों के तहत इजराइल के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए मिस्र का एक प्रतिनिधिमंडल तेल अवीव पहुंच गया है।

इजराइल और गाजा के हमास शासकों के बीच संघर्ष 2014 की जंग से भी बड़े स्तर पर फैल चुका है। पहले संघर्ष फलस्तीन क्षेत्र और सीमा पर बसे इजराइली समुदायों वाले इलाके तक सीमित था लेकिन इस बार यह लड़ाई यरुशलम में शुरू हुई है। कुछ रॉकेट तेल अवीव क्षेत्र को भी निशाना बनाकर दागे गए। इजराइल में भी बड़े स्तर पर हिंसा छिड़ गई है। कई शहरों में अरब और यहूदियों की भीड़ सड़कों पर आकर उपद्रव कर रही है, लोगों से बुरी तरह मारपीट कर रही है। भीड़ ने कई वाहनों में भी आग लगा दी। हिंसा के कारण देश के मुख्य हवाई अड्डे से उड़ानें भी निलंबित कर दी गई है। संघर्ष के कारण फलस्तीन के लोगों के लिए मातम के साथ रमजान के पवित्र महीने का समापन हुआ है। सोमवार से रॉकेट दागे जाने के बाद से इजराइल ने गाजा में तीन बहुमंजिला इमारतों को जमींदोज कर दिया और कहा कि इसमें हमास के कई दफ्तर थे।

गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 17 बच्चों और सात महिलाओं समेत 83 फलस्तीनियों की मौत हुई है और 480 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं। इस्लामी जेहादियों ने सात उग्रवादियों के मारे जाने की पुष्टि की है। हमास ने स्वीकार किया है कि उसके एक शीर्ष कमांडर और कई अन्य सदस्यों की मौत हुई है। वहीं, इजराइल ने कहा है कि हमास ने जितने लोगों के मारे जाने की पुष्टि की है उससे ज्यादा की मौत हुई है।



गाजा सिटी पर इजरायल द्वारा दागी गई मिसाइल के बाद विध्वंस का एक दृश्य

इजराइल में भी सात लोगों की मौत हुई है। टैंक रोधी मिसाइल के हमले में एक सैनिक की मौत हो गई और रॉकेट के हमले में छह वर्षीय बच्चे की भी मृत्यु हो गई। संघर्ष विराम के लिए आए मिस्र के प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले गाजा पट्टी में हमास के अधिकारियों से वार्ता की और उसके बाद इजराइल की सीमा में पहुंचे। मिस्र दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता का प्रयास कर रहा है। इस्लामी उग्रवादी समूह ने भी पीछे हटने का कोई संकेत नहीं दिया है और उसने इजराइली शहरों में सैकड़ों रॉकेट दागे।

वार्ताकारों की मौजूदगी के बावजूद गाजा के उग्रवादियों ने एक साथ करीब 100 रॉकेट दागे जिससे इजराइल के दक्षिणी और मध्य शहरों में हवाई हमले के सायरन बज उठे। नुकसान या हताहत होने के बारे में फिलहाल कोई खबर नहीं मिली है। लेकिन हमले का उद्देश्य यह दिखाना है कि हमास के पास अभी काफी आयुध भंडार हैं। महज तीन दिन में दोनों पक्षों के बीच लड़ाई ने 2014 के उस विध्वंसक युद्ध की याद दिला दी जो 50 दिन तक चला था।

इस लड़ाई ने इजराइल में दशकों बाद भयावह यहूदी-अरब हिंसा को जन्म दिया है। इजराइल ने सुबह होते ही कई हवाई हमले किए और गाजा में दर्जनों ठिकानों को निशाना बनाया। बुधवार को भी हवाई हमले जारी रहे थे जिससे हवा में धुएं का गुबार बन गया। यह संघर्ष ऐसे वक्त चल रहा है जब मुस्लिमों के लिए रमजान का पवित्र महीना खत्म होने के बाद ईद मनाई जा रही है। हमास ने लोगों से खुले स्थान के बजाए, अपने घरों के भीतर ही या निकटवर्ती मस्जिदों में ईद की नमाज अदा करने का आग्रह किया है।इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू डोम मिसाइल प्रतिरक्षा प्रणाली का जायजा लेने पहुंचे। सेना ने कहा है कि इस प्रतिरक्षा प्रणाली ने गाजा से दागे गए 1200 रॉकेट में 90 प्रतिशत को गिरा दिया गया। हमास ने कहा है कि उसने गाजा से सबसे शक्तिशाली रॉकेट अयाश दागे। इजराइली मीडिया ने कहा कि यह रॉकेट रेगिस्तानी इलाके में गिरा।

संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने गाजा में असैन्य इलाकों से इजराइली आबादी वाले इलाकों की ओर अंधाधुंध रॉकेट दागे जाने की निंदा की लेकिन साथ ही उन्होंने इजराइल से अधिक से अधिक संयम बरतने का भी अनुरोध किया। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने नेतन्याहू को फोन कर इजराइल के अपने प्रतिरक्षा के अधिकार का समर्थन किया। वहीं, अमेरिका के विदेश मंत्री एंटनी जे. ब्लिंकन ने नेतन्याहू से इजराइल के अपनी रक्षा करने के अधिकार का समर्थन करने का आह्वान किया और कहा कि वह तनाव खत्म करने की कोशिश के तहत एक वरिष्ठ राजनयिक को भेज रहे हैं।

## धमाके में घायल मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इलाज के लिए जर्मनी रवाना

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को बृहस्पतिवार को यहां अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और आगे के उपचार के लिए वह जर्मनी रवाना हो गए हैं। नशीद (53) पिछले सप्ताह एक धमाके में घायल हो गए थे और अधिकारियों ने हमले के लिए मुस्लिम चरमपंथियों को जिम्मेदार ठहराया है। हमले में उनके दो अंगरक्षक और दो राहगीर भी घायल हो गए थे। नशीद के सिर, छाती, पेट और कई अंगों की सर्जरी भी की गई है। माले स्थित एडीके अस्पताल ने बृहस्पतिवार को बताया कि नशीद को अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और स्वास्थ्य लाभ के लिए वह विदेश जा रहे हैं। पूर्व राष्ट्रपति के भाई नजीम सत्तार ने बताया कि नशीद जर्मनी गए हैं।भारी सुरक्षा के बीच, नशीद को एम्बुलेंस में हवाई अड्डे पर लाया गया और फिर एक विशेष विमान तक पहुंचाया गया। नशीद (53) मालदीव में पहली बार लोकतांत्रिक रूप से राष्ट्रपति चुने गए थे। वह 2008 से 2012 तक राष्ट्रपति थे।

## ब्रिटेन में कोविड-19 स्तर में कमी

**भाषा। लंदन**

**ब्रिटेन में** कोरोना वायरस से संक्रमित लोगों की संख्या में पिछले महीने कम होकर करीब आधी हो गई है जो कि पिछले वर्ष के बाद से कोविड-19 के मामलों का सबसे कम स्तर है।

द इंपीरियल कॉलेज लंदन के नेतृत्व में सामुदायिक संक्रमण का वास्तविक समय आकलन (आरईएसीटी-1) अध्ययन ऐसे समय किया गया है जब यह बात सामने आई कि भारत में सामने आए कोविड-19 के नए प्रकार पर सरकार के वैज्ञानिक सलाहकार समूह (एसएजीई) द्वारा चर्चा करने को लेकर के लिए बृहस्पतिवार को एक समीक्षा बैठक की जानी है। कोविड-19 के इस नए प्रकार के बारे में ब्रिटेन के प्रधानमंत्री बोरिस जॉनसन ने संसद कहा था कि यह बेहद चिंता उत्पन्न करने वाला है क्योंकि यह पिछले साल ब्रिटेन के कैंट काउंटी में पहली बार सामने आए प्रकार की तुलना में काफी अधिक संक्रामक हो सकता है।कोविड-19 का नया प्रकार बी.1.617.2 भारत में पहली बार ज्ञात उत्परिवर्तन के तीन उप-प्रकारों में से एक है।ब्रिटेन के विदेश मंत्री जेम्स क्लेवरली ने कहा, एसएजीई के वैज्ञानिक अपना आकलन करेंगे, वे सरकार को जानकारी देंगे और हम आंकड़ों और उनके द्वारा दिए गए सबूतों के आधार पर निर्णय लेंगे। ऐसी आशंका है कि पूर्ण लॉकडाउन ढील को लेकर ब्रिटेन सरकार की रूपरेखा एसएजीई विश्लेषण से प्रभावित हो सकती है।

यूरोपीय मेडिसिन एजेंसी ने कहा है कि वह इसको लेकर बहुत आश्वस्त है कि वर्तमान में उपयोग में आने वाले टीके कोविड के प्रकार बी.1.617.2 के खिलाफ प्रभावी हैं, जो इस स्तर पर ब्रिटेन में वैज्ञानिकों का दृष्टिकोण बना हुआ है।इस बीच, 15 अप्रैल से 3 मई के बीच किए गए आरईएसीटी-। अध्ययन से पता चलता है कि वर्तमान में 0.1 प्रतिशत आबादी संक्रमित है, या।,000 में से एक व्यक्ति संक्रमित है।

# सरकार गठन के लिए बहुमत जुटाने में नाकाम रहा विपक्ष

**भाषा। काठमांडू**

● केपी शर्मा ओली फिर से बने प्रधानमंत्री

**नेपाली कांग्रेस** तथा नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (माओवाद मध्य) का विपक्षी गठबंधन अगली सरकार बनाने के लिए बहुमत हासिल करने में नाकाम रहा है, ऐसे में केपी शर्मा ओली के एक बार फिर देश का प्रधानमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया और उन्हें प्रधानमंत्री नियुक्त भी कर दिया गया। ओली सोमवार को प्रतिनिधि सभा में विश्वास मत साबित करने में नाकाम रहे थे, जिसके बाद राष्ट्रपति विद्या देवी भंडारी ने विपक्षी दलों को सरकार गठन के लिए बृहस्पतिवार रात नौ बजे तक का समय दिया था। सूत्रों ने कहा कि चूंकि विपक्षी दल संविधान के अनुच्छेद 76 (2) के तहत सरकार गठन का दावा पेश करने में नाकाम रहे हैं, ऐसे में राष्ट्रपति भंडारी आज रात अनुच्छेद 76 (3) के तहत ओली (69) को दोबारा प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकती हैं। नेपाली कांग्रेस के अध्यक्ष शेर बहादुर देउबा को सीपीएन माओवाद के अध्यक्ष पुष्पकमल दल प्रचंड का समर्थन मिल गया था, लेकिन वह जनता समाजवादी पार्टी (जेएसपी) का समर्थन हासिल करने में नाकाम रहे। जेएसपी के अध्यक्ष उपेन्द्र यादव ने देउबा को समर्थन का आश्वासन दिया था लेकिन पार्टी के एक और अध्यक्ष महंत ठाकुर ने इस विचार को खारिज कर दिया। निचले सदन में नेपाली कांग्रेस के पास 61 और माओवाद (मध्य) के पास 49 सीटें हैं। इस प्रकार उनके पास 110 सीटें हैं, लेकिन बहुमत के आंकड़े से कम हैं। फिलहाल सरकार गठन के लिए 136 मतों की जरूरत है। सदन में जेएसपी की 32 सीटें हैं। यदि जेएसपी समर्थन दे देती तो देउबा को प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने का अवसर मिल जाता। यूएमएल के पास 275 सदस्ईय सदन में 121 सीटें है। माधव नेपाल के धड़े वाले 28 सांसदों ने कार्यवाहक प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली



केपी शर्मा ओली

और माधव के बीच बृहस्पितवार को समझौता होने के बाद अपनी सदस्यता से इस्तीफा नहीं देने का निर्णय लिया। ओली ने माधव समेत यूएमएल के चार नेताओं के खिलाफ कार्वाई का फैसला वापस लेते हुए उन्हें उनकी मांगें माने जाने का आश्वासन दिया। यदि यूएमएल के सांसद इस्तीफा दे देते तो प्रतिनिधि सभा में सदस्यों की संख्या घटकर 243 रह जाती, जो फिलहाल 271 है। ऐसे में सरकार गठन के लिए केवल 122 मतों की दरकार होती। इससे पहले, नई सरकार के गठन को लेकर राजनीतिक दलों के बीच दिन भर ऊहापोह की स्थिति रही। सीपीएन-यूएमएल के माधव कुमार नेपाल-झालानाथ खनल धड़े से संबंध रखने वाले सांसद भीम बहादुर रावल ने गतिरोध खत्म करने के लिए मंगलवार को दोनों नेताओं के करीबी सांसदों से नई सरकार का गठन करने के लिए संसद सदस्यता से इस्तीफा देने का आग्रह किया। रावल ने बुधवार को ट्वीट किया कि ओली नीत सरकार को गिराने के लिए उन्हें संसद सदस्यता से इस्तीफा देना चाहिए। उन्होंने लिखा, असाधारण समस्याओं के समाधान के लिए असाधारण कदम उठाए जाने की जरूरत होती है। प्रधानमंत्री ओली को राष्ट्रीय हितों के खिलाफ अतिरिक्त कदम उठाने से रोकने के लिए उनकी सरकार गिराना जरूरी है। इसके लिए हमें संसद की सदस्यता से इस्तीफा देना चाहिए। राजनीतिक नैतिकता और कानूनी सिद्धांतों के लिहाज से ऐसा करना उचित है।

## क्विक न्यूज

### नेपाली पर्वतारोही ने एक मौसम में सबसे कम समय में दो बार एवरेस्ट पर चढ़ाई का विश्व रिकॉर्ड बनाया

काठमांडू। नेपाल के 43 वर्षीय पर्वत गाइड मिंगमा तेन्जी शेरपा ने एक मौसम में सबसे कम समय में दो बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को आयोजकों ने दी।पूर्वी नेपाल के शंखुवासभा जिले का निवासी शेरपा पहली बार सात मई की शाम को एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचा और फिर 11 मई की सुबह दूसरी बार दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ पर पहुंच गया। पर्वतारोहण का आयोजन करने वाले सेवन समिट ट्रेक्स के अध्यक्ष मिंगमा शेरपा ने यह जानकारी दी। मिंगमा ने बताया, वह महज चार दिनों के अंदर एवरेस्ट के शिखर पर दो बार पहुंचा जो एक विश्व रिकॉर्ड है। इससे पहले भारतीय पर्वतारोही अंशु जामसेनपा ने 2017 में 118 घंटे 15 मिनट के अंदर दो बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर रिकॉर्ड बनाया था। बहरहाल, किसी महिला पर्वतारोही का यह रिकॉर्ड अब भी उनके नाम है।

### संघीय एजेंसियों की साइबर सुरक्षा बढ़ाने के लिए बाइडन ने शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया

रिचमॉन्ड (अमेरिका),। अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने हैकिंग की कई घटनाओं के बाद देश की साइबर सुरक्षा को मजबूती देने के इरादे से एक शासकीय आदेश पर हस्ताक्षर किया है। हैकिंग की ये बड़ी घटनाएं काफी सुर्खियो में रही थी। इन घटनाओं से यह पता चला है कि देश का सार्वजनिक और निजी क्षेत्र अपराधियो और हाईटेक जासूसों का कितना आसानी से निशाना बन सकता है। राष्ट्रपति ने आदेश पर बुधवार को हस्ताक्षर किया। इसके तहत सभी संघीय एजेंसियो के लिए मूलभूत साइबर सुरक्षा उपायों का इस्तेमाल करना जरूरी होगा और संघीय सरकार के साथ अनुबंधित सॉफ्टवेयर निर्माताओं के लिए नए सुरक्षा मानक आवश्यक होंगे। अधिकारी सभी तरह के सॉफ्टवेयर की सुरक्षा में सुधार के लिए संघीय सरकार से खर्च वहन की उम्मीद कर रहे है। संघीय एजेंसियो पर रूसी साइबर हमले और निजी कंपनियों पर रैनसमवेयर हमले को लेकर प्रशासन द्वारा आलोचना किए जाने के बीच यह आदेश सामने आया है। साइबर हमले के कारण अमेरिका के एक प्रमुख ईंधन पाइपलाइन को अपनी सेवा रोकनी पड़ी थी जिसकी वजह से अब भी दक्षिण पूर्व मे गैस की कमी है। अमेरिका ने संघीय एजेंसियो को निशाना बनाकर की गई हैकिंग की घटना के बाद पिछले महीने क्रेमलिन (रूस के राष्ट्रपति कार्यालय) पर प्रतिबंध लगाया था। इस घटना को सोलर विंड्स ब्रीच के नाम से जाना जाता है।

### अमेरिका ने धार्मिक स्वतंत्रता के दमन के लिए चीन और अन्य पर निशाना साधा

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी विदेश नीति मे प्राथमिक ध्यान मानवाधिकारो की बहाली पर देने के लक्ष्य पर आगे बढ़ने के क्रम में धार्मिक स्वतंत्रता के दमन के लिए चीन और कई अन्य देशों पर बुधवार को निशाना साधा। यह निंदा उसी तरह की है जो ट्रंप प्रशासन ने भी की थी जिसकी आलोचना अन्य अधिकारों से ज्यादा तवज्जो धार्मिक स्वतंत्रता को देने के लिए की जाती थी। यह कदम अमेरिकी स्थिति की फिर से पुष्टि करता है कि मुस्लिमो पर और पश्चिमी शिनजियांग मे अन्य धार्मिक अल्पसंख्यको पर चीन की कार्वाई नरसंहार के दायरे मे आती है। हालांकि, एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि धार्मिक स्वतंत्रता, प्रशासन के व्यापक मानवाधिकार रणनीति का महज एक तत्व है। विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन ने मंत्रालय की वार्षिक अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट का हवाला देकर चीन की अपने नागरिको को स्वतंत्र रूप से उपासना करने की अनुमति न देने के लिए निंदा की। इसके अलावा उन्होंने पूर्व वरिष्ठ चीनी अधिकारी पर यात्रा प्रतिबंध लगा दिया है जिन पर अमेरिका ने फालुन गोंग धार्मिक पंथ के सदस्यो का दमन करने का आरोप लगाया है।

### संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने यमन में संघर्ष विराम का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने यमन मे संघर्ष रोकने का आह्वान करते हुए कहा है कि टिकाऊ संघर्ष विराम और राजनीतिक वार्ता से ही अरब जगत के इस सबसे गरीब मुल्क मे छह साल से चल रही जंग खत्म हो पाएगी। अशांति-अस्थिरता का माहौल खत्म करने का आह्वान करते हुए सुरक्षा परिषद ने बुधवार को संकेत दिया कि यमन के तेल से संपन्न मारिब प्रांत में ईरान समर्थित शिया हूती विद्रोही भड़कावे की कार्वाई कर रहे है। हमलों के कारण 2015 से करीब 10 लाख लोगो को दूसरी जगह विस्थापित होना पड़ा है। परिषद के बयान जारी करने के पहले संयुक्त राष्ट्र के विशेष दूत मार्टिन ग्रिफिट्स ने संवाददाता सम्मेलन को संबोधित किया।



इंग्लैंड के वाल्वेरहेम्पटन में अपने भ्रमण कार्यक्रम के दौरान पौधे रोपित करतें ब्रिटेन के राजकुमार प्रिंस विलियम व उनकी पत्नी केट

भारत ने चीन से कहा ,मालवाहक विमानों की आवृत्ति बहाल करें

## कोविड-19 की चिकित्सा आपूर्तियों की कीमतें बढ़ने से रोकें

**भाषा। बीजिंग**

**भारत ने** देश में कोविड-19 की लहर से निपटने में लगे निजी भारतीय व्यापारियों द्वारा चीनी उत्पादकों से खरीदी जा रही आवश्यक चिकित्सा आपूर्तियों की कीमतों में तेज होती वृद्धि को रोकने में चीन से मदद करने और सतत आपूर्ति श्रृंखला को बरकरार रखने के लिए मालवाहक विमान सेवाओं की सामान्य आवाजाही को बहाल करने को कहा है।

हांगकांग में भारत की महावाणिज्य दूत प्रियंका चौहान ने कहा कि ऑक्सीजन सांद्रकों जैसी चिकित्सीय आपूर्तियों की बढ़ती कीमतों और भारत आने वाले मालवाहक विमानों में व्यवधान से चिकित्सा सामग्रियों के आगमन की गति धीमी हो रही है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के साथ एक साक्षात्कार में चौहान ने बुधवार को कहा, मैं यह कहना चाहती हूं कि इस वक्त हमारी आकांक्षा यह है कि आपूर्ति श्रृंखला खुली रहे और उत्पाद की कीमतें स्थिर रहें। उन्होंने हांग कांग के समाचार-पत्र से कहा, भले ही आपूर्ति-मांग का थोड़ा बहुत दबाव है, लेकिन उत्पाद की कीमतों में कुछ स्थिरता और पूर्वानुमान तो होना चाहिए। चौहान ने कहा, और सरकारी स्तर का समर्थन एवं प्रयास का भाव भी दिखना चाहिए। मेरे पास इस बात की जानकारी नहीं है कि चीनी सरकार का इस मामले में कितना प्रभाव हो सकता है लेकिन अगर वे प्रभाव डाल सकते हैं, तो इसका स्वागत किया जाएगा। उनकी ए टिप्पणियां निजी भारतीय व्यापारियों द्वारा अत्यावश्यक चिकित्सीय आपूर्तियों खासकर ऑक्सीजन सांद्रकों के आयात के लिए की जा रही कोशिशों की पृष्ठभूमि में आई है ताकि अस्पतालों में हो रही कमी को दूर किया जा सके।

# अमेरिका के 57 सांसदों ने बाइडेन से भारत को और सहायता देने का अनुरोध किया



**भाषा। वाशिंगटन**

● पत्र मे सांसद शेरमन ने कहा, भारत में कोविड-19 का हालिया प्रकोप एक मानवीय संकट है जिसमें हमें सहायता देने की जरूरत है

**अमेरिका के** 57 सांसदों ने राष्ट्रपति जो बाइडन को पत्र लिखकर भारत को दी जाने वाली कोविड-19 सहायता बढ़ाने का अनुरोध किया है।

बाइडन को बुधवार को भेजे पत्र में सांसदों ने लिखा है, संक्रमण के मामलों में तेजी से हुई वृद्धि के कारण भारत के स्वास्थ्य क्षेत्र पर भार बहुत अधिक बढ़ गया है। वायरस को खत्म करने के लिए हमें अपनी ओर से प्रयास करने चाहिए। कांग्रेशनल इंडिया कॉकस में अध्यक्ष ब्रेड शेरमन ने कहा, भारत में कोविड-19 की दूसरी भयावह लहर को लेकर हमें बहुत अधिक चिंता है। भारत वैश्विक महामारी कोविड-19 का केंद्र बन गया है। आज का दिन भारत के लिए बहुत कष्टदाई रहा है, वहां 4,205 लोगों की मौत हो गई और इन्हें मिलाकर अब तक 2,50,000 से अधिक लोग जान गंवा चुके हैं। पत्र में शेरमन ने कहा, भारत में कोविड-19 का हालिया प्रकोप एक मानवीय संकट है जिसमें हमें सहायता देने की जरूरत है। जब तक भारत में कोविड कहर बरपाता रहेगा तब तक वायरस के नए स्वरूपों की उत्पत्ति का जोखिम भी बना रहेगा जो टीकाकरण करवा चुके अमेरिकी लोगों के लिए भी एक गंभीर खतरा हो सकता है। उन्होंने कहा कि भारत को अतिरिक्त चिकित्सा उपकरणों, आपूर्तियों और अन्य आवश्यक संसाधनों की आवश्यकता है। इसके साथ ही पत्र में प्रशासन से अनुरोध किया गया कि भारत को ऑक्सीजन सिलेंडर, ऑक्सीजन सांद्रक, ऑक्सीजन जनरेटर संयंत्र, क्रायोजेनिक ऑक्सीजन टैंकर, रेमडेसिविर, वेंटिलेटर आदि भेजे जाएं। पत्र में कहा गया कि भारत में सभी का टीकाकरण हो यह अमेरिका के हित में है, अत: भारत को टीके उपलब्ध करवाए जाने चाहिए।

# 'अमेरिका मानवाधिकार के मुद्दों पर भारतीय अधिकारियों से नियमित वार्ता करता है'

**भाषा। वाशिंगटन**

**अमेरिका भारत** को लोकतांत्रिक मूल्यों की भारत की पुरानी परंपरा एवं सहिष्णुता के इतिहास को ध्यान में रखते हुए भारतीय अधिकारियों से हर स्तर पर नियमित रूप से वार्ता करता है और उन्हें अल्पसंख्यकों के संरक्षण समेत मानवाधिकार दायित्वों एवं प्रतिबद्धताओं को बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित करता है। अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता मामलों के प्रभारी वरिष्ठ अधिकारी ने यह बात कही है।

अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकेन द्वारा 2020 अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्ट को बुधवार को प्रस्तुत किए जाने के दौरान, अंतरराष्ट्रीय धार्मिक स्वतंत्रता कार्यालय के वरिष्ठ अधिकारी डैन नाडेल ने कहा कि अमेरिकी अधिकारी नागरिक संगठनों, स्थानीय धार्मिक समुदायों के साथ भी लगातार बैठक करते हैं ताकि उनके विचार एवं चुनौतियों और अवसरों को समझ सके। रिपोर्ट में देश में कोविड-19 की पहली लहर के मद्देनजर पिछले साल तबलीगी जमात के सदस्यों को निशाना बनाए जाने के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा दिए गए एकता एवं भाईचारे के संदेश पर भी गौर किया गया। विदेश मंत्रालय ने कहा, प्रधानमंत्री मोदी ने 19 अप्रैल को ट्वीट किया था, कोविड-19 वार करने से पहले धर्म, नस्ल, रंग, जाति, समुदाय, भाषा या सीमाएं नहीं देखता है। हमारा व्यवहार एवं प्रतिक्रिया में एकता एवं भाईचारे को अहमियत दी जानी चाहिए।

वार्षिक रिपोर्ट के भारतीय खंड में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख मोहन भागवत के 26 अप्रैल के राष्ट्र के नाम ऑनलाइन संबोधन का भी उल्लेख है जिसमें उन्होंने लोगों से कोविड-19 के खिलाफ जंग में किसी से भेदभाव नहीं करने की अपील की थी।नाडेल ने कहा कि भारत सरकार को अमेरिका के कुल प्रोत्साहन की बात करें तो वह इन समुदायों को, इन बाहरी तत्वों को प्रत्यक्ष संवाद में शामिल करता है। उन्होंने कहा, क्योंकि जब कानून पारित किए जाते हैं, जब पहल की जाती हैं और इन समुदायों के साथ प्रभावी राय-विचार के साथ नहीं किया जाता, यह नि:सशक्तीकरण का भाव पैदा करता है कई बार विरक्ति का। और इससे निपटने का सबसे अच्छा तरीका है सरकारी एवं नागरिक संस्थाओं के बीच सीधा संवाद स्थापित करना।

नाडेल ने कहा, इसलिए भारत के संबंध में, मेरे विचार में सरकार के लिए भारतीय नागरिक संस्थाओं की कुछ चिंताओं से निपटने का सही में मौका है जो अधिक संवाद एवं अधिक वार्ता से संभव है।

भारत इससे पहले यह कहकर अमेरिका धार्मिक स्वतंत्रता रिपोर्टों को खारिज करता रहा है कि वह विदेशी सरकार का उसके नागरिकों के संवैधानिक रूप से संरक्षित अधिकारों पर फैसला सुनाने का कोई अधिकार नहीं समझता है। इससे पहले रिपोर्ट जारी करते हुए ब्लिंकेन ने कहा था कि पूरी दुनिया में यहूदियों के खिलाफ और कुछ हिस्सों में मुस्लिमों के खिलाफ भी नफरत बढ़ी है जो अमेरिका के साथ ही यूरोप के लिए गंभीर समस्या है।

उन्होंने कहा कि जहां भी यह हो रहा हो इसका पुरजोर विरोध किया जाना चाहिए और यह सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि सभी धर्म एवं पृष्ठभूमि के लोगों को बराबर सम्मान एवं गरिमा मिले।रिपोर्ट का स्वागत करते हुए फेडरेशन ऑफ इंडियन अमेरिकन क्रिश्चियन ऑर्गेनाइजेशन के अध्यक्ष कोशी जॉर्ज ने कहा कि कोरोना वायरस लॉकडाउन के दौरान भी इसाइयों और अन्य धार्मिक अल्पसंख्यकों का दमन जारी है। उन्होंने कहा, इन अहम मुद्दों पर प्रधानमंत्री मोदी की चुप्पी निराश करने वाली है।

## कोविड-19 : भारत की सहायता के लिए अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन ने जुटाए 2.5 करोड़ डॉलर

**एजेंसी। वाशिंगटन**

**कोविड-19** वैश्विक महामारी की दूसरी लहर से जूझ रहे भारत की सहायता के लिए एक भारतीय-अमेरिकी गैर लाभकारी संगठन ने 2.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है। संगठन के पदाधिकारियों ने इस बारे में बताया।अमेरिकन इंडिया फाउंडेशन (एआईएफ) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निशांत पांडे ने पीटीआई को बुधवार को बताया, हम 5,500 ऑक्सीजन सांद्रक, 2,300 बेड, 25 ऑक्सीजन संयंत्र और 30,000 वेंटिलेटर भेजना चाहते हैं और इसके लिए हमने ऑर्डर भी दे दिया है। एआईएफ की स्थापना गुजरात में भूकंप के बाद पूर्व राष्ट्रपति बिल क्लिंटन और तत्कालीन प्रधानमंत्री दिवंगत अटल बिहारी वाजपेई की पहल से हुई थी। संस्था ने अब तक 2.5 करोड़ डॉलर की राशि जुटाई है जो किसी भारतीय अमेरिकी संस्था द्वारा जुटाई गई सबसे अधिक राशि है।

# एक अंतरंग रिश्ता

## सीमित तरीके से मनाए जा रहे ईद के त्यौहार को रंग देने के लिए फैशन जगत ने कई अद्भुत सेलिब्रिटी लुक्स तैयार किए हैं।

**यह ईद,** जैसा कि हम जानते हैं कि इसमें मनाए जाने वाले उत्सव अधिक अंतरंगतापूर्ण होते हैं, फैशन बिरादरी ने आपके लिए स्टाइलिश और शानदार सेलिब्रिटी लुक की एक श्रृंखला को क्यूरेट किया है। अपने उत्सव के मूड को बढ़ावा देने के लिए फ्यूज़ फ्री सिल्हूट से लेकर रंगों तक, बहुमुखी संग्रह किए हैं और उन्हें पैसे के लिए स्थिरता और मूल्य दोनों को आश्वस्त करने के लिए कई तरीकों से शैलीबद्ध किया जा सकता है।

### परफेक्ट पोटलीस
**ब्रांड : लवटोबग**



■ काले धातु के मोती की पोटली अभिनेत्री शनाया कपूर को प्रभावित करती है। यह सुरुचिपूर्ण और कालातीत है, कला का यह टुकड़ा हाथ से कशीदाकारी पैटर्न में महीन मोती के साथ कढ़ाई है।



■अभिनेत्री सुरवीन चावला ने पंचांग की पोटली को इलान के साथ पेश किया। ला बेले ओपोक नामक फ्रांसीसी इतिहास में सुनहरे काल की अस्पष्टता से प्रेरित, यह पोटली जापानी बगले मोतियों के साथ हाथ से कशीदाकारी है। तटस्थ स्वरों में टियरेड लटकन डिजाइन में एक विंटेज स्पर्श जोड़ता है।

इसे सही तरीके से स्टाइल करें : काली धातु की मोती की पोटली और पैनकेक पोटली को स्लिंग पाउच या छोटे क्लासिक हैंडबैग के रूप में स्टाइल किया जा सकता है और इसे अलंकृत लवटोबैग हैंडल के साथ जोड़ा जा सकता है। पोटली को भारतीय और पश्चिमी संगठनों की एक सरणी के साथ सजाया जा सकता है। आप इसे अपने नीले डेनिम, क्लासिक ब्लाउज, मैक्सिस और शाम के पहनावे के साथ स्लिंग बैग के रूप में ले सकते हैं। यह भी एक क्लासिक और समकालीन रूप दर्शाता है जब लहंगे और साड़ी जैसे पारंपरिक भारतीय पोशाक के साथ रखा जाता है।

### अनारकली पोशाक
**ब्रांड : गुलाबो जयपुर**

■अभिनेत्री करिश्मा कपूर लाल सूफी अनारकली पहने नजर आती हैं। जब आरामदायक होना सबसे महत्वपूर्ण है, तो यह खूबसूरत लाल ब्लॉक मुद्रित कपास अनारकली खास नजर आता है जब चिकन पैंट और एक ऑर्गेना दुपट्टा के साथ जोड़ा जाता है।

■सोनाक्षी सिन्हा द्वारा पहना गया सोना ब्लू अनारकली सेट शांत, फैशनेबल और शानदार है। यह कॉटन अनारकली सेट ऑफ-व्हाइट चिकन पैंट और हाथ से काम किए डोरिया दुपट्टे के साथ आता है।







■अभिनेत्री मिथिला पालकर सुहाना सेट में नजर आती हैं। एक परफेक्ट फेस्टिव लुक, यह ब्लू जॉर्जेट आउटफिट एंब्रॉयडरी ऑर्गेना दुपट्टे के साथ टीम में स्टनिंग लगता है।

**इसे सही से स्टाइल करें :** तीनों अनारकली - लाल सूफी, सोना नीला और सुहाना दिन या रात के अवसर के लिए पहना जा सकता है। जबकि सुहाना और सोना ब्लू सेट को एक उच्च बन और झुमके के साथ स्टाइल किया जा सकता है, आप अपने बालों को लाल सूफी अनारकली के लिए खुला छोड़ सकती हैं, और एक पतली श्रृंखला के साथ छोटे स्टड बालियों के साथ लुक को पूरा कर सकती हैं।







### एम्ब्रायडरी अपनाना
**ब्रांड : गुलाबी शहर**

■अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा तीन टुकड़ों के पहनावे में लिपटी हुई नज़र आती हैं, जिसमें हॉट पिंक कुर्ता, धोती पैंट और गोटा वर्क के साथ एक ओम्ब्रे बंधनी दुपट्टा सुशोभित है।

■डोरी वर्क की कढ़ाई को टीवी अभिनेता गौहर खान द्वारा पहने गए इस फिट-फिट टॉप पर खूबसूरती से रखा गया है। मटका सिल्क में निर्मित, शीर्ष को धोती पैंट और सीमा विस्तार के साथ एक केप के साथ जोड़ा गया है।

■अभिनेत्री मौनी रॉय इस लाल रेशमी चंदेरी कुर्ते में उत्सव मनाती हैं, जिसमें शेवरॉन जरदोजी कढ़ाई के साथ फर्शी पैंट और एक बंदनी दुपट्टा है।

**इसे सही ढंग से स्टाइल करें :** तीनों पोशाक को दिन या रात के कार्यों के दौरान पहना जा सकता है। प्रत्येक पोशाक पर कढ़ाई अपने आप में एक स्टाइल स्टेटमेंट है और एक शानदार और स्टाइलिश लुक देता है।

### बिंदु पर प्रिंट
**ब्रांड - दृष्टि और ज़हाबिया**


■ एन अभिनेत्री डायना पेंटी इकत-प्रेरित काफ्टान सेट के साथ नजर आती हैं। चंदेरी रेशम में निर्मित, पोशाक जीवंत रंगों और बोहेमियन दर्पण और धागे के काम को एक आधुनिक मोड़ के साथ बयां करती है।

■ अभिनेत्री हिना खान सुंदर चेरी लाल में प्रिंट जैकेट सेट पर प्रिंट करती हैं। कलाकारों की टुकड़ी में सोने के एक स्पर्श, एक ज्यामितीय प्रिंट भीतरी और सीधे फिट टखने लंबाई पैंट को जोड़ने के लिए गर्दन और केंद्र के सामने नाजुक जरदोजी के साथ एक पुष्प मिक्स-प्रिंट काली जैकेट शामिल हैं।

**इसे सही स्टाइल करें :** काफ्टान को चंकी ऑक्सीडाइज़्ड ज्वैलरी या हूप इयररिंग्स के साथ स्टाइल करें। प्रिंट-ऑन-प्रिंट के रूप में, आप इसे झुमकों या चंदबाला के साथ जोड़ सकते हैं।

उत्सव के मौसम के लिए बहुमुखी प्रतिभा और आराम के साथ खुद को स्टाइल करें।





### सुदरताएं
**ब्रांड : प्रेरणा राजपाल का अमरियां ब्रांड**

■ टाइम टर्नर चोकर अनुग्रह और रॉयल्टी का एक प्रतीक है। कीमती पत्थरों और मुगल रूपांकनों का एक नमूना, डिजाइन जटिल शिल्प कौशल का जश्न मनाता है। कला के इस टुकड़े को पहने हुए हैं अभिनेत्री दीपिका पादुकोण। यदि आप करीब से देखते हैं तो आप तीन रूसी पन्नों को केंद्र में ले जाते देख सकते हैं। यह टुकड़ा बिना कटे हीरे, मोती और तंजनाइट के साथ है और पेस्टल कलर टोन एक क्लासिक और लोभी लुक देता है।

■ अभिनेत्री कियारा आडवाणी निजाम चोकोर में तेजस्वी लग रही है, जो मुगलों के रोमांस पर ध्यान देती है। कला के इस टुकड़े में एक 35-कैरेट ज़ांबियन नक्काशीदार पन्ना है जो एक खुले पोल्की सेटिंग में बिना हीरे के घिरा हुआ है।

■ मीरा कपूर द्वारा पहनी गई नीली क्रांति एक कालातीत सौंदर्य है। डिजाइन विवरण में एक नीलमणि, एक राजकुमारी कट और मार्की के आकार के हीरे शामिल हैं। स्वच्छ कट लाइनों के साथ एक आधुनिक दिन का टुकड़ा, अंगूठी आपकी अंगूठी अलमारी में गर्मी और रंग लाएगा।







**इसे सही ढंग से स्टाइल करें :** टाइम टर्नर चोकर इंडो-वेस्टर्न गाउन, प्री-प्लेड साड़ी या सम-सामयिक चीजों के सेट के साथ अच्छी तरह से खिलता है। नीले रंग की क्रांति की अंगूठी के साथ उत्सव में रिंग करें और इसे हरे या गहरे पीले रंग के वेस्टर्न आउटफिट या प्री-प्लेड साड़ी के साथ पेयर करें। निज़ाम चोकर के समकालीन लुक और एहसास को ध्यान में रखते हुए, यह बोल्ड नेकलाइन ब्लाउज पर स्टनिंग लग रहा है और हरे और आइवरी आउटफिट के साथ खड़ा है।



**चोपड़ा ने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगी कि मैं इसके प्रभाव में नहीं आई। उम्र बढ़ने के साथ मेरे शरीर में भी वैसे ही बदलाव आए हैं, जैसे किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में आते हैं और मैंने मानसिक तथा भावनात्मक रूप से इसे स्वीकार कर लिया है।**

## उम्र बढ़ने के साथ शरीर में आए बदलावों को स्वीकार कर लिया है: प्रियंका चोपड़ा

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहना है कि उन्होंने उम्र बढ़ने के साथ शरीर में हो रहे स्वाभाविक बदलावों को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों में स्वीकार कर लिया है। चोपड़ा (38) ने याहू को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह एक स्टार का दर्जा मिलने के बाद उनके जीवन में आए बदलावों से प्रभावित हो गई थीं और सकारात्मक मानसिकता के सहारे इसका साममा किया। चोपड़ा ने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगी कि मैं इसके प्रभाव में नहीं आई। उम्र बढ़ने के साथ मेरे शरीर में भी वैसे ही बदलाव आए हैं, जैसे किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में आते हैं और मैंने मानसिक तथा भावनात्मक रूप से इसे स्वीकार कर लिया है। अब मेरा शरीर जैसा दिखता है, मैं उसमें ही संतुष्ट महसूस करती हूं। मेरा शरीर अब 10 या 20 साल पहले जैसा नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि वह विश्व में अपने योगदान, अपने स्थान और अपने उद्देश्य का सतत आकलन करती रहती हैं।

# अक्षय तृतीया : अक्षय फल प्रदान करने वाला दिन





वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया कहते हैं। इसे उत्तर भारत में आखा तीज भी कहा जाता है। इसे व्रत के साथ त्यौहार के रूप में भी मनाया जाता है। अनेक कारणों से अक्षय तृतीया का महत्व है। साढ़े तीन मुहूर्तों में से एक पूर्ण मुहूर्त अक्षय तृतीया पर तिल तर्पण करना, उदकुंभदान करना, मृत्तिका पूजन तथा दान करने का प्रघात है। पुराणकालीन मदनरत्न नामक संस्कृत ग्रंथ में बताए अनुसार अक्षय तृतीया कृतयुग अथवा त्रेतायुगका आरंभ दिन है। अक्षय तृतीया की संपूर्ण अवधि शुभ मुहूर्त ही होती है। इसलिए इस तिथिपर धार्मिक कृत्य करनेके लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इस तिथि पर हयग्रीव अवतार नरनारायण प्रकटीकरण तथा परशुराम अवतार हुए हैं। इस तिथि पर ब्रह्मा एवं श्रीविष्णु की मिश्रित तरंगें उच्च देवता लोकों से पृथ्वी पर आती हैं। इससे पृथ्वीपर सात्विकता की मात्रा 10 प्रतिशत बढ़ जाती है। इस कालमहिमा के कारण इस तिथिपर पवित्र नदियों में स्नान, दान आदि धार्मिक कृत्य करने से अधिक आध्यात्मिक लाभ होते हैं। इस तिथि पर देवता, पितर के निमित्त जो कर्म किए जाते हैं, वे संपूर्णत: अक्षय यानी अविनाशी होते हैं ।

पुराणकालीन मदनरत्न नामक संस्कृत ग्रंथ में बताए अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को इस दिन का महत्व बताया है। वे कहते हैं–

**अस्यां तिथौ क्षयमुर्पति हुतं न दत्तं।**
**तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया॥**
**उद्दिश्य दैवतपितृन्क्रियते मनुष्यैः।**
**तत् च अक्षयं भवति भारत सर्वमेव॥**

अर्थात इस तिथि को दिए हुए दान तथा किए गए हवन का क्षय नहीं होता। इसलिए मुनियों ने इसे अक्षय तृतीया कहा है। देवों तथा पितरों के लिए इस तिथि पर जो कर्म किया जाता है वह अक्षयय अर्थात अविनाशी होता है। अक्षय तृतीया की तिथि को साढ़े तीन मूहूर्तों में से एक मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सत्ययुग समाप्त होकर त्रेतायुग का प्रारंभ हुआए ऐसा माना जाता है। इस कारण भी यह संधिकाल ही हुआ। संधिकाल अर्थात मुहूर्त कुछ ही क्षणों का होता है परंतु अक्षय तृतीया के दिन उसका परिणाम 24 घंटे तक रहता है। इसलिए यह पूरा दिन ही अच्छे कार्यों के लिए शुभ माना जाता है।

अक्षय तृतीया के दिन ही हयग्रीव अवतार परशुराम अवतार एवं नरनारायण अवतार का प्रकटीकरण हुआ है। कालविभाग कोई भी प्रारंभ दिन भारतीय पवित्र मानते हैं। इस तिथिको विविध धर्मकृत्य बताए गए हैं। इस दिन की विधि ऐसा है। पवित्र जलमें स्नान, श्रीविष्णु पूजा जप होम दान एवं पितृ तर्पण इस दिन अपिंडक श्राद्ध करें अथवा तिल तर्पण करें। इस दिन श्रीविष्णुपूजा, जप एवं होम यह धर्मकृत्य करने से आध्यात्मिक लाभ होता है। अक्षय तृतीया के दिन सातत्य से सुख-समृद्धि देनेवाले देवताओं के प्रति कृतज्ञता भाव रखकर उनकी उपासना करने से हम पर उन देवताओं की होनेवाली कृपा का कभी भी क्षय नहीं होता। इस दिन कृतज्ञता भाव से श्रीविष्णु सहित वैभवलक्ष्मी की प्रतिमा का पूजन करें। इस दिन होमहवन एवं जप-जाप करने में समय व्यतीत करें ।

अक्षय तृतीया के दिन दिए गए दान का कभी क्षय नहीं होता। हिन्दू धर्म बताता है कि सत्पात्र दान करना प्रत्येक मनुष्य का परमकर्तव्य है। दान देने से मनुष्य का पुण्यबल बढ़ता है तो सत्पात्र दान देने से पुण्यसंचयसहित व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ भी मिलता है। संत, धार्मिक कार्य करनेवाले व्यक्ति समाज में धर्मप्रसार करनेवाली आध्यात्मिक संस्था तथा राष्ट्र एवं धर्म जागृति करनेवाले धर्माभिमानी को दान करें, कालानुरूप यही सत्पात्रे दान है।

इस समय अनेक स्थानों पर कोरोना की पृष्ठभूमि पर निर्बंध होने से पर यह त्योहार सदैव की भांति करने में मर्यादाएं हो सकती हैं। इस अनुषंग से आपदधर्म के भाग के रूप में आगे दिए कृत्य कर सकते हैं। हम घर में ही गंगा का स्मरण कर स्नान करें, तो गंगास्नान का हमें लाभ होगा। इसलिए आगे दिए श्लोक का उच्चारण कर स्नान करें...

**गंगेच यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।**
**नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधि कुरु।।**

वर्तमान में विविध ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध हैं। अत: अध्यात्मप्रसार करनेवाले संतों अथवा ऐसी संस्थाओं को हम ऑनलाइन अर्पण कर सकते हैं। घर से ही अर्पण दिया जा सकता है। शास्त्र कहता है कि अक्षय तृतीया के दिन उदकुंभ दान करें। इस दिन यह दान करने के लिए बाहर जाना संभव न होने के कारण अक्षय तृतीया के दिन दान का संकल्प करें एवं शासकीय नियमों के अनुसार जब बाहर जाना संभव होगा, तब दान करें। पितरों से प्रार्थना कर घर से ही पितृतर्पण कर सकते हैं।

**( सौजन्य: सनातन संस्था का ग्रंथ 'त्यौहार, धार्मिक उत्सव एवं व्रत' )**

# ब्राह्म व क्षात्र तेज के प्रतीक भगवान परशुराम



**अग्रतश्चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः ।**
**इदं ब्राह्मम् इदं क्षात्रं शापादपि शरादपि ॥**

यानी चारों वेद कंठस्थ कर ब्राह्मतेज से संपन्न तथा क्षात्रतेज के प्रतीक धनुष्य-बाण पीठ पर धारण करनेवाले भगवान परशुराम विरोधियों को शाप से अथवा शस्त्र से परास्त करते हैं।

परशुराम श्रीविष्णुके छठे अवतार हैं। इसलिए उन्हें उपास्य देवता मानकर पूजा जाता है। त्रेतायुग के प्रारंभ में महर्षि भृगु के गोत्र में जामदग्नेय कुल में महर्षि जमदग्नि तथा रेणुकामाता के घर श्रीविष्णु ने अपना छठा अवतार लिया। वैशाख शुक्ल तृतीयाकी परशुराम जयंती एक व्रत और उत्सवके तौरपर मनाई जाती है। परशुरामकी कथाएं रामायण, महाभारत एवं कुछ पुराणोंमें पाई जाती हैं। पूर्वके अवतारोंके समान इनके नामका स्वतंत्र पुराण नहीं है। भगवान परशुराम शत्रु के निर्दालन के लिए ब्राह्म तथा क्षात्र इन दोनों तेजों का उत्तम उपयोग करनेवाले श्रेष्ठतम योद्धा के उत्तम उदाहरण हैं।

**अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च बिभीषणः।**
**कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः॥**

यानी अश्वत्थामा, बलि, महर्षि व्यास, हनुमान, बिभीषण, कृपाचार्य तथा परशुराम ये सप्त चिरंजीव हैं ।

परशुराम ने काल पर विजय प्राप्त की है। इसलिए वे सप्तचिरंजीवों में से एक हैं। प्रात:काल उनका स्मरण करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। सत्ययुग में मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह तथा वामन ये श्रीविष्णु के 5 अवतार हुए। त्रेतायुग के प्रारंभ में महर्षि भृगु के गोत्र में जामदग्नेय कुल में महर्षि जमदग्नी तथा रेणुकामाता के घर श्रीविष्णु ने अपना छठा अवतार लिया। उनका नाम परशुराम था। भार्गवगोत्री होने के कारण उन्हें भार्गवराम भी कहा जाता है। परशुराम ने तपस्या कर सहस्त्रार्जुन कार्तवीर्य की अपेक्षा अधिक तपोबल अर्जित करने से सूक्ष्म स्तर पर कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन की पराजय आरंभ होना

हैहय वंश के अधर्मी राजा महिष्मति नरेश कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन ने सहस्त्रों वर्ष कठोर तपस्या कर, भगवान दत्तात्रेयजी को प्रसन्न किया था तथा असीम बलशाली बनकर सहस्त्रों भुजाएं धारण करने का वरदान प्राप्त किया था। ऐसे कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन का नाश करना संभव हो, इसके लिए उसके तपोबल की अपेक्षा अधिक तपोबल अर्जित करने हेतु परशुराम ने शिवजी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। कार्तवीर्य के तपोबल को परास्त करने के लिए परशुराम ने उससे अधिक कठोर तपस्या कर एक प्रकार से ब्राह्मतेज के शस्त्र से, कार्तवीर्य के पुण्यबल पर ही प्रहार कर उसे क्षीण कर दिया। इससे कार्तवीर्य की सहस्त्रों भुजाओं के माध्यम से कार्यरत सूक्ष्म कर्मेंद्रियों की दिव्य शक्ति निष्प्रभ होने लगी तथा अधर्म का प्रतीक बन चुके कार्तवीर्य का सूक्ष्म से पराजित होना प्रारंभ हुआ। कार्तवीर्य को पराजित करने के लिए भगवान परशुराम द्वारा किया गया आध्यात्मिक स्तर का युद्ध अद्वितीय है।

कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन ने ऋषि दंपति के विरोध को अनदेखा कर जमदग्नी आश्रम से कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले गया। इस प्रकार उसने गोमाता का अपहरण किया। जब यह घटना हुई तब परशुराम आश्रम में नहीं थे। वे घनघोर वन में कठोर तपस्या में व्यस्त थे। जब वे जमदग्नी के आश्रम में पहुंचे तब उनको घटना ज्ञात हुई। कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन के नियंत्रण से कामधेनु को मुक्त कर गोमाता तथा गोधन की रक्षा करने हेतु उन्होंने गोधन की चोरी करनेवालों के विनाश का संकल्प लिया। उनकी शापवाणी सत्य सिद्ध हुईय क्योंकि गोधन चुराने का अपराध करने से कार्तवीर्य का पुण्यक्षय हुआ। जमदग्नी ऋषि पर प्राणघातक आक्रमण करने से कार्तवीर्य के पुत्रों को भी पाप लगा। परशुराम ने कार्तवीर्य के कुल के विनाश करने का अपना संकल्प पूर्णकर गोमाता को मुक्त किया और आदरपूर्वक उसे पुन: जमदग्नी के आश्रम ले आए ।

भगवान परशुराम ने संपूर्ण पृथ्वी की 21 बार परिक्रमा की और पृथ्वी पर उन्मत्त बने अहंकारी तथा अधर्मी क्षत्रियों का नाश किया। इस प्रकार पृथ्वी परिक्रमा कर उन्होंने पृथ्वी के भार को हलका किया तथा उसके साथ ही पृथ्वी परिक्रमा का पुण्य भी प्राप्त किया। सहस्त्रों क्षत्रिय तथा लाखों की सेना के साथ अकेले युद्ध का सामर्थ्य प्रजा का उत्पीड़न कर संपूर्ण पृथ्वीपर ऊधम मचानेवाले क्षत्रियों की संख्या सहस्त्रों में थी। उनके पास लाखों अक्षौहिणी सेना का बल था। भगवान परशुराम नरदेह में साक्षात् श्रीमन्ननारायण ही थे। सके कारण उनमें सहस्त्रों क्षत्रिय तथा लाखों की सेना के साथ अकेले युद्ध करने का अपूर्व सामर्थ्य था। एकछत्र सम्राट की भांति अखिल भूमि के अधिपति होते हुए भी अश्वमेध यज्ञ के समय परशुराम ने यज्ञ के अध्वर्यू महर्षि कश्यप को संपूर्ण पृथ्वी दान की। इससे परशुराम कितने दानवीर थे, यह दिखाई देता है। भगवान परशुराम ने केवल तीन कदमों में ही समुद्र को पीछे ढकेलकर क्षणार्ध में परशुराम भूमि का निर्माण किया तथा चिता से चित्पावन ब्राह्मणों की उत्पत्ति कर परशुराम क्षेत्र की नई सृष्टि ही साकार की।

**( संकलक: श्री गुरुराज प्रभु, सनातन संस्था )**

2 न्यूज-व्यूज
केन्द्र ने लागू किया यूपी मॉडल

6 अभिमत
पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

11 स्पोर्ट्स
पोवार फिर महिला क्रिकेट टीम के कोच बने

RNI NO. UPHIN/2010/36547
वर्ष 11 अंक 202
लखनऊ, शुक्रवार, 14 मई, 2021
पृष्ठ 12 मूल्य ₹ 3
डाक संस्करण

लखनऊ, नई दिल्ली, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर



उम्र बढ़ने के साथ शरीर में आए बदलावों को कर लिया है स्वीकार
विविध-12

www.dailypioneer.com

# अगस्त-दिसंबर तक उपलब्ध होंगी टीके की 216 करोड़ खुराक

- देश की पूरी जनसंख्या के टीकाकरण के लिए होंगी पर्याप्त: केंद्र
- रूस का टीका स्पुतनिक अगले सप्ताह तक उपलब्ध होने की संभावना

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**ऐसे में** जब राज्य कोरोना वायरस के टीकों की कमी से जूझ रहे हैं, केंद्र ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगस्त से दिसंबर के बीच पांच महीनों में देश में दो अरब से अधिक खुराक उपलब्ध कराई जाएंगी, जो पूरी आबादी का टीकाकरण करने के लिए पर्याप्त हैं। केंद्र ने यह भी कहा कि रूस का कोविड-19 रोधी टीका स्पुतनिक अगले सप्ताह तक उपलब्ध होने की संभावना है। नीति आयोग के सदस्य वी के पॉल ने कहा, भारत और देश के लोगों के लिए देश में पांच महीनों में दो अरब खुराक (216 करोड़) बनाई जाएंगी। टीका सभी के लिए उपलब्ध होगा। उन्होंने कहा कि अगले साल की प्रथम तिमाही तक यह संख्या तीन अरब होने की संभावना है। उन्होंने कहा कि अगस्त से दिसंबर के बीच कोविशील्ड की 75 करोड़ खुराक का उत्पादन अनुमानित है, जबकि कोवैक्सीन की 55 करोड़ खुराक उपलब्ध कराई जाएंगी। इ स के अलावा, बायोलॉजिकल ई द्वारा 30 करोड़ खुराक, ज़ायडस कैडिला 5 करोड़, सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा नोवावैक्स की 20 करोड़ खुराक और भारत बायोटेक द्वारा उसकी नेजल वैक्सीन की 10 करोड़ खुराकें जबकि जेनोवा 6 करोड़ खुराक और स्पुतनिक वी 15.6 करोड़ खुराक उपलब्ध कराएगी।

## कोविशील्ड टीके की दो डोज के बीच का समय बढ़ाकर 12-16 सप्ताह किया गया

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**भारत सरकार** ने कोविशील्ड टीके की दो डोज लगवाने के बीच के समय को 6-8 सप्ताह से बढ़ाकर 12-16 सप्ताह करने की कोविड-19 कार्य समूह की सफारिश को बृहस्पतिवार को स्वीकार कर लिया। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने बृहस्पतिवार को दो डोज के बीच समय बढ़ाने की घोषणा करते हुए उक्त बात बताई।

मंत्रालय ने कहा, लेकिन नेशनल टेक्नीकल एडवाइजरी ग्रुप ऑन इम्युनाइजेशन (एनटीएजीआई) (टीकाकरण पर राष्ट्रीय तकनीकी सलाहकार समूह) ने कोवैक्सीन के दो डोज के समयांतर (पहला और दूसरा डोज लगने के बीच का समय) में बदलाव का कोई सुझाव नहीं दिया है। उसने कहा, वास्तविक समय के साक्ष्यों, विशेष रूप से ब्रिटेन से प्राप्त, के आधार पर कोविड-19 कार्य समूह कोविशील्ड टीके के दो डोज के बीच समयांतर को बढ़ाकर 12 से 16 सप्ताह करने पर राजी हो गया है। कोवैक्सीन के दो डोज के बीच समयांतर में बदलाव की कोई सिफारिश नहीं की गई है।



लखनऊ में गुरुवार को कोरोनारोधी टीका लगवाती एक महिला

सीरम इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया द्वारा उत्पादित कोविशील्ड के दो डोज के बीच समयांतर फिलहाल 6 से 8 सप्ताह का है। विभिन्न राज्यों में टीकों की कमी की खबरों के बीच केन्द्र सरकार ने यह फैसला लिया है। दिल्ली, महाराष्ट्र, कर्नाटक और तेलंगाना सहित कई राज्योंकेन्द्र शासित प्रदेशों ने घरेलू उत्पादन से मांग पूरी नहीं होने की स्थिति में कोविड-19 रोधी टीके की खरीद के लिए वैश्विक निविदा जारी करने का फैसला लिया है। पिछले कुछ महीनों में दूसरी बार ऐसा हुआ है जब कोविशील्ड टीके के दो डोज के बीच का समयांतर बढ़ाया गया है। केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मार्च में राज्यों और केन्द्र शासित प्रदेशों से कहा था कि वह दो डोज के बीच समयांतर को 28 दिनों से बढ़ाकर 6 से 8 सप्ताह तक कर दें। मंत्रालय ने कहा, कोविड-19 कार्य समूह की सिफारिश को कोविड-19 टीकाकरण पर राष्ट्रीय विशेषज्ञ समूह (एनईजीवीएसी) द्वारा 12 मई, 2021 को हुई बैठक में स्वीकार कर लिया गया।

# टीकाकरण के साथ संक्रमण को रोकना भी प्राथमिकता

- अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय पहुंच कर मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को दिए निर्देश

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ



पश्चिमी उप्र के दौरे में मथुरा के कोविड अस्पताल में रोगियों का हालचाल लेते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

**चुनौतियों** का साहस का साथ मुकाबला करना और पुराने मिथकों को तोड़ना मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की कार्यशैली का अहम हिस्सा है। कोरोना से मचे कोराहम के बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आज अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय का दौरा करके अपने काम के अन्दाज की नयी इबारत लिखी। यह पहला मौका है जब इस विश्वविद्यालय में यूपी के मुख्यमंत्री के रूप में योगी आदित्यनाथ पहुंचे। एएमयू के सभागार में हुई बैठक के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने वैक्सीनेशन पर जोर दिया। उन्होंने कहा वैक्सीन कोरोना से बचाव का सुरक्षा चक्र है। सभी को वैक्सीनेशन में भागीदार बनना है। डीएम तथा एएमयू प्रशासन इस बिंदु पर भी काम करें। टेस्ट कराने पर जोर दिया जाए, हर कोरोना संक्रमित के बेहतर इलाज का प्रबंध हो। वैक्सीनेशन के साथ संक्रमण को रोकना भी प्राथमिकता है। इसके लिए वैक्सीनेशन सेंटर बढ़ाए जा सकते हैं। मुख्यमंत्री ने जिला प्रशासन को सप्ताह में कम से कम एक बार जन प्रतिनिधियों के साथ वर्चुअल मीटिंग करने के निर्देश भी दिए। साथ ही कहा कि हर चुनौती के लिए तैयार रहना होगा। पैरामेडिकल स्टाफ ट्रेनिंग के कार्यक्रम भी चलते रहें। मैन पावर की कमी नहीं होनी चाहिए। ज्यादा से ज्यादा कोरोना संदिग्धों के टेस्ट कराए जाएं। किसी पाजिटिव मरीज की जांच में देर से उसकी जान जा सकती है। एंबुलेंस वहीं उपलब्ध कराएं, जहां मरीज है। मुख्यमंत्री ने लोगों से कहा कि बीमारी को छिपाए नहीं, इलाज कराए, सरकार सभी का इलाज करा रही है। इसलिए बीमारी ना छिपाएं। इलाज कराएं। मास्क पहने और कोरोना से अपनी सुरक्षा करें। उन्होंने यह भी कहा कि हर व्यक्ति महत्वपूर्ण है, इसलिए सभी की जान बचानी है। इसके बाद मुख्यमंत्री जिले के देवसैनी गांव का निरीक्षण करने रवाना हुए हैं। वहां मुख्यमंत्री कुलदीप सैनी से मिले। कुलदीप को भी कोरोना ने अपनी गिरफ्त में लिया था, अब वह ठीक हो गया है। मुख्यमंत्री ने उसके स्वास्थ्य की जानकारी ली और उसे सतर्क रहने तथा टेस्ट कराने की भी सलाह दी। इससे पहले मुख्यमंत्री लखनऊ से सीधे एएमयू पहुंचे। उन्होंने एएमयू के कुलपति से मिलकर यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर और कमर्चारियों के निधन पर दुख जताया। उसके बाद मुख्यमंत्री ने एएमयू के सभागार में कोरोना संक्रमण पर अंकुश लगाने को लेकर किए गए प्रबंधों की समीक्षा की तथा वैक्सीनेशन की प्रगति जानी। मुख्यमंत्री का गुरुवार को अलीगढ़ आना और एएमयू जाना समूचे अलीगढ़ में चर्चा का विषय बना। मुख्यमंत्री पश्चिमी उत्तर प्रदेश के दौरे में आगरा और मथुरा भी गए।

## अवकाश

**ईद-उल-फितर के उपलक्ष्य में पायनियर कार्यालय एवं प्रेस में दिनांक 14 मई 2021 को अवकाश रहेगा। अत: 15 मई का अंक प्रकाशित नहीं होगा।**

## बाजार

| | | |
|---|---|---|
| सेंसेक्स | 48,691 | |
| निफ्टी | 14,696 | |
| सोना | 47,074 | /10g |
| चांदी | 70,807 | /kg |

## क्विक न्यूज

### असम में आकाशीय बिजली गिरने से 18 हाथियों की मौत

**गुवाहाटी।** असम के नगांव जिले में जंगल में आकाशीय बिजली गिरने से 18 हाथियो की मौत हो गई। वन विभाग के एकवरिष्ठ अधिकारी ने इस बारे में बताया। प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन्यजीव) अमित सहाय ने बताया कि कठियाटोली रेंज के कुंडोली वन क्षेत्र में पहाड़ी पर बुधवार रात आकाशीय बिजली गिरने से यह घटना हुई। उन्होंने बताया, यह सुदरवर्ती क्षेत्र है और हमारी टीम बृहस्पतिवार दोपहर वहां पहुंच पाई। दो झुंड में हाथियो के शव मिले। इनमें से 14 हाथियो के शव पहाड़ी के ऊपर मिले जबकि चार शव पहाड़ी के निचले भाग में मिले। सहाय ने बताया कि आरंभिक जांच में पता चला है कि बुधवार रात आकाशीय बिजली गिरने से हाथियों की मौत हुई लेकिन शुक्रवार को अंत्यपरीक्षण के बाद ही असली कारण पता चलेगा।

### 27 जून को होनी वाली सिविल सेवा प्रारंभिक परीक्षा टली

**नई दिल्ली।** संघ लोक सेवा आयोग (यूपीएससी) ने कोविड-19 की चिंताजनक स्थिति के मद्देनजर जून में होने वाली सिविल सेवा की प्रारंभिक (प्रीलिम्स) परीक्षा बृहस्पतिवार को स्थगित कर दी। अब यह परीक्षा 10 अक्टूबर को होगी। आयोग हर साल तीन चरणों - प्रारंभिक, मुख्य और साक्षात्कार - में सिविल सेवा परीक्षा कराता है जिसमें भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस), भारतीय विदेश सेवा (आईएफएस) और भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) के अधिकारी चुने जाते हैं। यूपीएससी ने एक बयान जारी कर कहा, कोरोना वायरस के कारण पैदा हुई परिस्थितियों के मद्देनजर संघ लोक सेवा आयोग ने सिविल सेवा (प्रारंभिक) परीक्षा 2021 स्थगित कर दी है जो 27 जून 2021 को होनी थी। अब यह परीक्षा 10 अक्टूबर 2021 को आयोजित की जाएगी।

# पश्चिम बंगाल में हिंसा पर हस्तक्षेप करें राष्ट्रपति: विहिप

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली



आलोक कुमार

- विश्व हिन्दू परिषद ने स्थिति को अत्यधिक चिंताजनक बताया

**विश्व हिन्दू** परिषद (विहिप)ने पश्चिम बंगाल में हुई चुनाव पश्चात हिंसा के मामले में राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से हस्तक्षेप करने का अनुरोध करते हुए आरोप लगाया कि राज्य में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं पर हमले किए जा रहे हैं।

राज्य में स्थिति को चिंताजनक बताते हुए विहिप ने राष्ट्रपति से इसपर संज्ञान लेने तथा केन्द्र सरकार को पश्चिम बंगाल में विधि का शासन बहाल करने के लिए उचित कदम उठाने की सलाह देने का अनुरोध किया। राष्ट्रपति को मंगलवार को लिखे गए एक पत्र में विहिप ने आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल में प्रदेश भर में हो रही भीषण, उन्मादपूर्ण एवं उन्मुक्त हिंसा एजेंडा से प्रेरित एवं पूर्व नियोजित एवं सोच समझकर की जा रही है। विहिप ने दावा किया कि राज्य में विधानसभा चुनावों के दौरान तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ममता बनर्जी ने धमकी देते हुए कहा था कि राज्य में केन्द्रीय बल सिर्फ चुनाव तक ही रहेंगे तथा चुनाव के बाद सत्ता की बागडोर उनके हाथों में होगी।

गौरतलब है कि बनर्जी की पार्टी ने विधानसभा चुनाव में बड़ी जीत हासिल की है। विहिप के कार्यकारी अध्यक्ष आलोक कुमार ने आरोप लगाया, पश्चिम बंगाल में चुनाव परिणाम की घोषणा के साथ, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस जेहादियों के साथ मिलकर राज्य में बेहद क्रूरतापूर्ण हिंसा का अंजाम दे रही है।

## देश में कोरोना के नए मामलों में स्थिरता, संक्रमण दर में थोड़ी कमी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली


**सरकार ने** बृहस्पतिवार को कहा कि देश में पिछले तीन दिनों में कोविड-19 के प्रतिदिन सामने आने वाले नए मामलों में स्थिरता और संक्रमण दर में थोड़ी गिरावट दर्ज की गई है। सरकार ने साथ ही यह भी कहा कि 10 राज्यों में संक्रमण दर अभी भी 25 प्रतिशत या उससे अधिक है। सरकार के अनुसार, ऐसे जिलों की संख्या में बढ़ोतरी देखी गई है जहां कोविड-19 जांच की संख्या में सप्ताह दर सप्ताह वृद्धि के बावजूद संक्रमण की दर में कमी दर्ज की गई है। सरकार के अनुसार ऐसे जिलों की संख्या 22-28 अप्रैल में 125 से बढ़कर 6 से 12 मई के बीच 338 हो गई है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि 12 राज्यों में कोविड-19 के एक लाख से अधिक उपचाराधीन मामले हैं, जबकि 24 राज्यों में संक्रमण की दर 15 प्रतिशत से अधिक है। भारत कोरोना वायरस महामारी की दूसरी लहर का सामना कर रहा है। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा सुबह अद्यतन किए गए आंकड़ों के अनुसार, देश में बृहस्पतिवार को कोविड-19 के 3,62,727 नए मामले सामने आए।

# ग्रामीण क्षेत्रों में नहीं होगा ऑक्सीजन का संकट

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

**मुख्यमंत्री** योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना पर लगाम लगाने के लिए आला अधिकारियों को सुविधाओं को बढ़ाने के आदेश दिए हैं। उन्होंने गांवों में हेल्थ सेक्टर को और भी मजबूत करते हुए कोरोना काल में सीएचसी अस्पतालों को एल वन प्लस में तब्दील करने के आदेश दिए हैं। ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर से लैस इन अस्पतालों में सुविधाओं के विस्तार से लोगों को सीधे तौर पर राहत मिलेगी।

उत्तर प्रदेश के प्रत्येक जनपदों के चार सीएचसी अस्पतालों को एल वन प्लस में तब्दील किया जा रहा है। जिसमें 50-50 बेड की सुविधा, ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर और डॉक्टरों की विशेष टीम मरीजों की 24 घंटे निगरानी करेगी। गांवों में लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए योगी सरकार प्रतिबद्ध है। कोरोना संकट को देखते हुए गांवों में ऑक्सीजन और बेड की किल्लत से लोगों को जूझना न पड़े इसलिए सीएम योगी ने प्रदेश के प्रत्येक जनपदों के सीएचसी अस्पतालों में



- सीएचसी अस्पतालों में मिलेगी एलवन प्लस की सुविधा, 17000 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर का दिया गया ऑर्डर

चार-चार एल वन प्लस सुविधाओं से लैस करने का आदेश दिया है। जहां आधुनिक ऑक्सीजन मशीनें होंगी। महानिदेशक डीएस नेगी ने बताया कि प्रदेश के ग्रामीण क्षेत्रों में ऑक्सीजन के लिए सीएम योगी के निर्देशानुसार 17000 ऑक्सीजन कंसेंट्रेटर के ऑर्डर दिए गए हैं जो जल्द से जल्द मिल जाएंगे। उल्लेखनीय है कि ग्रामीण क्षेत्रों में एल वन प्लस अस्पतालों में बेड के साथ मरीज को ऑक्सीजन की सुविधा भी दी जाएगी। बता दें कि शहरी क्षेत्रों में जहां आइसोलेशन वार्ड को एल वन अस्पताल कहा जाता है जिसमें हल्के लक्षण वाले मरीजों को केवल बेड, उपचार और डॉ की निगरानी में उसकी देख रेख की जाती है। ग्रामीण क्षेत्रों में इस सुविधा को बढ़ाते हुए बेड के साथ ऑक्सीजन की सुविधा भी दी जाएगी।

## प्रदेश में कोरोना संक्रमण में लगातार कमी का दौर जारी

**पायनियर समाचार सेवा।** लखनऊ

- कोरोना के 19425 रोगी स्वस्थ, 17775 नए केस, 281 की मौत

**प्रदेश में** कोरोना से हालात सुधर रहे हैं। संक्रमण दर में कमी देखने को मिल रही है पर मौतें कम होने का नाम नहीं ले रही हैं। प्रदेश में बीते 24 घंटे में 17775 नए संक्रमित केस मिले हैं। इस दौरान 281 की मौत भी हो गई है। लखनऊ में मई के पहले हफ्ते से ही कोरोना संक्रमण में लगातार कमी का दौर जारी है। मगर मौतों पर विराम नहीं लग पाना चिंता का विषय बना हुआ है। 40 दिन बाद राजधानी में गुरुवार को 900 से कम संक्रमित मिलें हैं। बावजूद मौतें बेकाबू हैं।

आंकड़ों के अनुसार बीते 24 घंटे में सिर्फ 856 कोरोना संक्रमित पाए गए हैं। इस दौरान कोरोना वायरस ने 35 लोगों की मौत हुई है। पूरे प्रदेश में वर्तमान में 204658 और लखनऊ में 16117 केस एक्टिव हैं। 24 घण्टे में प्रदेश में 19425 व लखनऊ में 2432 मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। अपर मुख्य सचिव चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अमित मोहन प्रसाद ने बताया कि मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार प्रदेश में बड़ी संख्या में टेस्टिंग कार्य करते हुए, टेस्टिंग क्षमता निरन्तर बढ़ायी जा रही है।

# सुनवाई के सीधे प्रसारण पर गंभीरता से विचार कर रहा हूं: चीफ जस्टिस

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधान न्यायाधीश** एन वी रमण ने बृहस्पतिवार को कहा कि उच्चतम न्यायालय में होने वाली सुनवाई का सीधा प्रसारण करने संबंधी प्रस्ताव पर वह गंभीरता, सक्रियता से विचार कर रहे हैं। न्यायमूर्ति रमण ने हालांकि कहा कि इस संबंध में कोई भी ठोस कदम उठाने से पहले वह शीर्ष अदालत में अपने सभी सहकर्मियों से इस पर विचार करना चाहेंगे। न्यायालय की सुनवाई में मीडियाकर्मियों को वर्चुअल तरीके से शामिल होने की अनुमति देने संबंधी एप्लीकेशन (ऐप) के लांच पर न्यायमूर्ति रमण ने उक्त बात कही।

बतौर पत्रकार अपने दिनों को याद करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि रिपोर्टिंग में मीडिया को कड़ी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है और उन्हें पता चला है कि अदालती सुनवाई पर खबरें लिखने के लिए पत्रकारों को वकीलों पर निर्भर होना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि इसके मद्देनजर ऐसी प्रक्रिया विकसित करने का अनुरोध किया गया था जिसकी मदद से



मीडिया कर्मी सुनवाई में शामिल हो सकें। न्यायमूर्ति ने कहा, मैं कुछ वक्त के लिए पत्रकार था। उस वक्त हमारे पास कार या बाइक नहीं थी। हम बस में यात्रा करते थे क्योंकि हमसे कहा गया था कि आयोजकों से परिवहन सुविधा नहीं लेनी है।

मीडिया से संसाधन (ऐप) का जिम्मेदारीपूर्ण उपयोग करने और कोविड प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन करने का अनुरोध करते हुए प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि तकनीक, विशेष रूप से नई विकसित तकनीक संवेदनशील है और उपयोग के शुरुआती दिनों में कुछ दिक्कतें भी आ सकती हैं। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, छोटी-छोटी दिक्कतें आएंगी और उन्हें बेकार में बहुत बढ़ाया-चढ़ाया नहीं जाना चाहिए। मैं सभी से धीरज रखने और तकनीकी टीम का साथ देने का अनुरोध करता हूं ताकि एप्लीकेशन बिना किसी दिक्कत के सही तरीके से काम कर सके। मैं आशा करता हूं कि सभी लोग प्रणाली को बेहतर बनने और सही से काम करने का वक्त देंगे। उन्होंने कहा, मैं यह भी बताना चाहूंगा कि आज हम आधिकारिक वेबसाइट पर अतिरिक्त फीचर और उच्चतम न्यायालय का मोबाइल एप भी लांच कर रहे हैं।

इंडिकेटिव नोट्स नाम से यह नया फीचर महत्वपूर्ण फैसलों का आसानी से समझ आने योग्य सारांश देगा। न्यायालय के फैसलों के बारे में जाननोसमझने के इच्छुक मीडियाकर्मियों और आम जनता के लिए यह महत्वपूर्ण होगा। मीडियाकर्मियों को मान्यता देने के संबंध में न्यायमूर्ति रमण ने कहा कि उन्होंने नीति को और तर्कसंगत बनाने का निर्देश दिया है और उच्चतम न्यायालय तथा मीडिया के बीच संपर्क का एकल माध्यम स्थापित करने के लिए वह एक वरिष्ठ अधिकारी को नियुक्त करने पर विचार कर रहे हैं।

## 2768 न्यायिक अधिकारी, उच्च न्यायालयों के 106 न्यायाधीश कोविड से संक्रमित: न्यायमूर्ति रमण

**भाषा।** नई दिल्ली

**कोविड-19** महामारी ने न्यायाधीशों और उच्चतम न्यायालय के रजिस्ट्री अधिकारियों सहित हर किसी को प्रभावित किया है और उच्च न्यायालयों के 100 से अधिक न्यायाधीश और 2700 से अधिक अधिकारी वायरस से संक्रमित हुए हैं। यह जानकारी बृहस्पतिवार को भारत के प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण ने दी। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के तीन न्यायाधीश और 34 न्यायिक अधिकारियों की वायरस के कारण मौत हुई है।प्रधान न्यायाधीश ने कहा कि उच्चतम न्यायालय में अभी तक रजिस्ट्री के करीब 800 कर्मचारी कोरोना वायरस से संक्रमित हुए हैं और अलग-अलग समय पर छह रजिस्ट्रार और दस अतिरिक्त रजिस्ट्रार संक्रमित हुए हैं। उन्होंने कहा, इस महामारी ने हर किसी को प्रभावित किया है। काफी दुख एवं पीड़ा के साथ मैं कुछ तथ्य कहना चाहता हूं। उच्चतम न्यायालय रजिस्ट्री का पहला कर्मचारी 27 अप्रैल 2020 को कोविड-19 से संक्रमित हुआ। न्यायमूर्ति रमण ने कहा, अभी तक करीब 800 रजिस्ट्री कर्मचारी संक्रमित हुए हैं। हमारे छह रजिस्ट्रार और दस अतिरिक्त रजिस्ट्रार अलग-अलग समय पर संक्रमित हुए हैं। दुर्भाग्य से कोविड के कारण हमने अपने तीन अधिकारियों को खो दिया। उन्होंने कहा, जहां तक भारतीय न्यायपालिका की बात है तो उपलब्ध आंकड़ों के मुताबिक 2768 न्यायिक अधिकारी और उच्च न्यायालय के 106 न्यायाधीश संक्रमित हुए हैं।

## आज पीएम किसान सम्मान निधि के तहत 8वीं किस्त जारी करेंगे मोदी

**पायनियर समाचार सेवा।** नई दिल्ली

**प्रधानमंत्री** नरेंद्र मोदी आगामी 14 मई को प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) योजना की आठवीं किस्त के रूप में 9.5 करोड़ लाभार्थी किसान परिवारों के लिए 19,000 करोड़ रुपए की राशि जारी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में कहा गया है कि प्रधानमंत्री वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से आयोजित एक कार्यक्रम में पीएम-किसान सम्मान निधि की राशि जारी करेंगे और लाभार्थियों से संवाद भी करेंगे। इस अवसर पर केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर भी उपस्थित रहेंगे। बयान में कहा गया, इस दौरान 9.5 करोड़ से अधिक किसान परिवारों के खातों में 19,000 करोड़ रुपए से अधिक की राशि हस्तांतरित की जाएगी। ज्ञात हो कि इस योजना के अंतर्गत, कुछ अपवादों को छोड़कर, जोत वाले किसान परिवारों की आय में 6,000 रुपए की सालाना सहायता प्रदान की जाती है। इस योजना के तहत हर चार महीने पर 2,000-2,000 रूपए की तीन किस्तें प्रदान की जाती हैं। यह धनराशि डीबीटी माध्यम से लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे जमा कराई जाती है। अब तक इस योजना के तहत, 1.15 लाख करोड़ रुपए किसान परिवारों के खातों में हस्तांरित किए जा चुके हैं।

# ऑक्सीजन संकटः सीएम ने संभाली कमान और बदल गए हालात

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**बीते** महीने पूरे प्रदेश में आक्सीजन को लेकर हाहाकार मचा था। इलाज और आक्सीजन के अभाव में मौतें हो रही थी और राजधानी लखनऊ सहित अनेक जिलों में मौत का मंजर पसरा था। अचानक बने इस गंभीर हालात में सीएम योगी ने अपनी सेहत की परवाह न करते हुये कोरोना और आक्सीजन प्रबंधन की कमान खुद अपने हाथ में संभाली। नजीजा देखते ही देखते हालात बदले और आज अस्पतालों के साथ-साथ होम आइसोलेशन में रहने वालों को भी आक्सीन उपलब्ध होनेलगी है। परिणामस्वरूप मौत का ताडंव थमा और संक्रमित मरीजों की सांसे संभली है।

सरकार का दावा है कि राज्य के हर जिले में मरीजों की सांसों को सहेजने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन के सिलेंडर मौजूद हैं। ऑक्सीजन की इस उपलब्धता के चलते अब मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने होम आइसोलेशन में कोरोना संक्रमण का इलाज कर रहे लोगों को भी ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया कराये जाने का निर्देश दिया। यह काम शुरू भी हो गया और बीते 24 घंटे के दौरान होम आइसोलेशन में 3471 कोरोना संक्रमितों को 26ण्44 मीट्रिक टन ऑक्सीजन उपलब्ध कराई गई। बीते मार्च-अप्रैल में कोरोना की आयी दूसरी लहर की संक्रमण दर पहले की तुलना में 30 से 50 गुना संक्रामक थी। इसी अनुपात में ऑक्सीजन की चौतरफा मांग भी निकली। मांग में अभूतपूर्व वृद्धि के नाते ऑक्सीजन की कमी को लेकर देश के अधिकांश राज्यों को परेशान होना पड़ा। यूपी की इससे अछूता नहीं रहा और ऑक्सीजन की कमी को लेकर हाहाकार मचा। लोग ऑक्सीजन के सिलिंडर को पाने के लिए परेशान हुए और कोरोना संक्रमित मरीजों का इलाज करने वाले अस्पताल भी मरीजों की साँस को सहेजने के लिए सरकार से ऑक्सीजन उपलब्ध कराने की मांग करने लगे। ऑक्सीजन रीफिलर के पास ऑक्सीजन के सिलिंडर लेने वालों की भीड़ लगने लगी। ऑक्सीजन की इस भयावह कमी को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने संकट दूर करने का बीड़ा उठाया। खुद कोरोना संक्रमित होने के बावजूद उन्होंने कोरोना संक्रमित हर मरीज की सांसों को सहेजने के लिए अपनी बीमारी की भी परवाह न करते हुए ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए जो योजना तैयार की, उसके चलते अब यूपी में ऑक्सीजन की कहीं कोई कमी नहीं है। हर जिले में मरीजों की सांसों को सहेजने के लिए पर्याप्त मात्रा में ऑक्सीजन के सिलेंडर मौजूद हैं। ऑक्सीजन को लेकर चंद दिनों पहले ऐसा सकारात्मक माहौल नहीं था। अभी भी प्रदेश से सटी दिल्ली में ऑक्सीजन कमी बनी हुई है। फिर उत्तर प्रदेश ने ऑक्सीजन की कमी को कैसे दूर किया, तो इसका जवाब है मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की देखरेख में चिकित्सा विशेषज्ञों की सलाह पर टीम-9 के अफसरों का एक सैनिक की तरह अपने टास्क को पूरा करने का जुनून। जिसके चलते आज यूपी में न सिर्फ ऑक्सीजन की कमी खत्म हुई है। चिकित्सा विशेषज्ञों का कहना है कि ऑक्सीजन की कमी को दूर करने के पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सबसे पहले यह जाना कि ऑक्सीजन की कमी क्यों हो रही है और इसे दूर करने के लिए क्या-क्या किया जाए। इस पर उन्हें बताया गया कि मेडिकल ऑक्सीजन विश्व स्वास्थ्य संगठन की आवश्यक दवाओं की सूची में शामिल है। कोरोना की दूसरी लहर में मेडिकल ऑक्सीजन की मांग बहुत ज्यादा बढ़ी है और खपत भी। लेकिन आपूर्ति में बाधा से कई अस्पतालों में ऑक्सीजन की कमी सामने आ रही है। ऑक्सीजन के वितरण की व्यवस्था की कमी इसकी कमी का सबसे प्रमुख कारण है। यह जानने के बाद मुख्यमंत्री ने भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए सभी जिलों में ऑक्सीजन की उपलब्धता के लिए ऑक्सीजन प्लांट स्थापित करने का फैसला किया है। इसके लिए बजट भी सरकार ने जारी कर दिया है।

विभिन्न पीएसयू भी अपने स्तर पर प्लांट स्थापित करा रही हैं। इसके साथ ही गन्ना विकास एवं चीनी उद्योग और आबकारी विभाग द्वारा ऑक्सीजन जनरेशन की दिशा में विशेष प्रयास किए जा रहे हैं। इसके अलावा सरकार ने सीएचसी स्तर से लेकर बड़े अस्पतालों तक में ऑक्सीजन कंसंट्रेटर उपलब्ध कराए हैं। जिलों की जरूरतों के अनुसार और ऑक्सीजन कंसंट्रेटर खरीदे जाने की अनुमति भी दी गई है।

## केन्द्र ने लागू किया यूपी मॉडल

**लखनऊ।** ऑक्सीजन आपूर्ति को लेकर प्रदेश सरकार की ओर से लागू किए गए मॉडल को केंद्र सरकार ने भी अपनाया लिया है। सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने अनिवार्य रूप से ऑक्सीजन कंटेनर्स, टैंकर्स और अन्य वाहनों में वेहिकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाने के आदेश दिए हैं। इन टैंकर्स की जीपीएस के माध्यम से उचित निगरानी और सुरक्षा की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कोरोना की दूसरी लहर में ऑक्सीजन की उपयोगिता बढ़ने पर तकनीकी का सहयोग लेने का आदेश दिया था, जिसके बाद अप्रैल के मध्य में ही सीएम योगी ने ऑक्सीजन मॉनिटरिंग सिस्टम फॉर यूपी् नामक डिजीटल प्लेटफॉर्म का उद्घाटन किया। यह प्लेटफॉर्म प्रदेश के खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा विभाग, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभागए परिवहन और गृह विभाग के सहयोग से तैयार किया है। इसके लिए वेब पोर्टल लिंक तैयार किया गया है, जिसे ऑक्सीजन सप्लाई चेन से जुड़े अधिकारी और कर्मचारी प्रयोग करते हैं। देश के दूसरे राज्यों को भी यूपी मॉडल की जब जानकारी हुई तो उन्होंने राज्य सरकार से संपर्क साधा।

बिहार, पंजाब, तमिलनाडु, महाराष्ट्र आदि ने गहरी रुचि भी दिखाई। उत्तर प्रदेश ऑक्सीजन ट्रैकिंग सिस्टम को लागू करने वाला देश का पहला राज्य है। गृह विभाग में एक विशेष नियंत्रण कक्ष बनाकर ऑक्सीजन की मांग और आपूर्ति के सम्बन्ध में लगातार निगरानी की जा रही है। इसमें गृह विभाग को खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण और परिवहन विभाग भी सहयोग कर रहा है।

## ईद-उल-फितर पर राज्यपाल व सीएम ने दी बधाई

**लखनऊ।** राज्यपाल आनंदीबेन पटेल व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के अवसर पर सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए उनके मंगलमय एवं स्वस्थमय जीवन की कामना की है। राज्यपाल ने अपने बधाई सन्देश में कहा है कि ईद-उल-फितर का पर्व हम सभी को एकता और आपसी भाईचारे का सन्देश देता है। इसी प्रकार अक्षय तृतीया शाश्वत, सुख, सफलता और आनन्द की कभी कम न होने वाली भावना का पर्व है, जिसका मानव जीवन में अपना एक विशेष महत्व है। आनंदीबेन पटेल ने सभी लोगों से अपील की कि वे वर्तमान वैश्विक महामारी कोविड.19 के प्रकोप से बचने के लिये सुरक्षा मानकों का कड़ाई से पालन करते हुए पर्व एवं त्यौहार को मनाएं। वहीं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने ईद-उल-फितर के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह त्यौहार खुशी और मेल-मिलाप का सन्देश लेकर आता है। खुशियों का यह त्यौहार सामाजिक एकता को मजबूत करने के साथ ही आपसी भाईचारे की भावना को बढ़ाता है। यह पर्व अमन-चैन और सौहार्द का संदेश देता है। उन्होंने कहा कि ईद के पर्व पर सभी को सद्भाव तथा सामाजिक सौहार्द को और सुदृढ़ करने का संकल्प लेना चाहिए। उन्होंने लोगों से आंशिक कोरोना कर्फ्यू तथा सोशल डिस्टेंसिंग का पूर्ण पालन करते हुए घर पर ही नमाज़ पढ़ने और ईद मनाने की अपील की है।

## परशुराम न्याय की स्थापना के प्रतीकः सीएम

**लखनऊ।** सीएम योगी आदित्यनाथ ने परशुराम जयन्ती पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि समाज में धर्म एवं न्याय की स्थापना में महर्षि परशुराम का अतुलनीय योगदान है। धर्म और न्याय के मार्ग का अनुसरण करके ही लोक कल्याण एवं लोक मंगल का संकल्प पूरा हो सकता है। मुख्यमंत्री ने लोगों से आंशिक कोरोना कर्फ्यू का पूर्ण पालन करते हुए परशुराम जयन्ती का कार्यक्रम घर पर ही मनाने की अपील की है।

## विधानसभा अध्यक्ष ने दी बधाई

**लखनऊ।** उप्र विधान सभा के अध्यक्ष हृदय नारायण दीक्षित ने ईद-उल-फितर की पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख एवं समृद्धि की कामना की है। विधान सभा अध्यक्ष ने अपने सन्देश में कहा है कि ईद का त्यौहार बहुआयामी संस्कृति का प्रतीक है। इसके अलावा स्पीकर ने भगवान परशुराम जयन्ती के पूर्व संध्या पर प्रदेशवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए उनके सुख-समृद्धि की कामना की है।

## अखिलेश ने दी मुबारकबाद

**लखनऊ।** सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने ईद के त्योहार पर मुस्लिम भाइयों को दिली मुबारकबाद देते हुए उनकी खुशहाली और प्रदेश में अमन चैन की दुआ मांगी है। उन्होंने कहा कि यह आपसी भाईचारा को बढ़ावा देने वाला और आपसी मेलमिलाप का भी त्योहार है। वहीं अखिलेश ने परशुराम जयंती पर सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है और भगवान परशुराम को श्रद्धासुमन अर्पित किए है।

## बदहाली को झूठे आंकड़ों से छुपाया जा रहाः अखिलेश

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**सपा** अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा है कि कोरोना महामारी के दौर में सत्ता संरक्षित कालाबाजारी और मंहगाई से भाजपा राज में लोगों की जिंदगी नरक बन गई है। प्रदेश की बदहाली को झूठे आंकड़ों की बाजीगरी से छुपाया जा रहा है। मौतों का सच भी उसे नहीं दिख रहा है। उल्टे भाजपा नेतृत्व द्वारा सरकार को आगाह करने वाले विपक्षी नेताओं को बदनाम करने का अभियान चलाया जा रहा है। भाजपा ने नैतिकता और लोकलाज सबको तिलांजलि दे दी है।

अखिलेश ने कहा कि भाजपा सरकार शायद यह समझती है कि जनता को अपनी आंखो से जो सच दिख रहा है उस पर वह झूठ फरेब का पर्दा डाल देगी। मीडिया ऑक्सीजन की कालाबाजारी, दवाओं और इंजेक्शनो में भयंकर मुनाफाखोरी और अस्पतालों में लूट की सच्चाई रोज ही दिखा रही है। इस पर रोक लगाने के सरकारी बयान सिर्फ बहकाने के लिए दिए जाते हैं। सच तो यह है कि शासन-प्रशासन की मिलीभगत से ही काले धंधे पनप रहे है। हर सांस की भाजपा राज में नीलामी हो रही है। जनता को त्रस्त करने के लिए ही सरकारी तौर पर डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़ाए गए है, जीवनदायिनी ऑक्सीजन सिलेंडर पर 18 प्रतिशत जीएसटी लगाकर 50 रुपए महंगा कर दिया है। सपा अध्यक्ष ने कहा कि गरीब, बेबस और मजबूर जनता से लूट की खुली छूट भाजपा सरकार ने दे रखी है। बाजार में खाद्य पदार्थों, फल सब्जियों के दाम अचानक बढ़ गए हैं। रोज की कमाई से पेट भरने वालों को नमक रोटी भी नसीब नहीं हो रही है। खुद मुख्यमंत्री के गृह जनपद गोरखपुर में जनता मुनाफाखोरो और चोरों से त्रस्त है। हर तरफहाहाकार है। विगत चार वर्षो में भाजपा शासन में नकली-जहरीली शराब का कारोबार खूब पनपा है। इससे सैकड़ों की जान जा चुकी है। इन मौतों के लिए भाजपा सरकार जिम्मेदारी से बच नहीं सकती है। उन्होंने कहा कि कितने दुख और शोक की बात है कि सांसों के आपातकाल में भी शासन, प्रशासन और शराब माफिया का सिंडीकेट खुलेआम जहरीली शराब बिकवा रहा है। भाजपा सरकार के प्रवक्ताओं का बस एक ही एजेण्डा है कि सपा के सुझावों को दर किनार कर कोरोना नियंत्रण करने की बजाय सपा के विरुद्ध अनाप शनाप आरोप लगाना जारी रखना है। सरकार की कमियों को इंगित करने पर विपक्ष के प्रति द्वेषपूर्ण व्यवहार एवं कुप्रचार करना अलोकतांत्रिक और अनैतिक है।

## सरकार मृतकों के आंकड़ों में कर रही है हेराफेरीः लल्लू

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**प्रदेश** कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू एवं कांग्रेस विधान मंडल दल की नेता आराधना मिश्रा ने कहा है कि जो शव नदियों में बह रहे हैं वह प्रदेश सरकार की नाकामी हैं। उन्होने मांग की है कि बलिया और गाजीपुर समेत अन्य जिलों में नदियों में प्रवाहित किए गए शवों के मामले की न्यायिक जांच उच्च न्यायालय के वर्तमान न्यायाधीश से करायी जाए। दोनों नेता बृहस्पतिवार को वर्चुअल माध्यम से प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। लल्लू ने कहा कि बीजेपी के जनप्रतिनिधि, मंत्री, विधायक लगातार अपनी ही सरकार पर कोरोना महामारी को रोकने और समुचित इलाज के लिए पत्र लिखकर सरकारी नाकामियों को उजागर कर रहे हैं मगर सरकार लगातार झूठ और फरेब की राजनीति कर रही है उसे आम जनमानस की चिंता नहीं है और आम जनता को उसने भगवान के भरोसे छोड़ दिया है। इवेंट के माध्यम से अखबारों में हेडलाइन बनाने में जुटी हुई है। आराधना मिश्रा ने कहा कि सरकार चिकित्सीय उपकरणों और दवाओं पर तत्काल जीएसटी खत्म करे जिससे आम जनता को कोरोना के इस भीषण महामारी के समय राहत मिल सके। उन्होंने कहा कि कोरोना की दूसरी लहर के भयावह स्वरूप को देखते हुए सरकार को तीसरी लहर से निपटने के लिये अभी से समुचित कदम उठाना चाहिए।

## कोरोना संक्रमण व सरकार के प्रबंधन को लेकर प्रियंका ने निशाना साधा

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ



**कांग्रेस** की महासचिव और यूपी प्रभारी प्रियंका गांधी वाड्रा ने प्रदेश के कई जिलों में नदी में मिल रहीं लाशों और उन्नाव में गंगा किनारे रेती में सैकड़ों शवों को दफनाने के मामलों पर योगी सरकार को घेरा है। प्रियंका ने लखनऊ, गोरखपुर, झांसी, कानपुर जैसे शहरों में मौत का आंकड़ा कई गुना कम करके बताने का आरोप लगाया। उन्होंने इसे असहनीय और अमानवीय बताते हुए हाईकोर्ट के जज से जांच कराने की मांग की।

प्रियंका गांधी ने बृहस्पतिवार को ट्वीट कर कहा कि खबरों के अनुसार बलिया, गाजीपुर में शव नदी में बह रहे है और उन्नाव में नदी के किनारे सैकड़ों शवों को दफना दिया गया है। लखनऊ, गोरखपुर, झांसी, कानपुर जैसे शहरों में मौत के आंकड़े कई गुना कम करके बताए जा रहे हैं। उत्तर प्रदेश में हद से ज़्यादा अमानवीयता हो रही है। सरकार अपनी इमेज बनाने में व्यस्त है और जनता की पीड़ा असहनीय हो चुकी है। इन मामलों पर उच्च न्यायालय के न्यायाधीश की निगरानी में तुरंत न्यायिक जांच होनी चाहिए। इससे पहले किए अपने एक अन्य ट्वीट में प्रियंका गांधी ने कोरोना संक्रमण और सरकार के प्रबंधन को लेकर निशाना साधा। उन्होंने लिखा कि हाईकोर्ट में यूपी सरकार ने जो हलफनामा दाखिल किया है, वह प्रदेश में कोरोना से लड़ने की असल कहानी बयां करता है।

## प्रदेश के किसी जिले में ऑक्सीजन की कोई कमी नहींः अवनीश अवस्थी

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** के अपर मुख्य सचिव गृह अवनीश अवस्थी ने दावा किया कि प्रदेश के किसी जिले में ऑक्सीजन की कोई कमी नहीं है। हमने अपनी ऑक्सीजन सप्लाई 1000 मीट्रिक टन प्रतिदिन तक बढ़ा दी है। देश में किसी भी राज्य में इतनी ऑक्सीजन नहीं दी गई। हमें जितनी ऑक्सीजन की आवश्यकता हैए हम उतनी ऑक्सीजन जनपदों को पहुंचा रहे हैं।

उन्होंने बताया कि बीते 24 घंटो में प्रदेश के मेडिकल कालेजों, चिकित्सा संस्थानों, निजी अस्पतालों एवं रिफीलर्स को रिकार्ड 1031.43 मीट्रिक टन आक्सीजन की आपूर्ति की गयी है। सेल्फ प्रोडक्शन के तहत एयर सेपरेटर्स यूनिट्स के माध्यम से भी 81.87 मीट्रिक टन आक्सीजन आपूर्ति की गयी है तथा होम आईसोलेशन के 3471 मरीजों को भी कुल 26.44 मीट्रिक टन आक्सीजन की अपूर्ति सिलेण्डरों के माध्यम से बीते 24 घण्टों मे की गयी है। अवस्थी ने बताया कि 313.02 मीट्रिक टन आक्सीजन की सप्लाई मेडिकल कालेजों व चिकित्सा संस्थानो को तथा 95.29 मीट्रिक टन आक्सीजन की आपूर्ति आक्सीजन सप्लायर्स द्वारा सीधे निजी चिकित्सालयों को की गई है। अवस्थी ने बताया कि प्रदेश के प्रमुख कानपुर में 85.08 मी. टन, वाराणसी में 57.15 मी. टन, प्रयागराज में 56.99 मी. टन, मेरठ में 261.41 मी. टन, मुरादाबाद में 53.12 मी. टन, आगरा में 73.47 मी. टन, गोरखपुर में 53.21 मी.टन तथा लखनऊ में 155.26 मी. टन आक्सीजन बीते 24 घंटे में पहुंचाई गई है।

## बुजुर्ग कैदी को अस्पताल में जंजीर से बांधा, जेल वार्डर निलंबित

**लखनऊ।** एटा जेल के एक उम्र दराज कैदी को जिला अस्पताल में इलाज के दौरान पैरों में बेड़ियां डालकर बेड से बांधकर रखने के मामले को गंभीरता से लेते हुए डीजी जेल आनंद कुमार ने जेल वार्डर अशोक यादव को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। दोषी पर्यवेक्षण अधिकारी से स्पष्टीकरण मांगते हुए डीजी ने कहा है कि इस अमानवीय कृत्य के लिए दोषी किसी भी अधिकारी कर्मचारियों को माफ नहीं किया जाएगा। एटा जिला कारागार में किसी पुराने मामले में बंद 92 वर्षीय बाबूराम निवासी पुल्हा हबीबपुर को सांस लेने में परेशानी के बाद स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। यहां जेल प्रशासन ने अमानवीय व्यवहार करते हुए इलाज के दौरान कैदी को बेड पर चेन से बांध दिया। 92 वर्ष के कैदी के साथ इस तरह की अमानवीय हरकत को लेकर गंभीर सवाल उठ रहे हैं।

## मुख्तार की आरटीपीसीआर टेस्ट रिपोर्ट नेगेटिव

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**प्रदेश** की बांदा जेल में बंद पूर्वांचल के माफिया डॉन व बाहुबली विधायक मुख्तार अंसारी कोरोना संक्रमण से मुक्त हो गए हैं। उनकी आरटीपीसीआर रिपोर्ट निगेटिव आने के बाद जेल प्रशासन ने राहत की सांस ली है। कोरोना संक्रमण की चपेट में आने के बाद से ही मुख्तार के स्वास्थ्य पर जेल मुख्यालय भी लगातार नजर बनाए हुए था। मुख्तार अंसारी बीते दिनों संक्रमित हो गए थे। उनके साथ ही जेल के कई और बंदियों की रिपोर्ट भी पॉजिटिव आई थी। कोरोना की चपेट में आने के बाद मुख्तार को उसकी बैरिक नंबर 16 में आइसोलेट किया गया था। संक्रमण के दौरान उनकी डाइट काफी कम हो गई थी और ब्लड शुगर लेवल भी बढ़ गया था।जेल मुख्यालय के प्रवक्ता ने बताया कि जिला जेल प्रशासन को बृहस्पतिवार को मिली मुख्तार अंसारी की कोरोना वायरस संक्रमण की रिपोर्ट निगेटिव आई है।

# ग्रामीण इलाकों में कोरोना को रोकने में ढाल बनीं निगरानी समितियां

● तीन दिनों में कराई 257845 लोगों की कोविड जांच, 374685 रोगियों तक पहुंचाई मेडिकल किट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

**यूपी** के ग्रामीण इलाकों में निगरानी समितियां बीमारी को रोकने के लिये ढाल बन गई हैं। गांव-गांव में कोरोना वायरस के खात्मे के लिये तिगुनी ताकत से आर पार की लड़ाई में जुटी हैं। इसके लिये योगी सरकार के निर्देशों पर 60 हजार निगरानी समितियां दिन रात मेहनत कर रही हैं। टेस्ट, ट्रेस और ट्रीट के मूलमंत्र पर समितियों के 4 लाख सदस्य प्रतिदिन एक एक व्यक्ति के घर तक पहुंच रहे हैं। कोरोना की चेन तोड़ने में लगी निगरानी समितियों के सदस्यों ने पिछले 9 से 12 मई तक जनपदों में 31937797 मकानों का भ्रमण किया है। जिनमें लक्षित मकानों की सं या 33069010 पाई गई है। निगरानी समितियों ने कुल 374685 रोगियों तक मेडकिल किट पहुंचाने का काम किया है। जनपदों में ब्लाक तक क्रियाशील सचल कोविड टेस्ट टीमों ने 6081 पाजिटिव केसों की पुष्टि की है। टीमों ने कुल 257845 लोगों की कोविड जांच कराई गई। क्रीयाशील सचल कोविड टेस्ट टीम दिवसों की कुल सं या 12976 रही।

कोरोना की चेन तोड़ने में लगी निगरानी समितियों के सदस्यों की ओर से परिवार के एक एक सदस्य की जांच की जा रही है। बीमारी के लक्षण वाले लोगों को तत्काल इलाज दिलाया जा रहा है। मेडिकल किट से लेकर होमआईसोलेशन में रहने की गाईडलाइनों से परिचित कराया जा रहा है। जो घरों में आईसोलेट नहीं रह सकते हैं उनको गांव के ही विद्यालयों, सामुदायिक केन्द्रों व स्वास्थ्य केन्द्रों पर इलाज की मु त सुविधाएं दी जा रही है। गौरतलब है कि इतनी तेज र तार से बीमारी की रोकथाम करने में जुटी योगी सरकार के शानदार कोविड प्रबंधन को दुनिया भर में प्रशंसा मिली है। निगरानी समिति में लेखपाल, रोजगार सेवक, एनजीओ, एसएचजी, कोटेदार से लेकर सफाई कर्मचारी तक अहम भूमिका अदा कर रहे हैं। निगरानी समितियां होम आइसोलेट मरीजों का हालचाल ले रही हैं। रोजाना टेलीकन्सल्टेशन के माध्यम से डॉक्टर इनकी स्वास्थ्य की जानकारी हासिल कर रहे हैं। सरकार के निर्देश पर दिक्कत होने पर गंभीर रोगियों को हायर मेडिकल फैसिलिटी भी उपलब्ध कराई जा रही है। कोरोना पर लगाम लगाने के लिये निगरानी समितियां बढ़ा हथियार बन कर सामने आई हैं।

**कार्यालय अधीक्षण अभियन्ता विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-द्वितीय मध्यांचल विद्युत वितरण निगम लिमिटेड, 33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र सेक्टर-25, इन्दिरा नगर, लखनऊ-226016** **ई-निविदा सूचना संख्या- 21/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई-टेन्डर/2020-21 शुद्धि-पत्र**

एतद्वारा इस कार्यालय के द्वारा आमंत्रित ई-निविदा सूचना सं0 **21/2020-21** की विशिष्ट सं0 **28**/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई-निविदा/2020-21 (33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र पटरंगा, जनपद अयोध्या के परिसर पर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य एवं उपखण्ड कार्यालय का निर्माण कार्य) तथा **29**/वि0जा0मं0(वि0)द्वि0/ल0/ई-निविदा/2020-21 (33/11 के0वी0 विद्युत उपकेन्द्र बाबा-बाजार, जनपद अयोध्या के परिसर पर बाउण्ड्रीवॉल का निर्माण कार्य एवं नियंत्रण कक्ष भवन की मरम्मत का कार्य), जो इस कार्यालय में ई-निविदा के माध्यम से दिनांक **12.05.2021** समय 17:00 बजे तक जमा एवं निविदा का प्रथम भाग दिनांक **13.05.2021** को खोला जाना था, को अपरिहार्य कारणों से अब दिनांक **24.05.2021** समय 17:00 बजे तक जमा एवं निविदा का प्रथम भाग दिनांक **25.05.20201** को खोला जायेगा। अन्य शर्तें पूर्ववत रहेंगी। शुद्धि-पत्र सूचना ई-टेण्डर वेबसाइट http://etender. up.nic.in पर देखी जा सकती हैं। निविदाओं का विवरण निम्नवत हैः-**(अधीक्षण अभियन्ता) विद्युत जानपद मण्डल (वितरण)-द्वितीय** पत्रांक : 91/वि0जा0मं0(वि0)/द्वि0/ल0/ए-7(टी)/दिनांक 12/05/2021 हेल्पलाईन नम्बर-18001800440 "राष्ट्र हित में ऊर्जा बचायें, बल्ब की जगह एल0ई0डी0 लगायें''

**कार्यालय, उप निदेशक (निर्माण) राज्य कृषि उत्पादन मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)**

पत्रांकःनि0ख0देवी(गोण्डा)/(निविदा प0)/2021-1236 दिनांक :- 13-5-21

**अल्पकालीन ई-प्रोक्यूरमेंट निविदा सूचना**

इस कार्यालय के पत्रांक 1110 दिनॉक 05.03.2021 के द्वारा जनपद बलरामपुर के नवीन मण्डी स्थल तुलसीपुर में चहारदीवारी के पुनर्निर्माण/मरम्मत कार्य हेतु निविदा दिनॉक 06.04.2021 को आमंत्रित की गयी थी, परन्तु निविदा वैध प्राप्त न होने के कारण पुनः दिनॉक 03.06.2021 को आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र **https://etender.up.nic.in** पर दिनॉक 17.05.2021 को प्रात 10.00 से दिनॉक 02.06.2021 की सांय 5.00 बजे तक डाउनलोड कर अपलोड की जा सकती है। शेष नियम एवं शर्ते यथावत रहेगीं। (**Tender ID:-2021_RKUMP_564170_2**)

उप निर्देशक (निर्माण)
मण्डी परिषद, देवीपाटन (गोण्डा)

**कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर-गाजीपुर।**

पत्रांक : 119/ ई-निविदा/2021-22 — दिनांक : 12-05-2021

**सामग्री आपूर्ति/अति अल्पकालिक ई-निविदा सूचना**

एतद् द्वारा वाणिज्य कर/आयकर कार्यालय में पंजीकृत फर्मों को सूचित किया जाता है कि राज्यवित्त/15वाँ वित्त योजनान्तर्गत क्षेत्र पंचायत रेवतीपुर द्वारा कराये जाने वाले कार्यों पर इण्टरलाकिंग ईट, प्रथम श्रेणी ईंट, ईंट की टुकड़ी, सीमेण्ट, सफेद बालू, लाल बालू मोटा, लाल बालू महीन, डाला गिट्टी, सरिया, साइन बोर्ड, मिट्टी ढुलाई एवं अन्य सामग्री की आपूर्ति एवं निर्माण सम्बन्धित समस्त कार्य कराने हेतु दिनांक 15.05. 2021 को 12 बजे से दिनांक 22.5.21 दोपहर 12 बजे तक ई-निविदा आमंत्रित किया जाता है, जो उसी दिन 12 बजे के बाद अधोहस्ताक्षरी द्वारा क्रय समिति एवं टेण्डर दाताओं के समक्ष (जो उपस्थित रहना चाहते है) खोला जायेगा। टेण्डर फार्म दिनांक 15.5.21 से 22.5.21 दोपहर 12 बजे तक ई-टेण्डर की वेबसाइट पर उपलब्ध रहेगा। नियम एवं शर्तें कार्यालय दिवस के समय प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक देखी व पढ़ी जा सकती हैं। शर्तें निम्नवत है-

1- फर्म जी0एस0टी0 आयकर कार्यालय में पंजीकृत होना चाहिए। आयकर रिटर्न 3 वर्ष का होगा।
2- जिस फर्म का आपूर्ति दर व कार्य सम्पादित करने की दर सबसे कम होगा उसी को आपूर्ति करने एवं निर्माण कार्य कराने हेतु स्वीकृति प्रदान की जायेगी परन्तु पी0डब्लू0डी0 की दर से अधिक नहीं होना चाहिए।
3- निविदा दर में सभी कर सम्मिलित रहना चाहिए। विभाग द्वारा कर के रूप में कोई अतिरिक्त दर उपलब्ध नहीं कराया जायेगा एवं खनिज (बालू, मोरंग, गिट्टी आदि) के खनिज उपकर का भुगतान भी आपूर्ति कर्ता द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा। आवश्यक प्रपत्र उपलब्ध न कराने की स्थिति में खनिज उपकर भुगतान से कटौती कर ली जायेगी।
4- बिना कारण बताये किसी भी समय आपकी निविदा निरस्त किये जाने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी का होगा।
5- साशर्त निविदा स्वीकार नहीं किया जायेगा।
6- कार्यस्थल एवं अन्य किसी भी प्रकार की जानकारी विकास खण्ड कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।
7- कार्य को 3माह में समाप्त करने का प्रमाण पत्र 10 रुपया के स्टाम्प पेपर पर देना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में निविदा अस्वीकार होगा।
8- टेण्डर उसी फर्म का स्वीकार होगा जो स्वीकृत धनराशि का 2 प्रतिशत जमानत की धनराशि एफ0डी0आर0 के रुप में खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय में जमा करेगा तथा खण्ड विकास अधिकारी, रेवतीपुर गाजीपुर के नाम कालम 5 अंकित धनराशि के अनुसार निविदा मूल्य कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।
9- टेण्डर से सम्बन्धित निविदा प्रपत्र जैसे एफ0डी0आर0/बैंक ड्रफ्ट, जी0एस0टी0,पैन कार्ड इत्यादि प्रपत्र कार्यालय में जमा करना अनिवार्य है।

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित ला0/अनु0ला० (लाख रु0 में) | धरोहर की धनराशि (2%) (रु0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | ग्रा0पं0 रेवतीपुर हरिजन बस्ती में बाजार टिन शेड निर्माण एवं सार्वजनिक शौचालय निर्माण कार्य। | 15.031 | 30062.0 | 200.00 | 3 Months |
| 2 | ग्रा0पं0 रेवतीपुर में पेयजल के अन्तगर्त कुआँ मरम्मत एवं सुन्दरीकरण कार्य। | 7.199 | 14398.0 | 200.00 | 3 Months |
| 3 | ग्रा0पं0 रामपुर लिंक रोड से महुआरी बारी तक मिट्टी खडण्जा मरम्मत एवं नाली निर्माण कार्य। | 9.993 | 19986.0 | 200.00 | 3 Months |
| 4 | ग्रा0पं0 रामपुर लिंक रोड श्यामबिहारी राय के डेरा तक मिट्टी खड़ण्जा व नाली निर्माण कार्य। | 9.996 | 19992.0 | 200.00 | 3 Months |
| 5 | ग्रा0पं0 तिलवा नरायनपुर लिंक रोड अवधेश राय के डेरा तक मिट्टी खड़ण्जा व नाली निर्माण कार्य। | 9.996 | 19992.0 | 200.00 | 3 Months |
| 6 | ग्राम पं0 रेवतीपुर रिंग रोड से काली मन्दिर तक मिट्टी इण्टरलाकिंग रिटेनिंग वाल व नाली निर्माण कार्य। | 16.146 | 32292.0 | 200.00 | 3 Months |
| 7 | ग्राम पं0 रेवतीपुर में नगदीलपुर रिंग रोड से छेदी राय के घर तक मिट्टी इण्टरलाकिंग व रिटेनिंग वाल एवं नाली निर्माण कार्य। | 12.258 | 24516.0 | 200.00 | 3 Months |

निविदा विवरण आनलाइन http:/etender.up.nic.in पर उपलब्ध है जो दिनांक 15-5-2021 से देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। विस्तृत विवरण एवं अन्य जानकारियां कार्यालय से सम्पर्क कर प्राप्त की जा सकती है।

खण्ड विकास अधिकारी
रेवतीपुर, गाजीपुर

# अब तीसरी लहर से बचाव की तैयारी

**● डॉ. नीलकंठ तिवारी ने आयुक्त सभागार में तैयारियों पर की चर्चा**

**●राज्यमंत्री ने विधायकों व अधिकारियों संग की बैठकगहन मंथन**



पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना** की दूसरी लहर में कहर झेलने वाला बनारस स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर होने की और अग्रसर है। गुरूवार को कमिश्नरी सभागार में प्रदेश के पर्यटन एवं धर्मार्थ राज्यमंत्री डॉ. नीलकंठ तिवारी की अध्यक्षता में बैठक हुई। इस बैठक में तीसरी लहर से बचाव के बारे में इस सेंटर के माध्यम से तैयारी शुरू कर दी हैं, इसका लाभ पूर्वांचल को मिलेगा। बैठक में कमिश्नर दीपक अग्रवाल ने बताया कि अब बनारस में आक्सीजन व बेड की महामारी खत्म हो गई । रिस्पांस सेंटर पर जितने कल आए सबको नोट किया गया और उसका समाधान तलाशा गया।

इन सबके बीच रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन की ओर से निर्मित 750 बेड के अस्थायी अस्पताल ने बनारस को संजीवनी दी है। उन्होंने यह गिनाया कि बनारस ने प्रदेश में कुछ काम सबसे पहले किया। इसके तहत व्यापारियों की ओर से स्वघोषित कर्फ्यू, दूसरे प्रांत से तत्काल आक्सीजन प्लांट मंगवाना, 600 खाली सिलेंडर की व्यवस्था करना और पंचायतों में कोरोना प्रभावित मरीजों की पहचान उल्लेखनीय है। बनारस के गांव में पूरा प्रशासनिक तंत्र तीन मई से ही लगा है और अब तक करीब 78 हजार दवा किट आरम्भिक लक्षण वाले लोगों में बांटी जा चुकी है। बनारस के साथ ही मंडल के अन्य जिलों में कोरोना संक्रमण की तीसरी लहर की रोकथाम को लेकर स्वास्थ्य संरचना सुदृढ़ होगीं।बैठक में राज्यमंत्री रविन्द्र जायसवाल, विधायक डॉ0 अवधेश सिंह, एमएलसी लक्ष्मण आचार्य, एमएलसी अशोक धवन, एमएलसी ए0के0 शर्मा, कमिश्नर दीपक अग्रवाल, डीएम कौशलराज शर्मा कई अधिकारी उपस्थित रहे।

### बच्चों के वार्ड में घर वालों का रहना जरूरी

**वाराणसी।** कोरोना की तीसरी लहर को लेकर प्रदेश सरकार ने अभी से तैयारी शुरू कर दी है। हर जिले में 100 बेड का एनआईसीयू बनाने का आदेश मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने दिया है। कमिश्नरी सभागार में को राज्यमंत्री तिवारी ने बैठक में बताया कि कई डाक्टरों ने अस्पताल में बच्चो के इलाज कों लेकर चिंता जाहिर की है। उनका कहना था कि बच्चों का वार्ड में अकेले रहना ठीक नहीं लग रहा है। इसलिए अधिक मात्रा में पीपीई किट का इंतजाम करना होगा। टाइम स्लाट के अनुसार परिवार के सदस्यों को उनकी तीमारदारी करनी होगी। बच्चों के लिए जिला अस्पताल व मेंडिकल कालेज को चिन्हिंत किया जाना चाहिए। नवजात व उससे बड़े बच्चों के लिए संसाधनों की व्यवस्था करनी होगी।

## किशोर ने गंगा में लगाई छलांग, मौत

**चहनियां चन्दौली ।** बलुआ थाना क्षेत्र के बलुआ पुल से छात्र सुयस मिश्रा ने चलती बाइक से कूदकर गंगा में जान दे दी । वह अपने माता पिता के साथ वाराणसी इलाज के लिए जा रहा था । माता पिता के सामने घटना से परिजनों में हाहाकार मच गया । पुलिस मौके पर पहुचकर गोताखोरों के माध्यम से तलाश में जुट गयी । करीब करीब पांच घण्टे बाद गोताखोर शव को गंगा से बाहर निकाले सराय गांव के रहने वाले अशोक मिश्रा चुनार में सीमेंट फैक्ट्री में सुपरवाइजर के पद पर कार्यरत है वे छुट्टी लेकर गुरुवार को अपने पत्नी ममता के साथ पुत्र सुयस को लेकर बाइक से वाराणसी पुत्र के इलाज के लिए जा रहे थे । गंगा पुल पर पहुचते ही सुयस बाइक से कूद गया । घटना की जानकारी होने पर बलुआ इंस्पेक्टर उदय प्रताप सिंह मौके पर पहुचकर गोताखोरों के माध्यम से तलाश में जुट गये । करीब 5 घण्टे बाद किशोर का शव पुलिस नदी से बरामद कर सकी।

## ईद का त्यौहार हर्षोल्लास के साथ घरों में मनाएं: शमीम

**● वरिष्ठ समाजवादी पार्टी के नेता ने सभी को दी ईद की मुबारकबाद**



संवाददाता। मुगलसराय चन्दौली

**ईद** की बधाई देते हुए सपा के वरिष्ठ नेता व पूर्व विधानसभा अध्यक्ष शमीम सिद्दीकी ने कहा कि सभी लोग ईद का त्योहार हर्षोलास से सरकार द्वारा जारी कोरोना प्रोटोकाल के अनुसार अपने अपने घरों में ही मनाए । उन्होंने ईद के बारे में विस्तार से बताते हुए कहा कि रमजान के पाक महीने में रोजे रखने के बाद ईद का त्योहार मनाया जाता है । उन्होंने कहा कि ईद 29 या 30 रोजे रखने के बाद ईद मनाई जाती है जो पूर्णत: चाँद पर निर्भर होता है । उन्होंने कहा ईद मुसलमानों का सबसे बड़ा त्योहार है जिसे लोग बेसब्री से इंतजार करते है । ईद के दिन लोग नए कपड़े पहनते हैं और अल्लाह का शुक्रिया अदा करते हैं । जिसकी शुरुआत ईद के नमाज के साथ होती है । इसके बाद सब एक दूसरे से गले मिलकर एक दूसरे को ईद की मुबारकबाद देते हैं ।शमीम ने कहा कि पिछले साल की तरह इस बार भी ईद का त्योहार कोरोनावायरस महामारी के बीच है ।इसलिए सुरक्षा की दृष्टि से सरकार के द्वारा जारी कोरोना प्रोटोकाल के अनुसार सभी लोग हर्षोल्लास के साथ अपने घरों में ईद मनाएं ।

## डीएम ने पौधे व गमले हरीझंडी दिखा किया रवाना

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**ऑक्सीजन** हमारी जिंदगी में कितना आवश्यक है, करोना महामारी से इसकी उपयोगिता का ढंग से पता चलाए अत: रोटरी क्लब वाराणसी गंगाए बहू बेटी कुटुंबए मारवाड़ी युवा मंच अन्नपूर्णा शाखा ने ऑक्सीजन वाले पौधे प्लास्टिक के गमले के साथ जिनका रख रखाव घर में ही किया जा सकता हैए और घर में बहुत तेजी से यह फैलते हैंए हमें ऑक्सीजन भी प्रदान करते हैंए ऐसे '500 पौधों' को गमला सहित जिलाधिकारी कौशल राज शर्मा की अनुपस्थिति में श्रीमती अमृता सिंहए असिस्टेंट सिटी मजिस्ट्रेट द्वारा कोविड.19 सेंटरए सिगरा में हरी झंडी दिखाकर वितरित कराया गया। पेड़ हमारी जिंदगी में क्या महत्व रखते हैं हम आज भली.भांति अच्छी तरह परिचित हो गए। कार्यक्रम के बारे में प्रोजेक्ट डायरेक्टर 'रोटेरियन दीपक अग्रवालए पूर्व असिस्टेंट गवर्नर' ने बताया कि यह प्रोजेक्ट लगातार चलता रहेगाए अभी हम लोगों ने 500 पौधे वितरित कराए हैंए आगे 1000 पौधे गमले सहित और भी वितरित कराएंगेए जिससे पर्यावरण का भी लाभ होगा एवं ऑक्सीजन भी हमें पूरी तरह प्राप्त होगा।

## बिग बाजार ने की 'दो घंटे में होम डिलीवरी' की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

**कोरोना** महामारी की दूसरी लहर के बीच ग्राहकों को सुरक्षित शॉपिंग का अनुभव देने के लिए फ्यूचर ग्रुप की हाइपरमार्केट रिटेल चेन बिग बाजार ने ष्दो घंटे में होम डिलीवरीष् पहल की शुरुआत की है। वाराणसी में ग्राहक अब होम डिलीवरी के लिए ग्रॉसरीए कपड़ेए घर एवं रसोई के सामान की विस्तृत रेंज से सामान चुन सकेंगे। इनमें ताजे फल एवं सब्जियांए अंडेए ब्रेडए चावलए आटाए दालए नमकए चीनी आदि जैसे रोजाना के प्रयोग के सामान भी उपलब्ध होंगे। ग्राहक ताजा बेक किए हुए ब्रेडए कपकेपए कुल्चा और डेयरी उत्पाद भी मंगा सकेंगे।बिग बाजार के स्टोर नवजात एवं बच्चों के लिए भी फॉर्मूलाए फीडिंग बोतलए एक्टिविटी बुकए नोटबुक आदि की भी होम डिलीवरी कर रहे हैं। होम क्लीनिंग प्रोडक्टए रसोई के सामान के साथ.साथ कपड़े भी होम डिलीवरी किए जा रहे हैं।होम डिलीवरी के लिए वेबसाइट पर या बिग बाजार के एप पर ऑर्डर किया जा सकता है। मोबाइल एप को गूगल प्ले और एपस्टोर से डाउनलोड किया जा सकता है। यह सर्विस सुबह 8 बजे से रात 8 बजे तक उपलब्ध होगी। होम डिलीवरी के लिए कम से कम 500 रुपये का ऑर्डर करना होगा। 49 रुपये की डिलीवरी फीस के साथ ऑर्डर डिलीवर कर दिया जाएगा। 1000 रुपये से ज्यादा के ऑर्डर पर डिलीवरी चार्ज नहीं देना होगा।

### चौक प्रभारी ने फोर्स के साथ दालमंडी में किया फ्लैग मार्च

**वाराणसी।** कोरोना महामारी एवं मुस्लिम भाईयों की ईद को मद्देनजर गुरूवार को चौक थाना प्रभारी डॉ0 आशुतोष कुमारर तिवारी ने भारी फोर्स के साथ चौक, हड़हा सराय, गोविन्दपुरा, दालमंडी, नईसड़क, छोटी पियरी सहित अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया एवं मुस्लिम बंधुओं से कोरोना महामारी को लेकर कोविड का पालन करना, दो गज की दूरी, मास्क पहनना है जरूरी, साथ ही सैनिटाइजर रखना है जरूरी। दालमंडी में जरूरी वस्तुओं को खरीदने के लिए कोविड का पालन करना होगा। शुक्रवार को ईद का पर्व पड़ने के कारण मुस्लिम भाईयों ने चोरी छिपे बाजार में खरीददारी कर रहे हैं जिससे ईद का पर्व अपने परिवार में मना सकें।

## गंगा किनारे आधा दर्जन शव मिलने से दहशत

**धानापुर चन्दौली।** कोरोना संक्रमण से हो रही मौतों के साथ गंगा में मिल रही लाशों से जहां लोगों में दहशत व्याप्त है वहीं गुरुवार को धानापुर थाना क्षेत्र के बड़ौरा गांव के पास गंगा के किनारे आठ शव मिलने से सनसनी फैल गयी है। तटवर्ती गांवों के पास शवो से निकल रहे दुर्गंध से लोगों को परेशानी बढ़ रही है। गंगा किनारे बढ़ रही लाशों को देखकर ग्रामीणों ने इसकी जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से संबंधित अधिकारियों को दी ।जिसपर तहसील प्रशासन सक्रिय हो गया और तत्काल कानूनगो रामबिलास और उपनिरीक्षक जयप्रकाश यादव को गंगा किनारे भेजा और देखते ही देखते तहसील के पूरा सरकारी अमला बड़ौरा में उपस्थित हो गया। नाव द्वारा गंगा के किनारे शवों के स्थिति को देख गया जिसमें पता चला कि कुल आठ शव किनारे लगे है ज्वाइंट मजिस्ट्रेट ने तत्काल शवों को जेसीबी द्वारा गड्ढा खोदकर निस्तारित करने का आदेश दिया।

### डायल-112 हुई और मजबूत

**वाराणसी।** कमिश्नरेट वाराणसी में थानों पर आमजनमानस द्वारा की गई शिकायतों के त्वरित निस्तारण कराए जाने के लिए पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट वाराणसी ए सतीश गणेश द्वारा गुरुवार को डायल.112 की नई आई गाड़ियों का रिजर्व पुलिस लाइन वाराणसी में फ्लैग ऑफ किया गया। कमिश्नरेट वाराणसी में डायल.112 की 23 चार पहिया और 30 दो पहिया वाहन पूर्व से संचालित हो रही थी। पीआरवी का रिस्पांस टाईम और अच्छा किये जाने के लिए 7 नई चार पहिया व 5 नई दो पहिया वाहन की बढ़ोत्तरी की गई हैए जिससे अब 30 चार पहिया और 35 दो पहिया वाहन हो गए हैं। इनके माध्यम से तत्काल घटना स्थल पर पहुंचकर शिकायत का निस्तारण किया जा सकेगा। नई आयी हुई गाड़ियों को लंकाए कैंट सारनाथ जैतपुरा शिवपुर भेलूपुर मंडुआडीह को एक-एक चार पहिया वाहन आवंटित किया गया है। इसी क्रम में कोतवाली चौक दशाश्वमेध लालपुर पांडेयपुर जैतपुरा को एक-एक दो पहिया वाहन मिला।

### कोरोना संक्रमितों के घर पहुंचेगी दवा की किट

**सकलडीहा चन्दौली।** कोरोना महामारी से संक्रमित लोगों को घर घर निरूशुल्क औषधि किट प्रदेश सरकार ने पहुंचाने का पहल शुरू किया है। जिलाधिकारी संजीव सिंह की निर्देश के क्रम में ज्वाइंट मजिस्ट्रेट पीपी मीणा ने तहसीलदार वंदना मिश्रा के नेतृत्व में औषधि कीट तीनों ब्लॉक का वितरण शुरू करा दी है। इस कार्य के लिये ग्राम विकास अधिकारी और लेखपालों को जिम्मेदारी सौपा गया है। आशा और एएनएम के माध्यम से संक्रामित लोगों को वितरण किया जायेगा। कोविड महामारी की दूसरी लहर का जनमानस पर पड़ने वाला प्रतिकूल प्रभाव से प्रभावित व संक्रमित तथा होम आइसोलेट व्यक्तियों को कोविड औषधि किट देने का प्रदेश सरकार ने निर्देश दिया है। इस क्रम में जिलाधिकारी के निर्देश पर प्रत्येक ब्लॉक में तीन तीन सौ औषधि किट उलब्ध कराया गया है। ग्राम सचिव और लेखपालों की निगरानी में प्रतिदिन आशा और एएनएम के माध्यम से वितरण कराया जायेगा।

## सभी ग्राम पंचायतें होंगी सेनिटाइजः भूपेश चौबे

**सोनभद्र।** जनपद के ग्रामीण क्षेत्रों में कोरोना के संक्रमण को रोकने के लिए हर गांव को सैनिटाइज करने का निर्देश शासन द्वारा दिया गया है। उक्त के क्रम में पंचायत राज विभाग द्वारा सभी ग्राम पंचायतों में रोस्टर के अनुसार ग्राम पंचायतों को सैनिटाइज करने का अभियान शुरू किया गया है। आज ग्राम पंचायत कोंन में सदर विधायक भूपेश चौबे ने खुद सेनीटाइज कर लोगों को यह संदेश दिया कि सरकार सभी ग्राम पंचायतों को सेनीटाइज करने के लिए संकल्प बद्ध है तथा प्रत्येक दशा में ग्रामीण क्षेत्रो मे संक्रमण को रोकने के लिए सभी ग्राम पंचायतों को सेनीटाइज किया जाएगा। सदर विधायक भूपेश चौबे ने सभी से अपील भी किया कि लोग वैक्सीन का टीका अवश्य लगवाएं तथा मास्क पहने एवं 2 गज की दूरी का पालन करें।

## मानदेय कटौती पर स्वास्थ्य कर्मियों ने किया हंगामा

संवाददाता। सकलडीहा चन्दौली

**कोरोना** महामारी के दौरान अपनी जान जोखिम में डालकर लोगों की सेवा के दौरान आधा दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मी कोरोना पॉजटिव होगये थे। रिपोर्ट के बाद 14 दिनों का अवकाश लेकर होम क्वारंटीन रहे। पुनरू काम पर लौटेने पर 14 से 15 हजार रूपया प्रति स्वास्थ्य कर्मियों का मानदेय सेलरी से काट दिया गया। जिसे लेकर स्वास्थ्य कर्मियों का गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने सांकेतिक रूप से कार्य बहिष्कार कर विरोध जताया। सीएचसी अधीक्षक डाण् योगेन्द्र दास द्वारा मानेदय कटौती समाप्त कराने का आश्वासन देकर टीकाकरण कार्य शुरू कराया। इस दौरान एक घंटे तक टीका लगवाने और जांच कराने वाले परेशान रहे।

सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पर सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी ;सीएचओद्धए एलटीए बीसीपीएमए कम्प्यूटर आपरेटरए एएनएम सहित आधा दर्जन से अधिक स्वास्थ्य कर्मी कोरोना महामारी में ड्यूटी के दौरान कोरोना पॉजीटिव होगये थे। सीएचसी अधीक्षक को लिखित सूचना देकर होम क्वारंटीन रहे। पुनरू ड्यूटी पर आने पर स्वास्थ्य कर्मियों का 14 से 15 हजार रूपया मानदेय की कटौती सेलरी से कर दिये जाने पर गुस्सा फूट पड़ा। आक्रोशित स्वास्थ्य कर्मियों ने आरोप लगाया कि जान जोखिम में डालकर 24 घंटा में 14 घंटा ड्यूटी करते हुए लोगो की सेवा कर रहे है। इसके बाद भी एंटीजेन रिपोर्ट को मानने को तैयार नही है।

## हाइटेंशन करंट से दो मजूदर झुलसे

**सकलडीहा चन्दौली।** सिरोहुपुर गांव में छत का सिलाफ ढ़ालने के लिये छड़ बांधते समय हाईटेंशन करंट की चपेट में आने से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। भवन स्वामी आनन फानन में मजदूरों को सीएचसी पर भर्ती कराया। हालत गंभीर होने पर डाक्टरों ने जिला अस्पताल के लिये रेफर कर दिया। जहां दोनों की हालत गंभीर बताया जा रहा है।सिरोहुपुर गांव में एक भवन स्वामी छत की सिलाप ढ़लवाने के लिये मजदूरों से छड़ बंधवा रहा था। अचानक छड़ हाईटेंशन तार की जद में आने से दो मजदूर गंभीर रूप से झुलस गये। झुलसे हुए मजदूर 25 राजू शर्मा पुत्र गुड्डु शर्मा और 30 वर्षीय मुख्तार पुत्र अकलाम मॉटीगांव निवासी बताये गये है। भवन स्वामी ने मजदूरों को अपने साधन से फौरान सीएचसी में भर्ती कराया।

KARVY FINANCE

सरफासी ऐक्ट की धारा 13(2) के तहत सूचना का प्रकाशन

कार्पोरेट कार्यालय :– कार्वी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड 703/704, 7वां तल, हॉलमार्क बिजनेस प्लाज़ा, संत ध्यानेश्वर मार्ग, गुरू नानक हॉस्पिटल के सामने, बान्द्रा (ई), मुंबई–400 051

एतद्द्वारा सूचना दी जाती है कि निम्नवर्णित कर्जदार(रों)/सह– कर्जदार(रों)/गारंटर(रों/बंधकदाता(ओं) ने उनके द्वारा कार्वी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड से प्राप्त की गई ऋण सुविधा के मूलधन और ब्याज के प्रतिमुगतान में चूक की है और उनके ऋण खाते अनार्जक आस्तियों (एनपीए) की श्रेणी में सूचीबद्ध किए जा चुके हैं। उनको वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (सरफासी ऐक्ट) की धारा 13(2) के तहत उनके अंतिम ज्ञात पतों पर सूचनाएं जारी की गई थीं, परंतु वे बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी हैं और इसलिए उनको एतद्द्वारा इस सार्वजनिक सूचना के माध्यम से सूचना दी जा रही है।

| ऋण अनुबंध संख्या/कर्जदार(रों)/ गारंटर(रों) का नाम | मांग सूचना तिथि | मांग सूचना राशि | प्रतिभूत आस्ति(यों) (अचल सम्पत्ति/यों) का वर्णन | एनपीए की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| ऋण अनुबंध संख्या 545691 अवदेश परमार .............. कर्जदार अनीता परमार .............सह–कर्जदार पता : 66/226, अखंड नगर नारीपुरा, आगरा– 282001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 26,14,414/– (रूपए छब्बीस लाख चौदह हजार चार सौ चौदह मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 66/226–ए, अखंड नगर, खसरा नंबर 173, परिमाप क्षेत्रफल 83.61 वर्ग मीटर एवं मकान नंबर 66/226–बी, अखंड नगर, खसरा नंबर 173, आगरा, नारीपुरा, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :– उत्तर : श्रीमती अनीता देवी का मकान, दक्षिण : 9'0" चौड़ी गली, पूरब : श्री राधेश्याम की सम्पत्ति, पश्चिम: 7'0" चौड़ी गली, | 01 जून, 2017 |
| ऋण अनुबंध संख्या 508005 दीपा गुप्ता .............. कर्जदार भारतेन्दु गुप्ता.............सह–कर्जदार पता : 551, जीए/35/2, पुराना सरदारी खेडा आलमबाग, लखनऊ – 226005 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 27,92,833/– (रूपए सत्ताईस लाख बानवे हजार आठ सौ तेतीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : दुकान नंबर एफएफ–54, खजाना कॉम्प्लेक्स, आशियाना कालोनी, खजाना मार्किट, लखनऊ, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :– उत्तर : दुकान नंबर एफएफ–53, दक्षिण : दुकान नंबर एफएफ–55, पूरब : गलियारा, पश्चिम : दुकान नंबर एफएफ–91 | 01 जून, 2015 |
| ऋण अनुबंध संख्या 545660 दीपक कुमार गुप्ता .............कर्जदार अन्नू कुमारी .............. सह–कर्जदार पता : 22/75, बाग अन्टा, लोहा मंडी, आगरा– 282002 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 43,39,577/– (रूपए तेतालीस लाख उन्तालीस हजार पांच सौ सतहत्तर मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : नगर निगम नंबर 22/74–75, परिमाप क्षेत्रफल 133.77 वर्ग मीटर, बाग अन्टा, लोहा मंडी, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :– उत्तर : श्रीमती राज कुमारी अग्रवाल का मकान, दक्षिण : 6'0" चौड़ी गली, पूरब : अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम : 12'0" चौड़ी गली, | 01 सितम्बर, 2016 |
| ऋण अनुबंध संख्या 545396 देवेन्द्र सिंह .............. कर्जदार रेखा देवी ............. सह–कर्जदार पता : प्लॉट नंबर 4, मौजा मथुरा बांगर, अंदरून समरपुर कालोनी, मथुरा – 281001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 22,39,580/– (रूपए बाईस लाख उन्तालीस हजार पांच सौ अस्सी मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 4, परिमाप क्षेत्रफल 100.33 वर्ग मीटर, मौजा मथुरा बांगर, अंदरून समरपुर कालोनी, खसरा नंबर 494, तहसील एवं जिला मथुरा – 281001, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है:– उत्तर : कालोनी रोड 18', दक्षिण : यमुना नगर कालोनी, पूरब : श्री बचन सिंह का मकान, पश्चिम : श्री दिनेश चंद का मकान | 01 अक्टूबर, 2018 |
| ऋण अनुबंध संख्या 510330 श्री इंदर कुमार जैन ...........कर्जदार श्रीमती विमला जैन.......सह–कर्जदार पता : ईडब्ल्यूएस मकान नंबर 8, इंदिरापुरम, राजपुर चुंगी, आगरा– 282001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 21,74,920/– (रूपए इक्कीस लाख चौहत्तर हजार नौ सौ बीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 81 ईडब्ल्यूएस, परिमाप क्षेत्रफल 27.87 वर्ग मीटर, इंदिरापुरम हाउसिंग स्कीम, ताजगंज वार्ड, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :– उत्तर : ईडब्ल्यूएस मकान, दक्षिण : 6 मीटर चौड़ी रोड, पूरब : ईडब्ल्यूएस मकान, पश्चिम : ईडब्ल्यूएस मकान नंबर 80 | 01 जुलाई, 2016 |
| ऋण अनुबंध संख्या 512807 मनोज कुमार सिंह .............कर्जदार सुनील सिंह रघुवीर सिंह.......... सह–कर्जदार पता : 15/115ए, एम.पी. पुरा, निकट शान्ति स्वीट, आगरा– 282001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 50,04,016/– (रूपए पचास लाख चार हजार सोलह मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : मकान नंबर 15/115, परिमाप क्षेत्रफल 135.036 वर्ग मीटर, एम.पी. पुरा, ताजगंज, आगरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है:– उत्तर : श्री पूरन सिंह का मकान, दक्षिण : रोड, पूरब: श्री रोशन सिंह का मकान, पश्चिम : श्री कन्हैया का मकान, | 01 दिसम्बर, 2016 |
| ऋण अनुबंध संख्या 540209 यदुनाथ पाराशर .............. कर्जदार ब्रजवाला पाराशर ........सह–कर्जदार पता : मकान नंबर 31, आनंद पुरम, कालोनी यमुनापार, मथुरा – 281001 | 22 अप्रैल, 2021 | 12–02–2021 तक रू. 25,45,345/– (रूपए पच्चीस लाख पैंतालीस हजार तीन सौ पैंतालीस मात्र) | सम्पत्ति के सभी अंश एवं खंड : प्लॉट नंबर 103, परिमाप क्षेत्रफल 92.89 वर्ग मीटर, स्थित बाके मौजा शहजादपुर टप्पा, सोनई, अंदरून आनंदपुरम, तहसील महावन एवं जिला मथुरा, जिसकी चौहद्दी निम्नानुसार है :– उत्तर : प्लॉट नंबर 104, 50', दक्षिण : प्लॉट नंबर 102, 50', पूरब : कालोनी रोड 20', पश्चिम : प्लॉट नंबर 125, 20' | 01 जून, 2017 |

उपरोक्त कर्जदार(रों)/अथवा उनके गारंटर(रों)/बंधकदाता(ओं) (जहां लागू है) से एतद्द्वारा उक्त बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर करने की मांग की जाती है, जिसमें असफल रहने पर उक्त 60 दिन की अवधि की समाप्ति पर, सरफासी ऐक्ट की धारा 13 की उप–धारा (4) के तहत आगे कदम उठाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, आपके ध्यान में लाया जाता है कि सरफासी ऐक्ट की धारा 13(8) के तहत, यदि हमारी बकाया राशि का भुगतान सभी वहन की गई लागतों, प्रभारों तथा खर्चों सहित बिक्री अथवा अंतरण की नियत तिथि से पहले कर दिया जाता है, तो प्रतिभूत आस्ति बेची या अंतरित नहीं की जाएगी और उस प्रतिभूत आस्ति के अंतरण अथवा बिक्री हेतु हमारे द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाए जाएंगे।

हस्ता./–
प्राधिकृत अधिकारी
कृते कार्वी फाइनैंशियल सर्विसेज लिमिटेड

तिथि : 12–05–2021
स्थान : उत्तर प्रदेश (यूपी)



# बक्सर घाट पर दफनाए गए शव क्षतविक्षत पड़े होने से मचा हड़कंप

**बक्सर घाट पर शवों का जमावड़ा, अवशेषों को नोच कर ले जा रहे जंगली जीव व कुत्ते, प्रशासन ने शव दफनाने पर लगाई रोक, अब राजस्व कर्मी व पुलिस करेगी घाट की निगरानी**

संवाददाता। पाटन

**कोरोना** की दूसरी लहर से चारों ओर हाहाकार मचा हुआ है। संक्रमितों के इलाज के लिए मेडिकल सुविधाएं नाकाफी साबित हो रही है। मृतकों के अंतिम संस्कार के लिए कतारें लग रही हैं। तो वहीं शवों को दफ्नाने के लिए जगह कम पड़ रही है। अन्य बीमारियों के अलावा कोरोना महामारी से मरने वालों की संख्या अचानक बढ़ने से अंत्येष्टि स्थलों पर शवों का जमावड़ा लगा हुआ है।

बीघापुर तहसील क्षेत्र के बक्सर घाट पर क्षत विक्षत शवों के पड़े होने की सूचना से प्रशासनिक महकमें में हडकंप मच गया। जिसके बाद प्रशानिक अफ्सर बुधवार की शायं से लेकर गुरूवार सुबह तक बक्सर घाट के चक्कर लगाते रहे। क्षत विक्षत अवस्था में पडे कुछ शवों के अवशेषों को अब रेती में दबवा दिया गया है। वहीं प्रशानिक अफ्सरों ने बक्सर घाट पर शव दफ्नाने पर भी कडी़ रोक लगा दी है।इस दौरान लंबे समय से खनन को लेकर चल रहे उन्नाव व फ्तेहपुर के सीमा विवाद के कारण बीघापुर के अलावा फ्तेहपुर की बिंदकी तहसील के अफ्सर भी मौजूद रहे।

बीते कुछ दिनों में बक्सर घाट पर शवों का जमावड़ा इस कदर लगा कि शव जलाने वालों से ज्यादा संख्या शव दफ्नाने वालों की बढी। यही कारण रहा कि जिसको जहां जैसी भी जगह मिली शव को दबाकर चलता बना। प्रशासन भी क्षेत्रों के घाटों की व्यवस्था पर नजर तक न डाल सका। घाटों के कुत्ते शवों को खोदकर उनके अवशेष बस्ती के अंदर तक ले जाने लगे तो इस ओर आसपास के लोगों का ध्यान गया। उधरए गंगा का जलस्तर घटने से भी कुछ शव निकलकर बाहर आ गये। खबर सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो प्रशासन हरकत में आया। और अधिकारियों ने बुधवार की शायं बक्सर घाट पर पहुंचकर तफ्तीश की।

घाट का निरीक्षण करने के बाद गंगा के बीच के टीले पर क्षत विक्षत अवस्था में शवों के अवशेषों को पडा देख प्रशासन भी दंग रह गया। गुरूवार की सुबह से ही एसडीएम दयाशंकर पाठकए सीओ कृपाशंकर कनौजिया बारासगवर पुलिस के साथ बक्सर घाट पर पहुंच गए थे।जिन्होंने घाट पर शवों को दफ्नाने पर रोक लगाते हुये क्षेत्रीय लेखपाल व पुलिस की ड्यूटी लगा दी है। एसडीएम ने बिना लकडी के किसी को भी घाट पर शव ले जाने से मना करने का आदेश दिया है। ग्रामीणों की माने तो बक्सर घाट पर पडे शव व उनके अवशेषों को प्रशानिक अफ्सरों ने बालू से दबवा दिया है। जो रेत के हटते ही कभी भी बाहर निकल सकते हैं। अफ्सरों की इस लापरवाही से बक्सर के लोंगों को संक्रमण का खतरा बना हुआ है।जब इस संबंध में एसडीएम बीघापुर दयाशंकर से बात की गई तो वह शवों के खुले में पड़े होने की बात से इनकार करते रहे। हालांकि उन्होंने यह स्वीकार किया कि शव अधिक संख्या में दफ्न हैं।

## फर्रुखाबाद में कोरोना के नए 236 संक्रमित आए सामने

**फर्रुखाबाद।** जनपद में जिला प्रशासन के लाख प्रयास के बाद भी कोरोना संक्रमितों की संख्या में लगातार इजाफ होता जा रहा है। गुरुवार को आयी कोरोना रिपोर्ट में 236 नये पॉजिटिव मरीज मिले। गुरुवार को आयी कोरोना रिपोर्ट में कुल 236 संक्रमित निकले। जिसमे सर्वाधिक संक्रमित विकास खंड बढ़पुर क्षेत्र में निकले। रिपोर्ट के आधार पर विकास खंड बढ़पुर में 106 संक्रमित निकले। विकास खंड कायमगंज में कुल 25, विकास खंड कमालगंज क्षेत्र में कुल 24, नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र में कुल 7, विकास खंड राजेपुर क्षेत्र में कुल 17 , विकास खंड शमसाबाद क्षेत्र में कुल 17 केस, विकास खंड मोहम्मदाबाद क्षेत्र में कुल 19 कोरोना पॉजिटिव मिले। इसके साथ ही अन्य को भी मिलाकर कुल 236 लोग कोरोना संक्रमित निकले। मौत का आंकड़ा जादा होनें के बाद भी जिला प्रशासन केबल 134 ही दिखा रहा है। अब तक 9390 लोग संक्रमित हो चुके है। वर्तमान में जिले में कुल 1134 केस सक्रिय है।

## कोरोना संक्रमण के चलते पांच लोगों की हो गई मौत

संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले** में 104 और संक्रमित मिले हैं। बुधवार को सामने आई जांच रिपोर्ट में इनके संक्रमित होने की पुष्टि हुई है। कई बुजुर्ग भी कोरोना की चपेट में आए हैं। वहीं इलाज के दौरान पांच की मौत हो गई। जिले में कुल संक्रमितों का आंकड़ा बढ़कर 9148 हो गया है। इनमें 7886 मरीज ठीक होकर घर जा चुके हैं।

जिले में कोरोना संक्रमण का कहर लगातार जारी है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्र तक लोग संक्रमित होने के साथ काल के गाल में भी समा रहे हैं। बुधवार को मिली जांच रिपोर्ट में 21 वृद्ध कोरोना की चपेट में आए हैं। शहर के मोहल्ला गांधी नगर में छह वृद्धों सहित आठए वनखड़िया में पांचए कसरट्टा में तीनए धर्मकांटा में पांचए आफीसर्स कालोनी निवासी युवतीए बाईपास के चार लोगों सहित शहरी क्षेत्र के 70 लोग कोरोना संक्रमित मिले हैं। इसके अलावा कायमगंज क्षेत्र के 17, कमालगंज के पांच, मोहम्मदाबाद के चार, नवाबगंज के तीनए राजेपुर के तीन व शमसाबाद क्षेत्र के दो लोग कोरोना पॉजिटिव निकले हैं। फ्तेहगढ़ के मोहल्ला नगला दीना निवासी वृद्ध ;75वर्ष मोहम्मदाबाद क्षेत्र के गांव पट्टी खुर्द जैतपुर निवासी वृद्ध ;77 वर्ष की सैफई स्थित अस्पताल व शहर की आवास विकास कालोनी निवासी महिला ;48 वर्षकी कन्नौज मेडिकल कालेज में इलाज के दौरान मौत हो गई। इसके अलावा कायमगंज सीएचसी स्थित एल.2 अस्पताल में कोरोना संक्रमित दो लोगों ने दम तोड़ दिया। हालांकि इनकी पोर्टल पर एंट्री नहीं की गई है। जिले में अब तक 9148 लोग संक्रमित हो चुके हैं। इनमें 7886 लोग कोरोना को मात देकर ठीक हो चुके हैं, जबकि 134 लोग जान गवां चुके हैं। जिले में अभी 1129 केस एक्टिव हैं।

## घाटमपुर व पतारा में मिले छह संक्रमित

**घाटमपुर।** गांवों में हो रही कोराना वायरस संदिग्दों की जॉंच में बीते बुद्यवार की तरह आज भी कोरोना वायरस का कहर धीमा रहा। घाटमपुर व पतारा सीएचसी में हुई आरटीपीसीआर तथा एंटीजन जॉंच में जहॉं घाटमपुर 5 तथा पतारा सीएचसी 1 व्यक्ति जो कानपुर का है संक्रमित मिला, दोनो जगह एंटीजन व आरटीपीसीआर 400 की जॉंच हुई घाटमपुर सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 कैलाश चंद्रा ने बताया कि आज सीएचसी गेट व गांवों की टीमों द्वारा 270 की एटीजन व आरटीपीसीआर जॉंच में 5 लोग संक्रमित पाये गये जिनका होम आइसोलेशन को कहा गया है। जबकि पतारा सीएचसी के चिकित्साधीक्षक डा0 नीरज सचान ने बताया कि 130 की जॉंच में एक ब्यक्ति संक्रमित पाया गया है। उधर भीतरगांव सीएचसी में गठित टीमों ने गांव कुन्दौली, कुर्था, भेलसा और बारी गांव में 74 की आरटीपीसीआर से जॉंच की गयी।

## मेंथा आयल व्यापारी का शव उसके नए मकान में पड़ा मिला

संवाददाता। बांगरमऊ उन्नाव

**नगर** के माढ़ापुर मार्ग पर बुधवार को देर शाम एक मेंथा आयल कारोबारी का शव उसके नवनिर्मित मकान के बेसमेंट में लहूलुहान हालत में पड़ा मिला। मृतक के भाई ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध उसके भाई की हत्या कर गोलक से पैसा और सोने के जेवर लूट लेने का आरोप लगाया है। पुलिस घटना की तह तक पहुंचने में जुटी हुई है।

नगर के मोहल्ला हटिया निवासी अनीश गुप्ता पुत्र राधा कृष्ण गुप्ता द्वारा कोतवाली में दी गई तहरीर के अनुसार उसका भाई सतीश गुप्ता 45 वर्ष ने नगर के माढ़ापुर मार्ग पर नया मकान बनवाया था और इसी मकान में वह मेंथा आयल और गले का व्यापार करता था। सतीश गुप्ता प्रतिदिन शाम 6 बजे तक नया मकान बंद कर मोहल्ला हटिया स्थित अपने पुराने घर वापस आ जाता था। लेकिन बुधवार की शाम करीब 7रू30 बजे तक जब उसका भाई सतीश गुप्ता वापस अपने पुराने मकान स्थित हटिया नहीं आयाए तो वह भाई सतीश गुप्ता के पुत्र मोहित के साथ उसे खोजते हुए माढ़ापुर रोड के नए मकान पर पहुंचा। जहां सतीश गुप्ता लहूलुहान हालत में मकान के बेसमेंट में पड़ा मिला। उसके सिर में गंभीर चोटों के निशान थे। यह देखकर परिजनों के होश उड़ गए। परिजन आनन फानन उसे यहां के सरकारी अस्पताल लाए। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। बाद में परिजन पुनः मृतक सतीश गुप्ता के नए मकान पहुंचे। जहां दुकान खुली मिली और दुकान के अंदर गोलक भी टूटी पाई। अनिल गुप्ता के अनुसार उसका भाई हमेशा गले में सोने की मोटी चेन तथा उंगलियों में सोने की अंगूठी पहने रहता था। लेकिन भाई के शरीर से यह सभी जेवर गायब मिले। अनिल गुप्ता ने अज्ञात बदमाशों के विरुद्ध भाई की हत्या कर गोलक से करीब 2 लाख रुपए और भाई के शरीर से सोने की चेन तथा अंगूठी लूट लेने का आरोप लगाया है। सूचना पर पहुंचे कोतवाल अनिल सिंह तथा सीओ आशुतोष कुमार ने घटनास्थल का बारीकी से निरीक्षण किया और मृतक के परिजनों से भी घटना की जानकारी ली। सीओ ने बताया कि घटना का जल्द राजफाश कर अपराधियों को जेल भेजा जाएगा।

## नाबालिग के रेप का वीडियो वायरल करने वाला गिरफ्तार

संवाददाता। फ्तेहपुर

**बकेवर** थाना क्षेत्र में नाबालिग दलित लड़की से रेप का सनसनी खेज मामला सामने आया है। आरोप है कि समुदाय विशेष के युवक ने पहले नाबालिग लड़की को प्रेम जाल में फंसाया और फिर रेप की वारदात को अंजाम देकर मोबाइल फोन से अश्लील वीडियो बना लिया। इसके बाद से आरोपी पिछले डेढ़ साल से लड़की को ब्लैकमेल कर रेप करता रहा। अब आरोपी ने अश्लील वीडियो को सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। वहीं पीड़िता ने बताया कि समुदाय विशेष के एक युवक ने पहले उसे अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर उसे घर से बाहर बुलाकर एक मकान में रेप किया। इस दौरान अश्लील वीडियो भी बना लिया और फिर ब्लैकमेल करने लगा। इतना ही नहीं उसने अपने दोस्तों से भी उसका रेप कराया, जब वह विरोध करती थी तो उसका अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देकर डेढ़ साल तक ब्लैकमेल कर रेप करता रहा। पिछले दिनों ब्लैकमेलिंग से तंग आकर घर में आत्महत्या करने की कोशिश की। इस पर परिवार वालों ने उसे बचा लिया, जिसके बाद पूरी घटना लड़की ने अपने परिजनों को बताई। उधर पीड़िता से संपर्क टूटते ही आरोपी मोईन उर्फ शालू ने पीड़िता का अश्लील वीडियो फेसबुक समेत अन्य सोशल मीडिया साइटों पर वायरल कर दिया, जिसके बाद परिजनों ने आरोपी के खिलाफ थाने में तहरीर दी। मां की शिकायत पर आरोपी के विरुद्ध पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

## जहरीली शराब पीने से युवक की मौत

**घाटमपुर।** बहन के यहॉं शादी में गये युवक की जहरीली शराब पीने से युवक की मौत हो गयी। थाना सजेती के गांव मकरंन्दपुर निवासी रामसजीवन का पुत्र राजेन्द्र उर्फ छुटकऊ ( 35 ) पुत्र रामसजीवन निषाद की बहन फ्तेहपुर जनपद के गांव धरौहरा थाना जाफर गंज में रहती है, बताते हैं राजेन्द्र वहीं एक शादी में शामिल होने गया था, परिजनों ने पुलिस को बताया कि राजेन्द्र वहीं पर 4 बरातियों के साथ बुद्यवार रात शराब पी थी, रात में हालत बिगड़ने पर कुछ लोग उसे गांव छोड़ गये थे। परिजन आज सबेरे उसे गंम्भीर हालत इलाज के लिये घाटमपुर सीएचसी ले गये जहॉं डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सजेती थाना प्रभारी ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्ट मार्टम के लिये भेजा गया है। मेडिकल रिपोर्ट आने के बाद सही स्थित का पता चलेगा।

## डीएम ने की टीम-9 के कामों की समीक्षा की, दिये निर्देश

संवाददाता। कानपुर देहात

**जनपद** को कोरोना के कहर से बचाने के लिए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में जिला प्रशासन पूरी तरह से प्रयासरत है, इसी के मद्देनजर कलेक्टेऊट सभागार में प्रतिदिन की भांति आज भी डाक्टरों और प्रशासनिक अधिकारियों की एक संयुक्त मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमें गठित टीम-9 के कार्यो का मूल्यांकन किया गया, इस मूल्यांकन के दौरान यह पाया गया कि आज 28 नये पॉजिटिव केस आये और 1514 सैम्पल कुल लिए गये, एल-1 में कुल 4 नये मरीज भर्ती किये गये, जिसमें से दो आक्सीजन पर है, जबकि एल-2 में मरीजों की संख्या 18 है, जिसमें 6 आज मरीज भर्ती किये गये तथा 4 मरीज डिस्चार्ज किये गये, वैक्सीनेशन के लिए 22 टीकाकरण केन्द्र बनाये गये है, जहां पर सभी डाक्टर उपलब्ध है, जिलाधिकारी ने उपस्थित डाक्टरों को निर्देशित करते हुए कहा कि अपने यहां शौचालयों की व्यवस्था को दुरस्त कर ले, अगर उसमें किसी प्रकार की कोई खराबी हो तो उसे अवश्य ठीक करा ले, साथ ही उन्होंने जिला पंचायत राज अधिकारी को ऐसे स्थलों की पहचान करने को कहा जो अत्यधिक गन्दे है, पहचान कर वहां पर पूरी तरीके से सफाई करा दी जाये, क्योकि स्वच्छता किसी जनपद की प्राथमिक पहचान है, इसीक्रम में डाक्टर प्रमोद ने बताया कि सरला देवी की जान जिलाधिकारी महोदय की सक्रियता से बच सकी, क्योकि इन्होंने समय से उसे रेमेडेसिवर इन्जेक्शन उपलब्ध करा दिया, साथ ही जिलाधिकारी ने अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व साहब लाल को फल एवं सब्जियों के दाम नियोजित करने के निर्देश दिये, गेंहू की खरीद समय से हो इस बात को सम्बन्धित अधिकारी भली प्रकार से देख लें।

## सड़क हादसे में दंपति की मौत, तीन घायल

संवाददाता। कन्नौज

**आगरा-लखनऊ** एक्सप्रेस वे पर देर रात चालक को झपकी आने से तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई। हादसे में दंपती की मौत हो गई। जबकि चालक और दो बच्चे घायल हो गए। घायलों को तिर्वा मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया है।

जिला गोंडा के थाना धानेपुर क्षेत्र के गांव तालपुर बाबागंज निवासी रवि कुमार दिल्ली में निजी कंपनी में काम करते थे। बुधवार को वह अपने गांव जाने के लिए परिवार समेत निकले। कार में उनकी पत्नी गुंजन, सात वर्षीय पुत्र गोलू और छह वर्षीय बेटी रोली थी। कार को राजन सोनी निवासी हनुमान नगर जनपद फरीदाबाद, हरियाणा चला रहे थे। ठठिया थाना क्षेत्र के पिपरौली गांव के पास चालक को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा कर पलट गई। हादसे के बाद मौके पर यूपीडा कर्मी पहुंचे। उन्होंने घायलों को बाहर निकाला। यहां से एंबुलेंस से तिर्वा मेडिकल कॉलेज भेजा। जहां रवि और गुंजन को डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया। जबकि कार चालक और दोनों बच्चों को भर्ती कर लिया गया। बताया जाता है कि रवि आगे की सीट पर बैठे थे, जबकि गुंजन बच्चों के साथ पीछे की सीट पर थीं। हादसे के बाद आगे की सीट, जिस पर रवि बैठे थे वह टूटकर पीछे बैठी गुंजन के ऊपर थी, जिस कारण गुंजन की मौत हो गई। थानाध्यक्ष राजकुमार सिंह ने बताया कि परिजनों को हादसे की जानकारी दे दी गई है। वहीं क्षतिग्रस्त कार को एक्सप्रेस-वे से हटाकर थाना परिसर में खड़ा करवा दिया गया है।

## डीपीआरओ ने दो सफाई कर्मियों को किया निलंबित, एडीओ पंचायत का का रोका वेतन

**कानपुर देहात।** जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह के निर्देशन में एवं मुख्य विकास अधिकारी सौम्या पाण्डेय के नेतृत्व में जिला पंचायत राज अधिकारी अनिल कुमार सिंह ने लगातार जनपद के गांवों का दौरा कर साफ सफाई की व्यवस्थाओं का निरीक्षण कर रहे है, इसीक्रम में उन्होंने आज डेरापुर तहसील क्षेत्र के चार गांवों चिलौली, गलुवापुर, उमरी बुजुर्ग, जिगनिस का दौरा किया, चिलौली, जिगनिस में सफाई कार्य संतोषजनक पाया गया, जबकि गलुवापुर और उमरी बुजुर्ग में निरीक्षण के दौरान सफाई कर्मी अनुपस्थित मिले, निरीक्षण की सूचना मिलते ही यह तुरन्त उपस्थित हो गये, परन्तु इनके पास सफाई सम्बन्धी कोई उपकरण नही मिला, लापरवाही और काम के प्रति शिथिलता बरतने के आरोप में जिला पंचायत राज अधिकारी ने अरूण कुमार गलुवापुर और उमरी बुजुर्ग के कृष्ण कुमार को निलंबित कर दिया गया। इसके साथ ही स्वच्छता सम्बन्धी उपकरणों को सफाई कर्मियों को इन स्थानों पर न उपलब्ध कराने के कारण एडीओ पंचायत अश्वनी कुमार का मई माह का वेतन रोकने का आदेश दिया गया, साथ ही इस बात के लिए निर्देशित भी किया गया कि वे सात दिन के अन्दर सभी सफाई उपकरण सफाई कर्मियों को उपलब्ध करा दें।

## इस्तीफा देने वाले सभी सीएचसी और पीएचसी प्रभारी काम पर लौटेः सीएमओ

संवाददाता। उन्नाव

**बीती** देर साम सीएमओ और डीएम पर अभद्रता का आरोप लगाते हुए सीएचसी और पीएचसी के प्रभारी पदों से सामूहिक इस्?तीफा देने वाले 14 प्रभारियों ने देर रात तक अपने निर्णय में बदलाव करते हुए सीएमओ और डीएम के साथ वार्ता होने तक काम को प्रभावित न होने देने का निर्णय लिया। यह जानकारी खुद जिलाधिकारी ने सोशल मीडिया पर और पीएमएस संघ के मंत्री पीएचसी गंजमुरादाबाद के प्रभारी डॉ संजीव ने दी। उनका कहना था कि हम सभी अपनी मांगो पर अडिग है। जिलाधिकारी महोदय और सीएमओ के साथ वार्ता होनी हैं। यदि वार्ता सफल रहती है तो हम प्रभारी पद के साथ काम करेंगे नहीं तो अपनी मांग पर अडिग रहेंगे। आपको बतादें बुधवार सायं पीएमएस संघ के मंत्री डॉ संजीव के नेत्रत्व में 14 सीएचसी और पीएचसी के प्रभारियों ने सीएमओ कार्यालय पहुंचकर प्रभारी पद से सीएमओ की अनुपस्थित में एसीएमओ डॉ तन्मय कक्कड को इस्तीफा सौंपकर प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए थे। कोरोना काल में एक साथ ग्रामीण अस्पतालों के अधीक्षकों के इस्तीफे से हडकंप मच गया था। इस्तीफा सौंपने वालों में डॉ. विजय कुमारए डॉ. ब्रजेश कुमारए डॉ. अरुण कुमारए डॉ. संजीव कुमारए डॉ. शरद वैश्यए डॉ. पंकज पांडेयए डॉ. प्रमोद कुमारए डॉ. मुकेशए डॉ. राजेश कुमार वर्माए डॉ. दिनेश कुमारए डॉ. सिद्धार्थ श्रीवास्तवए डॉ. विजय रजौरियाए डॉ. विनय तोमर व डॉ. राकेश यादव सीएचसी प्रभारी शामिल हैं। इन लोगों ने इस्तीफे की प्रति अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्यए महानिदेशक स्वास्थ्यए अपर निदेशक चिकित्सा एवं स्वास्थ्य के साथ ही डीएम को भी भेजी है।

सामहिक इस्तीफा देने वाले चिकित्सकों का आरोप है कि संक्रमण काल में विपरीत परिस्थितियों में काम करने के बावजूद मानसिक और आर्थिक प्रताड़ना के साथ अधिकारी बेवजह कार्रवाई कर दबाव बना कर अभद्रता करते हैं। पिछले साल कोरोना काल से ही लगातार लगन से काम करते चले आ रहे हैं। डॉक्टरों का कहना था कि संसाधनों की कमी के बीच भी संक्रमित लोगों को स्वास्थ्य सेवाएं दे रहे हैं। उन्होंने अफ्सरों पर बेवजह दबाव बनाने का आरोप भी लगाया। बताया कि वेतन आदि रोककर आर्थिक शोषण किया जा रहा है।

## चाची की गोली मारकर हत्या करने में भतीजे सहित दो के खिलाफ मुकदमा हुआ दर्ज

**कमालगंज फर्रुखाबाद।** इश्क में दीवानें युवक नें रिश्तो की सारी मर्यादाओं का गला घोटकर अपनी सगी चाची के साथ ही जिन्दगी गुजारनें के सपनें देख डाले। जब चाची को परिवारिक लोगों नें दबाब बनाकर उसकी गिरफ्त से मुक्त कराया तो उसने वह कर डाला जिसका किसी को सपनें में भी आभास नही था। उसने अपनी चाची की तमंचे से गोली मारकर हत्या कर दी। पुलिस ने मृतका के जेठ के पुत्र और उसकी ननद के पुत्र के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोप की तलाश में जुटी है। दरअसल बीते दिन थाना क्षेत्र के ग्राम नथुआपुर निवासी राजेश कुमारी वर्मा पत्नी जय लाल वर्मा की हत्या गोली मारकर कर दी गयी थी। जेएनआई नें भी हत्या के पीछे प्रेम प्रसंग का मामला होनें का शक जाहिर किया था। घटना के बाद मृतका राजेश कुमारी के भाई राहुल पुत्र रामसहाय निवासी फिरोजपुर डोलना कासगंज की तहरीर पर पुलिस ने मृतका के जेठ महेंद्र के पुत्र गोविन्द व ननद के पुत्र आनन्द पुत्र रामबहादुर निवासी सपा खेड़ा गुरसहायगंज कन्नौज के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। राहुल नें कहा की गोविन्द अपनी चाची राजेश कुमारी को दिल्ली भगा ले गया था। परिवार के दबाब डालने के बाद उसे वापस किया गया। जिससे गोविन्द भीतर ही भीतर आक्रोशित हो गया। इसी आक्रोश के चलते उसने राजेश कुमारी की गोली मारकर हत्या कर दी।

## प्रशासन के सहयोग से सुमन कटियार ने कोरोना से जीती जंग

**कानपुर देहात।** प्रशासक का सर्वोत्तम स्वरूप उस समय उभर कर आता हैए जब जनता के सुख और दुख को वह अपना सुख और दुख समझता हैए जिलाधिकारी जितेन्द्र प्रताप सिंह का कुशल नेतृत्व जनपद की जनता के सुख और दुख का सहभागी तो है ही साथ ही उनकी पितृवत चिन्ता अपनी जनता के प्रति उनकी मानवीय संवेदनाओं को दर्शाता हैए इसी क्रम में यह कहानी सुमन कटियार जिसकी उम्र 49 साल की हैए जो सिकन्दरा तहसील क्षेत्र के राजपुर ब्लाक की रहनी वाली हैए कोरोना संक्रमित होने के बाद इन्होंने इसकी सूचना प्रशासन को दीए प्रशासन ने डाक्टरों से सम्पर्क स्थापित कर इनकी स्थितियों से डाक्टरों को अवगत करायाए डाक्टरों के सलाह पर यह होम आइसोलेशन में रहीए होमआइसोलेशन में रहते हुए लगातार प्रशासन ने इनसे सम्पर्क बनाये रखा और नितप्रति इनसे इनके स्वास्थ्य की जानकारी लेते रहेए समय.समय पर इनको आवश्यक दवायें इत्यादि भी उपलब्ध कराते रहेए साथ ही साथ इनका आत्मविश्वास भी लगातार बढ़ाते रहेए उनके इसी सहयोग और सजगता का परिणाम रहा कि शीघ्र ही यह पूरी तरीके से स्वस्थ्य हुयी और कोरोना संक्रमण से मुक्त हुई। इन्होंने प्रशासन के इस सहयोगात्मक रूख पर जिलाधिकारी को कोटि.कोटि धन्यवाद दिया।

## तहसील प्रशासन ने बेशकीमती भूमि पर किए गए अवैध निर्माण को ढहाया

संवाददाता। पाटन

**बीघापुर** तहसील अंतर्गत स्थानीय कस्बा पाटन में बुधवार को बेशकीमती भूमि पर अतिक्रमण कर अवैध निर्माण किए जाने की शिकायत पर तहसील प्रशासन सख्त दिखा। शिकायत के बाद दल बल के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम बीघापुर दयाशंकर पाठक ने अवैध निर्माण का ध्वस्तीकरण कराते हुए साधन सहकारी समिति के आवागमन के अवरूद्ध रास्ते को बहाल कराया। स्थानीय कस्बा पाटन निवासी रमेश प्रजापति पुत्र लाला प्रजापति द्वारा पाटन धानी खेड़ा मार्ग किनारे स्थित प्लाट पर निर्माण कराया जा रहा था। जिसके संबंध में साधन सहकारी समिति के सचिव अवधेश सिंह ने रमेश प्रजापति के खिलाफ स्वामित्व से अधिक भूमि पर निर्माण करने व आवागमन के रास्ते को अवरुद्ध किए जाने की तहसील प्रशासन से शिकायत की थी। मामले को संज्ञान में लेकर राजस्व अमले व पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे एसडीएम को जांच के दौरान निर्माण अवैध मिला। एसडीएम ने बताया अवैध निर्माण को ढहाकर भूमि को अतिक्रमण मुक्त करा दिया गया है।

## स्वयं सेवकों ने जरूरतमंदों को बांटा भोजन

**उन्नाव।** कोरोना महामारी आपदा के बीच लॉक डाउन में जब कहीं किसी तरह की खाने पीने की समान नहीं मिल रही है। तब ऐसे में हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री के नेतृत्व में स्वयं सेवक खुद भोजन तैयार कर रहे हैं। फिर तैयार किया हुआ भोजन अस्पतालों में आये मरीजों व तीमारदारोंए दिहाडी मजदूरोंए होम आइसोलेशन वाले सैकड़ो जरुतमंदो को नरसेवा नारायण सेवा को ध्येय वाक्य मानकर अवध की रसोई से सैकड़ो लोगो को भोजन वितरित कर रहे हैं। हिन्दू जागरण मंच के प्रांतीय मंत्री व प्रभारी व विमल द्विवेदी स्वयं संघ के स्वयं सेवको के साथ भोजन तैयार कर जरुतमंदो तक पहुंचाने का कार्य कर रहे है।

## झाड़ियों में मिला अधेड़ का शव, शिनाख्त नहीं

**फर्रुखाबाद।** अधेड़ का शव झाड़ियों में मिलने से इलाके में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने आसपास के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त कराने का प्रयास कियाए पर सफलता नहीं मिली। युवक की तहरीर पर पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।फ्तेहगढ़ कोतवाली क्षेत्र के मोहल्ला नेकपुर चौरासी निवासी आदित्य कटियार बुधवार दोपहर 12 बजे छत से कुछ सामान उठाने के लिए गए थे। इसी दौरान उन्होंने मकान के पीछे झाड़ियों में एक अधेड़ व्यक्ति का शव पड़ा देखा। आदित्य के शोर मचाने पर आसपास के लोग एकत्र हो गए। इस मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना पर कोतवाल जय प्रकाश पाल मौके पर पहुंचे। पुलिस ने शव के कपड़ों की तलाशी लीए लेकिन उसमें कुछ भी नहीं मिला। पुलिस ने नेकपुर चौरासी व नेकपुर कलां के लोगों को बुलाकर शव की शिनाख्त करने का प्रयास किया। लोगों ने पुलिस को बताया कि अधेड़ को पहले कभी क्षेत्र में नहीं देखा है। आदित्य कटियार ने इस मामले में पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। कोतवाल जय प्रकाश पाल ने बताया कि शव की शिनाख्त नहीं हो सकी है। अधेड़ शरीर से कमजोर व उसके कपड़े भी फ्टे थे। इस मामले में जनपद के सभी थानों को सूचना दे दी गई है।

## कोरोना कर्फ्यू का एसपी ने लिया जायजा



संवाददाता। फर्रुखाबाद

**जिले** में बढ़ते कोरोना संक्रमण के बीच प्रदेश के अन्य जिलों की भांति लगाये गये कोरोना कर्फ्यू का आज पुलिस अधीक्षक ने शहर के बीचो बीच लालदरवाजा सहित कई अन्य जगहों पर पहुंच स्थलीय निरीक्षण किया। वहीं कोरोना कर्फ्यू का पलीता लगाकर सड़क पर वेबजह घूम रहे एंव बिना मास्क के घूम रहे नागरिकों को कोविड.19 के प्रति जागरुक किया।पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने नागरिकों से कहा कि कोरोना की दूसरी लहर काफी घातक हैए कोरोना से छिड़ी जंग में हम सबको कोविड नियमों का पालन एंव कोरोना कर्फ्यू का पालन कर वेबजह घर से बाहर न निकले और मास्क काप्रयोग अवश्य करें। जरुरत होने पर मास्क लगाकर घर से बाहर निकले। जिससे कोरोना से छिड़ी जंग में हम जीत सकें।

## 80 आरटीपीसीआर और 50 की हुई एंटीजन जांच

**गुरसहायगंज ( कन्नौज )।** कोरोना वायरस के तेजी से फैल रहे संक्रमण की रोकथाम के लिए आयोजित कोरोना जांच कैंप में दस दर्जन से अधिक लोगों की कोरोना जॉच की गई वहीं करीब दस दर्जन लोगो का करोना वैक्सीनेशन किया गया।गुरुवार को स्थानीय सीएचसी में आयोजित कोरोना जांच कैंप में 80 लोगों की आरटीपीसीआर तथा 50 लोगों को एंटीजेन कोरोना जांच की गई। इस अवसर पर योगेंद्र साहू, फार्मासिस्ट अग्रसेन और सीमा सिंह मौजूद रहे। उधर स्वास्थ्य विभाग की दो अन्य टीमों द्वारा क्षेत्र के कई ग्रामों में कैंप लगाकर कोरोना जांच की गई वही सीएससी के महिला मेटरनिटी विंग में आयोजित कोरोना वैक्सीनेशन सेंटर में डॉ0 शशांक श्रीवास्तव के नेतृत्व में 120 लोगो का कोरोना वैक्सीनेशन किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक के लिए तथा उसी की ओर से मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा टिन टिन प्रिंटेक प्रा.लि. सी-33 अमौसी इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज लखनऊ से मुद्रित एवं चौथी मंजिल, सहारा शापिंग सेंटर, फैजाबाद रोड, लखनऊ से प्रकाशित। सम्पादकः चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादकः विजय प्रकाश सिंह। फोनः ( 0522 ) 4036600 फैक्सः 2346443/2345582

# एसआरएन को सौंपे 150 हाई पैरा मॉनिटर

● कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थनाथ सिंह ने किया प्रदान, जनता के उत्तम स्वास्थ्य व सही निगरानी के लिए सरकार की ओर से प्रदान किए गए उपकरण


एसआरएन अस्पताल में हाई पैरा मॉनिटर सौंपते कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह।

**पायनियर समाचार सेवा।** प्रयागराज

**कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने** गुरुवार को स्वरूपरानी नेहरू चिकित्सालय प्रशासन को कोविड 19 एवं अन्य गम्भीर मरीजों के उपचार और सही निगरानी के लिए नए 150 हाई पैरा मॉनिटर मशीनें सौंपी। काबीना मंत्री ने उक्त मशीनों को प्रधानाचार्य डा एस पी सिंह को प्रदान किया। इनका इस्तेमाल मरीजों के इलाज में आवश्यक रूप से किया जाए। कैबिनेट मंत्री ने चिकित्सकों पैरामेडिकल स्टॉफ का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि इस समय देश को आपकी सेवाओं की जरूरत है। आपदा की घड़ी में सभी का योगदान अनुकरणीय है। तीसरी लहर की संभावना के दृष्टिगत प्रशासन एवं मेडिकल स्टॉफ को इसके लिए अभी से तैयार रहने के लिए सचेत किया। मुख्यमंत्री स्वयं कोविड की निगरानी और पल पल की खबर रख रहे हैं। प्राचार्य को निर्देश दिए कि पीडियाट्रिक वार्ड ऑक्सीजन की उपलब्धता पैरामेडिकल स्टाफ डॉक्टर की आवश्यकता आदि प्रस्ताव बनाकर तत्काल शासन को भेजें। डॉक्टर और पैरामेडिकल स्टाफके साथ संसाधनों को उपलब्ध कराया जा सके। मेडिकल कालेज के प्राचार्य डा एसपी सिंह ने एसआरएन में मरीजों को दी जा रही सुविधाओं एवं कठिनाइयों से मंत्री को अवगत कराया। इस दौरान उन्होंने अस्पताल की व्यवस्था पीने का पानी दवाइयां जांच सुविधाएं एवं वार्डो की नियमित सफाई सैनिटाइजर करने आदि मूलभूत सुविधाओं को चुस्त दुरस्त रखने के निर्देश दिए। कोविड मरीजों के परिजनों को उनका हाल चाल जानने के लिए परेशान न होना पड़े इसका विशेष ध्यान दिया जाए। सांसद केसरी देवी कमलेश कुमार गणेश केसरवानी डीएम प्राचार्य डा. एसपी सिंह प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डा अजय सक्सेना डा गौतम त्रिपाठी उपस्थित रहे।

### सिद्धार्थनाथ ने किया बीपीसीएल का दौरा

**नैनी।** नैनी स्थित बीपीसीएल कंपनी में सरकारी आर्डर पर बंद ऑक्सीजन सिलेंडर के कार्य की प्रगति का निरीक्षण आज कैबिनेट मंत्री सिद्धार्थ नाथ सिंह ने किया। इस दौरान उन्होंने ऑक्सीजन सिलेंडर निर्माण में लगे कर्मचारियों को रीलीव करने की सूचना पहुंचे और लोगों से तथा कंपनी के अधिकारियों से बातचीत की। साथ ही उन्होंने कंपनी का निरीक्षण किया। वहीं सभी डेवलपमेंट की जानकारी भी ली। ऑक्सीजन सिलेंडर निर्माण में लगे कर्मचारियों को आश्वस्त किया कि वह अपना काम करें। उनके साथ पूरा न्याय कराने की कोशिश की जाएगी।

# पुलिया से टकराकर नदी में गिरी बाइक, युवक की मौत

**नैनी प्रयागराज।** यमुनापार के शंकरगढ़ में बृहस्पतिवार को शराब के नशे में धुत युवक की बाइक पुलिया से टकराने के बाद नदी में जा गिरी। जिससे युवक की मौत हो गयी। सुबह युवक की लाश नदी में बहती हुई मिली तो गांव में हड़कंप मच गया। सूचना पर पहुंची शंकरगढ़ पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर युवक की पहचान करायी। उधर शिनाख्त होने से पहले लोग युवक की हत्या किये जाने की आशंका जता रहे थे। बाइक पुलिया से टकराकर नीचे नदी में गिर गयी। जिससे उसका सिर पत्थर से टकरा गया और उसकी मौत हो गई। शंकरगढ़ कस्बे के मोतियन टोला निवासी शिवकुमार 35 पुत्र छेदीलाल आरओ वाटर सप्लाई में पानी की बॉटल उतारने का काम करता था। इसी कारोबार से वह पत्नी गुड़िया दो बेटे तीन साल के गोलू और डेढ़ साल के छोटू का पालन पोषण करता था। पत्नी गुड़िया ने बताया कि बुधवार की रात में शिवकुमार मोटरसाइकिल लेकर अपने एक दोस्त को छोड़ने कल्याणपुर शंकरगढ़ गया था। जाते समय उसने कहा था कि एक घण्टे में वापस आ रहा है लेकिन वह वापस नहीं लौटा। सुबह करीब दस बजे पुलिस के जरिए सूचना मिली कि कल्याणपुर गांव के सामने नदी पर बनी पुलिया के नीचे पानी में शिव कुमार की लाश पड़ी है। सड़क पर उसकी बाइक भी पड़ी है। जानकारी मिलने पर पत्नी बच्चों को लेकर बदहवास हालत में मौके पर पहुंच गयी। पुलिस ने शिव कुमार की लाश को बाहर निकाला तो उसके सिर पर चोट के निशान मिले। थाना प्रभारी शंकरगढ़ कुलदीप तिवारी के मुताबिक शिवकुमार शराब पीकर वापस घर जा रहा था। उसकी बाइक अंधेरे में पुलिया से टकरा गई। जिससे वह नदी में गिर गया। जहाँ पत्थर से टकरा गया और उसकी मौत हो गई।

## क्विक न्यूज

### कोरोना की दूसरी लहर से अगला वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण

**प्रयागराज।** कोरोना महामारी की दूसरी लहर के तहत अगला वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण होने वाला है। सरकार द्वारा प्रदान किए गए प्रोत्साहन से बेहतर लाभ प्राप्त हुआ है। लेकिन कोरोना महामारी की दूसरी लहर के मद्देनजर आने वाला वर्ष अधिक चुनौतीपूर्ण लग रहा है। भारत भर में अधिक से अधिक लोगों को तेजी से टीकाकरण प्रदान करते हुए और अन्य साधनों के माध्यम से महामारी को समाहित करना ही क्षमता आर्थिक पुनरुद्धार का रास्ता प्रशस्त करेगी। बिरला कॉर्पोरेशन लिमिटेड ने चौथी तिमाही में दो सौ उनचास दशमलव तैंतीस करोड़ रुपए की चौथी तिमाही में शुद्ध लाभ दर्ज किया है। जो पिछले साल की समान अवधि में एक सौ चौरानवे दशमलव तिरसठ करोड़ रुपए से अट्ठाइस प्रतिशत अधिक था। कंपनी की उत्पादन क्षमता के एक सौ आठ प्रतिशत तक के उपयोग के चलते उत्पादन और बिक्री बढ़ने से कंपनी का लाभ बढ़ा और ये तिमाही साल की सबसे बेहतर तिमाही साबित हुई। प्रदर्शन ने बाहरी झटके के साथ वर्षो में बनाए गए लचीलापन को प्रतिबिंबित किया है। चैयरमैन हर्षवर्द्धन लोढ़ा ने कहा कि वित्तीय वर्ष की शुरुआत में सामने आए बड़े व्यवधानों के मद्देनजर वित्त वर्ष लाभ प्रदाता के दृष्टिकोण से निराशाजनक नहीं था।

### तीन दिन बाद दर्ज किया मुकदमा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** बीते सोमवार की रात्रि में सड़क दुर्घटना में हुई बाइक सवार की मौत के मामले में कोतवाली टाण्डा पुलिस ने घटना के तीन दिन बाद नामजद मुकदमा पंजीकृत किया है। जानकारी के अनुसार कोतवाली क्षेत्र के ग्राम डुहिया में पुलिया के पास बीते सोमवार की रात्रि में ग्राम अजमेरी बादशाहपुर में बहुओम से बाइक से लौट रहे रमेश कुमार निवासी ग्राम मोजाहिदपुर थाना इब्राहिमपुर को मोटरसाइकिल सवार गुलाब चन्द्र पुत्र राम मूर्ति निवासी डुहिया ने टक्कर मार दिया। जिससे रमेश कुमार गम्भीर रूप से घायल हो गये इलाज के लिए उन्हें जिला अस्पताल भेज गया था जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गयी। मृतक की पत्नी राजमति देवी ने टाण्डा कोतवाली पुलिस को गुलाब चन्द्र के विरूद्ध तहरीर देकर मुकदमा पंजीकृत कराया है।

### एक युवक को पुलिस ने धर दबोचा

**टाण्डा, अम्बेडकरनगर।** अलीगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा पश्चिम में घर के अंदर गलियारे में पड़वा काट रहे युवक को पुलिस ने धर दबोचा। मामले में अलीगंज पुलिस ने मुकदमा पंजीकृत कर लिया है। घटना अलीगंज थाना क्षेत्र के मोहल्ला कस्बा पश्चिम ताज तिराहे की है। अलीगंज थाना अध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर शुक्रवार की सुबह 8रू30 बजे कस्बा पश्चिम मोहल्ले में स्थित मोहम्मद आलम उर्फराजा के घर पर छापेमारी की गई। इस दौरान घर के अंदर गलियारे में मोहम्मद आलम उर्फराजा द्वारा पड़वा काटते पाया गया। इस दौरान पुलिस ने पड़वा काटने में प्रयुक्त सामानों के साथ मोहम्मद आलम और राजा को गिरफ्तार कर लिया। अलीगंज पुलिस ने मामले में सुसंगत धाराओं में मुकदमा पंजीकृत किया है। इस संदर्भ में अलीगंज थानाध्यक्ष यशवंत यादव ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त को जमानत दे दिया गया है अग्रिम कार्रवाई की जा रही है।

### पूर्व प्रधान की मौत

**मिल्कीपुर अयोध्या।** मिल्कीपुर ब्लाक क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत उधुई के 53 वर्षीय पूर्व प्रधान धीरेंद्र कुमार यादव की मौत हो गई है। उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई और परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम पंचायत उधुई अंतर्गत सराय हेमराज गांव निवासी धीरेंद्र कुमार यादव समाजवादी पार्टी के नेताओं में शुमार थे। दो पंचवर्षीय योजना ग्राम प्रधान रहे। हाल ही में संपन्न हुए पंचायत चुनाव में ग्राम प्रधान पद का चुनाव हार गए थे। चुनाव संपन्न होने के बाद से उनकी तबीयत खराब हुई थी और उन्हें सर्दीए खांसीए बुखार से परेशानी हुई थी। पहले तो इलाज घर पर ही चला किंतु हालत बिगड़ने के उपरांत उन्हें जिला अस्पताल भर्ती कराया गया था जहां इलाज के दौरान गुरुवार को सुबह करीब 8 बजे उनकी मौत हो गई। उनका पार्थिव शरीर पैतृक गांव लाया गया जहां उनका अंतिम संस्कार किया गया।

### चाणक्य परिषद ने परशुराम जयंती घर में मनाने का लिया निर्णय

**अयोध्या।** पूरे प्रदेश व जिले में कोविड.19 के विनाशकारी रूप धारण करने के चलते परशुराम जयंती 14 मई शुक्रवार को हम अपने अपने घरों में रहकर उनकी विधिवत आरती पूजा.अर्चना आदि करके मनाने का निर्णय अखिल भारतीय चाणक्य परिषद के राष्ट्रीय संरक्षक पंडित कृपा निधान तिवारी ने एक आवश्यक बैठक में लिया है और उन्होने सभी ब्राह्मण बंधुओं और भगवान परशुराम के समर्थको से अपील की है । भगवान परशुराम के आदर्शों पर चलकर ही हम अपने एक मजबूत समाज और अखंड भारत का निर्माण कर सकते हैं इसके लिए हमें एकजुट होकर राष्ट्रीय की रक्षा का संकल्प लेने की याद दिलाना ।परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित दुर्गा प्रसाद तिवारी आफ्न ने परिषद के निर्णय की यह जानकारी दी है।

### शराब की दुकानों का निरीक्षण

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने तहसील रुदौली क्षेत्रान्तर्गत भेलसर में स्थित दसी व विदेशी की दुकानों व तहसील रुदौली के ही रसूलाबाद चैराहा पर स्थित देसीी शराब की दुकान का किया निरीक्षण। डीएम ने सभी उपजिलाधिकारियों को अपने क्षेत्रों में भ्रमणषील रहकर षराब की दुकानों पर सोशल डिस्टेनसिंग और मास्क अनुपालन के लिए शराब की दुकानों की निगरानी करते रहने के निर्देश दिए।

### रुदौली पीएचसी पर टीकाकरण की जानकारी ली

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में संचालित कोविड टीकाकरण केंद्रों का किया निरीक्षण कर टीकाकरण के स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के समय टीकाकरण केंद्र संचालित पाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीकाकरण टीम के सभी सदस्यों को संक्रमण से बचाव संबंधी सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन कर स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को कोविड.19 का टीका सुगमता उपलब्ध कराने लगाने के निर्देश दिए।

### बहुआयामी प्रतिभा के धनी थे विनोद रस्तोगी: विजय

**प्रयागराज।** विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान प्रयागराज की ओर से वेबिनार के जरिए लेखक और नाटककार तथा नौटंकी को पुनर्जीवित करने वाले विनोद रस्तोगी की 98 वीं जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गयी। फ़ेसबुक पर लाइव परिचर्चा के माध्यम से आयोजित वेबिनार में मुख्य वक्ता जाने माने लेखक और निर्देशक विजय पण्डित रहे। जो लखनऊ से कार्यक्रम में ऑनलाइन शामिल हुए। लेखक विजय पण्डित ने विनोद रस्तोगी के व्यक्तित्व के हर पहलू पर अपने विचार रखे। उन्होंने कहा कि उनके व्यक्तित्व के हर आयाम पर घंटो चर्चा हो सकती है। वह बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी व्यक्ति थे। चाहे वह उनका लेखन का क्षेत्र हो निर्देशन हो या फिर आकाशवाणी के नाटक प्रस्तुतकर्ता का या अभिनेता का ही क्यों न हो। नौटंकी के पुनरुत्थान में विनोद रस्तोगी की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण रही है। उन्होंने नौटंकी को समसामयिक विषयों से जोड़ा तथा मृतप्राय लोकनाट्य को संजीवनी प्रदान की। विजय पण्डित ने आशा व्यक्त की है कि विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान विनोद रस्तोगी के सपनों को अवश्य साकार करेगा। संस्थान के सचिव और विनोद रस्तोगी के पुत्र आलोक रस्तोगी ने विनोद रस्तोगी का संक्षिप्त जीवन परिचय दिया।

# खेल जगत के अमूल्य धरोहर थे बृजमोहन सिंह: आकाश गुप्त

**अयोधया।** हॉकी के जादूगर कहे जाने वाले मेजर ध्यानचंद के बड़े पुत्र बृज मोहन सिंह के आकस्मित मौत हो जाने से खेल जगत व खिलाड़ियों में शोक की लहर है। दिवंगत आत्मा की शान्ति के लिए मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के बैनर तले उन्हें श्रद्धांजलि स्वरूप एक शोक सभा का आयोजन सादगी पूर्ण तरीके व कोविड नियमों के अंतर्गत संस्था अध्यक्ष आकाश गुप्त के आवास पर हुई जिसमें केवल संस्था के पदाधिकारी मौजूद रहे। स्व. बृजमोहन सिंह के छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करते हुए मेजर ध्यानचंद खेल उत्थान समिति के अध्यक्ष आकाश गुप्त ने खेल के प्रति उनके कृत्यों पर चर्चा करते हुए कहा कि मेजर ध्यानचंद दद्दा ने समूचे विश्व मे भारत को खेल के क्षेत्र में शीर्ष स्थान पर पहुचाकर भारत को गौरवान्वित किया था और उसी परम्परा को आगे ले जाने का कार्य उनके बड़े पुत्र बृजमोहन सिंह अजीवन करते रहें, जो मेजर ध्यानचंद के सात बेटों में सबसे बड़े थे। जो खेल सेवा करते करते राजस्थान स्पोर्ट्स काउंसिल में रिजनल स्पोर्ट्स ऑफिसर के पद से रिटायर हुए थे और अभी हाल में ही उन्होंने कोरोना पर विजय भी प्राप्त किया था और उन्होंने अपने पीछे पत्नी और दो बेटे और एक बेटी को छोड़ गए है। उनके निधन से राष्ट्र की अमूल्य क्षति हुई है जो खेल जगत के अमूल्य धरोहर थे, जिसका भरपाई होना संभव नही है। खो-खो के कोच व संस्था के महामंत्री रोहित जायसवाल ने कहा कि खेल के विकास में हम अपना योगदान दे यही उन्हें सच्ची श्रद्धांजलि होगी। संस्था द्वारा स्व बृजमोहन जी के स्मृति में श्रद्धांजलि स्वरुप जल्द ही जिला चिकित्सालय परिसर में एक रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा।

# मरीजों के इलाज में डॉक्टर के साथ नर्सों की भूमिका भी अहम: डा. आशुतोष त्रिपाठी

● अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस पर आरके ग्रुप ऑफ नर्सिंग कालेज में वेबिनार आयोजित

**पायनियर समाचार सेवा।** नैनी प्रयागराज

**अस्पतालों** में भर्ती मरीजों के इलाज में डॉक्टरों के साथ नर्सों की भी भूमिका बेहद अहम होती है। उनके अमूल्य योगदान से ही एक चिकित्सक मरीज को ठीक करने में सफल हो पाता है। यह बातें अंतराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस के मौके पर औद्योगिक क्षेत्र के मवैया स्थित आर के ग्रुप ऑफ नर्सिंग कालेज के चैयरमैन डा आशुतोष त्रिपाठी ने कहीं। डा आशुतोष त्रिपाठी बेबिनार के जरिए वर्तमान दौर में नर्सिंग के नए आयाम एवं तनावमुक्त वातावरण पर लोगों को संबोधित कर रहे थे। चेयरमैन डा आशुतोष त्रिपाठी ने कहा कि वर्तमान समय यानी कोरोना संक्रमण काल में जिस तरह से नर्सें अपना योगदान दे रहीं हैं वह वाकई काबिल ए तारीफ है। कालेज के निदेशक इंजीनियर आशीष त्रिपाठी ने कहा कि स्वास्थ्य विभाग में सुधार करने और स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने में नर्स अहम भूमिका निभाती हैं। उप्र नर्सिंग कौंसिल लखनऊ की सदस्य एवं प्राचार्य केएच विक्टोरिया देवी रहीं।

फ्लोरेन्स नाइटिंगेल के योगदान एवं कृतत्व पर प्रकाश डाला। प्राचार्या केएच विक्टोरिया देवी ने कहा कि कोरोना की वजह से पूरी दुनिया में ऑनलाइन अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस मनाया जा रहा है। नर्सिंग दिवस दुनिया भर के उन नर्सेस को समर्पित होता है जो आज सेहत के क्षेत्र में विशेष भूमिका निभाने के साथ साथ अपना विशेष योगदान दे रही हैं। विशिष्ट अतिथि शिजो संकरथिल मालदीव ने नर्सिंग दिवस के बारे में लोगों को बताया। नर्सिंग की शिक्षिका पूजा चौरसिया ने स्ट्रेस मैनेजमेंट एवं करेंट ट्रेंड्स इन नर्सिंग पर विचार व्यक्त किए। मरियम शेफाली ने ह्यूमर इन नर्सिंग एवं टेली नर्सिंग पर लोगों से जानकारी साझा की। उप प्राचार्या विनीता तिवारी ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय नर्सिंग दिवस की खास बात यह है कि इस दिन वर्ष 1820 में फ्लोरेन्स नाइटिंगेल जिन्हें लेडी विथ द लैम्प कहा जाता है उनका जन्म हुआ था।


वेबिनार में हिस्सा लेते डा आशुतोष त्रिपाठी एवं अन्य।

# खुशहाल परिवारों में अभिभावकों में हो रहे बिखराव

**प्रयागराज।** वैश्विक महामारी कोरोना काल के बाद हाल में ही शुरू की गई दिल छू लेने वाली कहानी क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में दो बच्चों ऋषि और रोली की मासूम दुनिया दिखाई जा रही है। जो अपने अभिभावक के बीच खोया प्यार लौटाकर अपने खुशहाल परिवार पूरा करना चाहते हैं। दोनों मिलकर अपने अभिभावक शुभ्रा नेहा मार्दा और कुलदीप सिद्धांत वीर सूर्यवंशी के बीच पैदा हुई दरार भरने के मिशन पर हैं। अभिनेता सिद्धांत वीर सूर्यवंशी ज़ी टीवी के क्यों रिश्तों में कट्टी बट्टी में कुलदीप का रोल निभा रहे हैं। यह हर सोमवार से शनिवार रात दस बजे ज़ी टीवी पर आएगा। उन्होंने खुलासा करते हुए बताया कि असल में वह कुलदीप के रोल के लिए ऑडिशन नहीं देने वाले थे। आज वक्त बदल गया है और टेलीविजन इंडस्ट्री भी आगे बढ़ गई है। भगवान के आशीर्वाद से अब लोग मेरा काम भी पसंद कर रहे हैं। इसे लेकर दोनों ओर से अब दोनों परिवारों में प्रगाढ़ता बढ़ रही है।

# पूर्व एमएलसी के पुत्र अर्पित वर्मा को अखिलेश यादव ने किया सम्मानित

**बसखारी, अम्बेडकरनगर।** फैजाबाद अंबेडकर नगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य एवं समाज वादी पार्टी के वरिष्ठ नेता अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा के छोटे पुत्र अर्पित वर्मा ने संसद में होने वाले प्रख्यात वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम लैम्प्स में शामिल हुए विकास खंड बसखारी के बढ़ियानी से नव निर्वाचित बीडीसी सदस्य व दिल्ली विश्वविद्यालय में अध्यनरत एलएलबी अर्पित वर्मा को सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव ने सराहना करते हुए प्रशस्ति पत्र भेंट कर जनपद के उभरते युवा सपा नेता अर्पित वर्मा को सम्मानित किया।



सपा के कद्दावर नेता फैजाबाद अंबेडकर नगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा के छोटे पुत्र अर्पित बर्मा ने संसद भवन में बीते 8 मार्च से 8 अप्रैल के बीच आयोजित सदन के दौरान प्रख्यात लैम्प्स की वार्षिक प्रशिक्षण कार्यक्रम में समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री व आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव के साथ रहकर महत्वपूर्ण सहभागिता दर्ज कराई।

वार्षिक प्रशिक्षण के दौरान उत्कृष्ठ कार्य करने पर पूर्व मुख्यमंत्री व आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव ने अर्पित वर्मा को प्रशस्ति पत्र भेंट कर उनके हौसले को अफ्जाई किया अर्पित उर्फ अमन ने गत त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव में अपने जीवन का पहला चुनाव बसखारी ब्लाक के वार्ड संख्या 73 बढियानी से क्षेत्र पंचायत सदस्य पद पर चुनाव लडे और नवनिर्वाचित भी हुए अर्पित ने नैनीताल के बिरला विद्या मंदिर से अपनी शिक्षा प्राप्त किया और शहीद भगत सिंह कालेज से स्नातक की डिग्री लेने के बाद दिल्ली विवि से लॉ की शिक्षा एलएलबी ग्रहण कर रहे हैं एलएलबी परीक्षा के दौरान ही संसद भवन में आयोजित प्रख्यात लैम्प्स संसद सदस्य के लिए कानूनी सहायक प्रशिक्षण में आजमगढ़ सांसद अखिलेश यादव के साथ कार्य किया। अर्पित ने कहा कि आगमी संसद सत्र में सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव के साथ ही प्रशिक्षण कार्य करेंगे। जिले के उभरते सपा के युवा नेता अर्पित वर्मा के पिता सपा के वरिष्ठ नेता के साथ-साथ फैजाबाद अंबेडकरनगर के पूर्व विधान परिषद सदस्य अजय कुमार उर्फ विशाल वर्मा को लोगों द्वारा बधाइयां मिलने का सिलसिला जारी है।

# अपने दायित्वों को हर हाल में पूर्ण करें अधिकारी: डीएम

● बैठक में कहा कोरोना कर्फ्यू का हो कड़ाई से अनुपालन

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**कोरोना संक्रमण** की रोकथाम हेतु गठित टीम-9 के कार्यों की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी सैमुअल पॉल एन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में आहूत की गई। बैठक के दौरान जिलाधिकारी द्वारा गठित टीम-9 के कार्यों की बिंदुवार समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने समस्त संबंधित अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि जिसको जो दायित्व सौंपा गया हैं वह हर हाल में पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि जनपद में लगे कोरोना कर्फ्यू का अच्छे से पालन कराया जाए।

ग्रामीण व नगरीय क्षेत्रों में साफ-सफाई व सैनिटाइजर का कार्य लगातार किया जाए। कोविड-19 एवं कंट्रोल सेंटर से होम आइसोलेशन के मरीजों का हाल चाल लेते रहें तथा उन्हें मेडिकल किट भी उपलब्ध कराएं। अस्पतालों में लगाए गए मजिस्ट्रेट यह जानकारी लें कि मरीजों का प्रतिदिन डॉक्टर सुबह-शाम विजिट करते हैं कि नहीं। प्रतिदिन डॉक्टर एक-एक मरीज का हाल-चाल पूछेंगे।

समीक्षा के दौरान पाया गया कि जनपद में आज तजचबत-732 तथा एंटीजन -759 के सैंपल लिए गए और कुल पॉजिटिव रेट 0.85 रही जबकि होम आइसोलेशन में कुल 332 मरीज हैं । कुल 47 आरआरटी टीम सक्रिय है। निगरानी टीम 1030 में से 943 टीम सक्रिय है। बुधवार को कुल 2095 लोगों का कोरोना वैक्सीन का टीका लगाया गया। प्रतिदिन तज-चबत जांच का लक्ष्य 1600, एंटीजन का लक्ष्य 900 है कुल 2500 टेस्टिंग का लक्ष्य है। इसे पूरा करना सुनिश्चित किया जाए। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी घनश्याम मीणा ,अपर जिलाधिकारी डॉ पंकज कुमार वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अशोक कुमार, परियोजना निदेशक प्रदीप पांडे, समस्त एसडीएम, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ एस.के. वर्मा तथा संबंधित विभाग के अधिकारी/कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे।


कोविड की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी

# डीएम ने की रोकथाम अभियान की समीक्षा

● कोरोना के लक्षण पाए जाने पर उपलब्ध कराएं मेडिसिन किट

**संवाददाता।** अयोध्या

**जिलाधिकारी अनुज कुमार झा** ने एकीकृत कोविड कमांड एंड कंट्रोल सेंटर में कोविड.19 पर प्रभावी रोकथाम हेतु रैपिड रिस्पांस टीमों व निगरानी समितियों द्वारा घर.घर भ्रमण कर किए जा रहे ट्रेसिंग, टेस्टिंग एवं ट्रीटमेंट संबंधी कार्यों व कोविड पर रोकथाम हेतु किए जा रहे समस्त कार्यों की गहन समीक्षा की। इस दौरान उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी को समस्त एमओआईसी को व उनके माध्यम से समस्त निगरानी समितियों, आशा संगनियों, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को पर्याप्त सं या में मेडिसिन किट की उपलब्धता सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए। जिससे गांव में घर.घर भ्रमण के दौरान किसी भी व्यक्ति में कोविड के लक्षण पाए जाने पर उसे आशा, आगनबाड़ी कार्यकत्री द्वारा तत्काल किट उपलब्ध कराया जा सके। इसी के साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त सीडीपीओ व एम ओ आईसी/ह्ल को रैपिड रिस्पांस टीमों द्वारा हाउस टू हाउस टेस्टिंग एवं आशा संगिनियोंए आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों द्वारा लक्षणयुक्त व्यक्तियों को मेडिसिन किट वितरण कार्य की नियमित निगरानी करने व उक्त कार्यों को सुचारू रूप से क्रियान्वित कराने के भी निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड.19 वायरस के प्रसार को रोकने व उस पर प्रभावी रोकथाम हेतु घर-घर जाकर प्रत्येक लक्षण युक्त व्यक्ति की ट्रेसिंगए टेस्टिंग व ट्रीटमेंट का कार्य बहुत ही महत्वपूर्ण है। जिसके दृष्टिगत जिलाधिकारी ने सभी उप जिलाधिकारियों, खंड विकास अधिकारियों व सीडीपीओ को रैपिड रिस्पांस टीमों के साथ टेस्टिंग टीमों द्वारा घर-घर जाकर किए जा रहे कोविड टेस्टिंग के कार्यों में पूर्ण सहयोग करने तथा संबंधित कानूनगोए लेखपाल व ग्राम पंचायत सचिव आदि को आशा संगिनियों के साथ गांव में घर.घर जाकर लोगों को प्रोत्साहित करने तथा निगरानी समिति के द्वारा किए जा रहे कार्यों में पूर्ण सहयोग के निर्देश दिए। डीएम ने जनपद में वैक्सीनेशन की स्थिति के साथ-साथ कोविड से संक्रमित मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सीय सुविधाओं आज की भी समीक्षा की।

# डीएम व एसएसपी ने कोविड टीकाकरण केंद्रों का किया मुआयना

**अयोध्या।** जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र रुदौली में संचालित कोविड टीकाकरण केंद्रों का किया निरीक्षण कर टीकाकरण के स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के समय टीकाकरण केंद्र संचालित पाया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने टीकाकरण टीम के सभी सदस्यों को संक्रमण से बचाव संबंधी सभी दिशा निर्देशों का अनुपालन कर स्वयं को सुरक्षित रखते हुए अधिक से अधिक लोगों को कोविड.19 का टीका सुगमता उपलब्ध करानेए लगाने के निर्देश दिए। जिलाधिकारी अनुज कुमार झा व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री शैलेश कुमार पांडेय ने नगर पालिका रुदौली के शेखाना उत्तरी वार्ड का स्थलीय भ्रमण कर घर पर उपचार ले रहे कोविड.19 संक्रमित व्यक्ति ;राजूए उम्र 45 वर्षद्ध के घर जाकर स्वास्थ की जानकारी ली। इस अवसर पर राजू के परिवार के सदस्य द्वारा बताया गया कि उन्हें ससमय मेडिसिन किट प्राप्त हो गया है और अब उन्हें किसी भी प्रकार की समस्या नहीं है। परिवार के अन्य सभी सदस्यों की भी कोविड.19 की जांच हो चुकी है और सभी लोग स्वस्थ है। जिलाधिकारी ने सभी अपना ध्यान रखने व किसी भी समस्या हो पर तत्काल सूचित करने को कहा। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी रूदौली भी उपस्थित रहे।

# व्यवस्थाएं ठीक करा लें नहीं तो होगी कार्रवाई: डीएम

**संवाददाता।** अम्बेडकरनगर

**जिलाधिकारी** सैमुअल पॉल एन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बसखारी में स्थापित विभिन्न मेडिकल स्टोरों का औचक किया निरीक्षण निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में वैक्सीनेशन रूम में उपस्थित नर्स से वैक्सीन के बारे में जानकारी ली। साथ ही वैक्सीन लगवाने के लिए उपस्थित व्यक्तियों को वैक्सीन के लाभ एवं महत्व को बताते हुए उनको जागरूक किया। निरीक्षण के दौरान वहां पर उपस्थित डॉक्टर द्वारा अवगत कराया गया कि आज बसखारी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अभी तक कुल प्रथम डोज 82 तथा द्वितीय डोज 29 का वैक्सीनेशन कराया गया। जिलाधिकारी ने वहां पर टीका लगवाने हेतु उपस्थित रामप्रसाद से वार्ता कर जानकारी ली। राम प्रसाद द्वारा बताया गया कि आज मुझे द्वितीय डोज का टीका लगाया गया । मुझे कोई दिक्कत नहीं है। मुझे टीका लगने के बाद दवा भी उपलब्ध कराया गया।

कोविड-19 जांच के लिए एंटीजन टेस्ट, टेस्ट और गतिशीलता लाने हेतु चिकित्सा अधीक्षक को निर्देश दिया गया। जिलाधिकारी ने एक वर्ष से आरो में पानी न होने और परिसर में गंदगी पाए जाने पर चिकित्सा अधीक्षक को कड़ी फटकार लगाई। और साफ-सफाई, पानी की व्यवस्था तत्काल सुनिश्चित करने हेतु निर्देश दिया साथ ही यह भी निर्देश दिया कि इसकी पुनरावृत्ति न हो। निरीक्षण के दौरान चिकित्सा अधीक्षक डॉ मारकंडे प्रसाद से पूछने पर उन्होंने जिलाधिकारी को अवगत कराया कि निगरानी समितियों को एक पल्स ऑक्सीमीटर तथा 12 थर्मल स्केनर उपलब्ध कराया गया है। जिलाधिकारी द्वारा ततज टीम के डॉक्टर शैलेंद्र से मोबाइल द्वारा वार्ता किया गया तो डॉक्टर ने अवगत कराया कि मुझे 12 ग्राम पंचायत मिला है जिसमें से आज केवल एक मरीज कोरोना पॉजिटिव मिला है। इसके उपरांत चिकित्सा अधीक्षक से एंबुलेंस के बारे में पूछा गया जो कोविड-19 हेतु लगाया गया है। एंबुलेंस में जाकर जिलाधिकारी ने ऑक्सीजन और मरीजों को लगाने हेतु ऑक्सीजन मास्क के बारे में जानकारी लिया।



ऑपरेटर सुरेश द्वारा बताया गया कि बड़ा सिलेंडर खाली है केवल छोटा सिलेंडर भरा है तथा ऑक्सीजन मास्क एक ही था। जिस पर जिलाधिकारी चिकित्सा अधीक्षक को नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि ये सभी व्यवस्थाएं तत्काल ठीक करा लें अन्यथा किसी भी दशा में संबंधित के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न मेडिकल स्टोर न्यू लक्ष्मी मेडिकल स्टोर, विनय मेडिकल स्टोर तथा न्यू मोती मेडिकल हॉल का लाइसेंस चेक किया गया। सभी मेडिकल स्टोर का लाइसेंस ठीक पाया गया। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार तथा थाना अध्यक्ष बसखारी मौके पर उपस्थित रहे।

# कोविड महामारी

## एकजुट संघर्ष आवश्यक

**हालांकि** कोविड महामारी के बारे में बहुत भ्रम फैला है, पर हमें इससे एकजुट होकर संघर्ष करना चाहिए। हालिया स्मृति में कोई ऐसा अन्य मुद्दा नहीं है जिसका भारत के सार्वजनिक विमर्श पर कोविड महामारी जितना कब्जा रहा हो। मीडिया इससे भरा पड़ा है, सोशल मीडिया पट गया है, यह सभी चर्चाओं की दिशा तय करता है तथा सार्वजनिक विमर्श से लेकर सर्वाधिक निजी विमर्श तक छाया हुआ है। राजनीतिक पार्टियां भूल गई हैं कि पहले कब उन्होंने ऐसे मुद्दे पर चर्चा की होगी जिसका संबंध वायरस से न रहा हो। यह केन्द्र या राज्यों की सरकारों की क्षमता मापने का एकमात्र मानक बन गया है। विधायी या स्वशासी संस्थाओं का मतदान इससे प्रभावित रहा है। चिकित्सा शिक्षक, शोध केन्द्र तथा जर्नल इसका अत्यन्त सूक्ष्म विश्लेषण कर रहे हैं। लेकिन इस सारी चर्चा ने अब तक कोविड की दूसरी लहर का प्रभाव समाप्त करने या स्वास्थ्यरक्षा के प्रबंधन व निगरानी की कोई सुगठित या सुसंगत राष्ट्रीय योजना नहीं पेश की है। अभी ठीक-ठीक यही नहीं पता है कि महामारी के बारे में वास्तव में राष्ट्रीय विमर्श क्या है? यदि आप स्वास्थ्य व गृह मंत्रालय की रूटीन, दैनिक तथा लगभग एकरूपी घोषणाओं को छोड़ दें तो विमर्श का अर्थ केवल कड़वाहट, शिकायतें, आरोप, गालियां, निन्दा, अपना वर्चस्व प्रदर्शन, राजनीतिक दीवालियापन, सब कुछ जानने की लफ्फाजी, आदि तक सीमित हो जाता है। अब केवल सोशल मीडिया या टेलीवीजन चैनलों पर युद्ध जैसी बहस ही नहीं होती है, बल्कि संस्थान भी इस शोर-शराबे में शामिल हो गए हैं। न्यायपालिका भी सरकार को चुनौतियां देने लगी है, जबकि सरकार इसे गलत सक्रियता कहती है। सरकार, सत्तारूढ़ पार्टी तथा विपक्ष केवल अपना क्षेत्र बचा



रहा है। इससे किसी भी चीज के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है।

एक राज्य में पाजिटिविटी दर गिरी है, पर कोई नहीं जानता कि यह मामले घटने के कारण है या टेस्टिंग कम करने का नतीजा है। मृत्यु दर गिरी है, लेकिन कोई नहीं जानता कि चिकित्सा देखभाल में सुधार हो रहा है या आंकड़ों के साथ हेराफेरी हो रही है। 18-44 आयुवर्ग के लिए काफी वैक्सीन उपलब्ध नहीं है, लेकिन कोई नहीं जानता कि इसका कारण वैक्सीन की कमी या वैक्सीन को उच्च जोखिम वाली श्रेणियों को देना है। स्वास्थ्य मंत्री ने राज्यों को वैक्सीन की बरबादी रोकने तथा उनसे टीकाकरण तेज करने का आह्वान किया है। सरकार या दवा उद्योग ने इस विचित्र स्थिति की व्याख्या की है जहां टीके की अनेक कीमतें हैं। इसका नतीजा भ्रम की स्थिति है। उदाहरण के लिए, न्यायपालिका का फोकस आक्सीजन सप्लाई पर है जिसके कारण अब इसकी सप्लाई विभिन्न स्रोतों से हो रही है। भारतीय वायुसेना आगरा से जामनगर तथा ग्वालियर से रांची क्रायोजेनिक आक्सीजन कंटेनर ले जाती है। जापान 200 आक्सीजन कंसेंट्रेटर भारत भेज रहा है। अनेक अन्य देशों ने भी भारत को भूमि, समुद्र व वायुमार्ग से आक्सीजन कंटेनर भेजे हैं। दिल्ली पुलिस ने एक बिजनेसमैन के खिलाफ मामला दर्ज किया है जिसने अपने स्वामित्व वाले एक होटल में आक्सीजन कंसेंट्रेटरों की जमाखोरी की थी। यदि यह मान लिया जाए कि भारत में आक्सीजन उपलब्ध है तथा इसके घरेलू उत्पादन में सुधार हो रहा है तो मरीज फिर आक्सीजन की कमी से मर क्यों रहे हैं? इस बात के बारे में कोई स्पष्टता नहीं है कि आखिर गंगा में बड़ी संख्या में उतराती लाशें कहां से आई हैं, उत्तर प्रदेश से या बिहार से। यदि प्रकृति अपने रास्ते पर चलती है तो निश्चित रूप से महामारी एक दिन कम हो जाएगी। ऐसे में गुणवत्तापूर्ण विमर्श केवल इस बात पर हो सकता है कि वायरस के खिलाफ संघर्ष में सक्रिय व समन्वित रूप से बहुआयामी दृष्टिकोण कैसे अपनाया जाए।

# पश्चिम बंगाल चुनाव का विश्लेषण

भाजपा भले ही राज्य के हालिया चुनावों में अपना प्रभुत्व न स्थापित कर सकी हो, पर उसका प्रदर्शन कम से कम विश्वसनीय जरूर है।



**प्रफुल्ल गोराड़िया**
(लेखक लोकप्रिय स्तम्भकार हैं)



पश्चिम बंगाल में अत्यधिक कठिन चुनाव के परिणाम कमोबेश उम्मीद के अनुसार हैं। नि:संदेह दिल्ली के आशावादियों को निराशा मिली जिन्होंने भाजपा के बहुमत की उम्मीद की थी। लेकिन उनकी इच्छायें ज्यादातर सपनों की तरह थीं। मेरा मानना है कि बंगाल को समझना कठिन है। इस अखबार में पहले प्रकाशित एक लेख में मैंने संकेत दिया था कि बंगाल का विशिष्ट चरित्र है। 1947 के प्रारम्भ में नेताजी सुभाष चंद्र बोस के बड़े भाई शरत तथा किरन शंकर सरकार हिंदुओं के पक्ष में थे और लोकप्रिय किसान नेता सर अब्दुल रहीम और फजलुर रहमान एक संयुक्त बंगाल के लिए बातचीत कर रहे थे। यह भारत और पाकिस्तान से अलग तीसरा स्वतंत्र देश हो सकता था। आश्चर्यजनक रूप से इन वार्ताओं की शुरुआत अगस्त, 1946 में कोलकाता के भयानक नरसंहार के कुछ ही महीनों के भीतर हुई थी। मुस्लिम लीग के डायरेक्ट एक्शन डे के नाम पर हजारों लोगों को मार डाला गया था। इस कार्रवाई का निर्देश मुहम्मद अली जिन्ना ने ब्रिटिश सरकार को यह संदेश देने के लिए दिया था कि हिंदू और मुसलमान एक देश में एकसाथ नहीं रह सकते हैं और इसलिए स्वतंत्रता के पहले विभाजन जरूरी है। इसके परिणामस्वरूप जिन्ना ने जोर दिया कि पाकिस्तान को 14 अगस्त को भारत की स्वतंत्रता के एक दिन पहले आजाद घोषित किया जाना चाहिए।

जिन्ना ने दो मुस्लिम नेताओं को प्रोत्साहित किया था कि वे किसी प्रकार एक अलग संयुक्त बंगाल बनाने का प्रयास करें। कम्युनिस्ट पार्टी ने भी शरत बाबू का इस समझौते के लिए समर्थन किया था। इसका कारण सरल रूप से केवल यह था कि बहुसंख्य मुस्लिम जनसंख्या तथा उसी समुदाय का प्रधानमंत्री होने के कारण संयुक्त बंगाल द्वारा भारत की तुलना में पाकिस्तान को पसंद करने की संभावना अधिक थी। इसके पहले जिन्ना ने 1939 में असम के प्रीमियर मुहम्मद सादुल्ला व उनके साथियों से कहा था कि वे आदिवासियों की गणना हिंदुओं के बजाय पशुपूजकों के रूप में करें। इससे आदिवासी अल्पसंख्यक बन जाते और कम से मुसलमान थोड़े ही अंतर से बहुसंख्यक हो जाते। इस विचार का उद्देश्य असम को पाकिस्तान में शामिल करना था। गोपीनाथ बारडोलई ने समय रहते असम की रक्षा की। वे दिल्ली गए और कांग्रेस आलाकमान को हस्तक्षेप करने के लिए मना लिया।

संयोग से भारत और बांग्लादेश के राष्ट्रगीत गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर रचित हैं। कवि नजरुल इस्लाम को व्यापक रूप से केवल टैगौर के बाद सर्वाधिक महत्वपूर्ण माना जाता था। दमदम कहे जाने वाले कोलकाता हवाईअड्डे के परंपरागत राजमार्ग का नाम नजरुल इस्लाम एवेन्यू रखा गया। सबसे अच्छा रवीन्द्र संगीत इस समय ढाका की महिला रिजवाना चौधरी देती हैं। वे आमतौर से साड़ी पहनती हैं तथा माथे पर लाल टीका लगाती हैं। फरवरी, 1948 में पाकिस्तान के पश्चिमी भाग से बांग्लादेश की लड़ाई की शुरुआत जिन्ना द्वारा उर्दू को पाकिस्तान की एकमात्र राजभाषा घोषित करने के बाद हुई थी। अगले दिन ढाका विश्वविद्यालय के छात्रों ने सड़कों पर उतर कर बांग्ला भाषा के प्रति अपना प्रेम प्रकट किया था जो कई दिनों तक जारी रहा था।

इसके बाद से 1971 के अंत तक पूर्वी पाकिस्तान के लिए बहुत कष्टदायक समय रहा और अंतत: वह बांग्लादेश बन गया। इसके बाद से उन्होंने जब भी पाकिस्तान के बारे में सोचा, वे केवल बांग्लादेशियों के बजाय बंगालियों की तरह सोचते थे। उनकी रेडियो वार्ता आकाश पाताल के बारे में होती थीं। अधिकांशत: अपने हिंदू समकक्षों से ईर्ष्या का अनुभव करने के कारण वे इसे आसमान जमीन कहने लगे। वे पहले बंगाली है, दूसरे स्थान पर बांग्लादेशी हैं और तीसरे स्थान पर मुसलमान हैं। पश्चिम बंगाल के बहुसंख्य लोग भी कमोबेश प्राथमिकता का यही क्रम रखते हैं। इसलिए भाजपा को हालिया चुनाव में स्वयं को मिली 77 सीटों को किसी प्रकार पराजय मानने के बजाय महान सफलता समझना चाहिए। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि भाजपा मुश्किल से ही बड़ी बैठकों को संबोधित करने के लिए एक बांग्लाभाषी लोकप्रिय व्यक्ति तैयार कर सकी। बंगाली के लिए इसका अर्थ बहुत बड़ा है। जब मैं उसकी भाषा के कुछ वाक्य बोलता हूं तो स्रोता प्रसन्नता से आश्चर्यचकित हो कर कहता है, 'आपकी बंगाली कितनी अच्छी है।' इसका कारण भाषा पर बहुत अच्छी पकड़ के बजाय कोलकाता में पला-बढ़ा होना है। मैं जानता हूं कि बंगाली पहले एक धुन है और बाद में भाषा। तीसरी पीढ़ी के अनेक लोग इसे नहीं समझते हैं और बंगाली स्रोता बिना किसी लोच वाली ऐसी भाषा नहीं पसंद करता है। गुजरात में बसने वाला यदि कोई व्यक्ति गुजराती बोलता है तो अक्सर प्रतिक्रिया यह होती है कि उसने भाषा सीखने पर अपनी इतनी ऊर्जा क्यों नष्ट की? 'हम हिंदी समझते हैं'। यह बंगाल में अपनी भाषा के प्रति असाधारण प्रेम का एक उदाहरण है।

> कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था। हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

इसके साथ ही यदि मुझे ठीक से याद है तो श्यामा प्रसाद मुखर्जी के 1953 में निधन के बाद हुए दो आम चुनावों में हिंदू महासभा के चार उम्मीदवार बांकुड़ा से विधायक बने थे। इसके बाद हर हिंदू पार्टी को कोई प्रतिनिधित्व नहीं मिला। हरिपद भारती एक सम्मानित व्यक्ति थे, पर वे सालों तक जनसंघ के नेता होने के बावजूद विधायक नहीं बन सके। पश्चिम बंगाल का लगभग एक तिहाई हिस्सा पूर्वी पाकिस्तान और बांग्लादेश से आने वाले शरणार्थियों का वारिस है।

लेकिन 2011 तक वे वाममोर्चा के समर्थक थे। यह भले ही आश्चर्यजनक हो, पर सत्य है। कम्युनिस्टों ने खुलेआम विभाजन का समर्थन किया था, पर इसकी चिन्ता अपने परिवारों के साथ शरणार्थियों के रूप में आए इन लोगों को नहीं थी। इन कठिनाइयों को देखते हुए भाजपा ने बहुत अच्छा प्रदर्शन किया है और वह पांच साल में तीन सीट से बढ़ कर 77 सीट पर पहुंच गई है। टीएमसी का प्रदर्शन बहुत अच्छा रहा। यदि भाजपा के किसी सदस्य ने वास्तव में बहुमत मिलने की बात सोची थी तो वह सपना देख रहा था।

हालांकि, पांच साल लंबा समय होता है, पर समय लगातार बहती एक नदी है जो बहती रहती है और स्वयं विपक्ष को अवसर देती रहती है।

# कोरोना के दौर में विश्व व्यवस्था प्रबंधन

> “भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का उद्देश्य सदस्य राष्ट्रों के बीच समसामयिक मुद्दों को संबोधित करना है।”

**सुधीर हिन्दवान**
(लेखक एक प्रोफेसर व सामरिक मामलों के विशेषज्ञ हैं)



कोरोनावायरस महामारी के बीच, भारत और यूरोपीय संघ (ईयू) के बीच हाल ही में आभासी शिखर सम्मेलन ने व्यापार, आर्थिक साझेदारी और निवेश संरक्षण से संबंधित मुद्दों पर बातचीत के लिए एक बड़ा मंच प्रदान किया है, जो सदस्य देशों के बीच समानता ला रहा है। एशिया, प्रशांत और अफ्रीकी क्षेत्रों में संयुक्त सहयोग स्थापित करने के लिए भी सूक्ष्म प्रयास हैं। यह निश्चित रूप से दोनों पक्षों की उच्च स्तरीय अंतर्दृष्टि और समझ को प्रदर्शित करता है। यह उन नेताओं की ओर भी इशारा करता है जिन्हें वर्तमान कोविड -19 महामारी द्वारा आवश्यक विश्व व्यवस्था में बदलाव की आवश्यकता है। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी, यूरोपीय संघ के अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लीन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने व्यापार और वैश्विक सुरक्षा के लिए बातचीत के चैनल बनाने और विश्व राजनीति के समावेशी लोकतंत्रीकरण की दिशा में एक नए मार्ग के लिए दूरदर्शिता का प्रदर्शन किया। शिखर सम्मेलन टकराव के बजाय सहयोग के माध्यम से द्विपक्षीय और बहुपक्षीय संबंधों को संभालने वाले विश्व समुदाय के लिए एक प्रोटोटाइप का निर्माण करता है। महामारी ने सदस्य देशों को एक दूसरे पर भरोसा करने और अपने मतभेदों को दफनाने की आवश्यकता को मजबूत किया है। प्रमुख मुद्दा अधिकतम जीवन को बचाने में मदद करने के लिए महामारी से निपटने के लिए, संभवत- आराम से संबंधित ट्रेड-रिलेटेड ट्रेड-रिलेटेड एस्पेक्ट्स ऑफ इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टीज (ट्रिप्स) से निपटने के संदर्भ में अधिक से अधिक देशों को बातचीत की मेज पर लाना है। जलवायु परिवर्तन के मुद्दों को सीमित करने और तकनीकी ऊर्जा के विकास में अक्षय ऊर्जा और विकास के लिए गेटवे खोलने और बिजली उत्पादन के स्रोतों को चैनलाइज करने और चीन के (बेल्ट एंड रोड इनिशिएटिव) द्वारा उत्पन्न किसी भी अचानक खतरे का सामना करने के लिए एक तंत्र बनाने के संबंध में बढ़ता समर्थन और समझौता।) सभी सदस्य देशों की शांति और समृद्धि के लिए अच्छी तरह से वृद्धि। 2019 जापान ईयू सौदा इस दिशा में एक प्रयास था।



भारत और यूरोपीय संघ ने एक सकारात्मक संबंध साझा किया है, उनके व्यापार में पिछले पांच वर्षों के दौरान एक अच्छा मील का पत्थर पार हो गया है, जो उम्मीद से कहीं अधिक है। पिछले कुछ वर्षों के दौरान, जर्मनी, इटली और नीदरलैंड के साथ घनिष्ठ संबंध रहे हैं, वे भारत से सबसे बड़े आयातक हैं जबकि जर्मनी, फ्रांस और बेल्जियम माल के सबसे बड़े निर्यातक हैं।

शिखर सम्मेलन के हालिया प्रयासों से उनके संबंधों को और बढ़ावा मिलेगा और आर्थिक विकास को स्थिर करने के लिए एक वास्तविक माहौल बनेगा (साथ ही माल और सेवाओं के मुक्त प्रवाह को सुनिश्चित करना) रणनीतिक सुरक्षा, समृद्धि, स्थिरता और जलवायु परिवर्तन के कारण उत्पन्न होने वाली अचानक चुनौतियों का मुकाबला करना। इसके अलावा, कोविड -19 के दूसरे उछाल के दौरान यूरोपीय संघ के नागरिक सुरक्षा प्रणाली से भारत की मदद करने से निकट एकीकरण के लिए रास्ते खुले हैं।

विदेशी संबंध कुशल राजनयिक प्रणाली की मदद से संचालित होते हैं और संकट के समय कूटनीति सही इशारों और सहयोग और समन्वय के बारे में है। बेल्जियम और स्पेन के प्रधानमंत्रियों और फ्रांसीसी राष्ट्रपति ने महामारी से निपटने के भारत के प्रयासों की सराहना करते हुए केवल और सहयोग किया। हालांकि, परमाणु ऊर्जा, सतत विकास और पर्यावरणीय मुद्दों के संबंध में एकमत की कमी नहीं है। आगे की वार्ता से गैर-राज्य अभिनेताओं द्वारा आतंकवाद, अंतर्राष्ट्रीय अपराध, ड्रग डीलिंग, तस्करी और साइबर खतरे के खिलाफ एक कवच प्रदान करने के लिए एक रणनीतिक तंत्र का निर्माण हो सकता है। यह समुद्री मैत्रीपूर्ण संबंधों को भी तेज कर सकता है और हिंद महासागर और भारत-प्रशांत क्षेत्रों के आसपास सुरक्षा बढ़ा सकता है जो हाल ही में चिंता के क्षेत्र बन गए हैं।

ये बदलता समय है और हाल ही में अंतरराष्ट्रीय संबंधों में कई बदलाव हुए हैं। भारत-यूरोपीय संघ शिखर सम्मेलन का परिणाम इस तथ्य का समर्थन करता है कि एक बहु-स्तरीय और बहु-आयामी रणनीति के माध्यम से आपसी आर्थिक समृद्धि सुनिश्चित करने के लिए एक साझा रणनीतिक दृष्टि और एक संयुक्त दृष्टिकोण आने वाले दिनों में विश्व व्यवस्था पर हावी होने वाला है।

व्यवस्था को अस्थिर करने के किसी भी प्रयास के विरुद्ध गंभीर प्रतिक्रिया की संभावना का प्रबंल रखते हुए प्रतिकार की एक नई रणनीति तय करने के लिए देशों के बीच अंतरराष्ट्रीय सहयोग पर अधिक परिपक्व निर्भरता हेतु नया परिप्रेक्ष्य विकसित किए जाने की आवश्यकता है।

## आप की बात

### नदी में बहते शव

**देश** कोरोना जैसी विभत्स महामारी से जूझ रहा है। ऑक्सीजन की किल्लत के कारण लोगों को जान गंवानी पड़ रही हैं , लोगों को अपने परिजनों के अंतिम संस्कार के लिए घाटों पर लकड़ियां जुटाना मुश्किल हो रहा है शवों को गंगा में प्रवाहित किया जा रहा है यह सब घटनाएं बिहार और यूपी से निकल कर आ रही है। वहीं जिम्मेदार लोग अपनी कमियों को छुपाने के बजाय एक दूसरे पर आरोप प्रत्यारोप लगाकर अपना पल्ला झाड़ने में लगे हुए हैं। जरा सोचिए उन लोगों के बारे में भी जिनकी मौत करोना जैसी भयावह बीमारी से हुई हो और उनके पार्थिव शरीर को अंतिम संस्कार के लिए भटकना पड़े तब भी उनका अंतिम विधि विधान पूर्वक न हो सके। अंतिम संस्कार के लिए लकड़िया ना मिलती हो और उनको गंगा में प्रवाहित करने के लिए ऐसे ही छोड़ दिया दिया जाए जहां अन्य लोगों के लिए भी संक्रमण का खतरा बना हो और नदी में अनेक जलीय जीव जन्तुओं के लिए खतरा उत्पन्न हो। इस मामले में काफी गंभीरता से सोचना चाहिए एक दूसरे पर आरोप-प्रत्यारोप करने की बजाय कोविड से मृत लोगों के अंतिम संस्कार के लिए उनको उचित संसाधनों का प्रयोग करने के लिए जिला स्तर पर आदेशित करें।

– **योगेंद्र गौतम**, उन्नाव

### अंतरिक्ष में तूफान

**विदेशों** से प्राप्त जानकारी का अध्ययन खगोलशास्त्रियों ,वैज्ञानिको ,ज्योतिषों आदि द्धारा किया जाकर सूर्यग्रहण के संबंध में नवीनतम जानकारी प्राप्त की जाकर सौर ज्वालाओं से बच जा सकता है। इसके कुछ वर्ष पूर्व सूर्य कि त्रियामी तस्वीर लेने गया खोजी अभियान नासा ने दो उपग्रह प्रक्षेपित किये गए थे। इस स्टीरियो अभियान का मकसद सूर्य कि त्रियामी तस्वीर के अलावा सूर्य से उत्पन्न होने वाली सोर उर्जा के बारे मे अध्ययन से शक्तिशाली सौर ज्वालाओं कि उत्पत्ति के बारे मे सही अनुमान लगाये जा सकना था, क्योंकि इसके कारण चुम्बकीय तूफान पैदा होते है ,जिससे धरती संचार प्रणाली के तहस-नहस होने कि आशंका हमेशा बनी रहती है। सूर्य पर तूफान कभी भी आ सकता है ,जिससे अन्तरिक्ष मे उपग्रह तथा अन्तरिक्ष यानों को भी क्षति पहुचने कि आशंका से इंकार नहीं किया जा सकता है। खगोलशास्त्रियों ने दावा किया कि सूर्य अपनी सतह कि बजाए किनारों से ज्यादा गर्मी उत्सर्जित करता है और गर्मी नाभिकीय विखंडन के जरिये उत्पन्न होती है। इसी कारण सूर्य के धब्बों से अन्तरिक्ष मे तूफान आने कि संभावना बनी रहती है।

– **संजय वर्मा**, मनावर, मप्र

### कोरोना के बदलते प्रतिरूप

**कोरोनावायरस** के बदले प्रतिरूप अधिक घातक हैं और वे संक्रमण तेजी से फैला रहे हैं, लेकिन कहीं ऐसा तो नहीं कि उनकी प्रकृति में बदलाव को अभी भी सही तरह समझा न जा सका हो और इसी कारण वे कहर ढाने में लगे हुए हैं। इसलिए लोगों को लगातार चेताने, समझाने और उन तक सही सूचनाएं पहुंचाने का काम भी किया जाना चाहिए। उनके बीच आवश्यक तालमेल होना चाहिए। महामारी में समय पर सही सूचनाएं और जरूरी जानकारी कई समस्याओं का समाधान करती है। इसकी अनदेखी नहीं की जा सकती कि अभी भी कुछ लोग कोरोना वायरस से उपजी कोविड महामारी की गंभीरता को समझने के लिए तैयार नहीं। इसी तरह कुछ ऐसे भी हैं, जो टीका लगवाने में हिचक रहे हैं। टीके को लेकर लोगों की हिचक तोड़ने का काम तब प्रभावी ढंग से हो गा, जब उनकी उपलब्धता भी बढ़ाई जाए। भले ही 18 से 44 साल के लोगों के लिए टीकाकरण अभियान शुरू कर दिया गया हो, लेकिन देश के अनेक हिस्सों में अभी यह अभियान जमीन पर नहीं उतर सका है।

– **डॉ हेमंत कुमार**, गोराडीह

**पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से**
**responsemail.hindipioneer@gmail.com**
**पर भी भेज सकते हैं।**

## फरमाया



“**हमारे** पास किसी भी केंद्र में कोवैक्सीन नहीं बची है। जब तक वैक्सीन की आपूर्ति नहीं होगी किसी भी टीकाकरण केंद्र में कोवैक्सीन नहीं लगाई जाएगी।

– **आतिषी**
आम आदमी पार्टी की विधायक



**मैं** पाकिस्तान का वज़ीरे आज़म हूं और हम गाज़ा के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। हम फिलिस्तीन के साथ खड़े हैं।

– **इमरान खान**
प्रधानमंत्री, पाकिस्तान



**कोवैक्सीन** विनिर्माता ने कहा है कि वे अनुपलब्धता के कारण दिल्ली को वैक्सीन उपलब्ध नहीं करा पाएंगे। वैक्सीन की आपूर्ति केंद्र के नियंत्रण में है।

– **मनीष सिसोदिया**
उपमुख्यमंत्री, दिल्ली”

# गुरूवार को जिले में मिले 235 कोरोना पॉजिटिव




संवाददाता। सीतापुर

**सीतापुर में** कोरोना का प्रकोप थमता नजर नहीं आ रहा है। स्वास्थ्य विभाग की ओर से जारी आंकड़ों के मुताबिक गुरुवार को 235 कोरोना के नए मरीज मिले हैं। हांलाकि बुधवार के मुकाबले यह संख्या घटी जरूर है, लेकिन दो सैकड़ा से अधिक मरीज मिलना चिन्ताजनक भी है। रिपोर्ट के मुताबिक गुरुवार को पाए गए पॉजिटिव केसों में नगरीय क्षेत्रों में 94

## ● 159 पुरुष व 76 महिलाएं मिली पॉजिटिव

जबकि ग्रामीण में 141 नए मरीज मिले हैं। इनमें 159 पुरुष और 76 महिलाएं शामिल हैं। किस उम्र के कितने नए मरीज पाए गए हैं, इन आंकड़ों पर निगाह डालें तो 0 से 10 साल तक के 10 बच्चे संक्रमित मिले हैं। जबकि 10 से 20 साल तक के इक्कीस, 20 से 55 साल तक के 161 तथा 55 साल से अधिक के 43 लोग कोरोना पॉजिटिव पाए गए हैं। स्वास्थ विभाग के अनुसार 1464 लोगों की रिपोर्टे आनी अभी बाकी हैं। कोरोना से होने वाली मौतों का आंकड़ा भी बढ़कर 148 हो गया है। पिछले 24 घंटे की बात करें तो स्वास्थ्य विभाग की रिपोर्ट के मुताबिक 6 लोगों की मौत हुई है।

## डरा रहे हैं बेसिक शिक्षा विभाग में कोरोना से हुई मौतों के आंकड़े

## 41 शिक्षक-शिक्षामित्रों की हो चुकी मौत

**सीतापुर में** कोरोना से कितनी संख्या में लोग मरे हैं, सरकारी आंकडा कुछ भी कहे, लेकिन हम आपको बेसिक शिक्षा विभाग में ही अब तक कितने शिक्षक-कर्मचारी मरे, जिसकी जानकारी देने जा रहे हैं, जिसे सुनकर आप दांतों तले उंगुलियां दबाने को विवश हो जाएंगे। कोरोना से इतनी बडी संख्या में हुई बेसिक शिक्षा विभाग के शिक्षक-शिक्षिकाएं, शिक्षामित्र व अनुदेशक शोकाकुल हैं, हम जो आंकडे आपको देने जा रहे हैं, वह उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष रवींद्र कुमार दीक्षित की ओर से जारी किए गए है। दीक्षित के मुताबिक कोरोना लहर से अब तक जिला समन्वयक समेत 41 शिक्षक, अनुदेशक, शिक्षामित्रों की मौत हो चुकी है। अब


### ● प्राथमिक शिक्षक संघ ने मृतक आश्रितों को एक करोड़ मुआवजा दिये जाने की उठाई मांग, मृतक आश्रित के एक सदस्य को मिले सरकारी नौकरी

प्राथमिक शिक्षक संघ ने कोरोना का शिकार हुए शिक्षकों के परिजनों को एक करोड रूपये की आर्थिक सहायता दिलाये जाने व मृतक आश्रित के एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग की है। प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से कोरोना से जिन शिक्षकों की मृत्यु हुई है।

## आक्सीजन की कमी से मशहूर शायर उमर की चली गई जान

### उमर फारूकी सुन्नी वक्फबोर्ड के चेयरमैन के हैं बड़े भाई

**सुन्नी वक्फ बोर्ड** के चेयरमैन जुफर फारूकी के बडे भाई, जिले के मशहूर शायर उमर फारूकी कोरोना से जिंदगी की जंग हार गए। गुरूवार की सुबह आक्सीजन की कमी से उन्होंने लखनउ के निजी अस्पताल में दम तोड दिया। निधन की पुष्टि उनके साथी डॉक्टर अफजल अली बेग ने की। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई। आपको बता दें कि उमर फारूकी सीतापुर जिले के मशहूर शायर रहे हैं। पिछले दिनों उमर फारूकी बीमार हो गए थे। उनका लखनउ के एक निजी अस्पताल में इलाज चल रहा था। पर उन्हें सांस लेने में दिक्कत हो रही थी। गुरूवार की सुबह पांच बजे आक्सीजन की कमी से मशहूर



शायर उमर फारूकी का इंतिकाल हो गया। उनके निधन से क्षेत्र में शोक की लहर दौड गई।

## जिलाधिकारी ने सीएचसी का किया निरीक्षण

संवाददाता। मिश्रिख सीतापुर

**पंचायत चुनाव** होने के बाद अब गांवों में कोरोना ने अपने पांव पसार रखे है। बहुतायत की संख्या में ग्रामीणों को बुखार, खांसी, जुकाम आदि बीमारियां आम हो गई हैं। दवाओं के अभाव में संक्रमित मरीजों की जानें भी जा रही है। गांवों में फैले कोरोना संक्रमण के नियंत्रण के लिए स्वास्थ्य विभाग की टीमें लगा दी गई है। गुरूवार को जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज ने मिश्रिख व नैमिशारण्य सीएचसी पहुंचकर कोविड की व्यवस्थाओं को परखा। साथ ही वैक्सीनेशन प्लान व दवाओं के वितरण के बारे में जानकारी ली। इस दौरान सीएचसी अधीक्षक डॉ. प्रखर श्रीवास्तव आदि अधिकारी मौजूद थे। इसके बाद जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज गोंदलामऊ सीएचसी भी गए। औरंगाबाद में बनाये गये कंटेनमेंट जोन के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने होम क्वारंटीन मरीजों के परिजनों से वार्ता की एवं मरीजों के स्वास्थ्य की जानकारी ली। सभी को विशेष सावधानी बरतने के लिये प्रेरित किया। उन्होंने कंटेनमेंट जोन के प्राविधानों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। जिलाधिकारी ने औरंगाबाद स्थित एएनएम उपकेन्द्र पर बनाये गये क्वारंटीन सेंटर का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उपजिलाधिकारी मिश्रिख गिरीश कुमार झा, खंड विकास अधिकारी मौजूद थे।



सीतापुर-सीएचसी का निरीक्षण करते डीएम विशाल भारद्वाज

## कोरोना पॉजिटिव दुल्हन का शादी के जोड़े में ही अंतिम संस्कार, दूल्हे की हालत भी खराब

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**कोरोना अब** तक कई परिवारों को समूल नष्ट कर चुका है तो कई की जिंदगियां तबाह कर दी हैं। इस बीच शादी करने वाले कई नये.नवेले जोड़े भी कोरोना पॉजिटिव होने के बाद दुनिया को अलविदा कह चुके हैं तो कई जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहे हैं। अब उत्तर प्रदेश के लखीमपुर.खीरी जनपद स्थित खमरिया.खीरी में भी नये.नवेले जोड़े की जिंदगी उजड़ने का मामला सामने आया है। जानकारी के मुताबिक पिछले 30 अप्रैल को शोभित और रूबी की शादी हुयी थी। ससुराल पहुंचते ही दुल्हन रूबी को तेज बुखार और सांस लेने में तकलीफ होने लगी तो शोभित के परिवार ने दुल्हन को अस्पताल में भर्ती कराया। 10 दिनों तक अस्पताल में बहुत गंभीर हालत में



रहने के बाद रूबी ने जिंदगी को अलविदा कह दिया। अब दूल्हा शोभित भी जिंदगी और मौत के बीच झूल रहा हैए उसकी हालत बहुत गंभीर बनी हुयी है। शादी इस जोड़े के लिए जिंदगी का सौदा बन गया। मीडिया में आई जानकारी के मुताबिक लखीमपुर.खीरी के खमरिया क्षेत्र के ईशवारा गांव के महेंद्र कटियार के बेटे शोभित कटियार की बारात 30 अप्रैल को क्षेत्र के चकई गांव निवासी कामनाथ वर्मा के घर गई थी। एक मई को शोभित अपनी दुल्हन रूबी को विदा कराकर अपने घर ले लाया।विदाई वाले दिन ही ससुराल पहुंचते.पहुंचते रूबी को तेज बुखार हो गया और सांस लेने में बहुत तकलीफ होने लगी। हालत बिगड़ती देख शोभित और उसके परिजनों ने रूबी को जिला अस्पताल में भर्ती करा दियाए जहां 10 दिनों तक रूबी बजाय ठीक होने के दिन.ब.दिन और ?बुरी स्थिति में पहुंच गयी। कहा जा रहा है कि रूबी को दवा और ऑक्सीजन भी ठीक से नहीं मिल पायीए और नई नवेली दुल्हन अपनी जिंदगी शुरू करने से पहले ही जंग हार गयी।परिजनों का कहना है कि शोभित की भी हालत गम्भीर बनी हुई है। शोभित अपनी नई.नवेली दुल्हन रूबी की तीमारदारी में लगा थाए इसलिए उसे भी बुखार और सांस लेने की तकलीफ होने लगी।

## जालसाजी कर बनाई ट्रस्ट की फर्जी वसीयत पांच नामजद व अज्ञात पर केस

संवाददाता। सीतापुर

**तपोधाम आश्रम** को हथियाने के लिए जालसाजी कर पहले फर्जी वसीयत तैयार करा ली, बाद में उस पर कब्जा करने की शिकायत की, शिकायत पर पुलिस ने मामले की जांच की, तो शिकायत सही पाई। तहरीर पर पुलिस ने इस मामले में पांच नामजद व सात व आठ अज्ञात लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। पुलिस ने दो लोगों को गिरफ्तार भी कर लिया है। शेष आरोपियों की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे है। नाथ संप्रदाय से जुडे आश्रम को कब्जाने का यह मामला तब सामने आया है, जब खुद सीएम योगी आदित्यनाथ नाथ संप्रदाय से ताल्लुक रखते हैं। कोतवाली में वादी बाबा नरेश नाथ द्वारा दी गई तहरीर के मुताबिक शहर कोतवाली इलाके के लोनियनपुरवा में उनके दादा गुरू बाबा

### ● पुलिस ने दो को किया गिरफ्तार

गिरधारी लालजी चेला योगेश्वर निवासी आश्रम डेरा बाबा भोलेनाथ इस्माइलाबाद जिला कुरूक्षेत्र हरियाना ने वर्ष 1958 में तपोधाम आश्रम की स्थापना की थी। बाबा गिरधारी लाल के ब्रम्हलीन होने के बाद उनके शिष्य बाबा चरननाथ उक्त आश्रम के गददीधर हुए थे। वर्ष 2014 में बाबा चरननाथ भी ब्रम्हलीन हो गए। तत्पश्चात वो खुद आश्रम का महंत व गददीधर हुआ। तब से वह आश्रम की देखरेख व संचालन कर रहा है। पर आश्रम को कब्जाने की नीयत से उत्तराखंड के उधमसिंह नगर के एफ62 निवासी उमाशंकर व संतोष कुमार पुत्रगण केदारी व छोटी पुच्यी केदार, सुरेंद्र कुमार पुत्र खजान चंद्र ने अपने मददगारों की मिलीभगत से उमाशंकर को कथित बाबा शंकर नाथ व कथित चेला कुलदीप नाथ बनाकर ब्रम्हलीन बाबा गिरधारी लाल योगी तपोधाम आश्रम ट्रस्ट के नाम से जालसाजी कर फर्जी ट्रस्ट की डीड बना ली। साथ ही उसे वर्ष 2016 में रजिस्ट्री कार्यालय में पंजीकृत भी करा लिया। पिछले तीन अप्रैल को आश्रम के मंदिर में पूजा कर रहे थे, तभी विपक्षी अपने साथियों के साथ वहां आ धमके और आश्रम पर कब्जा करने के लिए उनसे मारपीट करने पर अमादा हो गए और जान से मारने की धमकी भी दी। इससे शिष्यों की जान खतरा बना है। जानकारी पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले की जांच की और तहरीर के आधार पर पुलिस ने उमाशंकर, संतोष, छोटी, सुरेंद्र कुमार व जय को नामजद व सात व आठ अज्ञात के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है।

## क्विक न्यूज

### आंधी-पानी से आम बागवानों का हुआ नुकसान



**सीतापुर।** बुधवार रात आई आंधी ने आम बागवानों की कमर तोड़ कर रख दी है, बड़े पैमाने पर कच्चा आम टूटने से बागवानों में मायूसी छा गई है, चार दिन पूर्व आंधी के साथ हुई ओलावृष्टि में पहले ही काफी कच्चा आम टूट चुका है आम बागवानों का कहना है कि पिछले साल की तरह इस बार भी वह घाटे में चले गए हैं हालांकि जिला उद्यान अधिकारी सौरव श्रीवास्तव का कहना है कि आंधी में 5:00 से 7:30 फीसदी फसल का नुकसान हुआ है। मौसम के करवट बदलने से बुधवार रात हुई बारिष में महमूदाबाद मंडी में सैकड़ों कुंतल गेहूं भीग गया। हाट शाखा महमूदाबाद के अलावा पहला क्रय केन्द्र सहित समितियों के केन्द्र पर बाहर लगा और गल्ला मण्डी स्थित कई केन्द्रों पर गेंहू भीगा है। हाट शाखा प्रभारी यशवन्त राव ने बताया एकाएक हुई बारिश से कुछ गेंहू की बोरी भीगी हैं, गेंहू के ढ़ेर किसानो के हैं, उन्हें सूखने के बाद तौल कराई जायेगी। लहरपुर मंडी में बुधवार रात हुई तेज बारिश से गेहूं की बोरियां भीग गईं, हालात यह नजर आए कि लगभग 30 बोरियों से गेहूं के अंकुर फूट कर बाहर आ गए। आई इंडिया टीम के मंडी पहुंचने पर मौके कोई भी जिम्मेदार नहीं मिला। सूत्रों के मुताबिक मंडी की देखभाल करने वाले बाबू युसूफखान कोरोना पॉजिटिव हैं, जबकि मंडी सचिव एके सिंह भी मौके से नदारद मिले।

### एसपी ने किया निरीक्षण

**ऐलिया सीतापुर।** पुलिस अधीक्षक आर.पी. सिंह ने गुरुवार को थाना इमलिया सुल्तानपुर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना कार्यालय, मालखाना, कम्प्यूटर कार्यालय, भोजनालय, आरक्षी बैरक के साथ सम्पूर्ण थाना परिसर का जायजा लिया। कार्यालय में अभिलेखों का अवलोकन करते हुए उनके बेहतर रख-रखाव व उनको अद्यावधिक रखने के अलावा मालखाने में दाखिल माल के निस्तारण व उचित रख-रखाव के निर्देश दिये। थाने के भोजनालय में बनाए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए एसपी ने स्वयं भोजन किया। कोविड संक्रमण के .ष्टिगत थाना परिसर का नियमित सेनिटाइजेशन व साफसफाई को लेकर थानाध्यक्ष इमलिया सुल्तानपुर को विशेष रूप से निर्देशित किया गया।

### एसडीएम ने बांटे असहायों को बिस्किट, साबुन

**लहरपुर सीतापुर।** लहरपुर एसडीएम प्यारेलाल मौर्य ने निराश्रित व गरीबों को साबुन, मास्क, बिस्किट व अंग वस्त्र वितरित करते हुए बताया कि आप सभी लोग केवल जरूरी कार्य से ही घर से बाहर निकलें और सफाई का विशेष ध्यान रखें। कुछ दिन पूर्व उप जिलाधिकारी के छोटे भाई का देहांत कोरोना से हो गया था उन्होंने बताया अपनों को खोने का गम क्या होता है मैं इसे अच्छी तरह से समझ सकता हूं, इसलिए आप सभी इस महामारी से बचने के लिए घर पर रहें सुरक्षित रहें और बचाव के सारे नियमों का पूर्ण रूप से पालन करें। इस मौके पर उनके माता-पिता व धर्मपत्नी तथा सामाजिक कार्यकर्ता मोहम्मद हसीन अन्सारी, मोहम्मद सलीम अंसारी मौजूद थे।

### टूटे एचटी लाइन की चपेट में आकर बाइक जली

**सीतापुर।** टूटे पडे हाईटेंशन लाइन की चपेट में आकर बाइक धू-धूकर जली बाइक, बाल-बाल बचे दो युवक, टूटे तारों में दौड रहा करंट, गैस सिलेंडर लेकर वापस आ रहे थे दोनों युवक, यह हादसा रामपुर मथुरा थाना इलाके में हुआ हादसा। रामपुर मथुरा थाना क्षेत्र के धोबी बंगला निवासी अरुण कुमार अपने साथी श्री गणेश के साथ बाइक से लगभग 12 बजे इंडेन गैस एजेंसी से सिलेंडर लेने आया था, गोदाम से गैस सिलेंडर लेकर बीच में रखकर जैसे ही वह विश्राम के खेत के पास पहुंचा, रात में आई आंधी पानी में बिजली के 11000 की लाइन का तार जमीन पर गिरा हुआ पड़ा था, तभी उसकी बाइक उसी पर चढ़ गई, जिससे उसकी बाइक पूरी तरह से जलकर राख हो गई। करंट लगने से दोनों युवक छिटक कर दूर गिरे, जिससे वह बाल.बाल बच गएए सूचना पाकर मौके पर पुलिस पहुंच गई और जांच में जुटी है।

## मेडिकल प्रतिष्ठानों पर की ताबड़तोड़ छापेमारी

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम के** निर्देश पर गुरुवार को ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार रावत में गोला में संचालित विभिन्न मेडिकल कारोबारियों के प्रतिष्ठानों पर ताबड़तोड़ छापेमारी की। जिससे मेडिकल कारोबारियों में हड़कंप मच गया।औषधि निरीक्षक सुनील कुमार रावत ने बताया कि मैसर्स हेल्पलाइन एवं मैसर्स आराधना मेडिकल एजेंसी पर छापेमारी की। जिसमें आराधना मेडिकल एजेंसी पर कोविड.19 से संबंधित औषधियों का क्रय विक्रय अभिलेख जांचा। वही एक संदेह के घेरे में आई औषध का नमूना सील मोहर कर जांच व विश्लेषण हेतु राजकीय विश्लेषक प्रयोगशाला सेक्टर.सी अलीगंज लखनऊ को प्रेषित किया जा रहा है।वही फुटकर औषधि विक्रय

### ● ड्रग इंस्पेक्टर टीम समेत पहुंचे गोला

लाइसेंस हेल्पलाइन का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय महेश कुमार राठौर मौजूद रहे। उनकी मौजूदगी में सैनिटाइजर का नमूना सील मोहर कर जांच व विश्लेषण हेतु प्रेषित किया। इसके अलावा कोविड.19 से संबंधित औषधियों के क्रय विक्रय अभिलेख की जांच भी की।ड्रग इंस्पेक्टर सुनील कुमार रावत ने बताया कि यदि दवा विक्रेता जीवन रक्षक दवाओं एवं पल्स ऑक्सीमीटर की ब्लैक मार्केटिंग ओवर रेटिंग करता है तो वह नंबर रू 05872.252715ए 252879 पर इसकी सूचना देख सकते हैं। सूचना देने वाले का नाम गुप्त रखा जाएगा।

## चुनाव हारे प्रत्याशी ने गांव में खेला खूनी खेल, मचाया तांडव

संवाददाता। नैमिषारण्य सीतापुर

**प्रधानी चुनाव** में वोट न देने पर चुनाव हारे प्रत्याशी ने सोते समय एक परिवार के पांच सदस्यों पर बोल हमला, धारदार हथियार और लाठी-डंडों के हमले सभी लोग हुए लहूलुहान, पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया, नाजुक हालत देख डॉक्टरों ने सभी को जिला अस्पताल किया रेफर तहरीर के आधार पर पुलिस ने चार के खिलाफ दर्ज किया केस, दो आरोपी दबोचे गए। नैमिषारण्य कोतवाली इलाके फूलपुर झरिया गांव की घटना। आपको बता दें कि अभी हाल ही में हुए प्रधानी के चुनाव में फूलपुर झरिया से सत्यपाल वर्मा विजयी हुए थे। जबकि उनके निकटतम प्रतिद्वंदी अंबुज पुत्र कैलाश व रामप्यारी पत्नी प्रहलाद

### ● सोते समय एक ही परिवार के पांच सदस्यों पर किया हमला

### ● एक की हालत गंभीर, रेफर नैमिषारण्य के फूलपुर झरिया गांव का मामला

चुनाव हार गए थे। कम वोटों से चुनाव हारने की वजह से चुनाव हारे कैलाश उससे रंजिश मानने लगे। बुधवार रात को रंजिश कैलाश आदि ने सोते समय गुडडू के घर पर हमला बोल दिया और लाठी-डंडों और धारदार से किए गए हमले में परिवार के पांच लोगों को जख्मी कर दिया। हमले में 50 वर्षीय गुड्डू पुत्र गुरुदीन के पीठ और सर व 23 वर्षीय लाला पुत्र गुड्डू के पैर, शकुंतला पत्नी राजेश को बाँके से दायां पैर फ्टा गया। एक पैर में सूजन आई। महेंद्र पुत्र राजेश के दिमाग पर लाठी से गंभीर चोट आई है। जबकि पीठ और पैरों पर भी चोट के निशान हैं। प्राथमिक उपचार के बाद नाजुक हालत देख महेंद्र को जिला अस्पताल भेज दिया। सीएचसी नैमिषारण्य में घायल गुडडू ने घटना की जानकारी दी। नैमिष थाना प्रभारी विनोद मिश्रा ने बताया कि इस मामले में विभिन्न धाराओं में कार्यवाही की जा रही है। आईपीसी की धारा 323, 504, 452 व 506 के तहत चार आरोपियों पर मुकदमा दर्ज किया गया है। मामले में कैलाश सहित दो लोगों की गिरफ्तारी की गई है।

## जरूरतमंदों में बांटे लंच पैकेट

**लखीमपुर खीरी।** अंजुमन गुलामान ए सरकार ए दोआलम सण्अण्वण् मरकजी कमेटी ने लॉक डॉउन के मद्देनजर बृहस्पतिवार को जरूरतमंदों के लिए खाने का इंतजाम किया। शहर के विभिन्न जगहों पर पहुंचकर लोगो को लंच पैकेट बांटे। कमेटी के लोगों ने कहा कि लोगों की सेवा करने से बेहतर ईद और कैसे मनाई जा सकती है। कहा कि अल्लाह ने इस बार अपने बंदों को मदद का हुक्म दिया है। हम खुशनसीब हैं कि हम इस जिम्मेदारी को निभा रहे हैं। कमेटी के लोगों ने विभिन्न जगहों पर पहुंच कर लोगों को लंच पैकेट दिए। साथ ही उनके हाथ भी सेनेटाइज करवाए। उन्होंने लोगों से मास्क पहननेए सेनेटाइजर का इस्तेमाल करनेए दो गज की दूरी रखने का भी सुझाव दिया। इस मौके पर नायब सदर मुनीर अहमद जुबेर अहमद उर्फ राजू खजांची मकसूद अहमद बरकाती सेक्रेटरी हसीब खान उर्फ अय्या रुखसार व शादाब मौजूद रहे।

## डीएम-एसपी ने देखीं सीएचसी की व्यवस्थाएं, दिए निर्देश

संवाददाता। लखीमपुर खीरी

**डीएम.एसपी ने** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पलिया का औचक किया। पूरे परिसर का सघन भ्रमण कर टीकाकरण व टेस्टिंग की अद्यतन स्थिति जानीए संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। डीएम के पूछने पर एमओआईसी डॉ वरुण ने बताया कि आज 140 व्यक्तियों की आरटीपीसीआर व 90 व्यक्तियों की एंटीजन टेस्टिंग हुई। जिसमें एंटीजेन से पांच व्यक्ति पॉजिटिव मिले। जिन्हें मेडिकल किट मुहैया कराई गई। सीएससी पर चार आरआरटीए पीएचसी पर एक.एक रैपिड रिस्पांस टीम सक्रिय व क्रियाशील है। वर्तमान में पलिया में 240 सक्रिय केस हैं। डीएम ने सीएचसी पर मेडिकल किट व ऑक्सीजन की उपलब्धता जानी। डीएम ने कहा कि जिले में ऑक्सीजन की कोई समस्या नहीं हैए इसलिए सीएचसी पर ऑक्सीजन की पर्याप्त उपलब्धता बनी रहे। सिलेंडर खाली होते ही उसकी तत्काल रिफिलिंग कराई जाएए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने निर्देश दिए कि एंटीजन में पॉजिटिव व एंटीजन में नेगेटिव परंतु सिंप्टोमेटिक व्यक्तियों को तत्काल मेडिकल किट मुहैया कराई जाए। रैपिड रिस्पांस टीम में फील्ड मे एक्टिवेट होकर सक्रिय भूमिका अदा करें।



### डीएम-एसपी ने की सैनिटाइजेशन व फॉगिग की पड़ताल

**लखीमपुर.खीरी।** गुरुवार को डीएम शैलेंद्र कुमार सिंह व एसपी विजय दुल ने पलिया पहुंचकर आंशिक लॉकडाउन के अनुपालन का जायजा लिया एवं संबंधित आवश्यक दिशा निर्देश दिए।दोनों अधिकारियों ने पलिया नगर के मुख्य मार्गों पर पैदल भ्रमण कर साफसफाई सैनिटाइजेशन व फगिंग अभियान की पड़ताल कर निर्देश दिया कि नगर निकाय अभियान चलाकर सभी गली.मोहल्लों में युद्ध स्तर पर सैनिटाइजेशन व फगिंग अभियान चलाएं।डीएम ने निर्देश दिए कोई भी व्यक्ति भूखा ना सोएए यह प्रत्येक दशा में सुनिश्चित किया जाए। आवश्यकतानुसार कम्युनिटी किचन के माध्यम से इन्हें भोजन पैकेट की मुहैया कराए जाए।

### पलिया कोतवाली का किया निरीक्षण

**डीएम.एसपी** ने कोतवाली पलिया का औचक निरीक्षण कर थाने की विभिन्न पंजिकाओं का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने मौजूद पुलिस बल को निर्देश दिया कि सतर्कता और सावधानी के साथ अपने कार्य दायित्वों का निष्पादन करें। इस दौरान उपजिलाधिकारी डॉ अमरेश कुमार पुलिस क्षेत्राधिकारी राजेश कुमार प्रभारी निरीक्षक सुनील कुमार सिंह मौजूद रहे।

## रामगंगा में लाशें मिलने से दहशत



संवाददाता। बरेली

**रामगंगा में** लाशें मिलने से क्षेत्र में दहशत कोरोनाकॉल में जहाँ चारों तरफ से मौतों की खबर सुनने को मिल रहीं हैं वहीं आज जिला बरेली के ग्राम कादरगंज थाना फ्तेहगंज पूर्वी की रामगंगा नदी में कई शवों को तहरते देखा गया है। जिन्हें कुत्ते नोचकर खा रहे हैं।गंगा में शवों के तहरने से ग्रामीणों में दहशत व्याप्त है। संक्रमण फैलने का अंदेशा बना होना बताया है।उक्त मामले में डीएम बरेली से सवाल किया गया तो उन्होंने कोई स्पष्ट जबाब नहीं दिया। एसडीएम पर टाला मामला।ग्रामीणों ने लापरवाह प्रशासन से शवों को तत्काल हटाए जाने की माँग की है।

## आंधी-पानी से दीवार गिरी चार मरे, एक घायल

### ● पेड़ की डाल गिरने से बालिका की मौत

संवाद्दाता संडीला(हरदोई)

**तेज आंधी** से पक्की दीवार गिर जाने से एक ही परिवार के चार लोगों की दर्दनाक मौत हो गयी जबकि एक व्यक्ति घायल हो गया। दूसरी घटना में पेड़ की डाल गिरने से एक दस वर्षीय बालिका की भी मौत हो गयी। घटना थाना अतरौली के अंतर्गत ग्राम मढ़िया मजरा परसा मोहिउद्दीनपुर की है। ग्र्राम निवासी राम नरेश पाण्डेय पुत्र रामनाथ पाण्डेय के पुत्रों रामेन्द्र कुमार तथा शैलेन्द्र कुमार का 14 मई को जनेयौ होना था और इसी को लेकर 12 मई को रामायण का अखण्ड पाठ शुरू हुआ था। इस कार्यक्रम में राम नरेश पाण्डेय के कई करीबी रिश्तेदार भी आए थे। रात में लगभग 9:30 अचानक तेज आंधी के साथ वर्षा होने लगी। छप्पर के भार और आंधी के तेज झोकों से अचानक दीवार भरभरा कर ढह गई और उस समय मौके पर मौजूद सारे लोग उसके नीचे दब गए। ग्रामीणों ने सबको मलबा हटाकर बाहर निकाला। तब तक रामेन्द्र पुत्र शिवबालक पाण्डये 20 वर्ष तथा गोकरन नाथ पाण्डये पुत्र सुब्बालाल, 70 वर्ष की मौत हो गयी। दो अन्य घायलों हरिकिशोर मिश्रा पुत्र राधेश्याम मिश्रा, 48 वर्ष निवासी खानपुर बरौली तथा राजेश तिवारी पुत्र शिवबालक तिवारी निवासी शाहपरु खुर्द थाना फ्तेहपुर चौरासी जनपद उन्नाव तथा रामनरेश पाण्डेय पुत्र रामनाथ पाण्डेय को जिला चिकित्सालय भेजा गया। जहां हरिकिशोर तथा राजेश तिवारी की इलाज के दौरान मौत हो गयी। इस घटना की सूचना मिलने पर एसडीएम मनोज श्रीवास्तव, तहसीलदार अम्बिका चौधरी मौके पर पहुंचे और लोगों को सांत्वना दी। एसडीएम ने बताया कि मृतकों के परिजन को यथाशीघ्र सरकारी मुआवजा एवं अहेतुक सहायता दिलाई जाएगी।



मौके पर मौजूद एसडीएम तथा अन्य

# चित्रकूट के गांवों में घर-घर बांटी जाएंगी दवाइयां

## डीएम ने कोरोना मरीजों का जाना हाल

संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने गांवों में कोरोना के संभावित रोगियों के चिन्हीकरण तथा लक्षणयुक्त लोगों की जांच एवं औषधि वितरण के कार्यों का जायजा लिया। गुरुवार को डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल कर्वी ब्लाक के रसिन व शिवरामपुर गांव पहुंचे। कोरोना पॉजिटिव होम आइसोलेशन के मरीजों के परिवारों से स्वास्थ्य व दवा वितरण के बारे में जानकारी की। घर-घर जाकर लोगों के स्वास्थ्य तथा दवाओं के वितरण के बारे में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ये दवायें कोरोना वायरस की दूसरी लहर के चलते गांवों में पहुंचाई जा रही हैं। प्रति मरीज को एक पैकेट दिया जा रहा है। जिसमें दस दिन की दवा है। उनके साथ प्रशिक्षु आईएएस जयदेव सिंह, एसडीएम सदर रामप्रकाश आदि मौजूद रहे। इसी क्रम में सीएमओ डॉ विनोद कुमार ने बताया कि कोरोना का प्रकोप जिले में धीरे-धीरे थम रहा है। आज कोरोना के पॉजिटिव केस 29 मिले हैं। साठ मरीजों को डिस्चार्ज किया गया है। अब कुल 901 मरीज बचे हैं। जिला जेल के एक बन्दी समेत 29 लोग कोरोना संक्रमित पाये गये। पंचायत चुनाव का असर ग्रामीण क्षेत्र में दिख रहा है। 25 कोरोना मरीज ग्रामीण क्षेत्रों से हैं तो चार मरीज शहर मुख्यालय से मिले हैं।



सीएमओ डा विनोद कुमार यादव।

### बेवजह टहलने वाले एक दर्जन का हुआ चालान

**चित्रकूट।** पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देश पर मानिकपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने कस्बे में बिना काम के तफ्री काटने वाले एक दर्जन लोगों के वाहनों का चालान किया।

गुरुवार को मानिकपुर थानाध्यक्ष सुभाषचन्द्र चौरसिया ने शासन के निर्देश पर जारी लॉकडाउन का पालन कराने को आज सख्ती बरती। उन्होंने कस्बे में बेवजह घूमने वालों के एक दर्जन वाहनों का चालान कर जुर्माना वसूला। उन्होंने चेताया कि रोज ऐसे ही जांच अभियान चलेगा। बेवजह घूमने वालों का चालान किया जायेगा। सी क्रम में गनीवा चौकी प्रभारी राधाकृष्ण तिवारी की टीम ने लोधौरा बुजुर्ग में संजय शुक्ला उर्फ गयादत्त पुत्र रामहर्ष शुक्ला निवासी भटरी थाना राजापुर के कब्जे से 43 अदद देशी शराब के क्वार्टर समेत गिरफ्तार किया है। आबकारी अधिनियम के तहत चालान किया है।

### कोविड मरीजों को विधायक ने फिर पहुंचायी सामग्री

**उरई (जालौन)।** सदर विधायक गौरी शंकर वर्मा द्वारा गुरुवार को कोविड-19 मरीजों के लिए मेडिकल कॉलेज रैन बसेरा में मेडिकल कॉलेज एल 2 में जो मरीज भर्ती है उनके लिए पानी की बोतल बिस्कुट रियल का जूस इत्यादि सामान पहुंचाने का कार्य किया। इस दौरान सदर विधायक ने कहा कि जब तक कोरोना संक्रमण खत्म नहीं हो जाता इसी तरह से मरीजों को सामग्री पहुंचायी जाती रहेगी। इस दौरान महेंद्र अग्रवाल, बॉबी भाई, अकरम भाई, रामू गुप्ता अन्य लोग मौजूद रहे।

### बिना पंजीयन लगवायें टीके: सीएमओ

**चित्रकूट।** जिले में कोरोना संक्रमण की रफ्तार कम करने को ज्यादा से ज्यादा लोगों के टीकाकरण को 13 मई को ऑनलाइन पंजीयन की भी जरूरत नहीं है। टीकाकरण स्थल जाकर मौके पर पंजीयन कराकर टीका लगवा सकते हैं। ये व्यवस्था सिर्फ दो दिनों के लिए की गई है। गुरुवार को सीएमओ डॉ विनोद कुमार यादव ने बताया कि 45 वर्ष से अधिक आयु के टीकाकरण कराने को ऑनलाइन पंजीयन के निर्देश थे। उन्होंने बताया कि 12 व 13 मई को इस व्यवस्था में बदलाव हुआ है। राज्य प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ अजय घई के निर्देश पर दो दिन टीकाकरण कराने को पहले से ऑनलाइन पंजीयन की जरूरत नहीं हैं। टीकाकरण के पात्र अपने नजदीकी टीकाकरण स्थल जाकर टीका लगवा सकते हैं। जिला प्रतिरक्षण अधिकारी डॉ मुकेश पहाड़ी ने बताया कि 45 वर्ष के सभी लोगों का जिले के निर्धारित तीन दर्जन केंद्रों पर टीकाकरण हो रहा है।

### ग्राम पंचायतों में चल रहा कोरोना को हराने के लिये सैनेटाइज अभियान

माधौगढ़ (जालौन)। कोरोना वैश्विक महामारी की दूसरी बहुत ही प्रभावी है इससे निपटने के लिए नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों द्वारा सेनेटाइजर का कार्य देखने को मिल रहा है ताकि किसी तरह इस भयावह संक्रमण को रोका जा सके हालांकि यदि देखा जाए तो ग्राम पंचायतों व अन्य जगहों पर कोरोना महामारी तेजी अपना प्रकोप दिखा रही है इतना ही नही ना जाने ही कितने कोरोना संक्रमित मरीजों ने इस महामारी के आगे घुटने टेक दिये व अपनी जानों को गवा दिया तो वहीं नवनिर्वाचित ग्राम प्रधानों द्वारा इस महामारी से निपटने के लिये अच्छी पहल देखने को मिल रही है जिसमें ग्राम पंचायतों में स्वच्छता अभियान व सैनेटाइज करवाकर इस संक्रमण से निपटने की कोशिश जारी है तो वहीं ग्राम नवनिर्वाचित ग्राम प्रधान सियाराम जाटव ईगुई, विनोद कुमार शिवहरे अखनीवा, अरविन्द कुमार जाटव जुगराजपुरा, नरेन्द्र पाल जाटव, धंजा का मानना है कि ग्राम पंचायतों को बीमारियों से मुक्त रखने के लिये सैनेटाइज का छिड़काव जरुरी है ताकि इस सक्रमण को फैलने से रोका जा सके व इतना ही नही आने वाले समय में ग्राम पंचायत का बस्ता सुपुर्द होने पर सरकार द्वारा जो भी योजनाएं ग्रामीणों को दी जायेगी उन्हे पूरा करना व गरीबों को उनका हक दिलाना हमारी प्राथमिकता होगी।

## निरीक्षण के दौरान कमिश्नर को दिखा डॉक्टरों का कारनामा





**संवाददाता। बांदा।** कोविड के दौरान स्वास्थ्य महकमा अपने नक्कारे पर से बाज नहीं आ रहा उसे जनता के साथ जिस तरह का भी हैक करना हवह उसी तरह से लूट पीड़ित मरीजों के साथ जारी किए आप चाहे जितने भी सख्त आदेश निकाल दें स्वास्थ्य महकमा वही करेगा जिसमें उसको धन की उगाही हो सकेगी मुख्यमंत्री लाख प्रयास करें जनता को सुविधा फ्री में नहीं मिलेगी ऐसा हम नहीं कह रहे हैं जय विजुअल स्वयं अपनी गवाही देते हैं मंडल के कमिश्नर स्वयं महिला से बात कर रहे हैं और सीएमएस और डॉक्टर को डांट रहे हैं और कह रहे हैं कि यह गलत है बस प् वहां पर बैठी महिला से उनसे हालचाल लिया तो उसने बताया कि उसके पति को भैंस ने मारा तो डॉक्टरों ने उससे कहा कि एक्सरे बाहर से कराकर लाओ जिसको लेकर कमिश्नर गुस्सा फूट पड़ा। तो तत्काल को फोन लगवाकर मौके पर बुलवाया और कड़ी फटकार लगाते हुए कहा कि सारे जिला अस्पताल में एक्सरे मशीन उपलब्ध है फ्री में एक्सरा होता है। डॉक्टरों ने उसको बाहर भेजा गया है। यह डॉक्टर द्वारा बहुत ही गलत किया गया है और को कहा कि कौन दोषी है हमे आज शाम 6 बजे तक हमें रिपोर्ट भेजेगे।

### गांवों में कोरोना संक्रमण रोकने के लिए सतर्क हुये ग्राम प्रधान

**जालौन (उरई)।** कोरोना के संक्रमण को लेकर नव निर्वाचित सतर्क दिख रहे हैं। संक्रमण की रोकथाम के लिए ग्राम प्रधान सहाव, कुठौंदा बुजुर्ग, अकोढ़ी दुबे में गलियों को सेनेटाइज कराया तथा जरूरतमंदों को मास्क वितरित किये तथा लोगों से घरों में रहने की सलाह दी। विकास खंड के नव निर्वाचित प्रधान गांवों में कोरोना संक्रमण को रोकने के लिए प्रयास कर रहे हैं। प्रधान गांवों की गलियों को सेनेटाइज कर वायरस को रोकना चाहते हैं। ग्राम प्रधान सहाव बुद्धश्री ने गांव की गलियों को सेनेटाइज कराया तथा लोगों को अनावश्यक रूप से गलियों में न घूमने की सलाह दी तथा मास्क का प्रयोग करने को कहा। कुठौंदा बुजुर्ग के प्रधान पुष्पेंद्र सिंह व पंचायत मित्र शिवकुमार ने गांव की साफ सफाई के साथ गलियों को सेनेटाइज कराया तथा जरूरतमंदों को मास्क वितरित किये। ग्राम प्रधान अकोढ़ी दुबे कौशलेंद्र शरण दुबे व सचिव देवी शरण ने गलियों को सैनिटाइज कराया तथा लोगों कोरोना के संक्रमण को लेकर जागरूक किया। उन्होंने ग्रामीणों से वैक्सीन लगवाने की के आनलाइन रजिस्ट्रेशन कराने व वैक्सीन लगवाने के लिए प्रेरित किया।

## सिर्फ पांच लोग ही अता कर सकेंगे नमाज

**राठ( हमीरपुर )।** कल शुक्रवार जुमा के कस्बे में ईद का त्योहार मनाया जायेगा। जिसको लेकर प्रशासन ने सारी तैयारियां पूरी कर ली। कोविड-19 को लेकर प्रशासन ने गाइड लाइन जारी की है। एसडीएम अशोक कुमार यादव ने बताया कि मस्जिद में सिर्फ पांच लोग ही ईद की नमाज अदा कर सकेंगे। इसके अलावा सभी मुस्लिम लोग अपने घरों के अंदर ईद की नमाज कदा करेंगे। एसडीएम ने लोगों से अपील करते हुए बताया कि ईद का त्योहार मुस्लिम भाई घरों के अंदर ही मनाये। घरों से बाहर न निकले। वहीं शहर पेश इमाम मौलाना शाकिर अली ने बताया कि कुर्रा रोड़ स्थित ईदगाह में साढे आठ बजे नमाज अदा की जायेगी। इसके बाद मस्जिदों के इमाम अपने हिसाब से टाइम निर्धारित करेंगे। कहा कि मुस्लिम समुदाय के लोग कोविड-19 के नियमों का पालन करते हुए घरों में नमाज अदा करें। हमें शासन प्रशासन का पूरी तरह से सहयोग कर कोरोना से जूझते हुए अपने देश को बचाना है।

## कोरोना संकट में शानू ने की नि:शुल्क रसोई की शुरुआत



**चित्रकूट।** तीर्थक्षेत्र में कोरोना संकटकाल में अतिगरीब जरूरतमन्दों को श्रीराम अन्नपूर्णा रसोई से नि:शुल्क भोजन दूसरे दिन भी बांटा गया। गुरुवार को व्यापारी नेता/समाजसेवी शानू गुप्ता की अगुवाई में श्रीराम अन्नपूर्णा रसोई से दूसरे दिन भी जरूरतमन्दों को नि:शुल्क भोजन बांटने का कार्य किया गया। शंकर बाजार ब्रम्हचर्य स्कूल के पास कर्वी में रसोई की शुरुआत कल से की गई है। आज तरौंहा, हरिजन बस्ती, खटिकाना आदि बस्तियों में गरीबों को नि:शुल्क भोजन बांटा गया। नि:शुल्क भोजन बांटने में राष्ट्रीय जनउद्योग व्यापार संगठन के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन/समाजसेवी शानू गुप्ता शेषू जायसवाल, रुकमणि सेवा संस्थान के संस्थापक अतुल कुमार की पूरी टीम जरूरतमन्दों की भूख मिटाने को कोरोना काल में लगी हुई है। उन्होंने बताया कि जरूरतमन्द दोपहर एक बजे से शाम पांच बजे तक किसी भी समस्या के समाधान को 9451519007, 9415437923, 7408750528, 9044010528, 9889407563 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

## सिंचाई विभाग ने शुरु कराई मन्दाकिनी नदी की सफाई



**चित्रकूट।** सिंचाई विभाग ने मन्दाकिनी सफाई रामघाट व शहर के इंटेकवेल के आसपास शुरु करा दिया है। बुन्देली सेना की मांग पर जिलाधिकारी ने सिंचाई विभाग को नदी को प्रदूषण मुक्त करने के निर्देश दिये हैं। गुरुवार को बुन्देली सेना जिलाध्यक्ष अजीत सिंह ने मन्दाकिनी सफाई को जिलाधिकारी के प्रति आभार जताते हुए कहा कि लॉकडाउन में रामघाट से लेकर कर्वी तक मन्दाकिनी के घाट गन्दगी व प्रदूषण से पट गये हैं। नदी में चोई चारा ने कब्जा कर लिया था। अजीत सिंह ने जल संस्थान की कार्यशैली की निन्दा करते हुए कहा कि इंटेकवेल राजा घाट से पूरे शहर को पेयजल आपूर्ति की जाती है। विभाग के पास इतना भी बजट नहीं है कि इंटेकवेल के आसपास ही नदी की सफाई करा सके। होली के समय बुन्देली सेना ने इंटेकवेल के पास सफाई कराई थी। गुरुवार को सिंचाई विभाग के मजदूरों ने रामघाट में फुटओवर ब्रिज की ओर मन्दाकिनी सफाई का कार्य शुरु किया। पहले दिन ही ट्रैक्टरों चोई और मलबा नदी से बाहर निकाला। एक टीम ने कर्वी इंटेकवेल के आसपास सफाई की। बुन्देली सेना ने सिंचाई विभाग के अधिशाषी अभियंता आशुतोष कुमार से अपील किया है कि सरकारी कार्यों की भांति नदी की सफाई न हो। जनहित को देखते हुए नदी को पूरी तरह साफ किया जाये।

## सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय को मिली एनएबीएच से मान्यता



**चित्रकूट।** विश्व में अपनी उत्कृष्ट नेत्र चिकित्सकीय सुविधाओं के लिए विख्यात एवं संत श्री रणछोरदास महाराज के संस्थापित जानकीकुण्ड सद्गुरु नेत्र चिकित्सालय व श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट अब नेत्र शिविर के लिए एनएबीएच से मान्यता प्राप्त चिकित्सालय बन गया है। गुरुवार को चिकित्सालय के निदेशक डॉ बीके जैन व ट्रस्टी डॉ इलेश जैन ने बताया कि गुरुदेव की प्रेरणा से संस्थान सदैव नेत्र रोगियों को गुणवत्तायुक्त चिकित्सा देने को संकल्पबद्ध है। एनएबीएच से मान्यता मिलने से उनका दायित्व और बढ़ गया है। आने वाले समय में और अधिक नेत्र रोगी गुणवत्ता व सेवाओं से लाभान्वित हो सकेंगे। अंधत्व निवारण के क्षेत्र के अपना योगदान देकर मानव सेवा के लक्ष्य पर अग्रसर हो सकेंगे।

## ब्लाक मुख्यालय के हैण्डपम्पों को सचिव नहीं करा रहे ठीक

**चित्रकूट।** पहाडी कस्बे में पेयजल की भारी किल्लत के बाद भी पंचायत सचिव की लापरवाही लगातार बरकरार है। जिलाधिकारी के 48 घंटे के निरीक्षण के बाद भी पहाडी कस्बे के सहकारी समिति के अन्दर समेत दर्जनों हैण्डपम्प ठीक नहीं कराये गये। गुरुवार को जिलाधिकारी शुभ्रांत कुमार शुक्ल के निर्देश को पहाडी बुजुर्ग के सचिव जयप्रकाश सिंह खुलेआम ठेंगा दिखा रहे हैं। कंट्रोल रुम में दर्ज शिकायत के 24 घंटे के अन्दर पेयजल समस्या के निदान के निर्देश हैं। जिलाधिकारी के निर्देश के दो दिन से ज्यादा समय बीतने के बाद भी खराब हैण्डपम्पों को ठीक नहीं कराया गया। पेयजल समस्या जस की तस बरकरार है। सचिव जयप्रकाश सिंह की लापरवाही के चलते कंट्रोल रुम बेकार साबित हो रहा है।

## आयुक्त ने किया पीएचसी बड़ोखर व डिंगवाही का निरीक्षण



**बांदा।** आज गुरुवार को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र बड़ोखर खुर्द एवं डिगवाही गॉव का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी बॉदा एवं डा0 नरेन्द्र विश्वकर्मा एवं अन्य अधिकारीध्कर्मचारीगण उपस्थित रहे। निरीक्षण के दौरान डा0 नरेन्द्र विश्वकर्मा द्वारा अवगत कराया गया कि 04 आरआरटी की टीम है जिसमें 02 लैब टेक्निशियन है। आरआरटी की टीम गॉव में भ्रमण कर लक्षणयुक्त लोगों की पहचान करने के साथ लक्षणयुक्त लोगों को तुरन्त दवा की किट दी जा रही है। एण्टीजन की जहाँ जांच हो रही है उसी समय उसको परिणाम बताया जाय अगर पॉजिटिव हो तो तत्काल दवा दी जाए। अगर पॉजिटिव नहीं है परन्तु लक्षण है तो भी दवा की किट दी जाए। इसी प्रकार आईण्टीण्पीण्सीण्आरण् का टेस्ट जिनका किया जाए इसमें परिणाम आने में समय लगता है उसमें भी जो लक्षणयुक्त मरीज हो तत्काल दवा की किट दे दी जाए एवं परिणाम जैसे ही लैब द्वारा पोर्टल पर अपलोड हो जो लोग पॉजिटिव हो उनको ग्रामीण क्षेत्र में आशा को कंट्रोल रूम से फोन करके बताया जाए कि वह उस व्यक्ति के घर तुरन्त दवा दे दें और आरआरटी उसके बाद उस व्यक्ति के घर जाए। वैक्सीनेशन कक्ष के निरीक्षण में पाया गया कि निरीक्षण के समय तक 20 लोगों का वैक्सीनेशन किया गया है।

### अन्ना जानवर बचाने के चक्कर में स्कार्पियो गढ्डे में घुसी आधा दर्जन घायल

**कदौरा (जालौन)।** हमीरपुर जोहलुपुर हाइवे ग्राम बागी के समीप दोपहर को सड़क पर घूम रहे अन्ना जानवरों के झुंड को बचाने के चक्कर में स्कार्पियो गहरे गड्ढे मव घुस गई। स्कार्पियो में सवार लोगों में चीखपुकार मच गई। राहगीरों व ग्रामीणों ने आनन फानन में स्कार्पियो में फंसे अमित 40 वर्ष, अजय कुमार 55 वर्ष, चालक राजेन्द्र 50 वर्ष, अंशु 12 वर्ष, सुमित 10 वर्ष व आर्यन 8 वर्ष निवासी हमीरपुर को बाहर निकाल कर प्राइवेट वाहन से सीएचसी में भर्ती कराया।

### उधारी के रुपए मांगे तो दी जानमाल की धमकी

**जालौन (उरई)।** रुपयों के लेन देन को लेकर आरोपी ने युवक के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। आइंदा रुपये मांगने पर जान से मारने की धमकी भी दी। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफरिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम सींगपुरा निवासी छोटू ने पुलिस को बताया कि उनके गांव के ही अरविंद ने उससे कुछ रुपये उधार लिए थे। जिसे उसने कुछ समय में वापस लौटाने का वादा किया था। लेकिन तबसे काफी समय बीतने के बाद भी उसने रुपये नहीं लौटाए। जब उसने रुपये मांगे तो बहाने बनाता रहा।

### पत्नी ने दर्ज करायी पति के विरुद्ध एफआईआर

**जालौन (उरई)।** शहजादपुरा में पति ने पत्नी के साथ गाली, गलौज करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित पत्नी ने मामले की तहरीर कोतवाली में दी। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। कोतवाली क्षेत्र के ग्राम शहजादपुरा निवासी संगीता देवी ने पुलिस को बताया कि उनके पति नितिन आए दिन उसके साथ गाली, गलौज व मारपीट करते रहते हैं। कई बार समझाने की कोशिश की लेकिन वह मानने को तैयार नहीं है।

### समझौता होने के बाद भी घर में घुसकर की तोड़फोड़

**राठ(हमीरपुर)।** कस्बे के सिकंदरपुरा मोहल्ले में पुलिस की मौजूदगी में आपसी में समझौता होने के बाद भी एक पक्ष ने दूसरे पक्ष के घर में घुस तोड़फोड़ करते हुए मारपीट कर दी। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की गुहार लगाई है। सिकंदरपुरा निवासी मनोज कुशवाहा पुत्र रामगोपाल ने पुलिस को बताया कि बीती शाम उसका मोहल्ले के शिवराम कुशवाहा पुत्र शिवदयाल से मारपीट हो गई थी। जिस पर कोतवाली पुलिस दोनों को पकड़कर कोतवाली ले आई थी।

### लड़की को भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज

**कुरारा(हमीरपुर)।** कुरारा थाना क्षेत्र के उमराहट गाँव निवासी ग्रामीण ने पुत्री को बहला फुसलाकर भगा ले जाने की रिपोर्ट थाने में दर्ज करायी है। गाँव के गजराज निषाद पुत्र चेतराम निषाद ने पुलिस को बताया कि में अपने पत्नी व बच्चों सहित आगरा जनपद के थाना सिरसा गंज के रामकुंआ गांव में आलू की खुदाई करने गया था।

## ससुरालीजनों ने मारपीट कर घायल किया, पुलिस से शिकायत दर्ज कराई

**संवाददाता, राठ ( हमीरपुर।** कोतवाली क्षेत्र के अकौना गांव में अपनी बहन को लेने ससुराल गया युवक के साथ ससुरालीजनों ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराकर कार्यवाही की गुहार लगाई है।
क्षेत्र के चिल्ली गांव निवासी मुकेश पुत्र कालीचरण ने बताया कि उसकी बहन सुमन अकौना गांव में ब्याही है।भांजे की तबियत खराब होने पर वह अपनी बहन को लेने उसकी ससुराल अकौना गांव गया था। बताया कि जब वह अपनी बहन सुमन और भांजे लेकर जाने लगा तो पीछे से उसके जीजा भानुप्रताप और बहन के ससुर चन्द्रपाल उसके साथ मारपीट करने लगे।

### छोटे भाई ने बड़े भाई को मारपीट कर घायल कर दिया

**राठ( हमीरपुर )।** कस्बे के दीवानपुरा मोहल्ले में मकान के बंटवारे को लेकर छोटे भाई ने अपने बड़े भाई व भाभी को मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाने में तहरीर देकर कार्यवाही की गुहार लगाई है। दीवानपुरा मोहल्ला निवासी स्वामीदीन विश्वकर्मा पुत्र करोड़ी लाल ने बताया कि उसका छोटा भाई महिपाल मकान के बंटवारे में गड़बड़ी होने की बात कर उससे आये दिन विवाद करता है। गुरूवार की सुबह जब वह अपने हिस्से के मकान का निर्माण कार्य करा रहा था। तभी महिपाल अपने हाथ में लाठी लेकर आया और निर्माण कार्य रुकवा कर उसके साथ गाली-गलौज करने लगा।

### सड़क दुर्घटना नें दो महिलाएं समेत छह लोग घायल

**मौदहा ( हमीरपुर )।** क्षेत्र में हुई सड़क दुर्घटनाओं में दो महिलाएं सहित 6 लोग घायल हो गये सभी को गंभीर हालत में सीएचसी में इलाज के लिये भर्ती कराया गया है। क्षेत्र के गांव माचा निवासी डैम अली अपने ही घर के पास खेल रहा था तभी सड़क पर पैर फिसल जाने से गिरकर घायल हो गया यहां परिजनों ने आनन-फानन में मौदहा के सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां इलाज के दौरान हालत में सुधार बताया गया है इसी तरह क्षेत्र के गांव भवानी निवासी राजा बेटी पत्नी हरिदास व हेमलता पत्नी दुरुगपाल चमरखन्ना निवासी रिश्ते के भतीजे अजय के साथ बाइक में बैठ दोनों मौदहा की ओर आ रही थी तभी चमरखन्ना व गहबरा गांव के बीच रास्ते में ब्रेकर पर गाड़ी का संतुलन बिगड़ गया जिससे दोनों महिलाएं सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गयी राहगीरों की मदद से घायलों को सरकारी अस्पताल मौदहा में भर्ती कराया गया। दूसरी घटना में नगर निवासी पुत्तन का 3 वर्षीय मासूम अजय खेलते हुए गिरकर घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल में भर्ती कराया गया ।

### मौरंग खदान में धावा बोल कर्मचारियों को पीटा गोलीबारी से दहशत

**बांदा।** पैलानी थाना क्षेत्र की खप्टिहाकलां मौरंग खदान 100.1 में बुधवार देर रात कुछ लोगों ने धावा बोल दिया। काम कर रहे तीन कर्मचारियों के साथ लाठी डंडे से मारपीट कर घायल कर दिया। हवाई फायरिग कर दहशत फैलाते हुए हमलावर भाग निकले। गोलियों की आवाज सुन लोग जुट गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। घायल कर्मचारियों का सीएचसी में इलाज कराया गया। तहरीर के आधार पर नामजद मुकदमा दर्ज किया गया है। घटना की वजह पैसों के लेनदेन को लेकर चल रहा विवाद बताया जाता है।
आरोप है कि गांव के ही कुछ लोग पहुंचे और वहां काम कर रहे कर्मचारियों के साथ मारपीट शुरू कर दी। बाद में हवाई फायरिग कर दहशत फैला दी। कर्मचारियों ने बताया कि नीबू लेने को लेकर अतुल सिंह व गांव के अंगद सिंह के बीच में विवाद हो गया था। विवाद इतना बढ़ गया कि नौबत मारपीट और फायरिग तक पहुंच गई। हवाई फायरिग से इलाके में दहशत फैल गई। इसी बीच किसी ग्रामीण ने चौकी इंचार्ज सहित पुलिस के आला अधिकारियों को जानकारी दे दी। सूचना पर पैलानी थाना प्रभारी जितेंद्र कुमार अपने सहयोगियों के साथ पहुंचे और मामले की जानकारी से उच्चाधिकारियों को अवगत कराया।

## चना क्रय केन्द्र से किसान उठायें भरपूर लाभ: डीएम



संवाददाता। चित्रकूट

**जिलाधिकारी** शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने डिप्टी आरएमओ, सहायक निबंधक सहकारी समितियां व जिला प्रबंधक पीसीएफ को निर्देश दिये कि ज्यादा से ज्यादा किसानों का गेहूं क्रय केन्द्र में 1975 रुपया प्रति कुंतल की दर से खरीदा जाये। गेहूं क्रय केन्द्रों में किसानों की कोई शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। गुरुवार को डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल ने कलेक्टेªट सभागार में बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि किसानों की शिकायत मिलने पर केन्द्र प्रभारियों के खिलाफ कडी कार्यवाही की जायेगी। केन्द्रों में किसानों के बैठने, पीने के पानी की व्यवस्था के साथ केन्द्रों में बोरा, तौल मशीन की व्यवस्था की जाये। किसानों का भुगतान समय से कराकर क्रय केन्द्रों से गेहूं का उठान समय पर कराया जाये। उन्होंने किसानों से अपील किया कि अधिक से अधिक अपना गेहूं नजदीकी क्रय केन्द्रों में बेंचकर शासकीय समर्थन मूल्य का लाभ उठायें। उन्होंने चना क्रय केन्द्र बसिला में किसान भाइयों से कहा कि अपना चना बसिला क्रय केन्द्र में ले जाकर बेंचकर समर्थन मूल्य का लाभ उठायें। उन्होंने उपजिलाधिकारियों को निर्देश दिये कि क्षेत्र के गेहूं क्रय केन्द्रों का लगातार निरीक्षण कर किसानों को जागरूक करें। बैठक में एडीएम जीपी सिंह, एसडीएम सदर रामप्रकाश, एसडीएम मानिकपुर संगमलाल, एसडीएम राजापुर राजबहादुर, डिप्टी आरएमओ संजय श्रीवास्तव, सहायक निबंधक नरेन्द्र सिंह, जिला प्रबंधक निर्मल कुमार आदि अधिकारी मौजूद रहे।

## ऐर चिकित्सालय से जेनरेटर, मेज मुर्सी, पलंग और पंखे मिले गायब

### चिकित्सक का पता नहीं फार्मासिस्ट के भरोसे ग्रामीण

### ग्राम प्रधान जुझार सिंह ने कहा कि सालों से नहीं मिल रही स्वास्थ्य सेवायें



संवाददाता। उरई (जालौन)

**गुरुवार** को ग्राम पंचायत ऐर में करोड़ों की लागत से बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का नायब तहसीलदार, कानूनगो, चिकित्साधिकारी डकोर डा. इदरीश खान, पंचायत सचिव के साथ निरीक्षण किया तो अस्पताल से जेनरेटर, मेज, कुर्सी, पंखे, पलंग सहित कई सामान गायब मिले। इतना नहीं अस्पताल के कमरों सहित किचिन, लेट्रिन, बाथरूम में गंदगी का अंबार लगा मिला। निरीक्षण में एक बात तो पूरी तरह से साफ हो गयी कि करोड़ों की लागत से बना अस्पताल विभागीय अधिकारियों की स्वेच्छाचारिता को उजागर कर दिया। भगवती मानव कल्याण संगठन एवं भारतीय शक्ति चेतना पार्टी के जिला अध्यक्ष ग्राम प्रधान ऐर फौजी जुझार सिंह राजपूत द्वारा गांव के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र की जब सोशल मीडिया पर फोटो वायरल की तो गुरुवार को हकीकत जानने के लिये नायब तहसीलदार राजेश पाल कानूनगो माता प्रसाद एवं लेखपाल अरविंद नायक, चिकित्साधिकारी डॉ. इदरीस खान, ग्राम सचिव जितेंद्र को लेकर के गांव में बने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण करवाया जिसमें अस्पताल से जेनरेटर, मेज, कुर्सी पंखे, पलंग गायब मिले तो अस्पताल के कमरों, किचिन, लेट्रिन, बाथरूम आदि जगहों पर कूड़े का अंबार लगा मिला। इतना ही नहीं अस्पताल परिसर में भारी संख्या में शराब के पाउच, ताश के पत्ते एवं मास, मुर्गा मछली पकाने वाला चूल्हा बना हुआ मिला। जिस पर नायब तहसीलदार राजेश पाल ने संबंधित अधिकारियों की फटकार लगाते हुये समूचे अस्पताल परिसर में सफाई कराने के निर्देश दिये। बाद में नायब तहसीलदार ने जहां वैक्सीन लगाई जा रही थी वहां पहुंचकर व्यवस्थाओं को देखा। ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार को बताया कि गांव के अस्पताल में

## कोविड- 19 की शत-प्रतिशत वैक्सीन लगवायें ग्राम प्रधान : कौशल कुमार

### एसडीएम ने कोरोना से बचने का पढ़या पाठ

संवाददाता। कालपी (जालौन)



**कोविड**-19 कोरोना वैक्सीन डोज जीवन रक्षक है इसलिए 45 से अधिक आयु वाले सभी आम जन मानस वैक्सीन लगवाकर कोरोना महामारी से सुरक्षित हो ग्राम पंचायतों में प्रधान, कोटेदार, पंचायत मित्र, सहित समाजसेवी लोगों को वैक्सीन लगवाने के लिये प्रेरित करें तथा पहले खुद व अपने परिवारी जनों को वैक्सीन लगवाने का कार्य करें। कोरोना जैसे महामारी संक्रमण से बचने के लिए कालपी उप जिलाधिकारी कौशल कुमार ने गुरुवार को महेवा ब्लाक कार्यालय में नवनिर्वाचित प्रधानों को संबोधित करते हुए कोरोना वैक्सीन के लाभकारी गुण बताएं व शतप्रतिशत कोविड वैक्सीन लगवाने की उपस्थिति नवनिर्वाचित प्रधानों से अपील की तथा प्रधानों को आगाह किया कि अपने ग्राम पंचायत के लोगों को सजग करें की कोरोना के संकट काल में 2 गज की दूरी बनाकर रोज की दिनचर्या के कार्य निपटाए बाहर निकले तो माक्स का प्रयोग करें सरकार ने सब्जी एवं पर चुनी खरीद के लिए 7रू00 से 11रू00 जो समय निर्धारित किया है उसमें भी भीड़ भाड़ ना बढ़ाएं दूरी बनाकर रहे इसके अलावा जो लॉकडाउन का समय है उस समय अपने घरों में रहे अनावश्यक भीड़ नाज उठाएं शादी विवाह में भी सामाजिक दूरी बनाकर रहे कुरौना से तभी हम सब मिलकर जंग जीत सकते हैं वही खंड विकास अधिकारी अश्वनी कुमार सिंह ने कहा कि प्रधानों को चाहिए वह अपने गांव में पात्र लोगों का शत प्रतिशत वैक्सीनेशन कराएं जिससे उनका जीवन सुरक्षित होगा और गांव खुशहाल रहेगा इस मौके पर कीरतपुर प्रधान पवन दीप निषाद देवकली के बाल सिंह, हीरापुर के उमाशंकर, गुढ़ा खास राज भोज, आकांक्षा देवी, किरण देवी, शशि देवी, मंगरौल माया देवी सहित दो दर्जन से अधिक प्रधान मौजूद रहे।

# प्रधान पति की हत्या की साजिश का पर्दाफाश

## एक ईनामी समेत दो को एसटीएफ ने किया गिरफ्तार

संवाददाता। ऊंचाहार

**पुत्र की** संदिग्ध हालात में घायल होने के बाद मौत के मामले मे मृतक के पिता ने पुत्र की मौत मार्ग दुर्घटना की जगह हत्या करने का आरोप गांव के प्रधान पति व एक दूसरे समुदाय के व्यक्ति पर लगाते हुए दोनों के खिलाफ ईनामी शातिर को प्रधान पति की हत्या की सुपारी दे दी गई। इसीबीच एसटीएफ ने ईनामी शातिर व उसके साथी को गिरफ्तार करके जेल भेज दिया।

बताते चलें कि ऊंचाहार कोतवाली के ग्राम पंचायत रामचन्द्रपुर का मामला है। जिसमे एसटीएफ टीम के मुताबिक एक लाख रूपए के ईनामी प्रशांत सिंह उर्फ गुड्डू उर्फ डाक्टर पुत्र राजाराम निवासी भारतगढ़ थाना संग्रामगढ़ जिला प्रतापगढ़ व सुरेश सिंह उर्फ मुन्ना पुत्र नरेन्द्रबहादुर सिंह निवासी साहबगंजबाजार कोतवाली सलोन को एक अदद पिस्टर 32 बोर 4 जिंदा कारतूसयएक अदद 312 बोर तमंचा 2 जिंदा कारतूसय2 मोबाइल व 820 रूपए नगद बरामद किया गया है।दोनों शातिरों के द्वारा ये कबूला गया है कि गांव रामचन्द्रपुर निवासी देवतादीन की पुत्री को युनूस पुत्र हाकिम भगा ले गया है और उसके बाद देवतादीन का पुत्र अयुष आनंद के द्वारा त्रिस्तरीय पंचायती के चुनाव के दौरान ही अंबेडकर जंयती मनाया था।जिस दौरान झड़प हुई और उसके बाद 16 अप्रैल को कोतवाली के चड़ड्ढ चौराहा पर संदिग्ध परिस्थितियो मे घायल आयुष आनंद मिले जिनको सीएचसी मे भर्ती करवाया गया जिनकी उपचार के दौरान मौत हो गई।जिसमे मौत का अरोप दिलीप तिवारी व युनुस के खिलाफ मृतक के पिता ने लगाया जिसकी एसपी से शिकायत की गई। जिसको लेकर मृतक के पिता ने दिलीप तिवारी व युनुस की हत्या करने के लिए साजिश रचते हुए सुपारी लेने वाले मुन्ना सिंह उर्फ सुरश सिंह के द्वारा ईनामी शाति प्रशांत से संपर्क किया।जिसमे सुपारी देने वाले देवतादीन गांव रामचन्द्रपुर का कहना था कि हम गुजरात ड्यूटी मे जब पहुंच जाए तो यहां पर अंजाम दे देना जिसमे लिए दो लाख रूपए भी एडवांस मे दोनो शातिरो को दिया गया।जिसकी भनक स्थानीय पुलिस को भी नही लगी कि प्रयागराज की एसटीएफ सीओ नवेन्दु कुमार को लगी और उन्होने निरीक्षक केषवचन्द्र राय के नेतृत्व मे टीम मुखबिर की सूचना पर भेजा और प्रषांत और सुरेष सिंह को एसटीएफ ने दबोच लिया।जिसमे एसटीएफ की ओर से ऊंचाहार कोतवाली मे अभियोग दर्ज करवाते हुए एक लाख के ईनामी प्रषांत व सुरेष सिंह को बुधवार के दिन जेल भेजा है।प्रषात सिंह के ऊपर प्रतापगढ़ व प्रयागराज जिले के अलग अलग थानो मे 9 मुकदमा व सुरेष सिंह के खिलाफ प्रतापगढ़ व रायबरेली मे 4 मुकदमे दर्ज है।

## ऊंचाहार पुलिस की नाकामी की दास्तां सुना रही है एसटीएफ की तहरीर

### एसटीएफ ने एक लाख के ईनामी की गिरफ्तारी से खोल दी पोल

**ऊंचाहार।** एक लाख का इनामी बदमाष ऊंचाहार के एक गांव मे कई महीने से डेरा जमाए हुए था लेकिन ऊंचाहार पुलिस बेखबर रही। चुनाव के दौरान उस गांव मे एक उम्मीदवार खुलेआम बाइक जुलूस निकाल रहा थ लेकिन ऊंचाहार पुलिस बेखबर रही।यही नही गांव मे तनाव इस कदर बढ़ गया था कि दो लोगों की हत्या के लिए किराए पर बदमाष बुला लिए गए।लेकिन ऊंचाहार पुलिस बेखबर रही ।ऊंचाहार पुलिस की नाकामी की ये दांस्तां कोई और नही अपितु प्रयागराज एसटीएफ की वो फर्द कह रही है जिसे ऊंचाहार कोतवाली के अभिलेखे मे बकायदा दर्ज किया गया है।एसटीएफ द्वारा बुधवार को ऊंचाहार कोतवाली के रामचन्द्रपुर गांव के पास से बाइक सवार दो बदमाषों को गिरफ्तार करके उनके कब्जे मे पिस्टल अन्य असलहे बरामद किए है।पकड़े गए बदमाषो मे प्रषांत सिंह भारतगढ़ प्रतापगढ़यदो साल पहले बाघराय कोतवाली में हुई हत्या के मामले मे एक लाख रूपए का इनाम घोषित हैजबकि दूसरे साथी सुरेष सिंह गांव साहेबगंज सलोन का निवासी है।एसटीएफप्रयागराज ने इस गिरफ्तार को लेकर ऊंचाहार कोतवाली मे जो मुकदमा दर्ज करवाया है।उसके एसटीएफ की कामयाबी के साथ ऊंचाहार पुलिस की नाकामी भी दर्ज है।इस मामले में एसटीएफने ऊंचाहार पुलिस के चेहरे पर नाकामी की फेहरिस्त चस्पता कर दी है।प्रधान व युनूस की हत्या की सुपारी दे दी गई।यह लोग चुनाव मे भी कई बार गांव आए और रात मे यहां रूके हुए थे।एसटीएफ की प्राथमिकी बता रही है कि गांव मे कानून की धज्जियां उड़ती रही चुनाव मे जुलूस निकाला जाता रहा अंबेडकर जंयती पर बवाल हुआयतनाव हुआयएक लाख का इनामी बदमाष अक्सर गांव मे आकर रहता था दूसरे धर्म की लड़की को भगाकर निकाह भी हो गया था लेकिन पुलिस अंजान बनी रही स्थानीय पुलिस को इतने बड़े बड़े मामलो की जानकारी नही थी।गनीमत थी एसटीएफने बदमाषों को पकड़ लिया अन्यथा ऊंचाहार मेब ड़ा कांड हो जाता और स्थानीय पुलिस बेखबर बनी रहती।

## अमेठी में महामारी जन शिकायत समिति का किया गया गठन

**अमेठी।** जिलाधिकारी अरुण कुमार के निर्देश के क्रम में अपर जिलाधिकारी (विध्रा) एसपी सिंह ने बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के अनुपालन के क्रम में प्रशासन की तरफसे एडिशनल डिस्ट्रिक्ट मजिस्ट्रेट सुधीर कुमार रूगटा अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) एवं डॉ0 नवीन कुमार मिश्र अपर मुख्य चिकित्साधिकारी को नामित करते हुए 03 सदस्यीय महामारी जन शिकायत समिति हेतु सदस्य नामित किया गया है। उन्होंने बताया कि गठित समिति द्वारा कोरोना महामारी से संबंधित प्राप्त शिकायतों का उच्च न्यायालय व शासन से प्राप्त दिशा निर्देशानुरूप यथोचित निस्तारण सुनिश्चित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में प्राप्त होने वाली शिकायतें सीधे संबंधित उप जिलाधिकारी द्वारा प्राप्त की जाएंगी, जिन्हें उनके द्वारा कार्यवाही हेतु समिति के समक्ष प्रस्तुत कर यथोचित निस्तारण कराया जाएगा।

# डीएम और एसपी ने धर्म गुरुओं व प्रबुद्धजनों के साथ की वर्चुअल बैठक

संवाददाता। अमेठी

## अपने घर में अपनों के साथ हंसी-खुशी व हर्षोल्लास के साथ मनाएं त्योहारः डीएम

**ईद के** पर्व को शांतिपूर्ण व हर्षोल्लास के साथ मनाये जाने हेतु जिलाधिकारी अरुण कुमार व पुलिस अधीक्षक दिनेश सिंह ने आज वर्चुअल माध्यम से जनपद के धर्मगुरुओं व प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर ईद के पर्व को कोविड.19 की गाइड लाइन का पूर्णतया पालन करते हुए हर्षोल्लास के साथ मनायें जाने की अपील किया। उन्होंने कहा कि वर्तमान में कोरोना का संक्रमण तेजी से फैल रहा है जिसको लेकर उचित होगा कि ईद के पर्व को अपने घर में अपने परिवार के साथ शांतिपूर्ण तरीके से मनाएं। उन्होंने कहा कि कहीं पर भी भीड़ न एकत्रित हो इसका विशेष ध्यान रखा जाएए नवाज आदि अपने घरों में अपने परिवार के साथ अदा करेंए शुभकामनाएं एवं बधाइयां अपने शुभचिंतकों को फोन एवं वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से देंए गले मिलने व हाथ मिलाने से बचेंए जुलूस आदि ना निकाले जाएंए अफवाहों पर ध्यान न देंए सोशल मीडिया पर भ्रामक खबरों को प्रसारित न करेंए कहीं पर भी कोई समस्या होने पर तत्काल जिला प्रशासन को सूचित करें। उन्होंने धर्मगुरुओं से यह भी अपील किया कि आप सभी धर्मगुरु समाज के अगुवा हैंए लोगों को इस पर्व को संयम के साथ मनाये जाने हेतु प्रेरित करें और इसके प्रति आप सभी अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हुए लोगों को भी प्रेरित करें। त्यौहार को लेकर जिलाधिकारी ने ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों की विशेष साफ सफाईए सैनिटाइजेशन कराने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद



वर्चुअल माध्यम से धर्मगुरुओं से बातचीत करते हुए जिलाधिकारी

वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए जिला प्रशासन लगातार प्रयासरत हैए बीमारी को छुपाए नहींए लक्षण आते ही जांच अवश्य कराएंए साथ ही कोविड के लक्षण महसूस होने पर तत्काल कोविड कंट्रोल रूम. 05368.244499, 244011, 297006, 244003, 244004, 244005, 8009219201 पर संपर्क करें। इसके साथ ही जिलाधिकारी ने समस्त उप जिलाधिकारी व पुलिस क्षेत्राधिकारियों को ईद के पर्व के दृष्टिगत अपने.अपने क्षेत्रों में निरंतर भ्रमणशील रहकर कोविड.19 की गाइडलाइन का पालन कराने व सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि त्योहार के दृष्टिगत लोगों को घर में रहकर त्यौहार मनाए जाने की अपील करेंए साथ ही धर्म गुरुओं का प्रबुद्धजनों के साथ बैठक कर उन्हें त्यौहार को अपने परिवार के साथ घर में ही मनाने की अपील करें। इस दौरान अपर जिलाधिकारी एसपी सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक वीके पांडेय, समस्त उपजिलाधिकारी, पुलिस क्षेत्राधिकारी सहित समस्त थानाध्यक्ष वर्चुअल जुड़े रहे।

# चुनावी रंजिश को लेकर फायरिंग

## फायरिंग में महिला सहित पांच लोग घायल ट्रामा सेंटर रेफर

संवाददाता। जगदीशपुर अमेठी

**पुरानी** व चुनावी रंजिश को लेकर दबंगों ने समीउल्ला के घर पर पहुंच कर मारपीट व फायरिंग की जहाँ महिला सहित पांच लोग घायल हो गए परिजनों ने आनन फानन में घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया जहाँ हालात गम्भीर देख कर चिकित्सकों ने ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस मामले की छानबीन में जुटी घटना की जानकारी जिले के आलाधिकारियों को मिलते ही मौके पर पहुंच कर घटना स्थल का जायजा लिया। जगदीशपुर कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत सिधियावा गाँव में शाम के समय पूर्व प्रधान मोहम्मद सुहैल अपने साथियों के साथ चार गाडी पर सवार होकर समी उल्ला के घर पर पहुंच कर लाठी डण्डो व असलहे से हमला कर दिया जिसमें शानू हसीन सलमान शादाब व सन्नो गम्भीर रूप से घायल हो गए वहीं परिजनों ने ईलाज हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र जगदीशपुर में भर्ती कराया गया जहाँ पर डाक्टरों द्वारा प्राथमिक उपचार के बाद ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया वहीं घटना की सूचना मिलते ही कोतवाल अरुण कुमार द्विवेदी अपने हमराहियों के साथ मौके पर पहुंच कर मामले की छानबीन में जुटे और गांव में तनाव को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया और वहीं मामले की जानकारी मिलते ही अपर पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार पाण्डेय व सीओ मनोज कुमार यादव ने मौके पर पहुंच घटना स्थल का जायजा लिया और परिजनों को हर सम्भव मदद का भरोसा दिलाया।

# एनटीपीसी में नर्सिंग व पैरामेडिकल स्टाफ को किया गया सम्मानित

संवाददाता। ऊंचाहार

**एनटीपीसी** में अंतर्राष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया गया। जीवन ज्योति चिकित्सालय, एनटीपीसी ऊंचाहार में नर्सिंग एवं पैरामेडिकल स्टाफ को सम्मानित किया गया। साथ ही वर्तमान कोरोना महामारी के चुनौतीपूर्ण समय में उनके समर्पण, करुणभाव और सेवाओं की सराहना भी की गई।वर्तमान समय में चिकित्सालय में तकरीबन 27 नर्स हैं। इस अवसर पर वहां ऊंचाहार परियोजना के मुख्य महाप्रबंधक भोलानाथ मिश्र, महाप्रबंधक (प्रचालन एवं अनुरक्षण) असित दत्ता और मानव संसाधन विभाग की प्रमुख वंदना चतुर्वेदी मौजूद रहे। साथ ही इस अवसर पर एनटीपीसी ऊंचाहार के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संदीप



कुमार गुप्ता,अत्तिरिक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संगीता शर्मा, समस्त चिकित्सक और पैरामेडिकल स्टाफ उपस्थित रहे।क्यों मनाया जाता है ये दिन - विश्व की पहली नर्स फ्लोरेन्स नाइटिंगेल का जन्म 12 मई, 1880 के दिन इटली में हुआ था। उनके समर्पण भाव का सम्मान करने के लिए हर साल इस दिन अंतराष्ट्रीय नर्स दिवस मनाया जाता है।

# तेज आंधी-पानी से कई पेड़ धराशायी



**बछरावां रायबरेली।** गत दिवस तेज आंधी के साथ आई बरसात में जहां आवाम को झुलसती गर्मी से राहत प्रदान की और किसानों के लिए वरदान साबित हुई ,वहीं तेज हवाओं ने आम की फसल को भारी क्षति पहुंचाते हुए हजारों पेड़ों को धराशाई कर दिया जिसके चलते कई मार्गों पर आवागमन बाधित हो गया तथा विद्युत आपूर्ति तहस-नहस हो गई इसी के साथ ही किसानों की व्यस्तता बढ़ गई धान की फसल की तैयारी के लिए सोच रहे किसानों में हर्ष की लहर दौड़ गई क्योंकि नमी आ जाने के कारण खेतों की जुताई संभव हो गई और किसान खेतों की जुताई के साथ-साथ धान की नर्सरी तैयार करने के लिए जुट गया,

गर्मी से निजात पाकर अन्य लोगों ने भी राहत महसूस की तेज हवाओं के कारण बाधित हुई विद्युत आपूर्ति को सही करने में विभागीय कर्मचारियों के पसीने छूट गए समोधा, सेहगों आदि फीडरों में पेड़ गिर जाने के कारण कई जगह लाइनें ध्वस्त हो गई, जिन्हें ठीक करने का प्रयास करते हुए बिजली विभाग के कर्मचारी प्रातः काल से ही जुटे रहे।

# इकौना पुलिस ने मस्जिदों में पांच लोगों को ही ईद की नमाज अदा करने की अपील की

संवाददाता। श्रावस्ती, इकौना

**पुलिस** प्रशासन ने इकौना नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में गाइडलाइन के अनुसार ही मस्जिदों में ईद की नमाज पढ़ने के लिए इमामों से अपील की है । थाना इकौना के प्रभारी थानाध्यक्ष अमित सिंह व उपनिरीक्षक पंकज गुप्ता पुलिस फोर्स के साथ कस्बा इकौना मे पांच पीरान जामा मस्जिद, मिल्ली मस्जिद, सिकली मस्जिद, घोसी मस्जिद सहित ग्रामीण क्षेत्र के सेमगढा लालपुर खदरा आदि मस्जिदों में जाकर महामारी गाइडलाइन का पालन कराते हुए पांच से अधिक लोग मस्जिदों में नमाज नही पढ़ने की वहां के इमाम से अपील की । इमाम ने प्रशासन के आदेशों का पालन कराए जाने का आश्वासन दिया है । प्रभारी थानाध्यक्ष ने क्षेत्र के सभी मुसलमान भाइयों से



ईद उल फित्र की नमाज अपने.अपने घरों में नमाज अदा करने की अपील की । मॉडर्न थाना श्रावस्ती प्रभारी विजय बहादुर सिंह ने कटरा बीरपुर परसुरामपुर नरपतपुर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों की मस्जिदों में जाकर इमाम को इस बाबत जानकारी दिया कि ईद पर मस्जिद मे पांच से अधिक लोग नमाज न पढ़ें । इसके अतिरिक्त सभी मुसलमान भाई ईद उल फित्र की नमाज अपने-अपने घरों में पढ़ें।

## घरों से ही अता करें ईद की नमाजः एसडीएम

**लालगंज रायबरेली।** ईद के त्योहार पर अमन शांति बनाये रखने और कोविड 19 के नियमों का पालन कराने के लिये लालगंज कोतवाली में आयोजित मौलानाओं व मुस्लिम समाज की बैठक मे बोलते हुये एसडीएम विनय मिश्रा ने कहा कि कोरोना गाइडलाइन का पालन करते हुये ईद त्योहार मनाना है। सभी मुस्लिम भाई अपने अपने घर में ही ईद की नमाज अता करे। अगर बहुत जरूरी हो तो ईदगाह और मस्जिद मे केवल दस लोग ही सामाजिक दूरी का पालन करते हुये नमाज पढेंगे। वहीं मस्जिदों के इमाम मौलानाओं ने भी लोगों से घरो मे ही नमाज अता करने की अपील की है। सीओ अंजनी चतुर्वेदी ने पीस कमेटी की बैठक को सम्बोधित करते हुये कहा कि परम्परा को जीवित रखते हुये कोविड 19 के नियमो के क्रम में ही त्योहार मनाना है लेकिन मानवता और समाज को बचाना भी है।

# गांवों में सेनिटाइजेशन कार्य में लाएं तेजी लापरवाही की स्थिति में होगी कार्रवाई



संवाददाता। श्रावस्ती

**जिलाधिकारी** टी0के0 शिबु ने महामारी पर प्रभावी नियंत्रण हेतु विकास खण्डों के ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों में साफसफाईए सैनिटाइजेशनए स्वच्छता कार्यए लोगों द्वारा मास्क लगाने एवं सोशल डिस्टेसिंग के अनुपालन के सम्बन्ध में जिला पंचायत राज अधिकारी किरन को निर्देशित किया है। जिस क्रम में पंचायत राज विभाग द्वारा विकास खण्डों के ग्रामीण क्षेत्रों में गांव की नालियों की साफसफाईए ब्लीचिंग पाउडर का छिड़कावए सेनेटाइजेशन का कार्य तथा साउण्ड सिस्टम के माध्यम से कोविड.19 संक्रमण से बचाव हेतु मास्क का प्रयोग करनेए सोशल डिस्टेसिंग का अनुपालन करने हेतु लोगों को जागरूक किया जा रहा है। जिला पंचायत राज अधिकारी ने ग्रामीण क्षेत्रों का भ्रमण कर गांव में साफसफाई एवं सेनेटाइजेशन आदि का कार्य का जायजा लिया और लोगो को कोरोना महामारी से बचाव हेतु जागरूक किया। उन्होंने ए0डी0ओ0 पंचायत व सचिवों को निर्देश दिए है कि सभी ग्राम पंचायतों में कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए निरन्तर नाले.नालियों की साफसफाईए सैनिटाइजेशनए फॉगिंग एवं सोडियम.हाईपोक्लोराइड का छिड़काव हर हाल में करायेए यदि इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही मिली तो सम्बन्धित के विरूद्ध कार्यवाही की जायेगी।

## कंटेन्मेंट घोषित 26 गांवों को पुलिस ने बैरिकेडिग कर किया लॉक

**श्रावस्ती।** जनपद के गांवो में कोरोना की तेजी से बढ़ रही संख्या को देखते हुए स्वास्थ्य विभाग ने थाना मल्हीपुर के 22 गांव व थाना सोनवा के 4 गांव को कंटेन्मेंट जोन घोषित कर सम्बन्धित थाना पुलिस को इन हुए गांव को लॉक करने के निर्देश दिए हैं। जिसके बाद पुलिस ने कंटेन्मेंट जोन घोषित इन सभी गांवो को बैरिकेडिंग लगा कर लॉक कर दिया है। थाना मल्हीपुर अंतर्गत वीरगंजए दामोदराएकथराए बंधनीए सर्राए पटनाए जमुनहाएवीरगंज बाजारएगनेशपुर एडिलवाएमुरचहवा समेत 22 गांव को स्वास्थ्य विभाग ने कंटेन्मेंट जोन घोषित किया है। इसी तरह सोनवा थाना क्षेत्र के पिपरीए सोनवाए मोहरनियाए रत्नापुर व धैसरा गांव को कंटेन्मेंट जोन घोषित किया गया है। स्वास्थ्य विभाग की सूचना के बाद मल्हीपुर व सोनवा पुलिस ने गांव के प्रमुख मार्गों पर बैरिकेडिंग कर गांव को लॉक कर दिया गया है। मल्हीपुर थाना प्रभारी निरीक्षक दद्दन सिंह ने बताया कि कंटेन्मेंट 22 गांव को सील कर दिया गया है।

# बरसात के दौरान अवरुद्ध हो जाएगा भिनगा-लक्ष्मणपुर मार्ग



**श्रावस्ती, भिनगा।** आगामी बरसात के शुरू होते ही भिनगा-लक्ष्मनपुर मार्ग एकमात्र ऐसी सड़क है जो लक्ष्मनपुर को जिला मुख्यालय भिनगा से जोडती है। हल्की सी बरसात शुरू होते ही भिनगा लक्ष्मनपुर मार्ग तालाब में बदल जाती है। जिससे राहगीरों को जान जोखिम में डालकर इस सड़क से मजबूरी में गुजरना पड़ता है। हैं। जिला मुख्यालय भिनगा पहुंचने का मात्र एक ही रास्ता है जिसकी इस बार मानसून के दौरान बंद होने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है। पिछले मानसून के दौरान नेपाल के पहाडो पर भारी बारिश के चलते पहाड़ी नालों में अधिक पानी आ जाने से चरगईहा डिप के पास आधी से ज्यादा सड़क कट कर पानी में बह गई थी। रेहली का डिप भी कटान की जद में आ गया था। बरसात समाप्त होने के कुछ महीने बाद पुल का निर्माण कार्य शुरू हो गया था लेकिन वह भी धीमी गति से जिसके चलते पुल का निर्माण अब तक पूरा नहीं हो सकाए यदि जिम्मेदार इस पुल की उपयोगिता को लेकर थोड़ा भी सजग होते तो आगामी मानसून शुरू होने से पहले ही पुल बनकर तैयार हो गया होता। लेकिन फिर एक बार लक्ष्मणपुर के आसपास के लोगो को इस बरसात के दौरान मुख्यालय से डिस्कनेक्ट होना पड़ सकता है जिसका सबसे ज्यादा प्रभाव स्वास्थ्य सेवाओं पर पड़ेगा।

## क्विक न्यूज

### मार्ग दुर्घटनाओं में तीन लोगों की मौत

**लालगंज रायबरेली।** कोतवाली लालगंज क्षेत्र के रायबरेली रोड पर बाल्हेमऊ गांव के पास हुई सड़क दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गयी है और एक व्यक्ति गम्भीर रूप से घायल हुआ है। सूचना मिलते ही आनन-फानन पहुंचे कोतवाल अरूण सिंह ने दुर्घटना मे चोट खाये लोगों को लालगंज सरकारी अस्पताल पहुंचाया। जहां डाक्टरों ने धर्मेन्द्र यादव पुत्र बलदेव निवासी पूरे बछऊ मजरे बन्नामऊ और बहाई निवासी खैरूल इस्लाम पुत्र समसुल इस्लाम को मृत घोषित कर दिया। गम्भीर रूप से घायल बहाई गांव के रहीसुद्दीन पुत्र सरफुद्दीन को चिकित्सको ने जिला अस्पताल रिफर कर दिया। बताते है कि धर्मेन्द्र यादव अपने एक साथी के साथ कार द्वारा गांव से ऐहार की ओर जा रहे थे। उनकी कार सामने से आ रहे बाइक से भिड गयी जिससे हुयी दुर्घटना में दो लोग काल कवलित हो गये और एक गम्भीर रूप से घायल हो गया। इसके अलावा दूसरी घटना गेगासों में हुई। बताते हैं कि गुरूवार सुबह ट्रक और पिकअप की भिडंत हो गयी, जिसमे पिक अप चालक सुजीत कुमार छोटेलाल की मौत हो गयी।

### लालगंज सीएचसी में कोरोना टीके का टोटा, बैरंग लौटे बुजुर्ग

**लालगंज-रायबरेली।** लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में कोरोना वैक्सीन के अभाव के कारण करीब आधा सैकड़ा लोगों को बैरंग लौटना पड़ा। केन्द्र एवं प्रदेश सरकारे भले ही लोगों को कोरोना टीका के लिए प्ररित कर रही हों लेकिन यहां स्वास्थ्य महकमें के आला अधिकारियों की लापरवाही के कारण सरकारी स्वास्थ्य केन्द्रों से वैक्सीन ही गायब हो गयी है। लालगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में बृहस्पतिवार को सुबह से ही लोगों का बैरंग लौटना शुरू हुआ और वह क्रम शाम तक जारी रहा है। स्वास्थ्य केन्द्र में तैनात लिपिक टीका लगावाने गये बुजुर्गो को अभी वैक्सीन आ रही है का आश्वासन देता टरकाता रहा। लेकिन शाम तक वैक्सीन सीएचसी नहीं आ पायी। स्वास्थ्य कर्मचारियों ने बताया कि सुबह तक चार वायल थी जिसमें 40 लोगों को टीका लगाया गया उसके बाद से वैक्सीन समाप्त हो गयी। वैक्सीन समाप्त होने की सूचना कई दिनो से सीएमओ आफिस भेजी गयी थी लेकिन वैक्सीन का बंदोबस्त नहीं कराया जा सका है। बाद में लालगंज स्वास्थ्य केन्द्र की कोई एम्बुलेंस वैक्सीन लेने के लिए रायबरेली भेजी गयी लेकिन वहां भी कोरोना टीका का अभाव बता कर महराजगंज सीएचसी से व्यवस्था कराने की बात कह कर टीका का बंदोबस्त करने की बात कही गयी। शाम तक टीके अभाव में 45 साल से ऊपर वाले लोग वैक्सीन की बॉट जोह रहे थे। इनमें कई बुर्जुग भी शामिल थे।

### राशन कालाबाजारी का मामला कोटेदार पर हुआ दर्ज

**श्रावस्ती,लक्ष्मननगर।** विकास खण्ड गिलौला अंतर्गत ग्राम पंचायत औरैया टिकई के कोटेदार पर सरकारी खाद्यान की कालाबाजारी की पुष्टि होने पर आपूर्ति विभाग की तरफसे गिलौला थाने में मामला दर्ज कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। थाना गिलौला के ग्राम औरैया टिकई के ग्रामीणों ने कोटेदार पर सरकारी खाद्यान का कालाबाजारी का आरोप लगाते हुए 7 मई को एस डी एम इकौना से शिकायत की थी। शिकायत मिलने पर एसडीएम इकौना राजेश मिश्र व आपूर्ति निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने कोटे की दुकान का औचक निरीक्षण किया इस दौरान स्टॉक का मिलान किया गया तो गोदाम में राशन कम था। आपूर्ति निरीक्षक विवेक श्रीवास्तव ने कोटेदार महेश कुमार के खिलाफसरकारी राशन के कालाबाजारी का मामला दर्ज कराया गया है।

### किशोरी का पेड़ से लटकता हुआ शव मिला

**जामों, अमेठी ।** थाना अंतर्गत ग्राम सरैया मजरे राम बक्सगढ़ में बकरी चराने गई किशोरी का संदिग्ध अवस्था में पेड़ से लटकता हुआ शव बरामद हुआ है। मिली जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम सरैया मजरे राम बक्सगढ़ निवासी नागेश्वर पासी की पुत्री कोमल 14 वर्ष सींगो ताल में बकरी चराने गयी थीं । लेकिन उसका शव संदिग्ध अवस्था में सफेदा के पेड़ से लटकता पाया गया ।

# फर्जी सड़क पर लाखों की रकम हो गई हजम!

**● सीएम, सांसद और स्थानीय विधायक के नाम पर लग गया शिलापट्ट ● सड़क बनी ही नहीं और उसके मरम्मत के नाम पर निकाल लिया धन ● गांव वाले चिल्लाते रह गए, सीएम दरबार तक पहुंचे फिर भी नहीं हुई कार्रवाई ● जिला पंचायत के पोखरा-पोखरनी पिच मार्ग से डिहवा होते हुए कैथोलिया मार्ग का हाल ● विधायक रवि सोनकर ने कहा उनके संज्ञान में नहीं हैं, जांच कराने की बात कही**






संवाददाता। बस्ती

...**यूंही** नहीं जिले की सबसे बड़ी जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी पर बैठने के लिए पानी की तरह पैसा बहाया जा रहा है। कहा जा रहा है कि एक बार भी अगर कोई इस कुर्सी पर बैठ गया तो वह रंक से राजा हो गया। लगभग पांच सौ करोड़ वाले बजट पर डाका डालने के लिए लोग कुछ भी करने को तैयार रहते हैं, इसका अंदाजा महादेवा विधानसभा क्षेत्र के संपर्क मार्ग पोखरा-पोखरनी पिच मार्ग से डिहवा गोयरी होते हुए कैथोलिया को देख कर लगाया जा सकता है। पहली बात यह सड़क कभी बनी ही नहीं, फिर भी पिच मरम्मत के नाम लाखों रुपया की बंदरबांट कर ली गई। इसका मतलब यह हुआ कि जिला पंचायत ने पहले फर्जी सड़क का निर्माण दिखाकर धन की बंदरबांट कर ली गई, और उसके बाद उसी सड़क को वित्तीय वर्ष 20-21 में मरम्मत के नाम पर धन हड़प लिया गया, इतना ही नही फर्जी तरीके से मुख्यमंत्री, स्थानीय सांसद और विधायक के नाम का शिलापट्ट लगाकर उद्घाटन भी करा दिया गया। जबकि सड़क खुद गवाही दे रही है कि आज तक उस पर एक गिट्टी तक नहीं बिछाई गई, निर्माण और मरम्मत करने की बात तो दूर की है। गांव वाले शासन प्रशासन, डीएम और सीडीओ से जांच और कार्रवाई के लिए चिल्लाते रह गए, मगर किसी ने भी नहीं सुनी, यहां तक कि गांव वाले गोरखपुर में सीएम की जनता दरबार तक पहुंचे, वहां से डीएम को जांच और कार्रवाई करने का आदेश भी हुआ, बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। यह है जिले के जिला पंचायत का हाल जहां के करोड़ों के प्रोजेक्ट की कभी जांच ही नहीं होती। अब आप समझ गए होंगे कि क्यूं कुर्सी पर बैठने के लिए लोग करोड़ों खर्च करने के लिए तैयार रहते हैं, ताकि अरबों कमाया जा सके। स्थानीय विधायक रवि सोनकर का कहना है कि मामला उनके संज्ञान में नहीं हैं,उन्होंने जांच कराने के लिए सीएम और डीएम को पत्र लिखने की बात कही।

विकास खंड बहादुरपुर के ग्राम पंचायत अठदमा के रामशंकर, श्याम प्रकाश, कनक लली, अमिता देवी, नंदू, दिनेश, श्रीप्रकाश, जंगबहादुर, आशा, लक्ष्मी, रमेश, राजकुमार, राजा राम सहित अन्य ने बताया कि वह लोग पिछले कई माह से कमिश्नर, डीएम और सीडीओ को लिखते रहे कि जिला पंचायत की ओर से वित्तीय वर्ष 20-21 में राज्य वित्त आयोग के धन से पोखरा-पोखरनी पिच मार्ग से डिहवा होते हुए कैथोलिया मार्ग पिच मार्ग के नाम पर लाखों रुपये का बंदरबांट कर लिया। गांव वालों ने मिट्टी की सड़क को दिखाते हुए सवाल किया कि क्या यह सड़क पिच रोड दिखाई देती हैं, कहते हैं कि जब इस सड़क का निर्माण कभी हुआ ही नही तो कैसे पिच रोड मरम्मत के नाम पर धन निकाल लिया गया, और षिलापट्ट भी लगवा दिया गया। कहते है कि लगभग दो किमी. मिट्टी की सड़क का निर्माण कराने के लिए गांव वाले कई बार स्थानीय विधायक से कहा। सड़क तो नहीं बनी अलबत्ता निर्माण और मरम्मत के नाम पर भारी धनराषि का बंदरबांट अवष्य कर लिया गया। बताया कि वह लोग गोरखपुर में सीएम के जनता दरबार भी अर्जी दे आए, वहां से प्रभारी मोती सिंह की ओर से डीएम को जांच और कार्रवाई का फरमान भी जारी हुआ, मगर लगभग तीन माह बीतने को हैं, कार्रवाई तो दूर की बात जांच तक नहीं हुई।

# बीडीसी निर्विरोध होने वाले पहले दंपत्ति बने अंखड प्रतापः सोनम

**● विक्रमजोत ब्लॉक प्रमुखी के प्रमुख दावेदार में हो रही अखंड प्रताप सिंह की गिनती**

**● स्थानीय विधायक भी अपने भाई केके सिंह को प्रमुखी के पद पर देखना चाहते**

संवाददाता। विक्रमजोत/ बस्ती

**अगर** भाजपा अपने उस स्टैंड पर कायम रही जिसमें युवाओं, और जमीनी कार्यकर्ताओं को मौका देने की बात कही गई है,जबकि जनप्रतिनिधियों के परिवार को मौका न देने की बात कही गई है। विक्रमजोत ब्लॉक के प्रमुख पद के लिए अखंड प्रताप सिंह के नाम की घोषणा हो सकती हैं, और इसे लेकर वह पूरी तरह तैयार भी हैं, मगर साथ ही उनका यह भी कहना है कि अगर पार्टी ने किसी और प्रत्याशी बनाया तो वह उसका स्वागत करेंगे और उनके पक्ष में पहला उनका और दूसरा उनकी पत्नी का वोट पड़ेगा। इसके साथ ही यह जिले के पहले ऐसे दंपत्ति बन गए है जो निर्विरोध हुए है। वैसे विधायक के भाई केके सिंह एक स्थान से निर्विरोध और दूसरे स्थान से चुनाव जीते हुए है। अपने-अपने स्तर से दोनों की ओर से पूरी तैयारी हैं, और दोनों की ओर से अपेक्षित संख्या बल के होने का दावा किया जा रहा है। वैसे दोनों का प्रयास किसी एक के निर्विरोध होने पर है, मगर सब कुछ पार्टी के निर्णय पर निर्भर करता है। वैसे कौलपुर से जीतने वाले अवधेश सिंह ढ़ाबा परिवार के कमलेंद्र प्रताप सिंह की भी नजर प्रमुखी पर हैं, और इसकी तैयारी परिवार ने परिणाम घोषित होने के साथ ही षुरु कर दिया था। जब उनकी ओर से जीते हुए अधिकतर उम्मीदवारों के घरों में एक डिब्बा मिठाई के साथ षुकराना भेंट किया था। उसके बाद से ही विधायक के खेमे में इसे लेकर सक्रियता बढ़ने की बात कही जा रही है। बहरहाल देखा जाए तो अधिकतर जीते हुए प्रत्याशी और स्थानीय कार्यकर्ता प्रमुखी की कुर्सी पर किसी युवा को देखना चाहते हैं। वैसे विधायक भी इसी बहाने अपने उस दर्द को कम करना का प्रयास करेंगे, जिसमें वह अपनी भाभी को बीडीसी और अपने आदमी को अपने गांव से प्रधानी नहीं जितवा पाए थे। जीते हुए प्रत्याषियों का प्रमाण-पत्र जमा कराने की परम्परा इसी ब्लॉक से हुई, जिसे बनकटी ब्लॉक सहित अन्य ने भी अपनाया। यह सिर्फ यह दिखाने के लिए कि उनका प्रत्याशी निर्विरोध हो रहा है, इसीलिए अधिक से अधिक प्रत्याशियों ने धन और ठेका पट्टी के लालच में प्रमाण-पत्र को जमा कर दिया। एक तरह से इसी बहाने ताकत का एहसास भी कराने का प्रयास हुआ। बीडीसी के चुनाव में एक बात इस बार जो सबसे अधिक रोचक बनकर सामने आई वह हैं, खुद भले ही हार जाओ मगर उनका विरोधी न जीतने पाए। इसी चक्कर में गौर के महारथी महेष सिंह और उनके विरोधी भाजपा के जटाषंकर षुक्ल चुनाव हार गए। इन दोनों के हारने का कारण एक दूसरे को हराने में एनर्जी, धन और समय बर्बाद करना रहा। इसी तरह का नजारा कुछ विक्रमजोत में भी देखने को मिला। यहां पर भी इसी चक्कर में कई दिग्गज चुनाव हार गए। फिर भी उन्हें अपने हारने का उतना गम नहीं हैं, जितना विरोधी के हारने की खुषी है। चुनाव इस सिद्धांत पर लड़ा गया कि अगर हम नही तो कोई दूसरा नहीं। विक्रमजोत ब्लॉक भ्रष्टाचार के मामले में काफी चर्चा में रहा, यहां के ब्लॉक प्रमुख रहे धर्मेंद्र सिंह पर कई गंभीर आरोप लगे। इन पर ब्लॉक के एक वरिष्ठ लिपिक ने तो मारने पीटने और जान से मारने की धमकी देने तक का आरोप लगा डाला। स्थानीय विधायक और बीडीओ के बीच तनातनी को कौन नहीं जानता। बहरहाल वर्तमान में इस ब्लॉक के प्रमुखी का ताज किसके सिर पर सजेगा को लेकर चर्चा का विषय बना हुआ हैं, उससे अधिक चर्चा भाजपा के युवा नेता अखंड प्रताप सिंह का मनौली गोसाई द्वितीय और पचवस से उनकी पत्नी सोनम सिंह का निर्विरोध होना है।

# विधायक राकेश सिंह बघेल को कोरोना जांच मामले में उच्च न्यायालय से मिली बड़ी राहत

**● मुकदमे का आदेश करने वाले जज को दिया रिमाइंडर, भविष्य में ऐसे फैसले में सावधानी बरतने की दी हिदायत**



संवाददाता। संतकबीरनगर

**पिछले** वर्ष 2020 में कोरोना काल मे मेहन्दावल विधायक राकेश सिंह बघेल की सीएमओ डॉ. हरगोविंद सिंह द्वारा कोरोना रिपोर्ट बनाने पर विशेष न्यायाधीश एमपी एमएलए दीपकान्त मणि ने षड्यंत्र व धोखाधड़ी के मामले में मुकदमा दर्ज करने का आदेश कोतवाली प्रभारी खलीलाबाद को दिया था। थाना कोतवाली खलीलाबाद में विधायक राकेश सिंह बघेल व सीएमओ डॉ हरगोविंद सिंह के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत हुआ तथा विवेचक द्वारा विवेचना प्रारंभ की गई।

प्रथम सूचना रिपोर्ट के विरुद्ध उच्च न्यायालय इलाहाबाद में सीएमओ डॉ. हरगोविंद सिंह ने रिट दाखिल किया। याची के अधिवक्ता ने उच्च न्यायालय को बताया कि याचिकाकर्ता को आपराधिक कार्यवाही का शिकार बनाया गया है जबकि याचिकाकर्ता द्वारा जारी चिकित्सा प्रमाण पत्र की वास्तविकता के बारे में बहुत कुछ जाने बिना न्यायिक आदेश के तहत मुकदमा दर्ज करा दिया गया है जो कि खेद का विषय है। उच्च न्यायालय ने कोविड-19 महामारी के दौरान लोक हित वाद में न्यायालय परिसर में अनावश्यक भीड़ लगाने व किसी के विरुद्ध कार्यवाई न करने का आदेश व दिशा निर्देश दिया था तथा आवश्यकता पड़ने पर वर्चुअल कार्यवाई करने का दिशा निर्देश जारी किया था। बावजूद इसके विधायक राकेश सिंह बघेल के विरुद्ध मुकदमा पंजीकृत करने व उनके विरुद्ध समन व वारंट करने को असंवेदनशील मानते हुए संबन्धित न्यायिक अधिकारी को भविष्य में ऐसे आदेश पारित करने में उच्च न्यायालय के दिशा निर्देशों का पालन करने के लिए चेतावनी दी है। इसके अलावा उच्च न्यायालय ने उत्तर प्रदेश के सभी जिला न्यायालय के न्यायाधीश को महामारी के दौरान अधिक सावधानी बरतने व उच्च न्यायालय के आदेश का पालन करने व ऐसे आदेशो को पारित करने से खुद को रोकेने व राज्य में न्यायिक प्रणाली के लिए व विशेष रूप से इस महामारी की अवधि में सावधानी बरतने के लिए रजिस्ट्रार जनरल को सूचना देने का आदेश दिया। उच्च न्यायालय ने राज्य की ओर से प्रस्तुत हुए एन के श्रीवास्तव को राज्य से निर्देश प्राप्त कर उत्तर दाखिल करने का भी आदेश दिए तथा उन्होंने सीएमओ तथा उनके साथ मामले के अन्य अभियुक्तों के साथ किसी प्रकार का कोई दंडात्मक कार्यवाही न किए जाने एवं गिर तारी न किए जाने का आदेश दिए।उच्च न्यायालय के आदेश के बाद मेहदावल विधायक राकेश सिंह बघेल व सीएमओ डॉ हरगोविंद सिंह को बड़ी राहत मिली है।

## श्मशान स्थल की सफाई और सैनिटाइजेशन कराने की मांग

**गोंडा।** करनैलगंज के सरयू नदी के तट कटरा घाट के श्मशान घाट पर तमाम कोविड के मृतकों के शव का अंतिम संस्कार किया गया। ऐसे में सामान्य मौतों वाले लोगों का भी अंतिम संस्कार भी वहीं होता है। जिससे संक्रमण फैलने की संभावना को लेकर घाट व शमशान स्थल की सफाई व सैनीटाइजेशन कराने की मांग की गई है। करनैलगंज के कटरा घाट सरयू नदी के तट पर गन्दगी को देखते हुए मुख्यमंत्री के पोर्टल पर शिकायत किया गया है कि कटरा घाट नदी के आस पास कूड़े के ढेर लगे हुए है। जिसकी सफाई कराई जाय एवम् सेनिटाईज कराया जाय। मुकेश कुमार वैश्य जिला संयोजक नमामि गंगे प्रकल्प ने संबधित विभाग को पत्र लिखकर कहा है कि संक्रमण घाट पर फैल सकता है।

# चार साल बाद निकला संजय चौधरी का 'जिन्न'

**● अमित शाह, बंसल और सांसद पर की गई टिप्पणी से असहज हुए संजय**

**● जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी की भाजपा नेता की दावेदारी पर लगा ग्रहण**

संवाददाता। बस्ती

**जिले** की सबसे बड़ी कुर्सी जिला पंचायत अध्यक्ष के दावेदारों में एक भाजपा नेता संजय चौधरी के दावेदारी पर चार पहले अमित शाह, बंसल और स्थानीय सांसद पर की गई आपत्तिजनक टिप्पणी से ग्रहण लग गया है। पार्टी में बने रहने का संकट खड़ा हो गया है। जिस तरह वीडियो वायरल हो रहा है, उससे भाजपा में उनके राजनैतिक कैरियर पर विराम लगने की संभावना जताई जा रही है। ऐसे समय में इतने पुराने वीडियो का वायरल होना, जबकि जिला पंचायत अध्यक्ष की कुर्सी के लिए जोड़तोड़ हो रहा है, किसी साजिश का परिणाम बताया जा रहा है। यह वीडियो उस समय का है, जब विधानसभा का चुनाव होने वाला था, और विधायक के टिकट के दावेदारी में नाम शाामिल होने के बावजूद इनका नाम कट गया था। उसी से नाराज संजय चौधरी ने घोर आपत्तिजनक टिप्पणी अपने नेताओं के खिलाफ की थी। हांलाकि उस समय संजय का साथ देने वाले कई भाजपाई आज सांसद के खास और करीबी बने हुए है। बहरहाल इस पुराने वीडियो ने राजनीति के क्षेत्र में भूचाल आने जैसा हो गया हैं, अब देखना है कि पार्टी इस पर अपना क्या रुख अख्तियार करती है। बहरहाल नुकसान तो हर हाल में संजय के होने का कयास लगाया जा रहा है। एक खेमा ऐसा भी है, जो इन्हें बाहर का रास्ता दिखाने के फिराक में है। साफ सुथरी राजनीति करने वाले भाजपा के संजय चौधरी को क्या मालूम था कि चार साल पहले की गई उनकी एक गलती की सजा ऐसे समय मिलने जा रही हैं, जब वह जिले की सबसे बड़ी कुर्सी पर बैठने की तैयारी करने में लगे हुए हैं, एक तरह से देखा जाए तो कुर्सी पर बैठने का सपना अधूरा रह जाने वाला है, वैसे राजनीति में कुछ कहा नहीं जा सकता, जिस तरह चार साल पहले की गलती को पार्टी भूलकर उन्हें जिला पंचायत सदस्य का टिकट दे सकती हैं, वैसे उन्हें एक बार और क्षमा कर सकती है, हालांकि इस बार इसकी संभावना कम नजर आ रही है। बहरहाल नुकसान तो हर हाल में संजय चौधरी के होने की बातें कही जा रही है। पार्टी के लोग और खुद संजय इस बात की छानबीन करने में लग गए हैं, कि चार साल बाद वीडियो जारी करने या करवाने वालों की इसके पीछे क्या मंशा हो सकती है?

# उर्वरक की उपलब्धता व पारदर्शिता से की जाए खाद की बिक्रीः डीएम

संवाददाता। संतकबीरनगर

**खरीफ 2021** की तैयारी आरंभ हो चुकी हैए जनपद में उर्वरक पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने एवं सुचारू रूप से वितरण हेतु जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल ने समस्त सहकारी एवं निजी क्षेत्र के उर्वरक व्यापारियों को निर्देशित किया है कि समस्त प्रकार के उर्वरकों की उसके निर्धारित मूल्य पर पीओएस मशीन से बिक्री की जाएए उर्वरक के निर्धारित मूल्य से अधिक मूल्य लिये जाने पर संबंधित थोकध् फुटकर उर्वरक विक्रेता के विरूधए उर्वरक ;नियंत्रणद्ध आदेश. 1985 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम. 1955 की सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराई जाएगी। डीएम ने निर्देश दिया कि कोई उर्वरक व्यापारी जनपद से उर्वरक को गैर जनपद में भेजता है अथवा बिक्री करता है तो उर्वरक ;परिसंचालन नियंत्रणद्ध आदेश. 1973 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम .1955 की सुसंगत धाराओं के अंतर्गत प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज कराने की कार्यवाही करते हुए संबंधित विक्रेता के विरुद्ध कठोरतम कार्रवाई की जाएगी ।साथ ही कोविड.19 से बचाव हेतु समस्त उर्वरक विक्रेता अपने प्रतिष्ठान पर साबुन पानी अथवा सैनिटाइजर पर्याप्त मात्रा में रखेंए जब कोई कृषक उर्वरक क्रय करने आए तो उनके हाथ को अच्छी प्रकार से सैनिटाइज करने के उपरांत ही पी ओ एस मशीन पर अंगूठा लगवा कर उर्वरक की बिक्री करें एवम बचाव के अन्य निर्देशों का पालन किया जाए। समस्त प्रकार के उर्वरकों की बिक्री कृषक के भूमि की जोत एवं बोई गई फसल के अनुपात में की जाएए साथ ही समस्त उर्वरक क्रय करने वाले किसानों को पी ओ एस मशीन से कटी हुई रसीद अनिवार्य उपलब्ध करायी जाए।

# ईद के मद्देनजर मेहदावल में प्रशासनिक गश्त

संवाददाता। संतकबीरनगर



**कोविड** महामारी के बीच प्रदेश सरकार नें लॉकडाउन की व्यवस्था बना रखी हैं। दवाएसब्जीएकिराना तथा कृषि से संबंधित दुकानों को खोलनें का निर्देश हैं। उसके साथ ही बिना आवश्यकता सडक पर न निकलनें की मनाही हैं। उसके बाद भी लॉकडाउन के नियमों का उलंघन का मामला लगातार सामने आ रहा हैं। अपर जिलाधिकारी व अपर पुलिस अधीक्षक ने कस्बें मे लॉकडाउन का जायजा लेने के साथ ही पुलिस बल के साथ नगर में फ्लैग मार्च करते हुए यह निर्देशित किया कि जो लॉकडाउन व कोविड के नियमों का उलंधन करें उसके विरुद्ध तत्काल कार्यवाई की जाय। मेंहदावल नगर के सीएचसी तिराहें पर पहुचें अपर जिलाधिकारी मनोज सिंह व अपर पुलिस अधीक्षक संतोष कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने फ्लैग मार्च करते हुए लोगो से लॉकडाउन के नियमों का पालन करने की अपील की। नगर में लॉकडाउन का निरीक्षण करते हुए बिना मास्क मिलें लोगो को जमकर फटकार लगाने के साथ ही एक हजार रुपयें का चालान कटवाते हुए जुर्माना भी वसूला गया। अपर जिलाधिकारी ने कहा कि कोविड के निर्देशो व नियमों का पालन आवश्यक हैं इसका उलंघन करने वालें लोग न तो समाज के हितैषी हैं न ही देश के ऐसे लोगो के विरुद्ध कठोर व दंडात्मक कार्यवाई आवश्यक हैं। वही अपर पुलिस अधीक्षक ने मातहतो से कहा कि लॉकडाउन के दौरान आदेशित व्यापारिक प्रतिष्ठान को ही खोलने दें। जिन दुकानों को खोलने का आदेश नही हैं यदि व नियम का उलंघन कर रहे हैं तो उनके विरुद्ध आपदा अधिनियम के तहत तत्काल अभियोग पंजीकृत करते हुए उनसे जुर्माना धनराशि भी वसूलने की कार्यवाई करें। लॉकडाउन का पालन धरातल पर दिखना चाहिए। इस दौरान एसआई राधेश्यामएकांस्टेविल रत्नेश सिंहएफक्ररुद्दीनएपवन मद्धेशियाएअखिलेश पाण्डेयएशत्रुधन सिंहएभानुप्रताप सिंह समेत अन्य मौजूद रहें।

## दबंगों के आतंक से फिर रहा एक परिवार

**करनैलगंज ( गोंडा )।** दबंगों के आतंक से डर कर एक परिवार घर छोड़कर भागा भागा फिर रहा है। पुलिस उसकी कोई मदद नहीं कर रही है। पीड़ित परिवार द्वारा थाने में शिकायत किए जाने के बावजूद दबंगों के हौसले बुलंद हैं और परिवार को उसके घर में नहीं रहने दे रहे हैं। मामला करनैलगंज कोतवाली क्षेत्र के ग्राम पंचायत पड़रिया के मजरा लाला पुरवा का है। यहां के निवासी छविनाथ लोनिया की उनके भाई से ही रंजिश है। रामनाथ व धनीराम द्वारा पिछले कई महीनों से छविनाथ को परेशान किया जा रहा है। गत 26 अप्रैल को भी रामनाथ ने अन्य लोगों के साथ मिलकर छविनाथ व उनकी पत्नी व पुत्रों को लाठी डंडे से मारा पीटा। उसने पुलिस से शिकायत की जिसपर कार्रवाई न होने पर भय से पूरा परिवार घर छोड़कर भागा भागा फिर रहा है। इस संबंध में छविनाथ की ओर से करनैलगंज थाने में गत 10 मई को प्रार्थना पत्र दिया गया।

# कोरोना से बचाव के लिए किया आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण



संवाददाता। गोंडा

**राजकीय** आयुर्वेदिक चिकित्सालय करनैलगंज में कोरोना से बचाव के लिए दवायें वितरित की गयीं। क्षेत्रीय आयुर्वेदिक एवं यूनानी अधिकारी डॉ. अशोक कुमार के निर्देश पर राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय करनैलगंज में कोरोना महामारी से बचाव के लिए डॉ. पूरन चन्द्र मिश्र ने लोगों में विभिन्न आयुर्वेदिक दवाओं का वितरण किया। उन्होंने बताया कि रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाकर ही कोरोना से लड़ाई लड़ी जा सकती है। जिसके लिए आयुर्वेदिक दवायें वितरित की जा रही हैं। उन्होंने नागरिकों में आयुष काढ़ा, संशमनी बटी, आयुष 64, अगस्त्य हरीतकी रसायन तथा अणु तेल का वितरण किया। उन्होंने बताया आयुर्वेदिक अणु तेल को दो बूंद नाक में डालना होता है। इससे नाक में नमी बनी रहती है। कोरोना वायरस से बचने के लिए नाक में नमी बने रहना आवश्यक है और यह कोरोना वायरस को नाक के रास्ते फेफड़ों में जाने से रोकता है। इस मौके पर राजेश कुमार जायसवाल, भोला सोनी, विशाल शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, विनीत पाण्डेय, अमित जायसवाल, मोनू बाथम, विनीत जायसवाल आदि ने दवायें प्राप्त कर विभाग को धन्यवाद दिया।

# आपदा विशेषज्ञ ने दिये कोरोना से बचाव के टिप्स

**गोंडा।** कोरोना संक्रमण से बचाव को लेकर जिला आपदा विशेषज्ञ राजेश श्रीवास्तव द्वारा महत्पूर्ण टिप्स दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि हालांकि ज्यादातर लोग कोविड से बचाव के बारे में जान चुके हैं, परन्तु अभी लोगों में पर्याप्त जागरूकता नही आ सकी है। इसलिए उन्होंने महत्वूपर्ण जानकारियां शेयर करते हुए बताया कि कोविड के संक्रमण से बचने के लिए अपने हाथों को समय-समय साबुन और पानी से हाथ धोएं। चाहें तो एक अल्कोहॉल बेस्ड सैनेटाइजर भी इस्तेमाल कर सकते हैं। सैनेटाइजर को हाथों पर अच्छी तरह लगाएं। इससे अगर आप के हाथ पर वायरस मौजूद हुआ भी तो समाप्त हो जाएगा। आपदा विशेषज्ञ ने बताया कि अपनी आंखों को छूने से, नाक और मुंह पर भी हाथ लगाने से बचें। उन्होंने कहा कि हम अपने हाथ से कई सतहों को छूते हैं और इस दौरान संभव है कि हमारे हाथ में वायरस चिपक जाए। अगर हम उसी अवस्था में अपने नाक, मुंह और आंख को छूते हैं तो वायरस के शरीर में प्रवेश की आशंका बढ़ जाती है। उन्होंने कहा कि अगर आप छींक रहे हैं या फिर खांस रहे हैं तो अपने मुंह के सामने टिश्यू, या रूमाल जरूर रखें और अगर आपके पास उस वक्त टिश्यू न हो तो अपने हाथ को आगे कर कोहनी की ओट में छीकें या खांसें तथा अगर आपने कोई टिश्यू इस्तेमाल किया है तो उसे जितनी जल्दी हो सके डिस्पोज कर दें। अगर आप ऐसा नहीं करते हैं तो इसमें मौजूद वायरस दूसरों को भी संक्रमित कर सकता है। उन्होंने बताया कि कोविड से बचाव का सबसे कारगार उपाय सोशल डिस्टेंसिंग मेनटेन करने के साथ ही मास्क का अनिवार्य रूप से प्रयोग करना है। उन्होंने कहा कि लोगों को एक-दूसरे से कम से कम दो मीटर दूर रहने की आवश्कयता है। इसके अलावा बहुत सी जगहों पर लोगों को सलाह दी गई है कि वे अपने घरों में ही रहें और जब तक बहुत जरूरी न हो तो घर से बाहर न निकलें, ताकि संक्रमित लोगों के संपर्क में आने से बचा जा सके।

# सीएचसी इटियाथोक में 30 बेड का कोविड हास्पिटल हुआ शुरूः डीएम

**● सीएचसी पहुंचे पांच आक्सीजन कन्सन्ट्रेटर**

**● सोमवार से चालू होंगे चार और कोविड हास्पिटल**

**● पांच सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर जल्द लगेंगे ऑक्सीजन प्लांट**

संवाददाता। गोंडा

**कोरोना** के खिलाफ लड़ाई में डीएम मार्कण्डेय शाही की मुहिम और जनप्रतिनिधयों के सहयोग से कोविड संक्रमितों को शीघ्र ही बहुत बड़ी राहत मिलने वाली है। डीएम के प्रयास से सीएचसी इटियाथोक पर आक्सीजन के पांच कन्सन्ट्रेटर पहुंच चुके है तथा वहां पर 30 बेड का कोविड वार्ड आज से चालू हो गया है। जिलाधिकारी ने बताया कि सोमवार तक सीएचसी वजीरगंज, हलधरमऊ तथा छपिया में 30-30 बेड का तथा सीएचसी नवाबगंज में 18 बेड का कोविड हास्पिटल चालू हो जाएगा। जिलाधिकारी ने यह भी बताया कि जिले के माननीय जनप्रतिनियों के सहयोग से चार सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रो पर ऑक्सीजन के प्लान्ट लगाने के लिए धनराशि प्राप्त हो गई है जिसमें मा0 समाज कल्याण मंत्री श्री रमापति शास्त्री द्वारा वजीरगंज सीएचसी के लिए, सीचसी इटियाथोक में आक्सीजन प्लान्ट के लिए मा0 विधायक मेहनौन श्री विनय द्विवेदी, सीएचसी छपिया में आक्सीजन प्लान्ट के लिए मा0 विधायक गौरा श्री प्रभात वर्मा तथा सीएचसी हलधरमऊ में आक्सीजन प्लान्ट लगाए जाने के लिए मा0 विधायक कटरा बाजार श्री बावन सिंह द्वारा धनराशि जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है। इसके अलावा चीनी मिल के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र काजीदेवर में भी शीघ्र ही आक्सीजन प्लांट लगाने का काम चालू कर दिया जाएगा। जिलाधिकारी की सख्ती व लगातार क्षेत्र भ्रमण के कारण ग्राम निगरानी समितियों द्वारा द्वारा लगातार गांवों में जाकर कोविड कन्ट्रोल के प्रयास के नतीजे भी आ रहे है। ज्ञातव्य है कि जिलाधिकारी के आदेश पर सीएचसी अधीक्षक इटियाथोक का तबादले के साथ ही विकास विभाग की नई टीम को कोविड नियंत्रण की महत्वूपर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिलाधिकारी ने बताया कि वे स्वयं ग्रामीण स्तर पर नजर बनाए हुए हैं तथा होम आइसोलेशन में रहे रहे कोविड पाजिटिव मरीजों व उनके परिजनों से फोन पर बात कर उनका हाल-चाल पूछने के साथ ही उन्हें दवाइयां आदि मिलीं कि नहीं, के बारे में रोजाना जानकारी ली जा रही है। इसके साथ ही कोविड हास्पिटल में भर्ती मरीजों से वे रोजाना वीडियो कॉल के माध्यम से बात कर उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी ली जाती है।

## ओलंपिक टिकट हासिल करने वाले इरफान सहित चार एथलीट पॉजिटिव

**नई दिल्ली।** ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर चुके पैदल चाल के एथलीट के टी इरफान सहित ट्रैक एवं फील्ड के पांच खिलाड़ियों को भारतीय खेल प्राधिकरण (साइ) के बेंगलुरु स्थित उत्कृष्टता केन्द्र में कोरोना वायरस जांच में पॉजिटिव पाया गया। यह जांच पिछले शुक्रवार को की गई थी और इसमे संक्रमित पाए जाने वाले खिलाड़ियों को पृथकवास पर रखा गया है। शुक्रवार को की गई जांच में कम से कम पांच एलीट (शीर्ष) एथलीट को कोविड-19 पॉजिटिव पाया गया है। इन खिलाड़ियों को दूसरों से अलग रखा गया है।

## हॉकी दिग्गजों के परिवारों को पांच पांच लाख देने का ऐलान किया

**नई दिल्ली।** खेल मंत्री किरेन रीजीजू ने कोरोना संक्रमण के कारण अपनी जान गंवाने वाले पूर्व हॉकी खिलाड़ी रविंदर पाल सिंह और एम के कौशिक के परिवारो को पांच पांच लाख रूपए की आर्थिक सहायता देने की घोषणा की है। रीजीजू ने ट्वीट किया , हमने दो हॉकी दिग्गजो को कोरोना के कारण खो दिया। भारतीय खेलो मे कौशिक जी और रविंदर पाल सिंह जी के योगदान को हमेशा याद रखा जाएगा।

## नकारात्मक राय से ओलंपिक को कोई खतरा नहीं

**जिनेवा।** अंतरराष्ट्रीय ओलंपिक समिति ने इन आशंकाओ को खारिज किया है कि जापान की जनता की राय नकारात्मक होने से तोक्यो ओलंपिक रद्द होंगे। वही आईओसी की वर्चुअल प्रेस कांफ्रेंस में प्रदर्शनकारियो ने बाधा डाली। आईओसी के कार्यकारी बोर्ड की सालाना बैठक के बाद बुधवार को यह प्रेस कांफ्रेंस बुलाई गई थी।

## स्पेनिश खिताब के करीब पहुंचा एटलेटिको

**मैड्रिड।** यान्निक कारास्को और एंजेल कोर्या के पहले हाफ मे किए गए गोल से एटलेटिको मैड्रिड ने स्पेन की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग मे रीयल सोसीडाड को 2-1 से हराकर चैम्पियन बनने की अपनी उम्मीदो को और मजबूत कर लिया। डिएगो शिमोन की टीम ने अपने घरेलू मैदान पर पहले हाफ मे 2-0 की बढ़त कायम कर ली। सोसीडाड के इगोर जुबेल्दिया ने 83वें मिनट मे गोल कर हार के अंतर को कम किया। इस जीत के साथ ही टीम 2014 के बाद पहली बार खिताब जीतने के इतने करीब पहुंची है।

## रेबिक की हैट्रिक से मिलान से टोरिनो को 7-0 से रौंदा

**मिलान।** एंटे रेबिक के 12 मिनट के अंदर बनाई गई हैट्रिक की मदद से एसी मिलान ने इटली की शीर्ष घरेलू फुटबॉल लीग सीरि ए मे टोरिनो को 7-0 से हरा कर चैम्पियंस लीग के लिए क्वालीफाई करने की उम्मीदो को जिंदा रखा है। रेबिक की हैट्रिक के अलावा थेओ हेनंडिज ने भी टीम के लिए दो गोल किए। इस जीत के साथ मिलान की टीम तालिका मे तीसरे स्थान बनी हुई है। मिलान और अटलांटा के 36 मैचो मे एक सामना 75-75 अंक है लेकिन बेहतर गोल अंतर के कारण अटलांटा दूसरे स्थान पर है।

# पोवार फिर महिला क्रिकेट टीम के कोच बने

### ● वी रमन की जगह लेंगे

**भाषा।** नई दिल्ली



पूर्व स्पिनर रमेश पोवार को गुरुवार को डब्ल्यू वी रमन की जगह भारतीय महिला क्रिकेट टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। पोवार इससे पहले भी टीम के साथ यह भूमिका निभा चुके है। उन्हें हालांकि 2018 टी20 विश्व कप के बाद सीनियर खिलाड़ी मिताली राज के साथ विवाद के बाद निलंबित कर दिया गया था। पूर्व भारतीय खिलाड़ी मदन लाल की अगुवाई वाली क्रिकेट सलाहकार समिति (सीएसी) ने इस पद के लिए मौजूदा कोच डब्ल्यू वी रमन के अलावा आठ उम्मीदवारों के साक्षात्कार के बाद पोवार के नाम की सिफारिश की। बीसीसीआई से जारी बयान में कहा गया, बीसीसीआई रमेश पोवार को भारतीय टीम (वरिष्ठ महिला) के प्रमुख कोच के रूप में नियुक्त करने की घोषणा करता है। बीसीसीआई ने इस पद के लिए विज्ञापन दिया था और 35 से अधिक आवेदन प्राप्त किए थे। इस पद के लिए पोवार और रमन के अलावा भारत के पूर्व विकेटकीपर अजय रात्रा और पूर्व मुख्य चयनकर्ता हेमलता काला सहित पांच महिला उम्मीदवार दौड़ में थे।टीम का कोच नियुक्त होने के बाद पोवार ने ट्वीट किया, भारतीय क्रिकेट टीम को आगे ले जाने के लिए तैयार हूं। इस मौके के लिए सीएसी और बीसीसीआई का शुक्रिया। मदन लाल ने कहा कि सीएसी ने टीम के लिए स्पष्ट दृष्टिकोण के कारण पोवार को चुना। लाल ने पीटीआई-भाषा से कहा, वह कुछ समय से कोच की भूमिका निभा रहे है। टीम के लिए उनके दृष्टिकोण ने हमें सबसे ज्यादा प्रभावित किया। उनके पास टीम के लिए एक स्पष्ट योजना है, जिससे वह इसे अगले स्तर पर ले जाना चाहते है। खेल के सभी पहलुओं पर उनकी पूरी स्पष्टता है। अब उन्हें अपनी बातों पर अमल करने की जरूरत है। यह देखना होगा पवार मिताली के साथ किस तरह से सामांजस्य बैठाते है। मिताली ने पोवार पर हरमनप्रीत कौर की अगुवाई वाली टी20 टीम से इंग्लैंड के खिलाफ विश्व कप (2018) सेमीफाइनल से बाहर करने का आरोप लगाया था। मिताली ने बीसीसीआई को पत्र लिख कर पोवार पर आरोप लगाया था कि पोवार ने मेरे करियर को खत्म करने और मुझे अपमानित करने के लिए ऐसा किया है। पोवार ने पलट वार करते हुए कहा था, मिताली काफी नखरे दिखाती है और टीम में विवाद पैदा करती है। महिला टीम की जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद पोवार ने खुद को एक कोच के रूप में साबित किया और इस साल की शुरुआत में विजय हजारे ट्राफी में बुरी तरह से विफल रहने वाली मुंबई की टीम को सैयद मुश्ताक अली टी 20 प्रतियोगिता का चैम्पियन बनने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भी गेंदबाजी कोच के तौर पर अपनी भूमिका अदा की। मदन लाल से जब पोवार के खराब रिश्ते और टीम से हटाए जाने के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, हमने उनसे इसके बारे में पूछा था और उन्होंने कहा कि इसमें उसकी कोई गलती नहीं थी। वह सभी खिलाड़ियों के साथ काम करने को लेकर तैयार है। उन्होंने बताया, साक्षात्कार के लिए चुनी गई चार महिला उम्मीदवारों के विचारों से मैं भी बहुत प्रभावित हुआ। यह दिखाता है कि उनकी नजर खेल पर है। इन सभी का भविष्य उज्ज्वल है। पोवार ने भारत के लिए दो टेस्ट और 31 एकदिवसीय खेले है। वह जुलाई 2018 से नवंबर 2018 तक महिला टीम के कोच रहे है। उनकी देख-रेख में टीम टी20 विश्व कप के सेमीफाइनल में पहुंची थी और उसी साल टीम ने लगातार 14 टी20 मैच जीते थे। पूर्व भारतीय बल्लेबाज रमन की देख-रेख में टीम पिछले साल टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंची थी। इस साल मार्च में दक्षिण अफ्रीका की टीम के खिलाफ घरेलू मैदान पर एकदिवसीय और टी20 श्रृंखला गंवाना का उन्हें खामियाजा भुगतना पड़ा। कोविड-19 महामारी के कारण पिछले 12 महीने में हालांकि यह टीम का पहला मुकाबला था। रमन से जिम्मेदारी से मुक्त किए जाने के बाद कहा, भारतीय महिला टीम के साथ पोवार को मेरी शुभकामनाएं। उम्मीद है लड़कियां (खिलाड़ी) अपकी देखरेख में नई ऊंचाइयां हासिल करेंगी। पोवार के लिए न्यूजीलैंड में होने वाले वनडे विश्व कप के लिए टीम को तैयार करने की चुनौती होगी। इससे पहले उनकी देखरेख में टीम इंग्लैंड का दौरा करेगी जहां उसे 16 जून से सात साल के बाद पहला टेस्ट मैच खेलना है। विश्व कप से पहले टीम को ऑस्ट्रेलिया का दौरा भी करना है।

## आईपीएल में खेलने वाले आस्ट्रेलियाई खिलाड़ी रविवार को लौट सकते हैं स्वदेश



**माले (मालदीव)।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के स्थगित होने के बाद अभी मालदीव में फंसे आस्ट्रेलिया के क्रिकेटर, प्रशिक्षक और कमेंटेटर विशेष विमान से रविवार को स्वदेश लौट सकते हैं हालांकि उन्हें अब भी अपनी सरकार से इसके लिए पुष्टि की प्रतीक्षा है। आईपीएल 2021 को निलंबित किए जाने के बाद 14 खिलाड़ियों सहित कुल 38 आस्ट्रेलियाई छह मई को मालदीव चले गए थे क्योंकि उनकी सरकार ने भारत में कोविड-19 के बढ़ते मामलों को देखते हुए भारत से 15 मई तक उड़ानों पर प्रतिबंध लगा रखा है। ईएसपीएनक्रिकइन्फो की रिपोर्ट के अनुसार, अभी जो योजना तैयार की जा रही है उसके अनुसार 38 लोगों का समूह रविवार 16 मई को विशेष विमान से मालदीव से मलेशिया होते हुए सिडनी लौट सकता है जहां उन्हें 14 दिन के कड़े पृथकवास पर रहना होगा। इसमें हालांकि कहा गया है कि भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) और क्रिकेट आस्ट्रेलिया को अब भी आस्ट्रेलियाई सरकार से मालदीव में फंसे आस्ट्रेलियाई नागरिकों को 15 मई के बाद स्वदेश लौटने की अनुमति मिलने की प्रतीक्षा है।

## पेन ने दिया आस्ट्रेलिया के एशेज जीतने पर कप्तानी छोड़ने का संकेत

**मेलबर्न।** आस्ट्रेलिया के टेस्ट कप्तान टिम पेन ने संकेत दिया है कि अगर उनकी टीम इस साल एशेज क्रिकेट श्रृंखला में इंग्लैंड को हरा देती है तो वह कप्तानी से विदा ले लेंगे। उन्होंने स्टीव स्मिथ को अगला कप्तान बनाए जाने की भी हिमायत की। सत्र की शुरूआत में सितारों के बिना खेल रही भारतीय टीम के खिलाफ घरेलू श्रृंखला में आस्ट्रेलिया की हार के बाद से 36 वर्ष के पेन पर कप्तानी से हटने का दबाव है। वहीं स्मिथ 2018 के गेंद से छेड़खानी प्रकरण से पहले आस्ट्रेलिया के कप्तान थे। पेन ने न्यूज डॉट कॉम डॉट एयू से कहा , निश्चित तौर पर मैं फैसले नहीं लेता लेकिन मैने जितना समय स्टीव की कप्तानी में खेला, वह शानदार था। वह तकनीक का धनी है।

## काउंटी चैम्पियनशिप मैच से वापसी करेंगे आर्चर

**लंदन।** चोट के कारण डेढ महीने मैदान से दूर रहे इंग्लैंड के तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर गुरूवार को काउंटी मैच के जरिए क्रिकेट के मैदान पर वापसी करेंगे। आर्चर ने आखिरी बार मार्च में भारत के खिलाफ पांचवां टी20 मैच खेला था। घर में मछली का टैंक साफ करते समय उनके हाथ में कांच घुस गया था और उन्हें आपरेशन कराना पड़ा था। वह आईपीएल में भी नहीं खेलद सके जो बाद में निलंबत हो गई।

## संजू के लिए कप्तानी बहुंत अच्छा अनुभव, इस भूमिका में लगातार बेहतर होता जा रहा है : बटलर

**नई दिल्ली।** इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जोस बटलर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में राजस्थान रॉयल्स की कप्तानी करना संजू सैमसन के लिए बहुत अच्छा अनुभव रहा और टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह अपनी भूमिका को बेहतर तरीके से निभा रहा था। संजू ने 2020 सत्र में अपनी टीम की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। उन्हें जनवरी में आस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ की जगह राजस्थान रॉयल्स का कप्तान नियुक्त किया गया था। बटलर ने वर्चुअल मीडिया सत्र में कहा, यह उसके लिए बहुत अच्छा अनुभव था और मुझे लगता है कि टूर्नामेंट आगे बढ़ने के साथ वह इस भूमिका को बेहतर तरीके से निभाने लग गया था।

## पंत को कोरोना के टीके का पहला डोज लगा



**नई दिल्ली।** भारत के स्टार विकेटकीपर ऋषभ पंत ने कोरोना के टीके का पहला डोज गुरूवार को लगवा लिया। भारत के इस 23 वर्षीय क्रिकेटर ने टीका लेते हुए अपनी तस्वीर ट्वीट की है। वह न्यूजीलैंड के खिलाफ विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल और उसके बाद इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला के लिए भारतीय टीम में हैं। उन्होंने ट्वीट किया , टीके का पहला डोज लग गया। अगर आप टीका लगवाने के योग्य हैं तो देर मत कीजिए। जितनी जल्दी हम टीका लगवाएंगे, वायरस को हरा सकेंगे।

## चैम्पियंस लीग का फाइनल पोर्तो में, 12000 दर्शकों को मंजूरी

**लंदन।** चेल्सी और मैनचेस्टर सिटी के बीच चैम्पियंस लीग फुटबॉल का फाइनल पोर्तो में खेला जाएगा। पुर्तगाल सरकार ने स्टेडियम में दर्शकों के प्रवेश की अनुमति दे दी है। यूएफा ने की पुष्टि की कि इस मुकाबले के लिए 12,000 दर्शक स्टेडियम में मौजूद रहेंगे। यह मैच 29 मई को 50000 दर्शकों की क्षमता वाले ड्रागाओ स्टेडियम में खेला जाएगा जिसमें इंग्लैंड के क्लबों के हजारों समर्थक जुटेंगे। पुर्तगाल में स्टेडियमों में दर्शकों के प्रवेश पर रोक थी ।

# भारत आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग में शीर्ष पर

### ● वार्षिक अपडेट जारी



**भाषा।** दुबई

आईसीसी टेस्ट टीम रैंकिंग का वार्षिक अपडेट जारी होने पर भारत पहले स्थान पर बना हुआ है। रैंकिंग गुरूवार को जारी की गई। भारत एक रेटिंग अंक समेत कुल 121 अंक लेकर शीर्ष पर है। उसके 24 मैचों में 2914 अंक रहे।

वहीं विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल में भारत के खिलाफ खेलने जा रही न्यूजीलैंड के 120 अंक है। उसके 18 टेस्ट में दो रेटिंग अंक समेत कुल 2166 अंक हैं। भारत ने पिछले साल आस्ट्रेलिया को 2-1 और इंग्लैंड को 3-1 से हराया। इसके अलावा न्यूजीलैंड ने वेस्टइंडीज और पाकिस्तान को 2-0 से मात दी। आईसीसी द्वारा जारी बयान के मुताबिक यह सालाना अपडेट 2017-18 के नतीजों में जुड़ेगा। इसमें मई 2020 से खेले गए सभी मैचों को सौ फीसदी और दो साल पहले के मैचों को 50 फीसदी रेटिंग मिली है। इंग्लैंड 109 रेटिंग अंक लेकर तीसरे और आस्ट्रेलिया उससे एक अंक पीछे चौथे स्थान पर है। पाकिस्तान के 94 अंक है और वह पांचवें स्थान पर है जबकि वेस्टइंडीज 84 अंक लेकर छठे स्थान पर है। दक्षिण अफ्रीका सातवें और श्रीलंका आठवें स्थान पर है जिनके क्रमश: 80 और 78 अंक हैं। भारत और न्यूजीलैंड साउथम्प्टन में 18 से 22 जून तक पहला विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल खेलेंगे।

### शेफाली राधा डब्ल्यूबीबीएल में पदार्पण को तैयार

नई दिल्ली। भारतीय बल्लेबाजी सनसनी शेफाली वर्मा महिला बिग बैश लीग (डब्ल्यूबीबीएल) में दो बार की चैम्पियन सिडनी सिक्सर्स की ओर से पदार्पण करने को तैयार है।

इस 17 साल की विस्फोटक बल्लेबाज के साथ वामहस्त स्पिनर राधा यादव से भी सिडनी सिक्सर्स फ्रेंचाइजी की बात-चीत जारी है। बीसीसीआई के एक सूत्र ने पीटीआई-भाषा को बताया, शेफाली का करार हो गया है, डब्ल्यूबीबीएल के कार्यक्रम को जारी करते समय इसकी घोषणा की जाएगी। उन्होंने बताया, राधा से सिडनी सिक्सर्स की बात-चीत जारी है। शेफाली अभी नाबालिग है इसलिए लीग मे खेलने के लिए उनके पिता को सहमति पत्र पर हस्ताक्षर करने की जरूरत होगी। शेफाली के अलावा इस लीग से भारतीय टी20 कप्तान हरमनप्रीत कौर (सिडनी थंडर) सलामी बल्लेबाज स्मृति मंधाना (ब्रिसबेन हीट) और हरफनमौला वेदा कृष्णामूर्ति (होबार्ट हरिकेन्स) भी जुड़ी हुई है।

# सेरेना को कैरियर के 1000वें मैच में मिली हार

**भाषा।** रोम



सेरेना विलियम्स को कैरियर के 1000वें टूर मैच में पराजय का सामना करना पड़ा जिसे इटालियन ओपन टेनिस के दूसरे दौर में नादिया पोडोरोस्का ने 7-6, 7-5 से हराया। चार बार की चैम्पियन आठवीं वरीयता प्राप्त सेरेना ने आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद से टेनिस नहीं खेला है। उसे करीब दो घंटे तक चले मैच में अर्जेंटीना की खिलाड़ी ने हराया। सेरेना ने हार के बाद कहा , क्लेकोर्ट पर पहला मैच कठिन होता है।शायद कुछ और मैचों की जरूरत है।मैं अपने कोच और टीम से बात करके देखूंगी कि क्या हो सकता है। गत चैम्पियन सिमोना हालेप को दुनिया की पूर्व नंबर एक खिलाड़ी एंजेलिक कर्बर के खिलाफ चोट के कारण मैच छोड़ना पड़ा।वह उस समय 6-1,6-1 से आगे थी। दूसरी वरीयता प्राप्त नाओमी ओसाका को अमेरिका की जेसिका पेगुला ने 7-6, 6-2 से हराया। वहीं चौथी वरीयता प्राप्त सोफिया केनिन को बारबोरा के ने 6-1, 6-4 से मात दी। शीर्ष वरीयता प्राप्त एशले बार्टी और पूर्व चैम्पियन कैरोलिना प्लिसकोवा अगले दौर में पहुंच गई। पुरूष वर्गमें रफेल नडाल ने स्थानीय युवा जानिक सिनेर को 7-5, 6-4 से हराया। वहीं रूस के तीसरी वरीयता प्राप्त दानिल मेदवेदेव हमवतन असलान कारात्सेव से 2-6, 6-6 से हार गए।

### जोकोविच में स्टेडियम में दर्शकों की वापसी का जश्न जीत के साथ मनाया

**रोम।** दुनिया के नंबर एक टेनिस खिलाड़ी नोवाक जोकोविच ने इटालियन ओपन ओपन मे दर्शकों की स्टेडियम मे वापसी का जश्न एलेजांद्रो डेविडोविच फोकिना के खिलाफ गुरुवार को प्रभावशाली जीत दर्ज कर मनाया। सर्बिया के जोकोविच ने स्पेन के खिलाड़ी को एकतरफा मुकाबले मे 6-2, 6-1 से हराकर क्वार्टर फाइनल मे जगह पक्की की। टूर्नामेंट के शुरूआती चरणों मे दर्शकों की मौजूदगी की अनुमति नही थी लेकिन इटली सरकार के फैसले के बाद गुरुवार से स्टेडियम मे क्षमता के 25 प्रतिशत दर्शकों को आने की मंजूरी दी गई। मैच मे शानदार जीत दर्ज करने के बाद पांच बार के चैम्पियन जोकोविच ने कहा, यह सिर्फ अच्छा नही बल्कि शानदार था। उन्होंने कहा, दूसरे खिलाड़ियों की तरह मुझे भी दर्शकों की काफी कमी खली। यही एक कारण है कि मैने लगातार खेलना जारी रखा है। जोकोविच का अगला मुकाबला मोटे कार्लो के चैंपियन स्टेफानोस सितसिपास या मैड्रिड ओपन के उपविजेता माटेओ बेरेटिनी से होगा।

### सेरेना ने एमिलिया-रोमागना ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड को स्वीकार किया

**पार्मा।** सेरेना विलियम्स ने इस सप्ताह के आखिर में यहां शुरू होने वाले एमिलिया-रोमागना ओपन के लिए वाइल्ड कार्ड आमंत्रण को गुरुवार को स्वीकार कर लिया है। इटालियन ओपन की चार बार की चैम्पियन आठवी वरीयता प्राप्त सेरेना का आस्ट्रेलियाई ओपन के बाद लगभग तीन महीने के बाद यह पहला मुकाबला था। सेरेना के साथ उनकी बड़ी बहन वीनस विलियम्स ने भी इस टूर्नामेंट के वाइल्ड कार्ड आमंत्रण को स्वीकार कर लिया है। क्ले कोर्ट पर खेले जाने वाला पार्मा ओपन को कोरोना वायरस से प्रभावित सत्र मे जोड़ा गया है। फ्रेंच ओपन से पहले खिलाड़ियों को यहां क्ले कोर्ट पर खेलने का अवसर मिलेगा।

## टीके की खुराकों को मिलाना सुरक्षित, लेकिन दुष्प्रभाव बढ़ता है : ब्रिटिश अध्ययन



**लंदन।** कोरोना वायरस से प्रतिरक्षण के लिए तैयार दो तरह के टीकों की खुराक को मिलाना सुरक्षित है लेकिन इससे हल्के से मध्यम स्तर के लक्षण उभरने की आशंका बढ़ जाती है। यह दावा ब्रिटेन में हुए एक अध्ययन में किया गया है। ऑक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के नेतृत्व में वैज्ञानिकों की टीम ने कॉम-कोव नाम से अध्ययन यह जानने के लिए किया कि फाइजरबायोनटेक का टीका लगाने के बाद ऑक्सफोर्डएस्ट्राजेनेका की दूसरी खुराक (इसी प्रकार एस्ट्राजेनेका के बाद फाइजर का टीका लगाने पर) पर प्रतिरक्षण प्रणाली कैसे प्रक्रिया करती है। मेडिकल जर्नल लांसेट में बुधवार को प्रकाशित रिपार्ट के मुताबिक अनुसंधान टीम ने कहा कि दो तरह के टीकों को मिलाने से अल्पकालिक लक्षण आते हैं लेकिन सुरक्षा संबंधी चिंता की कोई बात नहीं है। वैज्ञानिकों ने कहा कि इस स्तर के नतीजों प्रक्रियात्मकता के स्तर पर है यानी कि लोग टीकाकरण के बाद कैसा महससू करते हैं न कि प्रतिरक्षण को लेकर यानी कि दो तरह के टीके की खुराक लेने पर प्रतिरोधक क्षमता पर क्या असर होता है। ऑक्सफोर्ड में बाल रोल एवं टीककारण विशेषज्ञ मैथ्यु स्नेप ने कहा, अध्ययन के नतीजों से संकेत मिलता है कि टीके की खुराक मिलाने से टीकाकरण के बाद काम से अनुपस्थित रहने के दिनों में वृद्धि हो सकती है और स्वास्थ्य कर्मियों के टीकाकरण की योजना बनाते वक्त इस तथ्य पर विचार करना अहम है। यह अहम है कि इससे सुरक्षा संबंधी चिंता सामने नहीं आई है या संकेत नहीं मिले हैं। यह हमें नहीं बताता कि क्या प्रतिरक्षण प्रभावित होती या नहीं। हम उम्मीद करते हैं कि संबंधित आंकड़े आने वाले महीनों में आएंगे।

## कोरोना वायरस के कारण लगातार दूसरे वर्ष फीका रहा ईद का जश्न



**जकार्ता (इंडोनेशिया)।** वैश्विक महामारी कोविड-19 के कारण मुस्लिम समुदाय के लोग बृहस्पतिवार को लगातार दूसरे वर्ष ईद-उल-फित्र हर्षोल्लास से नहीं मना सके। महामारी के कारण मस्जिदें बंद रहीं और इस त्योहार को मनाने के लिए परिवार के लोग एकजुट नहीं हो पाए। गाज़ा पट्टी में इज़राइली जंगी जहाज़ों की बमबारी के बीच क्षेत्र पर शासन करने वाले हमास ने लोगों से अपने घरों में या नजदीकी मस्जिदों में ईद की नमाज़ अदा करने और खुले में आने से बचने की गुजारिश की है। हसन अबू शाबान ने कहा, यह हवाई हमलों की तबाही की वजह से है। उन्होंने राहगीरों को चॉकलेटें बांटी हैं।

## नेपाल में अगर-मगर में उलझे राजनीतिक दल

**काठमांडू।** नेपाल में प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के सोमवार को विश्वास मत खोने के बाद राष्ट्रपति ने बृहस्पतिवार रात तक सरकार गठन की समयसीमा तय की थी, लेकिन नेपाल के राजनीतिक दल अपने धड़ों के बीच गुटबाजी के चलते अभी तक इस मामले पर कोई सहमति कायम नहीं कर पाए हैं। शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस ने मंगलवार को प्रधानमंत्री पद के लिए दावा पेश करने का निर्णय लिया था, लेकिन गठबंधन सरकार बनाने की उसकी कोशिशों को तब झटका लगा है।

# इजराइल और हमास के बीच संघर्ष और तेज



### ● शांति के प्रयास

**भाषा।** गाजा सिटी (गाजा पट्टी)

हमास ने इजराइल के शहरों को निशाना बनाते हुए बृहस्पतिवार को कुछ मिनटों के अंदर कई रॉकेट दागे वहीं इजराइल ने भी गाजा पर हमले तेज कर दिए हैं। गाजा में लड़ाई बढ़ने के बीच संघर्ष विराम पर वार्ता के प्रयासों के तहत इजराइल के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए मिस्र का एक प्रतिनिधिमंडल तेल अवीव पहुंच गया है। इजराइल और गाजा के हमास शासकों के बीच संघर्ष 2014 की जंग से भी बड़े स्तर पर फैल चुका है। पहले संघर्ष फलस्तीन क्षेत्र और सीमा पर बसे इजराइली समुदायों वाले इलाके तक सीमित था लेकिन इस बार यह लड़ाई यरूशलम में शुरू हुई है। कुछ रॉकेट तेल अवीव क्षेत्र को भी निशाना बनाकर दागे गए। इजराइल में भी बड़े स्तर पर हिंसा छिड़ गई है। कई शहरों में अरब और यहूदियों की भीड़ सड़कों पर आकर उपद्रव कर रही है, लोगों से बुरी तरह मारपीट कर रही है। भीड़ ने कई वाहनों में भी आग लगा दी। हिंसा के कारण देश के मुख्य हवाई अड्डे से उड़ानें भी निलंबित कर दी गई है। संघर्ष के कारण फलस्तीन के लोगों के लिए मातम के साथ रमजान के पवित्र महीने का समापन हुआ है। सोमवार से रॉकेट दागे जाने के बाद से इजराइल ने गाजा में तीन बहुमंजिला इमारतों को जमींदोज कर दिया और कहा कि इसमें हमास के कई दफ्तर थे। गाजा के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि 17 बच्चों और सात महिलाओं समेत 83 फलस्तीनियों की मौत हुई है और 480 से ज्यादा लोग जख्मी हुए हैं।

### गाज़ा के स्थानीय लोगों का सवाल, हम कहां जाएं?

गाज़ा सिटी। गाज़ा सिटी मे 50 वर्षीय उम्म माजिद अल रईस को अपनी और अपने चार बच्चो की इज़राइल के हवाई हमले से जान बचाने के लिए पड़ोस के घर मे शरण लेनी पड़ी, क्योंकि इज़राइल के जंगी जहाजो ने उनकी रिहायशी इमारत को निशाना बनाया है। इज़राइल और गाज़ा पट्टी के बीच 2014 की जंग के बाद से सबसे भीषण हिंसा मे इस हफ्ते हताहतो की संख्या बढ़ गई है जबकि अल रईस और अन्य फलस्तीनियो का सवाल है, हम कहां जाएं? अल रईस ने पड़ोस के घर से फोन पर बताया, पूरा क्षेत्र एक छोटा सा हिस्सा है। यह एक जेल है। आप कही भी जाएं, आप निशाने पर है। उन्होने पड़ोस के घर मे अपने किशोर बेटे- बेटियो के साथ शरण ली है। उन्होंने कहा कि बिना चेतावनी के इज़राइल ने हवाई हमले किए। गाज़ा मे 20 लाख लोग रहते है और यहां पर हवाई हमलो को लेकर सायरन या सुरक्षित घर नही है। बीते सालो मे हुए टकरावो मे संयुक्त राष्ट्र के अस्थाई आश्रय स्थलो तक पर हमला हुआ है। पिछले दो सालो मे, इज़राइल ने हवाई हमलो के जरिए तीन बड़ी इमारतो को ध्वस्त किया है जिनमे हमास के अहम दफ्तर थे।

## मालवाहक विमानों की आवृत्ति बहाल करें : भारत ने चीन से कहा



**बीजिंग।** भारत ने देश में कोविड-19 की लहर से निपटने में लगे निजी भारतीय व्यापारियों द्वारा चीनी उत्पादकों से खरीदी जा रही आवश्यक चिकित्सा आपूर्तियों की कीमतों में तेज होती वृद्धि को रोकने में चीन से मदद करने और सतत आपूर्ति श्रृंखला को बरकरार रखने के लिए मालवाहक विमान सेवाओं की सामान्य आवाजाही को बहाल करने को कहा है। हांगकांग में भारत की महावाणिज्य दूत प्रियंका चौहान ने कहा कि ऑक्सीजन सांद्रकों जैसी चिकित्सीय आपूर्तियों की बढ़ती कीमतों और भारत आने वाले मालवाहक विमानों में व्यवधान से चिकित्सा सामग्रियों के आगमन की गति धीमी हो रही है। साउथ चाइना मॉर्निंग पोस्ट के साथ एक साक्षात्कार में चौहान ने बुधवार को कहा, मैं यह कहना चाहती हूं कि इस वक्त हमारी आकांक्षा यह है कि आपूर्ति श्रृंखला खुली रहे और उत्पाद की कीमतें स्थिर रहें। उन्होंने हांग कांग के समाचार-पत्र से कहा, भले ही आपूर्ति-मांग का थोड़ा बहुत दबाव है, लेकिन उत्पाद की कीमतों में कुछ स्थिरता और पूर्वानुमान तो होना चाहिए।

### अमेरिका मानवाधिकार के मुद्दों पर भारतीय अधिकारियों से नियमित वार्ता करता है : अधिकारी

**वाशिंगटन।** अमेरिका भारत के लोकतांत्रिक मूल्यों की भारत की पुरानी परंपरा एवं सहिष्णुता के इतिहास को ध्यान मे रखते हुए भारतीय अधिकारियो से हर स्तर पर नियमित रूप से वार्ता करता है और उन्हें अल्पसंख्यकों के संरक्षण समेत मानवाधिकार दायित्वो एवं प्रतिबद्धताओं को बरकरार रखने के लिए प्रोत्साहित करता है।

### चीन पर निशाना साधा

**वाशिंगटन।** बाइडन प्रशासन ने अमेरिकी विदेश नीति मे प्राथमिक ध्यान मानवाधिकारो की बहाली पर देने के लक्ष्य पर आगे बढ़ने के क्रम में धार्मिक स्वतंत्रता के दमन के लिए चीन और कई अन्य देशों पर निशाना साधा।

## ब्रिटेन की रॉयल मेल प्रिंस फिलिप की याद में विशेष टिकट जारी करेगी



एक कार्यक्रम में राजकुमार व राजकुमारी

**लंदन।** ब्रिटेन की डाक सेवा रॉयल मेल प्रिंस फिलिप की याद में विशेष टिकट जारी करेगी। ड्यूक ऑफ एडिनबर्ग एवं महारानी एलिजाबेथ द्वितीय के पति फिलिप का पिछले महीने 99 साल की उम्र में निधन हो गया था। रॉयल मेल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सिमोन थांप्सन ने कहा कि विशेष डाक टिकटों के जरिए फिलिप के जीवन के विभिन्न पहलुओं को दर्शाया जाएगा। उन्होंने कहा, सात दशकों से अधिक समय तक वह (फिलिप) हमारे राष्ट्रीय जीवन के केंद्र में रहे। उनका निधन हमारे इतिहास में एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम है और हम उनकी याद में टिकट जारी करेंगे। इन टिकटों की बिक्री आधिकारिक रूप से 24 जून से शुरू होगी। प्रिंस फिलिप का गत नौ अप्रैल को विंडसर कैसल में निधन हो गया था।

## मिस्र का प्रतिनिधिमंडल संघर्ष विराम वार्ता के लिए तेल अवीव पहुंचा

**काहिरा।** गाजा में लड़ाई बढ़ने के बीच संघर्ष विराम पर वार्ता के प्रयासों के तहत इजराइल के अधिकारियों के साथ बातचीत के लिए मिस्र का एक प्रतिनिधिमंडल तेल अवीव पहुंच गया है। मिस्र के खुफिया विभाग के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को इस बारे में बताया। उन्होंने बताया कि प्रतिनिधिमंडल ने सबसे पहले गाजा पट्टी में हमास के अधिकारियों से वार्ता की और उसके बाद इजराइल की सीमा में पहुंचे। मिस्र दोनों पक्षों के बीच मध्यस्थता का प्रयास कर रहा है। मिस्र के विदेश मंत्री सामेह शुक्री ने बुधवार को इजराइल के अपने समकक्ष गबी अशकेंजी के साथ फोन पर बातचीत के दौरान फलस्तीनी क्षेत्र पर इजराइल के हमले की निंदा की थी। मिस्र के विदेश मंत्री ने कहा था कि यह जरूरी है कि दोनों पक्ष उकसावे की किसी भी तरह की कार्वाई से परहेज करें।

## नेपाली पर्वतारोही ने एक मौसम में सबसे कम समय में दो बार एवरेस्ट पर चढ़ाई का रिकॉर्ड बनाया

**काठमांडू।** नेपाल के 43 वर्षीय पर्वत गाइड मिंगमा तेन्जी शेरपा ने एक मौसम मे सबसे कम समय मे दो बार माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई कर विश्व रिकॉर्ड बनाया है। यह जानकारी बृहस्पतिवार को आयोजकों ने दी। पूर्वी नेपाल के शंखुवासभा जिले का निवासी शेरपा पहली बार सात मई की शाम को एवरेस्ट के शिखर पर पहुंचा और फिर 11 मई की सुबह दूसरी बार दुनिया के सबसे ऊंचे पहाड़ पर पहुंच गया।

## पनामा के दक्षिण अपतटीय क्षेत्र में 6.0 तीव्रता का भूकंप

**पनामा सिटी।** पनामा के दक्षिण अपतटीय क्षेत्र मे बृहस्पतिवार को 6.0 तीव्रता का भूकंप महसूस किया गया। अमेरिकी भूगर्भ सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार भूकंप बृहस्पतिवार को अंतरराष्ट्रीय समयानुसार सुबह लगभग 9:42 बजे आया जो उत्तरी प्रशांत महासागर में 10 किलोमीटर की गहराई पर केंद्रित था। भूकंप के बाद सुनामी की कोई चेतावनी जारी नही की गई है तथा अन्य ब्योरा तत्काल उपलब्ध नही हो सका।

## मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति इलाज के लिए जर्मनी रवाना

**माले।** मालदीव के पूर्व राष्ट्रपति मोहम्मद नशीद को बृहस्पतिवार को यहां अस्पताल से छुट्टी दे दी गई और आगे के उपचार के लिए वह जर्मनी रवाना हो गए है। नशीद (53) पिछले सप्ताह एक धमाके मे घायल हो गए थे और अधिकारियों ने हमले के लिए मुस्लिम चरमपंथियो को जिम्मेदार ठहराया है।

## यूएन ने यमन में संघर्ष विराम का आह्वान किया

**संयुक्त राष्ट्र।** संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद ने यमन मे संघर्ष रोकने का आह्वान करते हुए कहा है कि टिकाऊ संघर्ष विराम और राजनीतिक वार्ता से ही अरब जगत के इस सबसे गरीब मुल्क मे छह साल से चल रही जंग खत्म हो पाएगी।

# एक अंतरंग रिश्ता

## सीमित तरीके से मनाए जा रहे ईद के त्यौहार को रंग देने के लिए फैशन जगत ने कई अद्भुत सेलिब्रिटी लुक्स तैयार किए हैं।

**यह ईद,** जैसा कि हम जानते हैं कि इसमें मनाए जाने वाले उत्सव अधिक अंतरंगतापूर्ण होते हैं, फैशन बिरादरी ने आपके लिए स्टाइलिश और शानदार सेलिब्रिटी लुक की एक श्रृंखला को क्यूरेट किया है। अपने उत्सव के मूड को बढ़ावा देने के लिए फ्यूज़ फ्री सिल्हूट से लेकर रंगों तक, बहुमुखी संग्रह किए हैं और उन्हें पैसे के लिए स्थिरता और मूल्य दोनों को आश्वस्त करने के लिए कई तरीकों से शैलीबद्ध किया जा सकता है।

**परफेक्ट पोटलीस**
**ब्रांड : लवटोबग**



■ काले धातु के मोती की पोटली अभिनेत्री शनाया कपूर को प्रभावित करती है। यह सुरुचिपूर्ण और कालातीत है, कला का यह टुकड़ा हाथ से कशीदाकारी पैटर्न में महीन मोती के साथ कढ़ाई है।



■अभिनेत्री सुरवीन चावला ने पंचांग की पोटली को इलान के साथ पेश किया। ला बेले ओपोक नामक फ्रांसीसी इतिहास में सुनहरे काल की अस्पष्टता से प्रेरित, यह पोटली जापानी बगले मोतियों के साथ हाथ से कशीदाकारी है। तटस्थ स्वरों में टियेरड लटकन डिजाइन में एक विंटेज स्पर्श जोड़ता है।

इसे सही तरीके से स्टाइल करें : काली धातु की मोती की पोटली और पैनकेक पोटली को स्लिंग पाउच या छोटे क्लासिक हैंडबैग के रूप में स्टाइल किया जा सकता है और इसे अलंकृत लवटोबैग हैंडल के साथ जोड़ा जा सकता है। पोटली को भारतीय और पश्चिमी संगठनों की एक सरणी के साथ सजाया जा सकता है। आप इसे अपने नीले डेनिम, क्लासिक ब्लाउज, मैक्सिस और शाम के पहनावे के साथ स्लिंग बैग के रूप में ले सकते हैं। यह भी एक क्लासिक और समकालीन रूप दर्शाता है जब लहंगे और साड़ी जैसे पारंपरिक भारतीय पोशाक के साथ रखा जाता है।

**अनारकली पोशाक**
**ब्रांड : गुलाबो जयपुर**

■अभिनेत्री करिश्मा कपूर लाल सूफी अनारकली पहने नजर आती हैं। जब आरामदायक होना सबसे महत्वपूर्ण है, तो यह खूबसूरत लाल ब्लॉक मुद्रित कपास अनारकली खास नजर आता है जब चिकन पैंट और एक ऑर्गेना दुपट्टा के साथ जोड़ा जाता है।

■सोनाक्षी सिन्हा द्वारा पहना गया सोना ब्लू अनारकली सेट शांत, फैशनेबल और शानदार है। यह कॉटन अनारकली सेट ऑफ-व्हाइट चिकन पैंट और हाथ से काम किए डोरिया दुपट्टे के साथ आता है।







■अभिनेत्री मिथिला पालकर सुहाना सेट में नजर आती हैं। एक परफेक्ट फेस्टिव लुक, यह ब्लू जॉर्जेट आउटफिट एंब्रॉयडरी ऑर्गेना दुपट्टे के साथ टीम में स्टनिंग लगता है।

**इसे सही से स्टाइल करें :** तीनों अनारकली - लाल सूफी, सोना नीला और सुहाना दिन या रात के अवसर के लिए पहना जा सकता है। जबकि सुहाना और सोना ब्लू सेट को एक उच्च बन और झुमके के साथ स्टाइल किया जा सकता है, आप अपने बालों को लाल सूफी अनारकली के लिए खुला छोड़ सकती हैं, और एक पतली श्रृंखला के साथ छोटे स्टड बालियों के साथ लुक को पूरा कर सकती हैं।







**एम्ब्रायडरी अपनाना**
**ब्रांड : गुलाबी शहर**

■अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी कुंद्रा तीन टुकड़ों के पहनावे में लिपटी हुई नज़र आती हैं, जिसमें हॉट पिंक कुर्ता, धोती पैंट और गोटा वर्क के साथ एक ओम्ब्रे बंधनी दुपट्टा सुशोभित है।

■डोरी वर्क की कढ़ाई को टीवी अभिनेता गौहर खान द्वारा पहने गए इस फिट-फिट टॉप पर खूबसूरती से रखा गया है। मटका सिल्क में निर्मित, शीर्ष को धोती पैंट और सीमा विस्तार के साथ एक केप के साथ जोड़ा गया है।

■अभिनेत्री मौनी रॉय इस लाल रेशमी चंदेरी कुर्ते में उत्सव मनाती हैं, जिसमें शेवरॉन जरदोजी कढ़ाई के साथ फर्शी पैंट और एक बंदनी दुपट्टा है।

**इसे सही ढंग से स्टाइल करें :** तीनों पोशाक को दिन या रात के कार्यों के दौरान पहना जा सकता है। प्रत्येक पोशाक पर कढ़ाई अपने आप में एक स्टाइल स्टेटमेंट है और एक शानदार और स्टाइलिश लुक देता है।

**बिंदु पर प्रिंट**
**ब्रांड - दृष्टि और ज़हाबिया**


■ एन अभिनेत्री डायना पेंटी इकत-प्रेरित काफ्टान सेट के साथ नजर आती हैं। चंदेरी रेशम में निर्मित, पोशाक जीवंत रंगों और बोहेमियन दर्पण और धागे के काम को एक आधुनिक मोड़ के साथ बयां करती है।

■ अभिनेत्री हिना खान सुंदर चेरी लाल में प्रिंट जैकेट सेट पर प्रिंट करती हैं। कलाकारों की टुकड़ी में सोने के एक स्पर्श, एक ज्यामितीय प्रिंट भीतरी और सीधे फिट टखने लंबाई पैंट को जोड़ने के लिए गर्दन और केंद्र के सामने नाजुक जरदोजी के साथ एक पुष्प मिक्स-प्रिंट काली जैकेट शामिल हैं।

**इसे सही स्टाइल करें :** काफ्टान को चंकी ऑक्सीडाइज़्ड ज्वैलरी या हूप इयररिंग्स के साथ स्टाइल करें। प्रिंट-ऑन-प्रिंट के रूप में, आप इसे झुमकों या चंदबाला के साथ जोड़ सकते हैं।

उत्सव के मौसम के लिए बहुमुखी प्रतिभा और आराम के साथ खुद को स्टाइल करें।





**सुदरताएं**
**ब्रांड : प्रेरणा राजपाल का अमरियां ब्रांड**

■ टाइम टर्नर चोकर अनुग्रह और रॉयल्टी का एक प्रतीक है। कीमती पत्थरों और मुगल रूपांकनों का एक नमूना, डिजाइन जटिल शिल्प कौशल का जश्न मनाता है। कला के इस टुकड़े को पहने हुए हैं अभिनेत्री दीपिका पादुकोण। यदि आप करीब से देखते हैं तो आप तीन रूसी पन्नों को केंद्र में ले जाते देख सकते हैं। यह टुकड़ा बिना कटे हीरे, मोती और तंजनाइट के साथ है और पेस्टल कलर टोन एक क्लासिक और लोभी लुक देता है।

■ अभिनेत्री कियारा आडवाणी निजाम चोकोर में तेजस्वी लग रही है, जो मुगलों के रोमांस पर ध्यान देती है। कला के इस टुकड़े में एक 35-कैरेट ज़ांबियन नक्काशीदार पन्ना है जो एक खुले पोल्की सेटिंग में बिना हीरे के घिरा हुआ है।

■ मीरा कपूर द्वारा पहनी गई नीली क्रांति एक कालातीत सौंदर्य है। डिजाइन विवरण में एक नीलमणि, एक राजकुमारी कट और मार्की के आकार के हीरे शामिल हैं। स्वच्छ कट लाइनों के साथ एक आधुनिक दिन का टुकड़ा, अंगूठी आपकी अंगूठी अलमारी में गर्मी और रंग लाएगा।





**इसे सही ढंग से स्टाइल करें :** टाइम टर्नर चोकर इंडो-वेस्टर्न गाउन, प्री-प्लेड साड़ी या सम-सामयिक चीजों के सेट के साथ अच्छी तरह से खिलता है। नीले रंग की क्रांति की अंगूठी के साथ उत्सव में रिंग करें और इसे हरे या गहरे पीले रंग के वेस्टर्न आउटफिट या प्री-प्लेड साड़ी के साथ पेयर करें। निज़ाम चोकर के समकालीन लुक और एहसास को ध्यान में रखते हुए, यह बोल्ड नेकलाइन ब्लाउज पर स्टनिंग लग रहा है और हरे और आइवरी आउटफिट के साथ खड़ा है।





**चोपड़ा ने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगी कि मैं इसके प्रभाव में नहीं आई। उम्र बढ़ने के साथ मेरे शरीर में भी वैसे ही बदलाव आए हैं, जैसे किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में आते हैं और मैंने मानसिक तथा भावनात्मक रूप से इसे स्वीकार कर लिया है।**

## उम्र बढ़ने के साथ शरीर में आए बदलावों को स्वीकार कर लिया है: प्रियंका चोपड़ा

**लॉस एंजिलिस।** अभिनेत्री प्रियंका चोपड़ा जोनस ने कहना है कि उन्होंने उम्र बढ़ने के साथ शरीर में हो रहे स्वाभाविक बदलावों को मानसिक और शारीरिक दोनों रूपों में स्वीकार कर लिया है। चोपड़ा (38) ने याहू को दिए साक्षात्कार में कहा कि वह एक स्टार का दर्जा मिलने के बाद उनके जीवन में आए बदलावों से प्रभावित हो गई थीं और सकारात्मक मानसिकता के सहारे इसका साममा किया। चोपड़ा ने कहा, मैं झूठ नहीं बोलूंगी कि मैं इसके प्रभाव में नहीं आई। उम्र बढ़ने के साथ मेरे शरीर में भी वैसे ही बदलाव आए हैं, जैसे किसी अन्य व्यक्ति के शरीर में आते हैं और मैंने मानसिक तथा भावनात्मक रूप से इसे स्वीकार कर लिया है। अब मेरा शरीर जैसा दिखता है, मैं उसमें ही संतुष्ट महसूस करती हूं। मेरा शरीर अब 10 या 20 साल पहले जैसा नहीं रहा है। उन्होंने कहा कि वह विश्व में अपने योगदान, अपने स्थान और अपने उद्देश्य का सतत आकलन करती रहती हैं।

# अक्षय तृतीया : अक्षय फल प्रदान करने वाला दिन





वैशाख शुक्ल तृतीया को अक्षय तृतीया कहते हैं। इसे उत्तर भारत में आखा तीज भी कहा जाता है। इसे व्रत के साथ त्यौहार के रूप में भी मनाया जाता है। अनेक कारणों से अक्षय तृतीया का महत्व है। साढ़े तीन मुहूर्तों में से एक पूर्ण मुहूर्त अक्षय तृतीया पर तिल तर्पण करना, उदकुंभदान करना, मृत्तिका पूजन तथा दान करने का प्रघात है। पुराणकालीन मदनरत्न नामक संस्कृत ग्रंथ में बताए अनुसार अक्षय तृतीया कृतयुग अथवा त्रेतायुगका आरंभ दिन है। अक्षय तृतीया की संपूर्ण अवधि शुभ मुहूर्त ही होती है। इसलिए इस तिथिपर धार्मिक कृत्य करनेके लिए मुहूर्त नहीं देखना पड़ता। इस तिथि पर हयग्रीव अवतार नरनारायण प्रकटीकरण तथा परशुराम अवतार हुए हैं। इस तिथि पर ब्रह्मा एवं श्रीविष्णु की मिश्रित तरंगें उच्च देवता लोकों से पृथ्वी पर आती हैं। इससे पृथ्वीपर सात्विकता की मात्रा 10 प्रतिशत बढ़ जाती है। इस कालमहिमा के कारण इस तिथिपर पवित्र नदियों में स्नान, दान आदि धार्मिक कृत्य करने से अधिक आध्यात्मिक लाभ होते हैं। इस तिथि पर देवता, पितर के निमित्त जो कर्म किए जाते हैं, वे संपूर्णत: अक्षय यानी अविनाशी होते हैं ।

पुराणकालीन मदनरत्न नामक संस्कृत ग्रंथ में बताए अनुसार भगवान श्रीकृष्ण ने युधिष्ठिर को इस दिन का महत्व बताया है। वे कहते हैं–

**अस्यां तिथौ क्षयमुर्पति हुतं न दत्तं।**
**तेनाक्षयेति कथिता मुनिभिस्तृतीया॥**
**उद्दिश्य दैवतपितृन्क्रियते मनुष्यैः।**
**तत् च अक्षयं भवति भारत सर्वमेव॥**

अर्थात इस तिथि को दिए हुए दान तथा किए गए हवन का क्षय नहीं होता। इसलिए मुनियों ने इसे अक्षय तृतीया कहा है। देवों तथा पितरों के लिए इस तिथि पर जो कर्म किया जाता है वह अक्षयय अर्थात अविनाशी होता है। अक्षय तृतीया की तिथि को साढ़े तीन मूहूर्तों में से एक मुहूर्त माना जाता है। अक्षय तृतीया के दिन सत्ययुग समाप्त होकर त्रेतायुग का प्रारंभ हुआए ऐसा माना जाता है। इस कारण भी यह संधिकाल ही हुआ। संधिकाल अर्थात मुहूर्त कुछ ही क्षणों का होता है परंतु अक्षय तृतीया के दिन उसका परिणाम 24 घंटे तक रहता है। इसलिए यह पूरा दिन ही अच्छे कार्यों के लिए शुभ माना जाता है।

अक्षय तृतीया के दिन ही हयग्रीव अवतार परशुराम अवतार एवं नरनारायण अवतार का प्रकटीकरण हुआ है। कालविभाग कोई भी प्रारंभ दिन भारतीय पवित्र मानते हैं। इस तिथिको विविध धर्मकृत्य बताए गए हैं। इस दिन की विधि ऐसा है। पवित्र जलमें स्नान, श्रीविष्णु पूजा जप होम दान एवं पितृ तर्पण इस दिन अपिंडक श्राद्ध करें अथवा तिल तर्पण करें। इस दिन श्रीविष्णुपूजा, जप एवं होम यह धर्मकृत्य करने से आध्यात्मिक लाभ होता है। अक्षय तृतीया के दिन सातत्य से सुख-समृद्धि देनेवाले देवताओं के प्रति कृतज्ञता भाव रखकर उनकी उपासना करने से हम पर उन देवताओं की होनेवाली कृपा का कभी भी क्षय नहीं होता। इस दिन कृतज्ञता भाव से श्रीविष्णु सहित वैभवलक्ष्मी की प्रतिमा का पूजन करें। इस दिन होमहवन एवं जप-जाप करने में समय व्यतीत करें ।

अक्षय तृतीया के दिन दिए गए दान का कभी क्षय नहीं होता। हिन्दू धर्म बताता है कि सत्पात्र दान करना प्रत्येक मनुष्य का परमकर्तव्य है। दान देने से मनुष्य का पुण्यबल बढ़ता है तो सत्पात्र दान देने से पुण्यसंचयसहित व्यक्ति को आध्यात्मिक लाभ भी मिलता है। संत, धार्मिक कार्य करनेवाले व्यक्ति समाज में धर्मप्रसार करनेवाली आध्यात्मिक संस्था तथा राष्ट्र एवं धर्म जागृति करनेवाले धर्माभिमानी को दान करें, कालानुरूप यही सत्पात्रे दान है।

इस समय अनेक स्थानों पर कोरोना की पृष्ठभूमि पर निर्बंध होने से पर यह त्योहार सदैव की भांति करने में मर्यादाएं हो सकती हैं। इस अनुषंग से आपदधर्म के भाग के रूप में आगे दिए कृत्य कर सकते हैं। हम घर में ही गंगा का स्मरण कर स्नान करें, तो गंगास्नान का हमें लाभ होगा। इसलिए आगे दिए श्लोक का उच्चारण कर स्नान करें...

**गंगेच यमुने चैव गोदावरी सरस्वती।**
**नर्मदे सिंधु कावेरी जलेस्मिन सन्निधि कुरु।।**

वर्तमान में विविध ऑनलाइन सुविधाएं उपलब्ध हैं। अत: अध्यात्मप्रसार करनेवाले संतों अथवा ऐसी संस्थाओं को हम ऑनलाइन अर्पण कर सकते हैं। घर से ही अर्पण दिया जा सकता है। शास्त्र कहता है कि अक्षय तृतीया के दिन उदकुंभ दान करें। इस दिन यह दान करने के लिए बाहर जाना संभव न होने के कारण अक्षय तृतीया के दिन दान का संकल्प करें एवं शासकीय नियमों के अनुसार जब बाहर जाना संभव होगा, तब दान करें। पितरों से प्रार्थना कर घर से ही पितृतर्पण कर सकते हैं।

**( सौजन्यः सनातन संस्था का ग्रंथ 'त्यौहार, धार्मिक उत्सव एवं व्रत' )**

# ब्राह्म व क्षात्र तेज के प्रतीक भगवान परशुराम



**अग्रतश्चतुरो वेदाः पृष्ठतः सशरं धनुः ।**
**इदं ब्राह्मम् इदं क्षात्रं शापादपि शरादपि ॥**

यानी चारों वेद कंठस्थ कर ब्राह्मतेज से संपन्न तथा क्षात्रतेज के प्रतीक धनुष्य-बाण पीठ पर धारण करनेवाले भगवान परशुराम विरोधियों को शाप से अथवा शस्त्र से परास्त करते हैं।

परशुराम श्रीविष्णुके छठे अवतार हैं। इसलिए उन्हें उपास्य देवता मानकर पूजा जाता है। त्रेतायुग के प्रारंभ में महर्षि भृगु के गोत्र में जामदग्नेय कुल में महर्षि जमदग्नि तथा रेणुकामाता के घर श्रीविष्णु ने अपना छठा अवतार लिया। वैशाख शुक्ल तृतीयाकी परशुराम जयंती एक व्रत और उत्सवके तौरपर मनाई जाती है। परशुरामकी कथाएं रामायण, महाभारत एवं कुछ पुराणोंमें पाई जाती हैं। पूर्वके अवतारोंके समान इनके नामका स्वतंत्र पुराण नहीं है। भगवान परशुराम शत्रु के निर्दालन के लिए ब्राह्म तथा क्षात्र इन दोनों तेजों का उत्तम उपयोग करनेवाले श्रेष्ठतम योद्धा के उत्तम उदाहरण हैं।

**अश्वत्थामा बलिर्व्यासो हनुमांश्च बिभीषणः।**
**कृपः परशुरामश्च सप्तैते चिरजीविनः॥**

यानी अश्वत्थामा, बलि, महर्षि व्यास, हनुमान, बिभीषण, कृपाचार्य तथा परशुराम ये सप्त चिरंजीव हैं ।

परशुराम ने काल पर विजय प्राप्त की है। इसलिए वे सप्तचिरंजीवों में से एक हैं। प्रात:काल उनका स्मरण करने से पुण्य की प्राप्ति होती है। सत्ययुग में मत्स्य, कूर्म, वराह, नृसिंह तथा वामन ये श्रीविष्णु के 5 अवतार हुए। त्रेतायुग के प्रारंभ में महर्षि भृगु के गोत्र में जामदग्नेय कुल में महर्षि जमदग्नी तथा रेणुकामाता के घर श्रीविष्णु ने अपना छठा अवतार लिया। उनका नाम परशुराम था। भार्गवगोत्री होने के कारण उन्हें भार्गवराम भी कहा जाता है। परशुराम ने तपस्या कर सहस्त्रार्जुन कार्तवीर्य की अपेक्षा अधिक तपोबल अर्जित करने से सूक्ष्म स्तर पर कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन की पराजय आरंभ होना

हैहय वंश के अधर्मी राजा महिष्मति नरेश कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन ने सहस्त्रों वर्ष कठोर तपस्या कर, भगवान दत्तात्रेयजी को प्रसन्न किया था तथा असीम बलशाली बनकर सहस्त्रों भुजाएं धारण करने का वरदान प्राप्त किया था। ऐसे कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन का नाश करना संभव हो, इसके लिए उसके तपोबल की अपेक्षा अधिक तपोबल अर्जित करने हेतु परशुराम ने शिवजी को प्रसन्न करने के लिए कठोर तपस्या की। कार्तवीर्य के तपोबल को परास्त करने के लिए परशुराम ने उससे अधिक कठोर तपस्या कर एक प्रकार से ब्राह्मतेज के शस्त्र से, कार्तवीर्य के पुण्यबल पर ही प्रहार कर उसे क्षीण कर दिया। इससे कार्तवीर्य की सहस्त्रों भुजाओं के माध्यम से कार्यरत सूक्ष्म कर्मेंद्रियों की दिव्य शक्ति निष्प्रभ होने लगी तथा अधर्म का प्रतीक बन चुके कार्तवीर्य का सूक्ष्म से पराजित होना प्रारंभ हुआ। कार्तवीर्य को पराजित करने के लिए भगवान परशुराम द्वारा किया गया आध्यात्मिक स्तर का युद्ध अद्वितीय है।

कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन ने ऋषि दंपति के विरोध को अनदेखा कर जमदग्नी आश्रम से कामधेनु को बलपूर्वक अपने साथ ले गया। इस प्रकार उसने गोमाता का अपहरण किया। जब यह घटना हुई तब परशुराम आश्रम में नहीं थे। वे घनघोर वन में कठोर तपस्या में व्यस्त थे। जब वे जमदग्नी के आश्रम में पहुंचे तब उनको घटना ज्ञात हुई। कार्तवीर्य सहस्त्रार्जुन के नियंत्रण से कामधेनु को मुक्त कर गोमाता तथा गोधन की रक्षा करने हेतु उन्होंने गोधन की चोरी करनेवालों के विनाश का संकल्प लिया। उनकी शापवाणी सत्य सिद्ध हुईय क्योंकि गोधन चुराने का अपराध करने से कार्तवीर्य का पुण्यक्षय हुआ। जमदग्नी ऋषि पर प्राणघातक आक्रमण करने से कार्तवीर्य के पुत्रों को भी पाप लगा। परशुराम ने कार्तवीर्य के कुल के विनाश करने का अपना संकल्प पूर्णकर गोमाता को मुक्त किया और आदरपूर्वक उसे पुन: जमदग्नी के आश्रम ले आए ।

भगवान परशुराम ने संपूर्ण पृथ्वी की 21 बार परिक्रमा की और पृथ्वी पर उन्मत्त बने अहंकारी तथा अधर्मी क्षत्रियों का नाश किया। इस प्रकार पृथ्वी परिक्रमा कर उन्होंने पृथ्वी के भार को हलका किया तथा उसके साथ ही पृथ्वी परिक्रमा का पुण्य भी प्राप्त किया। सहस्त्रों क्षत्रिय तथा लाखों की सेना के साथ अकेले युद्ध का सामर्थ्य प्रजा का उत्पीड़न कर संपूर्ण पृथ्वीपर ऊधम मचानेवाले क्षत्रियों की संख्या सहस्त्रों में थी। उनके पास लाखों अक्षौहिणी सेना का बल था। भगवान परशुराम नरदेह में साक्षात् श्रीमन्ननारायण ही थे। सके कारण उनमें सहस्त्रों क्षत्रिय तथा लाखों की सेना के साथ अकेले युद्ध करने का अपूर्व सामर्थ्य था। एकछत्र सम्राट की भांति अखिल भूमि के अधिपति होते हुए भी अश्वमेध यज्ञ के समय परशुराम ने यज्ञ के अध्वर्यू महर्षि कश्यप को संपूर्ण पृथ्वी दान की। इससे परशुराम कितने दानवीर थे, यह दिखाई देता है। भगवान परशुराम ने केवल तीन कदमों में ही समुद्र को पीछे ढकेलकर क्षणार्ध में परशुराम भूमि का निर्माण किया तथा चिता से चित्पावन ब्राह्मणों की उत्पत्ति कर परशुराम क्षेत्र की नई सृष्टि ही साकार की।

**( संकलक: श्री गुरुराज प्रभु, सनातन संस्था )**